छन्दःसमीक्षा

लेखक
समीक्षा चक्रवर्ती पं. मधुसूदन ओझा

सम्पादक एवं अनुवादक
श्री सुरजनदास स्वामी
एम० ए०, षड्दर्शनाचार्य

प्रकाशक
राजस्थान संस्कृत अकादमी
जयपुर (राजस्थान)

छन्दःसमीक्षा

पं० मधुसूदन ओझा विरचित

प्रथम संस्करण : १९९१ ई०

मूल्य : दो सौ रुपये

प्रकाशक :

निदेशक, राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर

मुद्रक :

सतीशचन्द्र शुक्ल

प्रबन्धक, वैदिक यन्त्रालय, अजमेर

प्राप्तिस्थान :

राजस्थान संस्कृत अकादमी

वीरेश्वर भवन, गणगौरी बाजार, जयपुर

प्रकाशकीय

स्वनामधन्य विद्यावाचस्पति, समीक्षा चक्रवर्ती वन्दनीय महामनीषी पं. मधुसूदन ओझा द्वारा रचित 'छन्दः समीक्षा' नामक ग्रन्थ को आप लोगों के करकमलों में समर्पित करते हुए अकादमी महान् गौरव का अनुभव करती हुई सुधी विज्ञ जनों से छन्दःशास्त्रविषयविज्ञानजनिततथ्यों से लाभान्वित होने की प्रार्थना करती है।

प्रस्तुत ग्रन्थ दीर्घावधि तक अनुपलब्धता के कारण प्रकाश में नहीं आ सका था परन्तु संस्कृत जगत् के सौभाग्य से दार्शनिकविद्वन्माला के सुमेरु, अनेक विषयों के मर्मज्ञ आचार्य तथा सम्मानित लेखक पूज्य स्वामीजी श्री सुरजनदासजी महाराज को इसकी एक प्रति कहीं से उपलब्ध हुई। ग्रन्थ को उपयोगी समझकर उन्होंने संस्कृत-अकादमी को इसके प्रकाशन हेतु प्रेरित किया। उत्तर में अकादमी के साग्रह निवेदन को स्वीकार कर स्वामीजी ने अस्वस्थ होते हुए भी स्वयं इसका हिन्दी अनुवाद कर सम्पादित करने तथा अजमेर में ही प्रकाशित कराने का दायित्व अपने ऊपर लेते हुए हमारा बड़ा उपकार किया। इसके लिए उस महान् विभूति को शत सहस्रशः नमन।

छन्दःशास्त्र के सांगोपांग गण, यति, प्रकार, प्रस्तार, मेरु आदि विधाओं के विवरण से अनुप्राणित यह ग्रन्थ पूज्य ओझाजी की अभूतपूर्व प्रतिभा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। आपने वेदविज्ञान के निगूढ तत्त्व का प्राचीन एवं अर्वाचीन शैली के समन्वय के रूप में जो प्रकाश संसार को दिया उससे वेदवीथीपथिकों की विश्वस्तता का मार्ग प्रशस्त हुआ है। 'वेदेषु ऐतिह्यमस्ति नवा' के दोनों पक्षों का समाधान तो आपकी ही देन है।

प्रकाशित हो रहा छन्दःसमीक्षा ग्रन्थ केवल प्रथम खण्ड मात्र है। शेष खण्डों के प्रकाशन के लिए भी अकादमी आशान्वित है परन्तु दुर्दैववशात् स्वामीजी महाराज के आकस्मिक ब्रह्मलीन होने से हिन्दी अनुवाद की समस्या सामने है। ओझाजी के ग्रन्थ का शेष अनुवाद स्वामीजी जैसे विद्वानों की लेखनी से ही पूर्णतः सन्तुष्टिदायक होता।

वैदिक वाङ्मय की षडंग प्रक्रिया में छन्दःशास्त्र का नामोल्लेख तो है ही 'छन्दः पादौ तु वेदस्य' यह बताकर इसकी प्रामाणिकता एवं अपरिहार्यता का स्पष्ट निदर्शन भी कराया गया है। शास्त्रीय विवेचन में इसकी उपयोगिता एवं महत्ता अवश्यमेव परिगणनीय है। वर्तमान में प्रचलित सामान्य अध्ययन अध्यापन की सीमा से दूर छन्दःशास्त्र की तात्त्विक विवेचना से परिपूर्ण विषय की उपलब्धि से ही प्रकाशन का सही उद्देश्य सिद्ध हो सकेगा।

यह स्मरणीय है कि पुस्तक के प्रकाशन, पाण्डुलिपि-निर्माण तथा प्रूफ संशोधन में सक्रिय सहयोग प्रदान करने के लिए स्वामीजी के अनन्य प्रिय शिष्य वेदविषयवेत्ता पं० अनन्तराम शर्मा, डॉ० नरेशचन्द्र पाठक तथा डॉ० शिवचरण गर्ग धन्यवाद के पात्र हैं। श्री कलानाथ शास्त्री, उपाध्यक्ष अकादमी तथा निदेशक भाषा विभाग के सहयोग का बारम्बार स्मरण कर अकादमी कृतज्ञता ज्ञापित करती है, जिनके सत्प्रयास से प्रकाशन का कार्य यथाविधि सम्पन्न हो सका।

अजमेर स्थित ग्रन्थ के मुद्रक, वैदिक यन्त्रालय के प्रबन्धक श्री सतीशचन्द्र शुक्ल भी कम धन्यवाद के पात्र नहीं हैं जिनकी जागरूकता एवं सावधानी के कारण अप्रचलित पारिभाषिक शब्दावलि के मुद्रण में अशुद्धियों को अस्वाभाविक रूप में स्थान नहीं मिल सका है। "समादधति सज्जनाः" की सूक्ति की छाया में विद्वज्जनों से हम निवेदन करना चाहेंगे कि वे इस सम्बन्ध में हमारा मार्गदर्शन करें जिससे भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो सके।

—राधाकृष्ण दीक्षित
अध्यक्ष
राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर

भूमिका

छन्दःसमीक्षा का संक्षिप्त भाषानुवाद

इस छन्दःसमीक्षा नामक ग्रन्थ में वाक्सम्बन्धी मङ्गलाचरण के बाद छन्दस्तत्व की समीक्षा की गई है। इसमें पद्यच्छन्दोवेदगत शिक्षा, गणित, निरुक्ति, व्याकरण व कल्पभेद से पाँच अङ्ग प्रतिपादित हैं। अर्थात् छन्दःशिक्षा, छन्दोगणित, छन्दोनिरुक्ति, छन्दोव्याकरण, छन्दःकल्प इन पाँच अङ्गों का इस पद्यच्छन्दोवेद में निरूपण किया गया है। इन में छन्दःशिक्षा-परिभाषाधिकार में छन्द, पद, अवष्टम्भ, वर्ण, मात्रा, गण, गति व संकेत—इन ८ तत्त्वों का निरूपण हुआ है। इन में छन्द से लेकर गतिपर्यन्त ७ तत्त्वों के ज्ञान से छन्दःस्वरूप का ज्ञान होता है तथा संकेतरूप समय केवल शास्त्रविज्ञान में ही उपयोगी है। किसी भी मात्रा से नियत अवयवविशेषों के सन्निवेश से विहित मर्यादा छन्द है। व्यवस्थित मात्राओं से ही कोई वस्तु उत्पन्न होती है अतः वह व्यवस्थित मात्रा प्रकृत में वस्तुजनक होने से जाति कहलाती है। अथवा सभी वस्तुएँ मात्राव्यवस्था से भिन्नता को प्राप्त होती हैं अर्थात् मात्राव्यवस्था से ही वस्तु भिन्न भिन्न रूप से उत्पन्न होती है, अतः मात्राव्यवस्था ही जाति है तथा मात्राओं से निष्पन्न गुरुलघुव्यवस्था से जो वस्तु भिन्न होती है, उसे वृत्त कहते हैं। अतः जातिमर्यादा तथा वृत्तनामक मर्यादा छन्द कहलाती है। जातिमर्यादा में वस्तुस्थिति का कारण मात्राव्यवस्था है। वृत्तमर्यादा में वस्तुस्थिति का कारण नियतस्थानों में स्थित मात्राओं से निष्पन्न गुरुलघुव्यवस्था है। यद्यपि जातिमर्यादा व वृत्तमर्यादा दोनों में ही अन्ततोगत्वा वस्तुस्थिति का कारण मात्रायें ही हैं क्योंकि लघुगुरुव्यवस्थामूलक वस्तुस्थिति में गुरुलघुव्यवस्था नियत स्थानों में अवस्थित मात्राओं पर ही निर्भर है, तथापि स्वरविशेषसमष्टिमात्रा जाति में कारण है तथा स्वरविशेष-व्यष्टिमात्राएँ वृत्त में कारण होती हैं। अतः स्वरविशेष-समष्टि-रूप मात्राओं तथा स्वरविशेष-व्यष्टिरूप मात्राओं को लेकर जाति और वृत्त दोनों में भेद हो जाता है।

यद्यपि यह छन्द आर्थिक तथा वाचिक भेद से दो प्रकार का है तथापि आर्थिक छन्दों का निरूपण न करके यहाँ वाचिक छन्दों का ही निरूपण किया जा रहा है। इन वाचिक छन्दों में अनेक वर्णों से निष्पन्न शरीर वाली वाणी का अभिनय होने पर किसी न किसी प्रकार की मर्यादा से बद्ध छन्दों की आधारभूत भूमिका का अनुभव होता है, जिस भूमिका का स्वरूप वर्णों का परिवर्तन हो जाने पर भी नष्ट नहीं होता तथा उस मर्यादा का नाश होने पर उस भूमिका का नाश हो जाता है। वह अनिर्वचनीय वर्णभूमिका या मर्यादा ही छन्द कहलाती है।

यह वाचिक छन्द पद्य, गद्य, गेय, भेद से तीन प्रकार का है, अतः छन्दःशास्त्र पद्यकाण्ड, गद्यकाण्ड, गेयकाण्ड भेद से त्रिकाण्डात्मक है। यद्यपि बहुत से विद्वान् गद्यसमूह में छन्दोव्यवस्था नहीं मानते हैं क्योंकि उनमें कोई छन्दमर्यादा नहीं है तथापि उनमें अच्छन्दस्कता (किसी छन्द का न होना) को ही छन्द मानकर छन्दोव्यवहार माना जाता है, जैसे शूद्रों का किसी छन्द से निर्माण न होने के कारण उनके छन्दोरहित होने पर भी छन्दोव्यवहार माना जाता है।

पद्य, गद्य, गेय भेद से त्रिधा विभिन्न छन्द में पद्यरूप छन्द वृत्त व जाति भेद से दो प्रकार का है। नियतवर्णव्यवस्था से निष्पन्न छन्द वृत्त कहलाता है तथा नियतमात्राव्यवस्था से निष्पन्न छन्द जाति कहलाता है। जैसा कि नारायण ने कहा है—

'पद्यं चतुष्पदी तच्च वृत्तं जातिरिति द्विधा।
वृत्तमक्षरसंख्यातं जातिर्मात्राकृता भवेत्॥' इति।

हलायुध ने भी—

'पद्यं चतुष्पदं तच्च वृत्तं जातिरिति द्विधा।
एकदेशस्थिता जातिर्वृत्तं लघुगुरुव्यवस्थितम्॥'

अर्थात् वृत्त में लघुगुरुव्यवस्था होती है तथा जाति में मात्राव्यवस्था।

कतिपय विद्वान् पद्य को वृत्ति तथा जाति भेद से द्विधा विभक्त कर दोनों में अर्थात् मात्राव्यवस्थानिबन्धन जातिमर्यादा में तथा गुरुलघुव्यवस्थानिबन्धन वृत्तिमर्यादा में सामान्यतः वृत्तशब्द तथा छन्दशब्द का व्यवहार करते हैं। जैसे वर्णवृत्त, वर्णछन्द तथा मात्रावृत्त व मात्राछन्द। इनके मत में वृत्तशब्द व छन्दशब्द पर्यायवाची हैं। किन्तु छन्दःपरिमलकार वृत्तशब्द तथा छन्दशब्द की पर्यावाचिता का प्रत्याख्यान कर मात्रासंख्या तथा अक्षरसंख्या से नियत वाक् को छन्द तथा गुरुलघुरूप से नियत वाक् को वृत्त बतलाते हैं। अतः इनके मत में उक्ता, अत्युक्ता, मध्या, प्रतिष्ठा आदि से प्रारम्भ कर संकृति, अतिकृति, उत्कृति, दण्डकपर्यन्त वर्णच्छन्द हैं और उनके भेद वृत्त कहलाते हैं। इसी प्रकार ण, ढ, ड, आदि मात्रा छन्द कहलाते हैं और इनके अवान्तर भेदों को जाति कहा जाता है।

कुछ मनीषी पद्यछन्द को वैदिक, लौकिक तथा उभयसाधारण—इन तीन विभागों में विभक्त कर लौकिक पद्यच्छन्द को गणच्छन्द, मात्राच्छन्द तथा अक्षरच्छन्द—इन तीन विभागों में विभक्त करते हैं। इनमें आर्या से उद्गीतिपर्यन्त छन्द गणच्छन्द है। औपच्छन्दसिक छन्द से प्रारम्भ कर चूलिकापर्यन्त छन्द मात्राछन्द हैं। समानी छन्द से उत्कृतिपर्यन्त छन्द अक्षरच्छन्द हैं।

दूसरे छान्दसिक—अक्षरच्छन्द, मात्राछन्द, अक्षरगणच्छन्द, तथा मात्रागणच्छन्द भेद से छन्दों के चार भेद मानते हैं। जहाँ मात्राओं के न्यूनाधिक होने पर

अक्षरसंख्या नियत है ऐसे गायत्री आदि वैदिक छन्दों को अक्षरच्छन्द कहते हैं। तथा अक्षरों के न्यूनाधिक होने पर भी मात्रासंख्या नियत है ऐसे औपच्छन्दसिक आदि को मात्राछन्द एवं क्रमसंनिविष्ट अक्षरगणों की व्यवस्था से जिन छन्दों की स्वरूपसिद्धि है उनमें अक्षर भी नियत होते हैं और लघुगुरुस्थानरूप मात्रायें भी नियत होती हैं ऐसे इन्द्रवज्रादि को अक्षरगणच्छन्द तथा क्रमसंनिवेशयुक्त मात्रागणों की व्यवस्था से स्वरूपसिद्धि वाले आर्या आदि को मात्रागणच्छन्द कहते हैं। इनमें अक्षरसंख्या का नियम नहीं होता।

पदनिरूपण

छन्दोनिरूपण के बाद पद का निरूपण किया जा रहा है। पद्य में विश्रामस्थान को पद कहा जाता है। वह विश्रामस्थान पद तीन प्रकार का है—पादखण्ड, पाद व दल। जहाँ किसी भी प्रकार विश्राम होता है उसे पादखण्ड कहते हैं। जहाँ पादखण्ड की अपेक्षा अधिक विश्राम होता है उसे पाद कहते हैं। जहाँ पाद की अपेक्षा और अधिक विश्राम होता है उसे दल कहते हैं। और जहाँ पर उपर्युक्त विश्राम स्थानों की अपेक्षा सर्वाधिक विश्राम होता है, वह विश्रामस्थान चतुष्पदी, श्लोक व पद्य शब्द से व्यवहृत होता है। श्लोकों में प्रायः चार पाद होते हैं। इनमें श्लोक का चतुर्थ भाग पाद कहलाता है। वह पाद सर्वसम, अर्धसम, सर्वविषम भेद से तीन प्रकार का है। यदि वर्ण, मात्रा या लघुगुरुव्यवस्था के भेद से प्रथमपाद के समान शेष तीन पाद होते हैं वह श्लोक सर्वसम पाद वाला होता है तथा श्लोक के प्रथम पाद के ससान तृतीय पाद तथा द्वितीय पाद के समान चतुर्थ पाद होता है, उसे अर्धसमपाद वाला श्लोक कहते हैं। जिस पद्य में चारों पाद विलक्षण होते हैं उसे विषमपाद श्लोक कहते हैं।

जहाँ पाद के मध्य में भी कहीं किसी प्रकार विश्राम होता है वहाँ वह विश्रामस्थान पादखण्ड कहलाता है। पादखण्डरूप विश्रामस्थान कहीं एक, कहीं दो तथा कहीं तीन होते हैं। पद्य में प्रथम व द्वितीय पाद तथा तृतीय व चतुर्थ पाद मिल कर दल कहलाते हैं, उसे ही श्लोकार्ध कहा जाता है।

इस प्रकार पद्य में पादखण्ड, पाद तथा दलभेद से तीन प्रकार के पद का निरूपण किया गया। इस रीति से छन्द में नियत विश्रामस्थान के कारण तीन प्रकार का पद कहा है। इन से अतिरिक्त एक प्रकार का पद और मानते हैं वहाँ भी यथाकथञ्चित् विश्राम से छन्द का अनुवर्तन होता है।

यह पद सर्वतन्त्रसिद्ध (सर्वशास्त्रसिद्ध) तथा प्रतितन्त्रसिद्ध (छान्दसिकों के अपने शास्त्र में सिद्ध) भेद से दो प्रकार का है। इनमें व्याकरणनियमानुसार लुप्तविभक्त्यन्त पद तथा व्याकरणनियमानुसार व्यक्त (स्पष्ट) विभक्त्यन्त पद सर्वशास्त्रसिद्ध माना जाता है। जैसे—

'श्रद्दधद्व्यक्तये राजपुरुषेण समर्प्यते ।
बहुधान्यधनं वस्तु तत्तच्छास्त्रस्य पुस्तकम् ।।'

इस पद्य में 'श्रद्दधद्व्यक्तये में 'श्रद्दधत्' पद, 'राजपुरुपेण' में 'राज' पद व्याकरणनियमानुसार लुप्तविभक्त्यन्त पद हैं, क्योंकि इन दोनों में समास के द्वारा विभक्ति का लोप हुआ है। इन पदों में विश्राम होता है।

इसी रीति से पद के अन्तिम अवयववाले व्यंजनों का परवर्ती स्वर में अनुगम (सम्बन्ध) होने पर तथा वर्णैकदेश के द्वारा एक स्वर का पूर्व स्वर में या परस्वर में प्रवेश होने पर जितना पदावयव बच जाता है उसे भी छन्दोवेद में पद माना गया है। जैसे—

'देशान्तरादुपावृत्तमासाद्य दयितं यथा ।
कान्ता शुश्रूषते श्लाघातिशयेन तथा कुरु ।।'

इस पद्य में 'देशान्तरात्' शब्द में दीर्घरूप एकादेश के द्वारा 'अन्तर' शब्द के आदि अकार का पूर्वस्वर में अनुप्रवेश हो जाने पर अवशिष्ट 'न्तरा' शब्द पद है। इसी प्रकार 'उपावृत्त' शब्द में 'आवृत्त' शब्द के आकार का दीर्घरूप एकादेश द्वारा पूर्वस्वर के पकाराकार में प्रवेश हो जाने पर अवशिष्ट 'वृत्त' शब्द तथा 'श्लाघातिशयेन' में 'अतिशय' शब्द के अकार का दीर्घरूप एकादेश द्वारा श्लाघाशब्द के अन्तिम आकाररूप पूर्वस्वर में अनुप्रवेश होने पर अवशिष्ट 'तिशयेन' शब्द पद कहलाता है। किन्तु उपर्युक्त शब्दों में पदत्व सर्वशास्त्रसिद्ध नहीं है किन्तु छान्दसिकों के स्वशास्त्र छन्दःशास्त्र के अनुसार है। अतः इनमें प्रतितन्त्रसिद्ध पदत्व है। किन्तु 'राजभ्याम्' 'राजभिः' इत्यादि में व्यंजनादिविभक्तिपरकत्वनिबन्धन पदत्व 'स्वादिष्वसर्वनामस्थाने' इस व्याकरणसूत्र के अनुसार है। इसी तरह पर्श्वादि शब्दों में पदत्व 'सित्' प्रत्यय, णस् प्रत्यय के कारण 'सिति च' इस व्याकरणसूत्र से सिद्ध है। 'राजीयति' इस क्यच् प्रत्ययान्त शब्द में राजन् शब्द में पदत्व 'नः क्ये' इस व्याकरणशास्त्र के अनुसार है। तथापि उपर्युक्त रीति से उपर्युक्त शब्दों में पदत्व व्याकरणशास्त्रसिद्ध है किन्तु छान्दसिकों के छन्दःशास्त्र के अनुसार नहीं है। अतः व्याकरणशास्त्रसिद्ध पदत्व को छान्दसिक स्वीकार नहीं करते। इसलिए 'रामं राजीयबुधचरणाभ्यां नमस्तस्य कुर्याः' इस पद्य में छन्दःशास्त्र के अनुसार पदान्तयोग्य यति के अभाव से यति करना छन्द की अशुद्धि है। नैयायिकशास्त्रसिद्ध 'शक्तं पदम्' पदत्व भी छान्दसिकों को अभिप्रेत नहीं है।

अवष्टम्भनिरूपण

अवष्टम्भ, विष्टम्भ, यम, यति, विरति, विराम, विश्राम, विच्छेद, त्रुटि शब्द समानार्थक हैं। यह अवष्टम्भ यात्न, सामयिक व छान्दस भेद से त्रिविध है। वर्णोच्चारण के लिए प्रयुक्त प्रयत्न के अनुरोध से उत्पन्न होने वाला वर्णस्वरूपभेद का उत्पादक दो वर्णों का मध्यवर्ती अवष्टम्भ यात्न कहलाता है। इस यात्न

अवष्टम्भ का निरूपण वर्णवेद में प्रधानरूप से किया गया है। अतः उसका यहाँ विस्तार नहीं किया जा रहा है। इसी तरह अर्थज्ञान के लिए प्रयुक्त संकेत के अनुरोध से उत्पन्न होने वाला पद तथा वाक्य के स्वरूप के भेद का उत्पादक, दो पदों तथा दो वाक्यों का मध्यवर्ती अवष्टम्भ सामयिक कहलाता है। जैसे 'नसहितम्' इस पद में नकार से सहित—इस अर्थ में, सहित नहीं—इस अर्थ में, वह हितकर नहीं है—इस अर्थ में, वह उसको नहीं है—इन अर्थों के ज्ञान के लिए भिन्न प्रकार से स्वर के उच्चारण की विलक्षणता के कारण भिन्न-भिन्न स्थानों में अवष्टम्भ की विवक्षा देखी जाती है—यही सामयिक अवष्टम्भ है। इसका निरूपण भी पदवेद आदि में प्रधानतया कर दिया गया है। अतः उसका भी विस्तृत वर्णन यहाँ नहीं किया जा रहा है।

छन्द के अनुरोध से उत्पन्न होने वाले अवष्टम्भ (विश्राम) का यहाँ निरूपण किया जा रहा है। वह अवष्टम्भ न्यूनता व आधिक्य के तारतम्य से पाँच प्रकार का है—अयति, यति, विरति, विच्छेद व अवसाय। जैसे गतिविशेष से चलता हुआ घोड़ा रुक-रुक कर चरणों का संचालन करता है, गतिरूपता को प्राप्त यह अवष्टम्भ 'अयति' कहलाता है। चलते हुए घोड़े का लगाम से नियन्त्रण किया जाता है जिससे वह निम्नप्रदेश में गिर न पड़े किन्तु उसकी गति को रोकता नहीं। यह अवष्टम्भ 'यति' कहलाता है। समाचार ले जाने वाला घुड़सवार घोड़े पर बैठकर जाता हुआ जिस पुरुष को सन्देश देता है उस पुरुष के पास पहुंचकर उसे सन्देश देकर लौट पड़ता है और घोड़े से उतरता नहीं है और न उत्तर की अपेक्षा रखता है, इस अवष्टम्भ का नाम 'विरति' है। घुड़सवार दौड़ता हुआ भी मार्ग में आये हुए मित्र के पास पहुँचकर कुछ विश्राम कर लेता है और वार्त्तालाप से चित्तविनोद कर फिर अपने मार्ग पर चल देता है—वह अवष्टम्भ 'विच्छेद' कहलाता है। तथा जैसे घुड़सवार जाता हुआ गन्तव्यस्थान पर पहुँच कर ठहर जाता है—वह अवष्टम्भ 'अवसाय' कहलाता है। इस प्रकार श्लोक के अन्त में प्रयुज्यमान, श्लोक की पूर्ति का सूचक अवष्टम्भ 'अवसाय' है। श्लोकार्ध में अर्थात् दो चरणों के अन्त में प्रयुज्यमान, श्लोकार्ध की पूर्ति का सूचक अवष्टम्भ 'विच्छेद' है। यह विश्राम अवसाय की अपेक्षा कम होता है। इसी प्रकार एक पाद के अन्त में प्रयुज्यमान, श्लोक के चतुर्थांश की पूर्ति का सूचक अवष्टम्भ 'विरति' कहलाता है। यह विश्राम विच्छेद की अपेक्षा भी न्यून है। यदि पाद के मध्य में भी नियत अक्षरों के अन्त में विश्राम होता है, वह अवष्टम्भ 'यति' कहलाता है। जैसे १७ अक्षर वाले शिखरिणी छन्द में छठे अक्षर के अन्त में जो अवष्टम्भ है वह 'यति' है। ये चार ही अवष्टम्भ मुख्य हैं। इनसे भिन्न जो यत्याभास है वह गण के अन्त में तथा चतुर्थ प्रकार के पद के अन्त में होता है। यही यत्याभास यमक तथा अनुप्रास के अनुरोध से कहीं-कहीं यति की तरह प्रतीत होता है। यह अयति शिखरिणी छन्द में ग्यारहवें, बारहवें तथा तेरहवें वर्ण में पदपूर्ति के अनुरोध से दिखाई देती है। यह अणुयति ही 'अयति' कहलाती है। जैसे—

'महोदारापारा स्फुरदुरगहारारहिवलया,
तडिल्लेखालोलोल्लसितरसना कृत्तिवसना ।
महामेघश्यामा शरदमृतधामाननरुचा,
रणत्काञ्चीदामा हरतु हरवामा परिभवम् ।।'

इस पद्य में 'रसना' तथा 'वामा' के अन्त में अयति है । इसी प्रकार मगण, भगण, नगण व लघु गुरु वर्णों से निर्मित क्षद्वय अर्थात् ४ गुरु अक्षरों पर यतिवाले भ्रमरविलसिता छन्द में प्रत्येक डगण अर्थात् ४ लघु अक्षरों पर अयति है । इसीलिए—

मुग्धे मानं परिहर न चिरात् तारुण्यं ते सफलयतु हरिः ।
फुल्ला वल्ली भ्रमरविलसिताभावे शोभां कलयति किमु ताम् ।।'

इस भ्रमरविलसिता छन्द में 'सफलयतु' 'भ्रमरविलसिता' पदों में अयति के न होने से छन्द में असौष्ठव परिलक्षित होता है । इस अयतिरूप अवष्टम्भ के अनुरोध से अर्थात् अयति के न होने से—अविचारितमाशु विहितम् । साधय महेश मदिष्टम् । निरन्तरं तु मां पालय । निरन्तरं तु मम पाता । बन्धो मदङ्कभायहि ।' इत्यादि में दोहा की तरह त्रयोदशमात्राओं के होने पर भी इनको दोहा का अङ्ग नहीं माना जा सकता ।

उपर्युक्त रीति से अवष्टम्भ पाँच प्रकार का है । अवष्टम्भ के इन भेदों में वर्ण-सन्धि आदि की व्यवस्था भिन्न-भिन्न है । अवसाय तथा विच्छेद में पूर्व वर्ण तथा परवर्ण में सन्धियोग्यता, समासयोग्यता तथा एकपदयोग्यता नहीं होती । अतः अखण्डपद तथा समस्तपद के मध्य में अवसाय और विच्छेद नहीं करना चाहिए । अवसाय तथा विच्छेद व्यवधान वाले वर्णों में सन्धि भी नहीं करनी चाहिए । इसलिए—

'सुरासुरशिरोरत्ननिघृष्टचरणारविन्दः शिवः सर्वदा संसाराखिलक्लेशनाशनः'

इसमें 'अरविं' के बाद तथा 'संसा' के बाद में विच्छेद करना असाधुता हैं । इसी प्रकार—

'सुरासुरशिरोरत्नस्फुरत्किरणमञ्जरी—
पिञ्जरीकृतपादाब्जद्वन्द्वं वन्दामहे शिवम् ।।'

इस पद्य में 'सुरासुर' से प्रारम्भ होने वाले 'पादाब्जद्वन्द्वं' तक के समस्त पद के मध्य में 'शिरोरत्न' तथा 'पादाब्ज' के मध्य में विच्छेद रूप अवष्टम्भ अनुचित है ।

इसी तरह—

'तमो धूर्जटये तस्मै समस्त-सुरपुङ्गव-
निषेव्यचरणाब्जाय भक्ताभीष्टप्रदायिनेऽ-

खिलामरनिषेव्याय देवदेवाय चन्द्रशे—
खराय जगदाधारमूर्तयेऽम्यष्टमूर्तये ।।'

इस श्लोक में 'शेखराय' इस अखण्ड पद के मध्य में 'शे' के बाद विच्छेद तथा 'समस्तसुरपुङ्गवनिषेव्यचरणाब्जाय' इस समस्त पद के मध्य में 'पुङ्गव' के बाद एवं 'जगदाधारमूर्तये' इस समस्त पद के मध्य में 'जगदाधार' के बाद विच्छेद करना असाधु है। इसी प्रकार 'भक्ताभीष्टप्रदायिने', 'अखिलामरसेव्याय' इन पदों में अवसायरूप अवष्टम्भ का व्यवधान होने से उन पदों के वर्णों में पूर्वरूपसन्धि ठीक नहीं है, अपितु असाधु है।

इसी तरह—कृपां कुरु महाराजोद्रिक्तसर्वगुणाकरेश्वरतुल्य' में 'सर्वगुणाकर' व 'ईश्वर' पद में विच्छेदरूप अवष्टम्भ का व्यवधान होने से 'अ' 'ई' वर्णों में गुणसन्धि असाधु है। एवमेव—

'नमस्यामि सदोद्भूतमिन्धनीकृतमन्मथम् ।
ईश्वराख्यं परं ज्योतिरज्ञानतिमिरापहम् ।।'

इत्यादि पद्यों में प्रथम चरण के अन्त में विद्यमान मकार तथा तृतीय चरण के अन्त में विद्यमान रेफ में परादिवद्भाव करने से पूर्व ही विरतिरूप अवष्टम्भ हो जाता है किन्तु 'इन्धनीकृतमन्मथम्' इस द्वितीय चरण के अन्त में विद्यमान मकार से पूर्व विच्छेदरूप अवष्टम्भ तथा मकार का परादिवद्भाव नहीं होता।

विरतिरूप अवष्टम्भ विरति से पूर्व व परवर्णों में सन्धि-योग्यता व समास-योग्यता का निषेध नहीं करता अपितु एक-पद-योग्यता की ही व्यावृत्ति करता है। इसलिए समासघटकपदों में प्रत्येक के अन्त में पादपूर्ति की जा सकती है और पाद के अन्तिम व पाद के आदि वर्णों में सन्धि भी समीचीन है। अतः

'सुरासुरशिरोरत्नराजिनीराजितक्रमः ।
जयत्यपारसंसारपारदृश्वा महेश्वरः ।।'

इस पद्य में समासघटक 'रत्न' पद के व समासघटक 'संसार' पद के अन्त में विरतिरूप अवष्टम्भ समीचीन है। इसी तरह—

'दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्तचिन्मात्रमूर्तये ।
स्वानुभूत्येकमानायाखिलैकगतये नमः ।।'

इस पद्य में प्रथम पाद के अन्त में विरतिरूप व्यवधान होने पर भी विरति से पूर्व वर्ण तथा पर वर्णों में दीर्घरूप सन्धि तथा तृतीय पाद के अन्त में विरति के होने से उससे पूर्ववर्ती व परवर्ती वर्णों में दीर्घसन्धि दोषावह नहीं है। किन्तु अखण्डपद के मध्य में विरति द्वारा पादपूर्ति उचित नहीं है।

अखण्ड एकपद मुख्य तथा आतिदेशिक भेद से द्विविध है। दूसरे पद से अघटित घटादिपद मुख्य अखण्ड एकपद हैं। इनमें खण्ड संभव नहीं। किन्तु जिन

दो पदों में नित्यार्थसम्बन्ध के कारण उनका अखण्डपद की तरह ग्रहण होता है उनमें आतिदेशिक अखण्डपदत्व है। यह आतिदेशिक अखण्ड एकपद—संज्ञारूप से गृहीत, विभक्तिकृत, द्वित्वसिद्ध, कुगतिप्रादिसमाससिद्ध, गतिगृहीत क्रियापद तथा आमन्तानुप्रयुक्त भेद से ६ प्रकार का है। मुख्य अखण्डैकपद में विरति नहीं होती। इसलिए—

यः शिवः सर्वदा संसाराखिलक्लेशनाशनः।
तमेकमाहितं भावनाधारे प्रणमाम्यहम् ॥

नमो देवाय नारायणायायतमूर्तये।
कायश्यामाय धर्मायनाय दण्डधराय मे ॥

इन पद्यों में 'संसार', 'भावना' इन मुख्य अखण्ड एक पदों के मध्य में विरति करने से पद्य दोषयुक्त है। किन्तु जहाँ सन्धि के द्वारा परादिस्वर को पूर्वान्तवद्भाव हो जाता है, वहाँ उस सन्ध्यन्त पद में पद के मध्य में विरति होती है। वहाँ सन्धि के द्वारा अपहृत स्वररहित भाग को पद स्वीकार किया गया है। और जहाँ पर संधि के द्वारा व्यञ्जन-सहित पूर्वान्तस्वर को परादिवद्भाव किया जाता है, वहाँ परादिवद् भाव किये हुए व्यञ्जनसहित स्वर के पूर्ववर्ती स्वर में पदमध्य में भी विरति होती है। क्योंकि वहाँ परादिवद्भाव सन्धि से अपहृत व्यञ्जन व स्वररहित भाग को पद माना गया है। इसलिए—

अज्ञातपूर्वाणि न दन्तकाष्ठान्यद्यान्न पत्रैश्च समन्वितानि।
न युग्मपर्वाणि न पाटितान्यत्यन्तोर्ध्वशुष्काणि विना त्वचा वा ॥

अच्छिन्नप्रसराणि नाथ भवतः पातालकुक्षौ यशां—

स्यद्यापि क्षपयन्ति कोकिलकुलच्छायासपत्नं तमः ॥
गृहावग्रहणी देहल्यङ्गणं चत्वराजिरे ॥

सत्यं क्षमा शौचमुदारतेत्याद्यनेकसंभ्रान्तगुणैरुपेतम्।
महानुभावं प्रणमामि येनान्वयः पुरं राष्ट्रमलंक्रियन्ते ॥

इन पद्यों में 'काष्ठा' के आकारस्वर में, 'पाटितान्य' के अकार स्वर में, 'यशांसि' के शकारोत्तरवर्ती आकारस्वर में 'देहल्यङ्गणम्' में हकारोत्तरवर्ती अकार स्वर में, 'उदारतेत्यादि' में त्यकारोत्तरवर्ती आकारस्वर में, 'येनान्वयः' में नकारोत्तरवर्ती आकारस्वर में विरति समीचीन ही है।

दूसरे विद्वानों को यह अभिमत है कि द्वयक्षरपदों के अवयव दोनों अर्थात् पूर्व व पर अक्षरों के सन्धि से निगृहीत होने पर पदमध्य में यद्यपि विरति समीचीन है, किन्तु जहाँ एक ही अक्षर का पूर्वान्तवद्भाव होता है वहाँ एक अक्षर ही शेष रह

जाता है और उस एक अक्षर का वा, हि, च आदि की तरह पाद के आदि में प्रयोग होने से ऐसे स्थलों में पद के मध्य में विरति नहीं होती। इसलिए—

वाच्यं दीनवचो नैवाथ न गर्ववचः सदा।
गम्भीरार्थमृतं स्वाद्वाह धीरोऽवसरोचितम्॥

नाहं मानी भवेत्क्वाप्यहं करोमीति नोच्यताम्।
दीनो गर्वी च हेयौ स्तोऽपि मान्यो मध्यमो भवेत्॥

इन पद्यों में 'नैवाथ' में 'वा' के बाद 'स्वाद्वाह' में 'वा' के बाद, 'क्वाप्यहं' में 'प्य' के बाद, 'स्तोऽपि' में 'स्तो' के बाद विरति असमीचीन ही है। इस तरह मुख्य अखण्ड पद में विरतिव्यवस्था का निरूपण हो चुका। अब ६ प्रकार के आतिदेशिक अखण्डपदों में विरतिव्यवस्था का निरूपण किया जा रहा है—

१. जहिहि नरमुखेन्दुश्रीसुधां सौधवातायनविवगरश्मिश्रेणिनालोपनीताम्।
भज भज भवबन्धक्लेशनाशाय नारायणचरणसरोजद्वन्द्वमानन्दकन्दम्॥
इत्युदीर्य स हरिं प्रति सम्प्रज्ञातवासिततमः समपादि।
एकमेव तमुपाश्रय कण्ठेकालबालकलाभ्रम्॥

इन पद्यों में वातायन, नारायण, सम्प्रज्ञातादिपदों, जो कि संज्ञापद होने से अखण्डपद के समान हैं, के मध्य में वाता-यन, नारा-यण, सं-प्रज्ञात इस रूप से विरति करना,

२. नमस्तमै महादेवाय शशाङ्कार्धधारिणे।
यत्प्रसादादयं लोकानामोघः सुखमश्नुते॥

इस पद्य में 'महादेवाय' तथा 'लोकानाम्' पद के मध्य में जो कि क्रमशः चतुर्थी व षष्ठी विभक्तिकृत होने से अखण्डपद की तरह हैं, उनमें महा-देवाय, लो-कानाम्—इस प्रकार से विरति करना,

३. 'विधिर्विधोर्बिम्बशतानि लोपं लोपं कुहूरात्रिषु मासि मासि।'

में 'लोपं लोपं' पद के मध्य में, जो कि द्वित्वसिद्ध होने के कारण अखण्ड-पद की तरह गृहीत है, विरति करना,

४. 'व्यलोकि सा पौरजनैरसूर्यम्पश्यापि मध्येनगरं व्रजन्ती।'

इसमें 'असूर्यम्पश्या' पद के मध्य में, जो कि उपपदसमाससिद्ध होने के कारण अखण्डपद की तरह गृहीत है, असूर्यं-पश्या इस रूप में विरति करना,

५. 'किमपनेतुमचेष्टत किं पराभवितुमैहत तद्वपुः पृथुम्।'

इसमें 'पराभवितुं' पद, जो कि गतिक्रियापद होने से अखण्डपद की तरह गृहीत है, में परा-भवितुं इस रूप से विरति करना,

६. ज्ञानाग्नौ यो हि जुहवांचक्रे सर्वमिदं जगत् ।
स प्राप्य सर्वमेवासामास निःशोकनिर्भयः ।।

इसमें 'जुहवांचक्रे' 'आसामास' इन पदों के मध्य, जो कि आमन्तानुप्रयुक्त होने से अखण्डपद की तरह गृहीत है, में जुहवां-चक्रे, आसा-मास इस रूप से विरति करना असमीचीन है ।

जिस तरह मुख्य अखण्ड एकपद के मध्य में व्यञ्जनसहित पूर्वान्त स्वर का परादिवद्भाव हो जाने पर परादिवद्भाव वाले व्यञ्जनसहित पूर्वस्वर के पूर्ववर्ती स्वर में विरति साधु है उसी प्रकार आतिदेशिक अखण्डपद के मध्य में भी व्यञ्जन-सहित-पूर्वान्तस्वर के परादिवद्भाव हो जाने पर सन्धि द्वारा अपहृत सव्यञ्जन पूर्वान्त स्वर के पूर्ववर्ती स्वर में विरति समीचीन मानी जाती है । जैसे—

'अन्तेवासिदयालुरुज्झितनयेनासादितो जिष्णुना ।'

इस पद्य में 'नये-नासादितः' इस रूप से 'ये' स्वर पर विरति निषिद्ध नहीं है अपितु समीचीन ही है । इसी प्रकार—

'द्वैमातुरपदद्वन्द्वमानन्दप्रदमाश्रये ।
येन सिध्यन्ति वै कार्याण्यशेषाणि महात्मनाम् ।।

'विततधनतुषारक्षोदशुभ्रासु दूर्वास्वविरलपदमालामुज्ज्वलामुल्लिखन्तः ।'

इन पद्यों में 'कार्याण्यशेषाणि' 'दूर्वास्वविरल' में व्यञ्जन सहित पूर्वान्तस्वर के परादिवद्भाव हो जाने पर उससे पूर्ववर्ती स्वर में विरति समीचीन ही है । आतिदेशिक ६ प्रकार के अखण्ड पद में विरतिव्यवस्था का निरूपण हो गया ।

पूर्वान्वित अर्थ के वाचक एकाक्षरों के पूर्व में तथा उत्तरान्वित अर्थ के वाचक एकाक्षरों के बाद में विरति नहीं होती । इसलिए—

'वोपकारो वापकारो हि न स्याद्येन कर्मणा ।
तत्कर्म कुर्वतः पुंसश्च क्लीबस्य च तुल्यता ।।'

इस पद्य में वा, हि, च अक्षरों के पूर्व विरति नहीं होती । क्योंकि इन अक्षरों के चरण के आदि में होने का निषेध है । इसी तरह—

'यश्चित्ततो नितान्तं प्रक्षिपेदालस्यमाग्रहम् ।
स्वस्थः सर्वत्र नूनं विचरेत् परिवृतः श्रिया ।।'

इस पद्य में प्र, वि, इन अक्षरों के बाद में विरति नहीं होती । क्योंकि इनके पादान्तत्व का निषेध है ।

यति

जैसे विरति अपने से (विरति से) पूर्व व परवर्णों की सन्धियोग्यता व समास-योग्यता का निषेध नहीं करती किन्तु एकपदयोग्यता की व्यावृत्ति करती है, उसी प्रकार यति भी अपने से पूर्व व पर वर्णों की सन्धियोग्यता व समासयोग्यता का

निषेध नहीं करती। अर्थात् यति से पूर्व व पर वर्णों में सन्धि हो सकती है और समास भी हो सकता है किन्तु एकपदयोग्यता की व्यावृत्ति करती है तथा स्थलभेद से एकपदयोग्यता की अनुवृत्ति भी करती है। अर्थात् अखण्ड पद के मध्य में यति का अभाव भी होता है और स्थलविशेष में अखण्डपद के मध्य में यति होती भी है जबकि वहाँ पर विरति नहीं होती। किन्तु पूर्वान्वितार्थ को बतलाने वाले एकाक्षर से पूर्व व उत्तरान्वितार्थ को बतलाने वाले अक्षर के बाद विरति की तरह यति भी नहीं होती। इसलिए 'रामं कृष्णं च' में तथा 'स्वादु स्वच्छं च' में पूर्वान्वितार्थाभिधायी च शब्द से पूर्व यति नहीं होती। अर्थात् ऐसे स्थल में यति के बाद 'च' शब्द का प्रयोग असाधु है। इसी प्रकार 'दुःखं मे प्रक्षिपति' में उत्तरान्वितार्थाभिधायी एकाक्षर 'प्र' शब्द के बाद में यति उचित नहीं है। अर्थात् यति से पूर्व 'प्र' शब्द का प्रयोग असाधु है। किन्तु मुख्य अखण्डपदों में व संज्ञापद व विभक्त्यन्तरूप आतिदेशिक अखण्डपदों में यदि गुरुगर्भित चतुरक्षर पद हो तो वहाँ द्वितीय गुरु अक्षर में यति उचित है, इसलिए निम्नाङ्कित पद्यों में—

वैरञ्चानां तथोच्चारितचतुरऋचां चाननानां चतुर्णां।
खङ्गे पानीयमाह्लादयति हि महिषं पक्षपाती पृषत्कः ।।
तत्तद्वस्तूनि वास्तोष्पतिरपि सहसैरावतादीन्यवाप।
हासो हस्ताग्रसंवाहनमपि तुलिताद्रीन्द्रसारद्विषोऽस्य ।।
कूजत्कोयष्टिकोलाहलमुखरभुवः प्रान्तकान्तारदेशाः।
पर्याप्तं तप्तचामीकरकनकतटे श्लिष्टशीतेतरांशौ ।।
शूलं तूलं तु गाढं प्रहर हरहृषीकेशकेशोऽपि वक्रः।

'उच्चारित,' 'आह्लादयति,' 'संवाहन,' 'कोलाहल,' 'चामीकर' आदि शब्दों में द्वितीय गुरु अक्षर पर की गई यति समीचीन है। कतिपय विद्वान् प्रयोग के अनुरोध से प्रथम गुरु अक्षर में भी यति को स्वीकार करते हैं। जैसे—'उद्यत्' इत्यादि गौतमीय तन्त्र के पद्य में—'विष्णुं वन्दे दरकमलकौमोदकीचक्रपाणिम्' में कौमोदकी शब्द में 'कौ' इस प्रथम गुरु अक्षर के बाद यति की गई है।

इसी तरह 'निराधारो हा रोदिमि' में 'रोदिमि' शब्द के आद्य अक्षर 'रो' के बाद जो यति की गई है वह इससे पूर्ववर्ती एकाक्षर गुरु के पूर्व में होने से उसको लेकर चतुरक्षरत्व का अतिदेश मानकर चतुरक्षर 'हा रोदिमि' में 'रो' अक्षर को द्वितीय गुरु अक्षर मानकर है। अन्यथा 'रो' के द्वितीय गुरु न होने से यति नहीं होती। इस प्रकार यति कहाँ कहाँ अशुद्ध है। इसके कुछ उदाहरण प्रस्तुत कर यति प्रकरण की समाप्ति कर दी गई है।

अयति (यत्याभास)

अयति (यत्याभास) दृढ व श्लथ दो भेद मानकर अखण्ड पद के मध्य में दृढ यति नहीं होती। जैसे—'कल्याणं तस्य सदा महेश्वरं पूजयति सदा' इत्यादि आर्या-

पूर्वार्ध में षष्ठ चतुष्कल नगण 'जयति स' में प्रथमकलान्त योग्य यति पदमध्य में होने से असाधु है; यह बतला कर श्लथ यति मात्राछन्द में चतुष्कलान्त में पद का नियम होने से छन्द में सौष्ठव उत्पन्न करती है, किन्तु वहाँ श्लथ यति न करने से छन्द की अशुद्धि नहीं होती ।

वर्ण

यद्यपि वर्णवेद में—

> 'त्रिषष्टिर्वा चतुःषष्टिर्वर्णाः संभवतो मताः ।
> प्राकृते संस्कृते वापि स्वयं प्रोक्ताः स्वयंभुवा ।।
> त्रयोविंशतिरुच्यन्ते स्वराः शब्दार्थचिन्तकैः ।
> द्विचत्वारिंशद् व्यंजनान्येतावान् वर्णसंग्रहः ।।'

इन पद्यों के द्वारा स्वर व व्यञ्जन दोनों को वर्ण बतलाते हुए वर्ण व अक्षर को समानार्थक कहा है । किन्तु छन्दोवेद में अक्षर वर्ण से भिन्न है । जैसा कि— 'वागित्येकमक्षरम्, अक्षरमिति त्र्यक्षरम्' इस ऐतरेय श्रुति के अनुरोध से व्यञ्जन-सहित स्वर तथा शुद्ध अर्थात् निर्व्यञ्जन स्वर दोनों को अक्षर बतलाया है । अर्थात् व्यञ्जन के न होने पर शुद्ध स्वर अक्षर है और व्यञ्जन के होने पर व्ञ्जनसहित स्वर अक्षर होता है । इसलिए वर्णवेद के अनुसार 'अचिरा' यह पाँच वर्णों वाला पद है क्योंकि इसमें 'अ-च्-इ-र्-आ' ये पाँच वर्ण हैं । किन्तु छन्दोवेद के अनुसार यह तीन अक्षरों वाला पद है । क्योंकि इसमें प्रारम्भिक 'अ' शुद्ध स्वर अर्थात् व्यञ्जनरहित अक्षर है और चि-रा' ये दो स्वर व्यञ्जनसहित स्वर होने के कारण सव्यञ्जन अक्षर हैं । भगवान् कात्यायन ने प्रातिशाख्य में—'स्वरोऽक्षरम् । सहाद्यैर्व्यञ्जनैः । उत्तरैश्चावसितैः ।' इत्यादि आठ सूत्रों द्वारा तथा 'एते पञ्च-षष्टिर्वर्णाः ब्रह्मराशिरात्मा वाचः । तत्समुदायोऽक्षरं वर्णो वा' इन सूत्रों के द्वारा स्पष्टरूप से वर्ण व अक्षर को भिन्न बतलाया है । इसीलिए 'वेदस्याध्ययनाद् धर्मः सम्प्रदानात्तथा श्रुतेः । वर्णशोऽक्षरशो ज्ञानात् विभक्तिपदशोऽपि च' इस प्राचीनों की गाथा में वर्ण व अक्षर का विभिन्न रूप से निर्देश किया है । अतः 'वर्णच्छन्दोऽक्ष-रच्छन्दः' ऐसा वर्णों व अक्षरों की एकार्थता बतलाने वाला व्यवहार छान्दसिकों को उचित नहीं प्रतीत होता तथापि वर्णवेद में वर्णपदार्थ मुख्य है व अक्षरव्यवहार गौण है तथा इस छन्दोवेद में अक्षरपदार्थ मुख्य है तथा वर्णव्यवहार गौण है—इस तथ्य को मानने से अभेद मानकर वर्णच्छन्द अक्षरच्छन्द है, यह कथन उपपन्न हो जाता है ।

अक्षर लघुगुरुभेद से द्विविध है । एकमात्रावाला अक्षर लघु तथा दो या तीन मात्रा वाला अक्षर गुरु होता है । इसलिए 'अमले ३ आगच्छात्र': में 'अ-म-त्र' ये तीन अक्षर लघु हैं तथा ले-आ-ग-च्छा ये चार अक्षर गुरु हैं । क्योंकि ह्रस्व अर्थात् एक मात्रा से उच्चारित स्वर लघु कहलाता है तथा दीर्घ अर्थात् द्विमात्रिक,

संयोगादि, सानुस्वार तथा सविसर्ग स्वर गुरु होता है। किन्तु प्राकृतादि भाषाओं में सानुस्वार तथा द्विमात्रिक स्वर गान, रोदन आदि में एक मात्रा से उच्चारित होने के कारण लघु माने जाते हैं और दो मात्राओं से उच्चारित होने पर गुरु माने जाते हैं—यह व्यवस्था है। किन्तु संस्कृतभाषाच्छन्दों में सानुस्वार, सविसर्ग तथा आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ—ये गुरु ही माने जाते हैं।

यद्यपि संयुक्त व्यञ्जन से पूर्व का अक्षर गुरु माना जाता है किन्तु रेफसंयुक्त व्यञ्जन वाले ह्र, प्र, ध्र, ग्र आदि से पूर्व के ह्रस्व अक्षर का यदि एकमात्रा से उच्चारण किया जाता है तो वह गुरु नहीं होता और दो मात्रा से उच्चारण किया जाता है तो गुरु होता है। यह व्यवस्था छन्द के अनुरोध से है। इसी तरह अवसाय, विच्छेद व विरति के कारण ह्रस्व अक्षर भी विस्तारित उच्चारण के कारण द्विमात्रिक की तरह उच्चारित होने पर गुरु माना जाता है और स्वारसिक उच्चारण होने पर एकमात्रिक के समान उच्चारित होने से लघु ही माना जाता है—ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था है। किन्तु यह विकल्प व्यवस्थित है। अतः सभी छन्दों में समान नहीं है। वसन्ततिलका आदि छन्दों में चरण के अन्तिम ह्रस्व अक्षर का विस्तारपूर्वक द्विमात्र के समान उच्चारण होने से सर्वत्र गुरु माना जाता है। तथा शार्दूलविक्रीडित आदि छन्दों में चरण के अन्तिम ह्रस्व अक्षर का स्वारसिक एक मात्रा से उच्चारण होने से वह गुरु (दीर्घ) नहीं होता। अतः शार्दूलविक्रीडित आदि में चरण के अन्त में लघु अक्षर का प्रयोग नहीं करना चाहिए अन्यथा छन्दोऽशुद्धि होगी। द्रुतविलम्बित आदि में द्वितीय व चतुर्थ चरण में अन्तिम लघु का सन्तानित उच्चारण होने से उसे गुरु मान लिया जाता है, किन्तु प्रथम व तृतीय चरण में नहीं। आर्यादि मात्राछन्दों में चरण के अन्तिम ह्रस्व अक्षर को छन्द के अनुरोध से गुरु या लघु माना जाता है।

रिफित (रेफयुक्त) व्यञ्जन से पूर्व अक्षर ही लघु माना जाता है, यही बात नहीं, किन्तु सभी संयुक्त व्यञ्जनों से पूर्व स्वर छन्दोऽनुरोध से गुरु या लघु माना जाता है। छन्द के चरण का अन्तिम लघु भी विकल्प से गुरु माना जाता है। आगे उपर्युक्त तथ्यों के उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं जिन्हें मूल में देखें।

मात्रा

वर्णस्वरूप को सीमित करने वाला तत्त्व अर्थात् वर्णस्वरूप की सीमा मात्रा है। यह मात्रा अर्धमात्रा, एकमात्रा, १½ मात्रा, दो मात्रा, तीन मात्रा भेद से अनेक प्रकार की है। इनमें व्यञ्जनों की अर्धमात्रा, ह्रस्व स्वरों की एक मात्रा ए, ओ की अध्यर्ध (डेढ) मात्रा, ऐ, औ आदि स्वरों की दो मात्रायें तथा प्लुत की तीन मात्रायें होती हैं। इसी प्रकार गेयकाण्ड में तीतर, चिड़िया, बगुला, चाष (नीलकण्ठ), कोयल, कौआ, मुर्गा की बोली के अनुसार अणुद्रुत (द्रुताणु) द्रुत, द्रुविराम, लघु, लघुविराम, गुरु, प्लुतभेद से सात भागों में विभक्त मात्रायें ताल के अङ्गरूप

से बतलायी गयी हैं। किन्तु वर्णवेद में तथा गेयकाण्ड में वर्णित दोनों प्रकार की मात्राएं यहाँ छन्दोवेद में विवक्षित नहीं हैं।

अतः 'अ इ उइ ए ऐ ओ औ—ओऔ अए उए इ आआई' इस निर्व्यंजन स्वरवाले तथा 'स्त्र्यविरुदिते वै श्लोक्यौ—प्रोह्यौ प्रथिते स्तुतेऽस्ति वा स्त्र्यार्त्नी' इस व्यंजनसहित स्वर वाले आर्या छन्द के प्रथम व द्वितीय चरण में क्रमशः १२ व १८ मात्राओं का व्याघात नहीं होता। अर्थात् उपर्युक्त आर्या के प्रथम चरण में १२ मात्राओं तथा द्वितीय चरण में १८ मात्राओं का निर्वाह बन जाता है। वर्णवेदीय मात्राओं को मानने पर तो उपर्युक्त निर्व्यंजन स्वर वाले आर्या के प्रथम चरण में ११ मात्रायें होंगी। क्योंकि चार ह्रस्व स्वरों की चार मात्रा, ए ओ की अध्यर्ध मात्रा होने से दोनों की तीन मात्राएँ तथा ऐ औ के प्रत्येक के द्विमात्रिक होने से चार मात्राएँ मिलकर ४+३+४=११ मात्रायें होंगी। इसी प्रकार सव्यंजन आर्या के प्रथम चरण में १७½ मात्रायें होंगी, क्योंकि व्यंजन की आधी मात्रा, ह्रस्व स्वर की एक मात्रा, ए ओ की डेढ मात्रा तथा ऐ औ की दो मात्रा होने से मिलकर १७½ ही होंगी। सव्यंजन आर्या के प्रथम चरण में १३ व्यंजन हैं। व्यंजनों की अर्धमात्रा के हिसाब से इनकी ६½ मात्रायें होती हैं। ४ ह्रस्व स्वर हैं। ह्रस्व स्वर की एक मात्रा से चारों ह्रस्व स्वरों की ४ मात्रायें होती हैं। ए ओ की अध्यर्ध मात्रा होने से इनकी तीन मात्राएँ होती हैं। ऐ औ की दो-दो मात्राओं के हिसाब से ४ मात्रायें होती हैं। इस प्रकार ६½+४+३+४= को मिलाने से संभूय १७½ मात्राएँ होंगी। इससे आर्याछन्द का व्याघात होगा। इसलिए छन्दोवेद में मात्रा का स्वरूप वर्णवेद से भिन्न ही माना गया है। छन्दोवेद के अनुसार मात्रा वर्णानुगत नहीं अपितु अक्षरानुगत है। और अक्षर छन्दोवेद में व्यंजनरहित शुद्ध स्वर तथा व्यंजनसहित स्वर दोनों हैं। अतः छन्दोवेद के अनुसार मात्रा दो प्रकार की है—एक मात्रा तथा दो मात्रायें। ह्रस्व स्वरों की एक मात्रा तथा गुरुस्वरों की दो मात्रायें मानी जाती हैं। इसलिए वर्णवेद में वत्सशब्द में वकारोत्तरवर्ती अकार के ह्रस्व होने से उसकी एक मात्रा है। किन्तु छन्दोवेद में वकारोत्तरवर्ती अकार के संयुक्त व्यंजन के आदि में होने से गुरु अक्षर हो जाने के कारण उसकी दो मात्रायें मानी जाती हैं। इसी प्रकार वर्ण वेद के अनुसार प्लुतस्वर त्रिमात्रिक होता है किन्तु छन्दोवेद के अनुसार वह द्विमात्रिक ही है। वर्णवेद में व्यंजन की भी अर्धमात्रा मानी जाती है किन्तु छन्दःशास्त्र में व्यंजनों की कोई मात्रा नहीं होती। क्योंकि स्वर से पूर्व में व्यंजन के होने न होने से छन्द में कोई अन्तर नहीं पड़ता। स्वर के बाद व्यंजन हो और वह व्यंजन परवर्ती स्वर से अपकृष्ट है तो भी कोई अन्तर नहीं होता। किन्तु यदि वह परवर्ती व्यंजन पूर्वस्वर से अनुकृष्ट है तो वह एकमात्रिक पूर्वस्वर को द्विमात्रिक बना देता है। यह मात्रावृद्धि भी पूर्वस्वर के अनुकर्षण व्यापार के कारण ही है, व्यंजन का उससे कोई सम्बन्ध नहीं है।

गण

छन्दोनिर्वचन के सौकर्य के लिए छन्दोविद् आचार्यों ने समूहविशेष को कल्पित गणसंज्ञा दी है। मगण, नगण आदि गणों के द्वारा छन्द का निर्वचन आसानी से हो जाता है। वह गण वर्णगण, मात्रागण भेद से दो प्रकार का है।

'मो गंगागो, नो लीलालो, भो गोलोलो, यो लिगागः।
जो लिगालो, रो गालीगः, सो लंलिगः, तो गंगालः।।'

इस श्लोक में बतलाया गया है। इस श्लोक में गवर्ण गुरु का तथा लवर्ण लघु का वाचक है। 'यमाताराजभानसलगम्' यह पिङ्गलसूत्र भी इन्हीं वर्णगणों के स्वरूप का निरूपण कर रहा है। जैसे 'यमाता' आदि लघु यगण (।ऽऽ) का, 'मातारा' सर्वगुरु मगण (ऽऽऽ) का, 'ताराज' अन्त लघु तगण (ऽऽ।) का, 'राजभा' मध्य लघु रगण (ऽ।ऽ) का, 'जभान' मध्यगुरु जगण (।ऽ।) का, 'भानस' आदिगुरु भगण (ऽ।।) का, 'नसल' सर्वलघु नगण (।।।) का, तथा 'सलगम्' अन्तगुरु सगण (।।ऽ) का स्वरूप बतला रहा है।

मात्रागण चार मात्राओं वाले पाँच गण हैं जिनके नाम क्ष-भ-ज-स-ह हैं अर्थात् क्षगण, भगण, जगण, सगण व हगण हैं, वे मात्राओं पर निर्भर हैं अर्थात् उसमें चार मात्रायें होनी चाहिएँ, अक्षर चाहे न्यून या अधिक हों। पाँचों मात्रागण चार मात्रा वाले हैं। जैसे 'क्ष' दो गुरु अक्षरों का बोधक है और एक गुरु में दो मात्रायें होती हैं। अतः 'क्ष' में चार मात्रायें हैं। भगण में एक गुरु और दो लघु अक्षर होते हैं। गुरु की दो मात्रायें और दो लघु अक्षरों की दो मात्रायें—इस प्रकार भगण भी चतुष्कल मात्रागण है। जगण भी मध्यगुरु त्र्यक्षरगण हैं। अतः यह भी चतुष्कल मात्रागण है। सगण (।।ऽ) अन्त गुरु होता है। गुरु की दो मात्रायें तथा आदि के दो लघु वर्णों की दो मात्रायें, इस प्रकार यह भी चतुष्कल मात्रागण है। हकार चार लघुमात्राओं का बोधक है, अतः यह भी चतुष्कल मात्रागण है। इसीलिए कहा है—

'क्षगणो यदि च गुरू द्वौ हगणः स्याल्लघुचतुष्टयं यदि च।
भजसास्त्र्यक्षरकाः स्युर्यदि गुर्वादिगुरुमध्यगुर्वन्ताः।।'

इन पाँचों मात्रागणों के उदाहरण क्रमशः—

क्षेमं, भाविषु, जनेषु, सचते, व हरि हरि हैं।
ऽऽ ऽ।। ।ऽ। ।।ऽ ।। ।।

नव्य छान्दसिकों ने व्यवहारसौकर्य के लिए कुछ अन्य गणों की भी कल्पना की है। एक गुरु अक्षर से लेकर ६ गुरु अक्षरों तक क्रमशः क्ष—म—क्षु—भ—मु ये गण माने हैं तथा एक लघु अक्षर से लेकर ६ लघुअक्षरों तक क्रमशः ल—घ—न—ह—ठ—नु इन गणों की कल्पना की है। इसी प्रकार 'क्ष' दो गुरु अक्षरों का, 'क' एक लघु और एक गुरु का, 'ख' एक गुरु और एक लघु का, 'घ' दो लघुओं का,

ट, ठ, ड, ढ, ण—ये वर्ण क्रमशः ६ लघु, ५ लघु, ४ लघु ३ लघु व दो लघु अक्षरों का बोध कराते हैं। इन वर्णों तथा मगण आदि आठों गणों के बोधक म—य—र—स—त—ज—भ—न शब्दों से परे उकार को जोड़ देने पर वे मु यु आदि उकारान्त शब्द दो मगण, दो यगण आदि के बोधक होते हैं। इन्हीं गणों के बोधक म—य—र आदि में इनसे परे आकार लगा देने पर तीन मगण, तीन यगण, तीन रगण आदि के बोधक हो जाते हैं, और इन्हीं म. य. र. आदि के बाद इकार जोड़ देने पर ये चार मगण, चार यगण, व चार रगण आदि अर्थों के बोधक हो जाते हैं। इसीलिए अभियुक्तों ने कहा है—

गलौ क्षकखधा एवं मयौ रसतजा भनौ।
एकद्वित्र्यक्षरैर्भेदा द्विगुणा उपरा यदि॥
त्रिगुणा आपरा बोध्या इपरास्तु चतुर्गुणाः।
अनुस्वारविसर्गाभ्याँ यतिश्च विरतिः क्रमात्॥
ये षट्पञ्चचतुस्त्रिद्विमात्रास्ते टठडा ढणौ। इति
णपौ चतौ द इति वा चभेदाः क्षसजा भहौ॥
हरः शशी सूर्यशक्रशेषाहिकमलाः क्रमात्।
धाता कलिश्चन्द्रध्रुवौ धर्मः शालीति सन्ति टाः॥
इन्द्रासनं सूरचापहीरशेखरकौसुमम्।
क्रमादहिगणः पापगणश्चेति भवन्ति ठाः॥
कर्ण-करतल-पयोधर-वसुचरणाः विप्र इति च डाः पञ्च।
ढाः ध्वज-सुरपति-भावाः णौ तु द्वौ हारसुप्रियौ प्रोक्तौ॥

इन श्लोकों के बाद में टेबिल के द्वारा इनको समझाया गया है। इसके बाद गण-प्रकरण को समाप्त कर दिया गया है।

गतिनिरूपण

छन्दःस्वरूप की अभिव्यक्ति में प्रधान कारण गति है। अतः त्र्यक्षरक तथा चतुर्मात्राक प्रस्तारस्वरूपों में गतियुक्त किन्हीं प्रस्तारों में छन्दोव्यवहार होता है, अन्यों में नहीं। इनमें कुछ गतियों को अपने स्वरूप की अभिव्यक्ति के लिए यति की भी अपेक्षा रहती है और कुछ को नहीं। किन्तु विरति, विच्छेद और अवसाय-इन अवष्टम्भों की अपेक्षा सभी गतियों को होती है। किन्तु जिस प्रस्तारस्वरूप में गति नहीं होती उस प्रस्तारस्वरूप में यति, विरति, विच्छेद, अवसाय का संनिवेश होने पर भी पद्यच्छन्दःस्वरूप की अभिव्यक्ति नहीं होती। इसलिए यति, विरति आदि से भिन्न गति को स्वीकार करना पड़ता है।

वह गति-कालकृत, यतिकृत, नादकृत व प्रदेशकृत भेद से चार प्रकार की है। इनमें कालकृतगति को वृत्ति कहते हैं तथा वह द्रुता, मध्या, विलम्बिता भेद से तीन

प्रकार की है। किसी किसी छन्द को अपने स्वरूप की अभिव्यक्ति के लिए केवल द्रुतावृत्ति की, कुछ को केवल मध्यावृत्ति की तथा कतिपय छन्दों को केवल विलम्बिता वृत्ति की अपेक्षा है। कुछ छन्दों को दो-दो वृत्तियों की (द्रुता व मध्या की, मध्या व विलम्बिता की, तथा द्रुता व विलम्बिता की) अपेक्षा होती है। तथा कुछ छन्दों का स्वरूप द्रुतादि वृत्तियों में से एक का प्रयोग कर देने पर भी निष्पन्न हो जाता है किन्तु उनमें अन्य वृत्तियों का प्रतिषेध नहीं होता। (यह स्थल मूल संस्कृत ग्रन्थ के परिशिष्ट भाग में पृ. २८८ में दिया गया है जहां इसके उचित स्थल का निर्देश है तदनुसार वह यहाँ प्रकृतस्थान पर अनूदित है।)

उनमें जलधरमाला, वासन्ती, रुचिरा, भ्रमरविलसिता आदि छन्दोभेद द्रुता-वृत्ति के पक्षपाती हैं। अर्थात् इनमें द्रुता वृत्ति होती है। भुजङ्गप्रयात शार्दूल-विक्रीडित आदि छन्दों में मध्या वृत्ति होती है। चर्चरी चामर वसन्ततिलका निशि-पालक आदि में विलम्बिता वृत्ति होती है। मालती आदि छन्दों में द्रुतमध्या वृत्ति होती है। इस प्रकार अनुभवरसिकों को सर्वत्र कालकृत गति की स्पष्ट प्रतीति होती है।

दूसरी यतिकृत गति है जिसे लय कहते हैं। यह लय द्रुतवृत्ति, मध्यवृत्ति या विलम्बितवृत्ति का इच्छानुसार प्रयोग कर देने पर भी छन्द में नियतस्थानों पर कृत विरत्यादि अवष्टम्भों के स्वरूप का निर्माण कर उनसे भिन्न ही प्रतीत होती है। उस लय के सौष्ठव से छन्द में सौष्ठव आता है। दुःस्थित वर्ण आदि के प्रयोग से उस लय का व्याघात होने पर छन्दसौष्ठव का विनाश हो जाता है। वह लय प्रत्येक छन्द में वर्ण, मात्रा, अवष्टम्भ के भेद से भिन्न-भिन्न हो जाती है। जैसे—

शिष्टा वा दुष्टा यावन्तो लोकाः।
विद्याभिर्नूनं वश्या जायन्ते॥

इस पञ्चाक्षर छन्द की गति को यति की अपेक्षा नहीं है। किन्तु इसी पञ्चा-क्षरच्छन्द के प्रत्येक चरण में एक-एक अक्षर की वृद्धि से—

शिष्टा वा दुष्टा वा यावन्तोऽमी लोकाः।
विद्याभिर्नूनं ते वश्या वै जायन्ते॥

इस तरह षडक्षर छन्द हो जाने पर मगण के अन्त में लयरूप गति को यति की अपेक्षा है।

उपर्युक्त रीति से पञ्चाक्षर व षडक्षर छन्दों में जिसका वर्णों के द्वारा भेद प्रतीत होता है वही लयकृत गति है। इसी षडक्षर छन्द में चतुर्थ अक्षर के लघु कर देने पर—

शिष्टा वा खला वा यावन्तोऽपि लोकाः।
विद्याभिस्तु नूनं जायन्ते सुवश्याः॥

इस प्रकार से स्वरूप बन जाने पर मगण के अन्त में यति की अपेक्षा नहीं रहती है और इसमें पद्यधर्मिता का नाश होकर गद्यधर्मिता दिखाई देती है। इस प्रकार उपर्युक्त दोनों छन्दों में अक्षरसंख्या के समान होने पर भी मात्रा के द्वारा जिसका भेद प्रतीत होता है, वह यतिकृत गति है अर्थात् लय है। इसी तरह—

'विद्यायां सिद्धायां सिद्धिस्ते वा न स्यात्।
राजानः सम्राजः सर्वे ते वश्याः स्युः॥

निःसन्दिग्धं ब्रूमः संसारेऽस्मिन्नेवम्।
कः स्याद् यस्याभीष्टं विद्याभिर्नो सिध्येत्॥

इन दोनों पद्यों में षडक्षरता तथा दो मगणों के समान होने पर भी प्रथम छन्द में मगण के बाद यति है तथा द्वितीय छन्द में मगण के बाद यति नहीं है। इसी यति के कारण गति में भेद दिखाई देता है और गति के भेद से इन दोनों छन्दों में छन्दःस्वरूप का भेद है। इस गति के अङ्गभूत अवष्टम्भ भी अणुद्रुत-द्रुत-द्रुविराम-लघु-लविराम-गुरु-प्लुत भेद से सप्तविध हैं। प्लुत मात्रा के कारण अवसायरूप अवष्टम्भं, गुरुमात्रा के कारण विच्छेदरूप अवष्टम्भ, लविराम के द्वारा विरतिरूप अवष्टम्भ, लघुमात्रा द्रुविराम मात्रा तथा द्रुत मात्रा से यतिरूप, अवष्टम्भ, द्रुताणु व द्रुतमात्रा से अयतिरूप अवष्टम्भ होता है।

तीसरी नादकृत गति ध्वनि कहलाती है। भिन्न-भिन्न छन्दों के अभिनय में कहीं वर्णों की उच्चस्वरता, कहीं नीचस्वरता व समता की अपेक्षा होती है। छन्द के प्रथम अवयव में रहने वाले वर्णों के उच्चारण से लेकर छन्द के अन्तिम अवयव में रहने वाले वर्ण के उच्चारण में प्रयत्न (आभ्यन्तर प्रयत्न) तथा अनुप्रदान (बाह्य प्रयत्न) की समानता नहीं रह सकती। इस प्रकार नादकृत उच्चता,' नीचता व समता क्रम से अनुगत भेद के कारण गति में भेद हो जाता है। यहाँ नाद के कारण गति का भेद होने से इसे ध्वनि कहा है। (परिशिष्ट में पृष्ठ २८९ में आये मूल पाठ का अनुवाद जो क्रम की दृष्टि से इसी स्थल का है वहाँ यह स्थल निर्दिष्ट है)

चौथी गति प्रदेशकृत होती है जिसे चाल कहते हैं। जैसे--

यो ब्राह्मणोऽद्यप्रभृतीह कश्चिन् मोहात् सुरां पास्यति मन्दबुद्धिः।
अपेतधर्मा ब्रह्महा चैव स स्यादस्मिन् लोके गर्हितः स्यात् परे च॥

इस महाभारत के आदिपर्वस्थ शुक्रवचन में एक ही उपजाति छन्द में तीन प्रकार की गति दिखाई देती है। प्रथम तथा द्वितीय चरण में एक प्रकार की गति, तृतीय चरण में दूसरे प्रकार की गति तथा चतुर्थ चरण में तीसरे प्रकार की गति है। प्रथम तथा तृतीय गति में अत्यन्त भेद होने से उनमें सहयोगयोग्यता न होनें पर भी पूर्वा व उत्तरा गति से साम्य रखने वाली द्वितीय गति के मध्य में आ जाने से उस द्वितीय गति के द्वारा पूर्व व उत्तर गति में सहयोग का अवसर मिल जाता है। क्योंकि तृतीय चरण में विद्यमान द्वितीय गति में पाँचवें अक्षर के बाद सगण को

हटाकर 'ब्रह्महा' इत्याकारक रगण तथा 'चै' इस गुरु अक्षर के निवेश के कारण प्रथम द्वितीय चरण की अपेक्षा तृतीय चरण में भेद हो गया है। किन्तु और सभी समानता द्वितीय गति वाले तृतीय चरण की प्रथम गति वाले प्रथम चरण व द्वितीय चरण के साथ है। यदि तृतीय चरण 'अपेतधर्मा द्विजहा स स्यात्' इस प्रकार का हो तो तृतीय चरण में प्रथमादि चरणों की अपेक्षा कोई गतिभेद नहीं रहता। इसी प्रकार तृतीय चरण के आदि में 'क्ष' वर्ण अर्थात् दो गुरु अक्षरों को हटा कर जगण का प्रयोग करने से तृतीय चरण की गति का चतुर्थ चरण की गति से भेद है किन्तु अन्य सभी समानता चतुर्थ चरण की तृतीय चरण के साथ है। अर्थात् चतुर्थ चरणस्थ तृतीय गति की समानता तृतीय चरणस्थ द्वितीय गति के साथ है।

समयनिरूपण—

समय, संकेत, परिभाषा, संज्ञा ये समानार्थक शब्द हैं। समय—लोकतन्त्रसिद्ध, साधारणतन्त्रसिद्ध व प्रतितन्त्रसिद्ध भेद से तीन प्रकार का है। नियतसंख्याविशेष से ज्ञात लौकिक अर्थों के वाचक शब्द स्वार्थ में तात्पर्य न होने से स्वार्थ से सम्बद्ध संख्यामात्र के बोधन में प्रयुक्त किये जाते हैं, वह लोकतन्त्रसिद्ध समय है। जैसे भू, चन्द्र आदि शब्द भूमि, चन्द्रमा आदि अर्थों में प्रसिद्ध हैं। किन्तु जहाँ इन शब्दों के पृथिवी, चन्द्र आदि अर्थों के ग्रहण करने पर वक्ता के तात्पर्य के अनुपपन्न होने से उन अर्थों में समवायसम्बन्ध से रहने वाली एकत्वादि संख्या का बोध कराते हैं वह लोकतन्त्रसिद्ध समय है। इसी प्रकार पक्ष, नेत्र आदि द्वित्व संख्या के, लोक, काल, राम आदि शब्द त्रित्व संख्या के, वेद, समुद्र आदि चतुष्ट्व संख्या के, भूत, इन्द्रिय बाण आदि शब्द पञ्चत्व संख्या के, रस, ऋषि, वसु, अङ्क आदि शब्द ६, ७, ८, ९ संख्या के बोधक बनते हैं। तथा वरासा, कागुहा, वसुधा आदि शब्द गुरुलघु रूप में व्यवस्थित तीन वर्णों के स्वरूप को बतलाते हैं। यह लोकतन्त्रसिद्ध समय छन्दशास्त्र में भी उपादेय हैं। इस बात को 'अष्टौ वसवः' अर्थात् वसु आठ हैं, इसका कथन करते हुए भगवान् पिङ्गलाचार्य ने भी स्वीकार किया है। दूसरे शास्त्र में प्रसिद्ध जिस अर्थ का, छन्दःशास्त्र से विरुद्ध न होने के कारण ग्रहण कर लिया गया है, वह साधारणतन्त्रसिद्ध समय कहलाता है। जैसे आगमशास्त्र में प्रसिद्ध क, ट, प य आदि वर्णों द्वारा संख्याविशेष की प्रतिपत्ति छन्दःशास्त्र में गृहीत कर ली गई है, क्योंकि उसका छन्दःशास्त्र से विरोध नहीं है। जैसे सुबन्त व तिङन्त का पदत्व, समाससिद्धि व सन्धिप्रकार आदि, जो कि व्याकरणशास्त्र में प्रसिद्ध हैं, उन्हें छन्दःशास्त्र में अविरोधी होने से स्वीकार कर लिया गया है। जिस अर्थ का विशेष रूप से छन्दःशास्त्र में विधान किया गया है, वह प्रतितन्त्रसिद्ध संकेत कहलाता है। जैसे वर्णवेद में प्रसिद्ध वर्ण, मात्रा, अवष्टम्भ पदार्थों की उपेक्षा कर छन्दःशास्त्र के अनुबन्ध से वर्णशास्त्र से भिन्न वर्ण, मात्रा, अवष्टम्भ भेदों का निरूपण किया गया है। व्याकरणादिप्रसिद्ध पद को हटाकर छन्दःशास्त्र में दूसरे प्रकार से पदव्यवस्था स्वीकृत की है। तीन अक्षरों तथा चार मात्राओं को गण तथा प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट,

मेरु, पताका, मर्कटी व संख्यान को प्रत्यय एवं क्रम, पार, तार, हार, सूची, पाताल आदि शब्दों को भिन्न-भिन्न अर्थों का बोधक छन्द:शास्त्र में स्वीकार किया गया है।

यह प्रतितन्त्रसिद्ध समय (संकेत) छन्द:शास्त्र के विभिन्न ग्रन्थों में साधारणतया स्वीकृत तथा प्रातिस्विक है। अर्थात् कोई संकेत छन्द:शास्त्रीय कतिपय ग्रन्थों में स्वीकृत है। उसे साधारण-प्रतितन्त्रसिद्ध समय कहते हैं और जो संकेत छन्द:शास्त्र के एक ही ग्रन्थ में व्यवहारसौकर्य के लिए कल्पित है अन्य ग्रन्थों में नहीं, वह प्रातिस्विक-प्रतितन्त्र-सिद्ध समय कहलाता है। जैसे प्राकृत पिङ्गल शास्त्र में ट—ठ—ड—ढ—ण— इन वर्णों में एक-एक की बहुत-सी संज्ञाएँ बतलायी गई हैं। जैसे इसी ग्रंथ में त, थ, द, ध, न, प, फ, ब, भ, म—इन दश वर्णों को दशों दशतियों का बोधक माना है। उनमें भी इन वर्णों के बाद में प्रयुक्त अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ—ये दश स्वर प्रत्येक दशति' के अवयवों को बतलाते हैं। १ संख्या से प्रारम्भ कर १० संख्या तक एक दशति, ११ से २० तक दूसरी दशति २१ से ३० तक तीसरी दशति, ३१ से ४० तक चौथी दशति, ४१ से ५० तक पाँचवो दशति। इन पाँचों दशतियों को क्रमश: त, थ, द, ध, न वर्ण बतलाते हैं। और प, फ, ब, भ, म वर्ण क्रमश: ५१ से ६० तक की छठी दशति को, ६१ से ७० तक की सातवीं दशति को, ७१ से ८० तक की आठवीं दशति को, ८१ से ९० तक की नवीं दशति को, ९१ से १०० तक की दसवीं दशति को बतलाते हैं। इसी प्रकार त वर्ण के बाद में प्रयुक्त अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ ओ, औ—ये स्वर क्रमश: प्रथम दशति के अवयव १, २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९, १० को बतलाते हैं। और ११ से २० तक की दशति के ११, १२, १३, १४, १५, १६, १७, १८, १९, २०—इन अवयवों को क्रमश: 'थ' वर्ण के बाद में प्रयुक्त अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ औ, ये बतलाते हैं। इसी तरह दकारादि वर्णों के आगे प्रयुक्त अ, आ इत्यादि स्वर क्रमश: तीसरी, चौथी, पाँचवीं, छठी, सातवीं, आठवीं, नवीं व दसवीं दशति के अवयवों को बतलाते हैं। तकारादि वर्णों से पूर्व में प्रयुक्त अकारादि दसों स्वर १०० अंकों के बोधक होने से क्रमश: १००, २००, ३००, ४००, ५००, ६००, ७००, ८००, ९०० व १००० को बतलाते हैं। इसी तरह वर्णों से पूर्व प्रयुक्त अकारादि स्वर १००, २००, ३०० आदि रूप से शताङ्क के बोधक होते हैं। उनमें भी शुद्ध अकारादि स्वर तथा य-र-ल-व-श-ष-ह्-क्ष ये वर्ण जिनके पूर्व में हैं ऐसे अकारादि स्वर क्रमश: शताङ्क की दश दशतियों के बोधक होते हैं। शुद्ध अकारादि स्वरों से १०० से १००० तक की दशतियों का बोधक होता है और यकारादिपूर्वक अकारादि स्वरों से ११००, १२००, १३००, १४००, १५००, १६००, १७००, १८००, १९०० आदि के बोधक हैं।

अर्थात् य पूर्वक अकारादि स्वरों से ११०० से २००० तक की दशति का, रेफ पूर्वक अकारादि स्वरों से २१०० से ३००० तक की दशति का, ल पूर्वक अकारादि स्वरों से ३१०० से ४००० तक की दशति का, व पूर्वक अकारादि स्वरों से ४१०० से ५००० की दशति का, ५१०० से ६००० तक

की दशति का श पूर्वक अकारादि स्वरों से, ६१०० से ७००० तक की दशति का षपूर्वक अकारादि स्वरों से, ७१०० से ८००० तक की दशति का स पूर्वक अकारादि स्वरों से, ८१०० से ९००० तक की दशति का ह पूर्वक अकारादि स्वरों से, ९१०० से १०००० तक की दशति का क्ष पूर्वक अकारादि स्वरों से बोध होता है। इस प्रकार 'अनु' शब्द १४५ संख्या का बोध कराता है। क्योंकि नकारवर्ण से पूर्व प्रयुक्त अकार स्वर १०० संख्या का बोधक है, न वर्ण ४१ से ५० तक की पाँचवीं दशति का बोधक है तथा नकार वर्ण के बाद में प्रयुक्त उकार स्वर उपर्युक्त दशति की पाँचवीं संख्या का बोधक है। अतः इस रीति से 'अनु' शब्द १४५ संख्या को बतलाता है। इसी प्रकार 'ऊभे' शब्द ६८७ संख्या को बतलाता है। क्योंकि 'भ' वर्ण से पूर्व में प्रयुक्त 'ऊ' स्वर ६०० संख्या को, 'भ' वर्ण ८१ से ९० तक की दशति को, तथा 'भ' के बाद प्रयुक्त 'ए' स्वर इस दशति की ७ संख्या को बतलाता है। इस प्रकार 'ऊ भे' शब्द ६८७ संख्या का बोधक है। इसी प्रकार 'रूपी' शब्द २६५४ संख्या का बोधक है। क्योंकि रेफपूर्वक ऊकार २६०० संख्या का बोधक है। उससे उत्तरवर्ती 'प' वर्ण ५१ से ६० तक की दशति का बोधक है अतः इससे पाँच संख्या का ग्रहण होता है और 'प' वर्ण के बाद प्रयुक्त 'ई' स्वर चार संख्या का बोधक है। इस तरह 'रूपी' शब्द २६५४ संख्या को बतलाता है। इसी रूप से 'सानी' शब्द ७२४४ संख्या का बोधक है। इसी तरह विभिन्न शब्दों से विभिन्न संख्याओं का ग्रहण होता है।

उपर्युक्त रीति से 'छन्दःशिक्षा' नामक परिभाषाधिकार में छन्द, पद, अवष्टम्भ, वर्ण, मात्रा, गण, गति व समय का स्वरूप बतलाया है।

छन्दोगणित

छन्दस्वरूपों के पूर्णरूप से जानने के लिए प्रस्तारक्रिया आवश्यक है, और प्रस्तार की शुद्धि के लिए नष्ट, उद्दिष्ट, शलाका, पताका, मेरु और मर्कटी का ज्ञान आवश्यक है। इनमें प्रस्तार, मेरु और मर्कटी संगृहीत अर्थ को बतलाते हैं तथा उद्दिष्ट, शलाका, व पताका, एकैक अर्थ की सिद्धि कराते हैं। प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट, शलाका, पताका, मेरु, व मर्कटी ये सातों प्रत्यय कहलाते हैं। इन्हीं प्रत्ययों का निरूपण 'छन्दोगणित' अधिकार में किया गया है।

इनमें प्रथम प्रत्यय प्रस्तार वर्णप्रत्यय, मात्राप्रत्यय भेद से द्विविध है। उन दोनों में प्रथम वर्णप्रत्यय का निरूपण किया जा रहा है—

प्रस्तार-विषयक सूत्र है—

न्यासाधो न्यासान्तरमित्येवंक्रमे पूर्वन्यासीय-प्रथम-गुरोरधस्ताल्लघुस्ततः पूर्वस्थाने गुरुरथोत्तरस्थाने तूपरिवत्।'

इसका अभिप्राय यह है कि छन्दःपदों के स्वरूप का उल्लेख न्यास कहलाता है। गौणवृत्ति से छन्दःपदों के उल्लिखित स्वरूप को भी न्यास कहते हैं। किसी एक न्यास का उल्लेख करने पर तीन क्रियाओं द्वारा **परन्यास की** कल्पना कर पूर्वन्यास

के नीचे परन्यास के उल्लेख को न्यासक्रम कहा जाता है। जिन क्रियाओं के द्वारा परन्यास का उल्लेख किया जाता है वे क्रियायें मूलक्रिया, पृष्ठक्रिया व अग्रक्रिया हैं। पूर्वन्यास के गुरु को लघु में परिवर्तित कर देना—यह क्रिया प्रथमन्यास से भिन्न न्यासों में होती है। प्रथम न्यास में यह क्रिया हो नहीं सकती। अतः प्रथमन्यास सर्वगुरु अक्षरवाला होता है। सर्व गुरु अक्षर वाले न्यास में प्रथम गुरु अक्षर के स्थान में लघु अक्षर लिखना चाहिए—यह न्यास की प्रथम क्रिया है। अब जिस गुरु के स्थान में लघु अक्षर लिखा गया है उससे पूर्व कोई स्थान नहीं है, अतः द्वितीय न्यास में पृष्ठक्रिया नहीं बन सकती। किन्तु तृतीयादि न्यासों में जिस गुरु के स्थान में लघु लिखा है उससे पीछे जितने भी स्थान हैं उन सब में गुरु अक्षर ही लिखना चाहिए—यह दूसरी पृष्ठक्रिया है। न्यास में पूर्वन्यास के जिस गुरु के स्थान में लघुक्रिया है उससे आगे के स्थानों में जैसा पूर्वन्यास में लघु गुरु का उल्लेख है वैसा ही उल्लेख करना चाहिए—यह तीसरी अग्रक्रिया है। जैसा कि अभियुक्तों ने कहा है—

'अधो लघुं गुरोराद्यात् पुरतस्तु यथोपरि।
पश्चाद्दद्याद् गुरूनेव वर्णप्रस्तार ईदृशः॥'

किन्हीं-किन्हीं न्यासों में पृष्ठक्रिया व अग्रक्रिया की अप्राप्ति है किन्तु उन न्यासों में मूलक्रिया के होने से प्रस्तारक्रम की निवृत्ति नहीं होती, प्रस्तारक्रम चालू रहता है। किन्तु जिस न्यास में गुरु अक्षर नहीं मिलता वहाँ मूलक्रिया के समाप्त हो जाने से वहाँ तीनों क्रियाओं की निवृत्ति से प्रस्तार समाप्त हो जाता है। न्यासों में फण की आकृति वाली टेढी रेखा (ऽ) गुरु अक्षर का तथा दण्ड की आकृति वाली सीधी रेखा (।) लघु अक्षर का चिह्न है। नीचे तीन अक्षरों वाले प्रस्तार का उल्लेख है—

त्र्यक्षरप्रस्तार

ऽ ऽ ऽ
। ऽ ऽ
ऽ । ऽ
। । ऽ
ऽ ऽ ।
। ऽ ।
ऽ । ।
। । ।

इस त्र्यक्षर प्रस्तार में तीनों अक्षर गुरु हैं। इसमें प्रस्तार-क्रिया करने पर मूलक्रिया के द्वारा दूसरे न्यास में प्रथम गुरु के स्थान में लघु अक्षर हो गया। इसके पीछे कोई अक्षर न होने से इसमें पृष्ठक्रिया की संभावना नहीं है। अग्रक्रिया के द्वारा लघु अक्षर के बाद प्रथम न्यास के समान ही दोनों अक्षर गुरु द्वितीय न्यास में भी रखे गये हैं। तृतीय न्यास में द्वितीय न्यास के प्रथम गुरु अक्षर के स्थान में मूलक्रिया द्वारा लघु कर दिया। पृष्ठक्रिया द्वारा लघुकृत अक्षर को गुरु कर दिया गया और अग्रक्रिया द्वारा द्वितीय न्यास के समान ही गुरु अक्षर ही रखा गया है। चतुर्थ न्यास में तृतीय न्यास के प्रथम गुरु को लघु कर दिया। पृष्ठक्रिया की यहाँ संभावना नहीं क्योंकि लघूकृत वर्ण से पूर्व कोई अक्षर नहीं है। अग्रक्रिया के द्वारा तृतीय न्यास में जैसे लघु व गुरु अक्षर थे वैसे ही इस में लिख दिये गये हैं। पञ्चम न्यास में मूलक्रिया द्वारा चतुर्थ

न्यास के गुरु के स्थान में लघु अक्षर कर दिया। पृष्ठक्रिया के द्वारा लघूकृत अक्षर से पूर्व के दोनों अक्षरों के स्थान में गुरु अक्षर लिख दिये गये। लघु के बाद में कोई अक्षर न होने से अग्रक्रिया की यहाँ संभावना नहीं है। छठे न्यास में पञ्चम न्यास के प्रथम गुरु के स्थान में मूलक्रिया द्वारा लघु अक्षर लिखा। इस लघु से पूर्व कोई अक्षर न होने से पृष्ठक्रिया की यहाँ संभावना नहीं। अग्रक्रिया के द्वारा लघु अक्षर के बाद पञ्चम न्यास में जैसे गुरु व लघु अक्षर थे वैसा ही इस षष्ठ न्यास में उल्लेख कर दिया गया। सप्तम न्यास में मूलक्रिया के द्वारा षष्ठ न्यास के द्वितीय गुरु के स्थान में लघु अक्षर कर दिया। पृष्ठक्रिया के द्वारा लघु से पूर्व अक्षर को गुरु कर दिया। अग्रक्रिया द्वारा जैसा षष्ठ न्यास में लघु अक्षर था वैसा ही लघु अक्षर रख दिया गया है। अष्टम न्यास में मूलक्रिया द्वारा सप्तम न्यास के प्रथम गुरु अक्षर को लघु कर दिया। इस लघु से पूर्व अक्षर इस न्यास में न होने से पृष्ठ-क्रिया की यहाँ संभावना नहीं है और अग्रक्रिया के द्वारा लघु अक्षर के बाद जैसे सप्तम न्यास में दोनों लघु अक्षर थे उसी रूप में उनका यहाँ उल्लेख कर दिया गया। इस प्रकार अष्टम न्यास में किसी भी गुरु अक्षर के न होने से मूलक्रिया के अभाव से प्रस्तार की समाप्ति हो जाती है। वर्णप्रस्तार में प्रथम न्यास के सभी अक्षरों को लघु बना दिया है। इसी प्रकार चतुरक्षर, पञ्चाक्षर, षडक्षरादि प्रस्तारों का उल्लेख समझना चाहिए।

प्रस्तारोल्लेख का दूसरा प्रकार संख्यामूलक है। इस प्रकार में पहिले प्रस्तार में कितने न्यास हैं—उन न्यासों की संख्या मालूम करनो चाहिए। न्यासों की संख्या को जानने के लिए अङ्कसूचीक्रिया का उपयोग करना चाहिए। एतदर्थ पहिले एकाङ्क की स्थापना करनी चाहिए। तदनन्तर जितने अक्षरों का प्रस्तार है उतनी बार उस संख्या को द्विगुणित करनी चाहिए। यही अङ्कसूची कहलाती है। इस अङ्कसूची में अन्त में जो अङ्क आता है वही उस अक्षर प्रस्तार में न्यासों की संख्या होती है। जैसे त्र्यक्षर प्रस्तार में एकाङ्क की स्थापना कर इस संख्या को उत्तरोत्तर तीन बार द्विगुणित करना चाहिए। जैसे एक अङ्क को द्विगुणित करने में दो अङ्क होते हैं। दो अङ्कों को द्विगुणित करने पर चार अङ्क होते हैं तथा चार अङ्कों को द्विगुणित करने पर आठ अङ्क होते हैं। यह आठ संख्या ही त्र्यक्षर प्रस्तार में न्यासों की संख्या है। इसी प्रकार चतुरक्षर प्रस्तार में एक अंक को चार बार उत्तरोत्तर द्विगुणित करने पर चतुरक्षर प्रस्तार में न्यासों की संख्या प्राप्त हो जाती है। जैसे १ अङ्क को द्विगुणित करने पर दो अङ्क सिद्ध होते हैं। दो अङ्कों को द्विगुणित करने पर चार अङ्क प्राप्त होते हैं। चार अङ्कों को द्विगुणित करने पर आठ अङ्क होते हैं और आठ को द्विगुणित करने पर १६ अङ्क प्राप्त होते हैं। यही १६ अङ्क संख्या चतुरक्षर प्रस्तार में न्यासों की संख्या है। इसी द्विगुणीकरण-परिपाटी से ऊपर नीचे स्थापित १६ स्थानों में गुरु लघु अक्षरों को रख कर प्रस्तार-क्रिया करनी चाहिए। ऊर्ध्वाधः (ऊपर नीचे) रूप से स्थापित १६ स्थानों में एक-

एक करके गुरु व लघु अक्षर क्रमश: लिखने चाहिए। ऐसा करने पर सोलहों न्यासों का प्रथम अक्षर प्राप्त हो जाएगा। तदनन्तर ऊर्ध्वाध: स्थापित १६ न्यासों में दो-दो करके क्रमश: गुरु व लघु अक्षरों को लिखने से उन न्यासों का द्वितीय अक्षर प्राप्त हो जाएगा। पुन: दो को द्विगुणित कर चार-चार बार गुरु लघु अक्षरों के लिखने से उन न्यासों का तृतीय अक्षर प्राप्त हो जायगा और चार अक्षरों को पुन: द्विगुणित कर ऊर्ध्वाध:स्थापित उन न्यासों में ८-८ इस रूप से गुरु व लघु अक्षरों को क्रमश: लिखने पर उन न्यासों का चतुर्थ अक्षर प्राप्त हो जायगा। जैसे—

चतुरक्षर प्रस्तार

ऽ ऽ ऽ ऽ
। ऽ ऽ ऽ
ऽ । ऽ ऽ
। । ऽ ऽ
ऽ ऽ । ऽ
। ऽ । ऽ
ऽ । । ऽ
। । । ऽ
ऽ ऽ ऽ ।
। ऽ ऽ ।
ऽ । ऽ ।
। । ऽ ।
ऽ ऽ । ।
। ऽ । ।
ऽ । । ।
। । । ।

इस चतुरक्षर प्रस्तार के न्यासों में गुरु लघु अक्षरों को एक एक करके क्रमश: लिखने से न्यासों का प्रथम अक्षर हो गया। पश्चात् इस एक को द्विगुणित कर दो दो करके क्रमश: गुरु लघु ऊर्ध्वाध: स्थापित न्यासों में लिखने से न्यासों का द्वितीय अक्षर हो गया है। पश्चात् दो को द्विगुणित कर चार बनने पर चार चार करके गुरु लघु अक्षरों को क्रमश: ऊर्ध्वाध: स्थापित न्यासों में लिख कर न्यासों का तृतीय अक्षर प्राप्त हो जाता है। तदनन्तर चार को द्विगुणित कर ८ बनाकर ८-८ करके गुरु लघु अक्षरों को क्रमश: ऊर्ध्वाध: स्थापित न्यासों में लिखने से न्यासों का चतुर्थ अक्षर हो जाता है। यह प्रस्तारोल्लेख का संख्यामूलक द्वितीय प्रकार है।

प्रस्तारोल्लेख के इस द्वितीय प्रकार के विषय में निम्नलिखित सूत्र हैं—

'उत्तरोत्तरद्विगुणाङ्कलेख: सूची, सूच्यङ्को यावतिथस्तदक्षरप्रस्तारे न्यास-संख्या, तावत्स्थानेषु प्रथमाक्षरादयो द्वैगुण्यपरम्परया लेख्या:।'

प्रस्तारोल्लेख का प्रस्तारमूलक तृतीय प्रकार और है। वह निम्नलिखित रूप से है—

गुरु, लघु भेद से अक्षर दो प्रकार का है। एकाक्षर प्रस्तार में दो भेद हैं—एक गुरु अक्षर वाला और एक लघु अक्षर वाला।

एकाक्षर प्रस्तार के दो भेद

ऽ
।

इन दो भेदों को दो बार लिखकर चार भेद होने पर प्रथम दो भेदों के आगे गुरु अक्षर लिखने से तथा दूसरे दो भेदों में लघु अक्षर लिखने से द्वयक्षर प्रस्तार के चार भेद हो जाते हैं । जैसे—

ऽऽ
।ऽ
ऽ।
।।

इस चार भेदों वाले द्वयक्षर प्रस्तार को दो बार स्थापित करने से ८ भेद बन जाते हैं । इनमें चार भेद गुरु अक्षरपरक हैं तथा चार भेद लघुपरक हैं । जैसे—

ऽऽऽ
।ऽऽ
ऽ।ऽ
।।ऽ
ऽऽ।
।ऽ।
ऽ।।
।।।

इस प्रकार द्वयक्षर चार भेदों को दो बार लिखकर पहिले चार भेदों के अन्त में गुरु अक्षर तथा अन्तिम चार भेदों के अन्त में लघु अक्षर लिखने से ८ भेद वाला त्र्यक्षर प्रस्तार बन जाता है ।

इस त्र्यक्षरप्रस्तार की भी दो बार स्थापना कर प्रथम आठ भेदों के अन्त में गुरु अक्षर तथा द्वितीय आठ भेदों के अन्त में लघु अक्षर लिखने पर १६ भेद वाला चतुरक्षर प्रस्तार बन जाता है । जैसे—

ऽऽऽऽ
।ऽऽऽ
ऽ।ऽऽ
।।ऽऽ
ऽऽ।ऽ
।ऽ।ऽ
ऽ।।ऽ
।।।ऽ
ऽऽऽ।
।ऽऽ।
ऽ।ऽ।
।।ऽ।
ऽऽ।।
।ऽ।।

इसी तरह चतुरक्षर प्रस्तार के १६ भेदों की दो बार स्थापना कर प्रथम १६ भेदों के अन्त में गुरु अक्षर तथा दूसरे १६ भेदों के अन्त में लघु अक्षर लिखने से ३२ भेद वाला पञ्चाक्षर प्रस्तार बन जाता है और इसी तरह पञ्चाक्षर प्रस्तार के ३२ भेदों की दो बार स्थापना कर आदि के ३२ भेदों के अन्त में गुरु अक्षर तथा दूसरे ३२ भेदों के अन्त में लघु अक्षर लिखने पर ६४ भेद वाला षडक्षर प्रस्तार बन जाता है । प्रस्तारोल्लेख के इस तृतीय प्रकार के विषय में निम्नलिखित सूत्र हैं—

'गुरुपरत्वलघुपरत्वाभ्यां द्विद्विरुल्लिखिते पूर्वपूर्वप्रस्तारे परपरप्रस्तारसिद्धिः ।'

उपर्युक्त रीति से क्रियामूलक, संख्यामूलक व प्रस्तार-मूलक प्रस्तारोल्लेख का वर्णन हो चुका । यह त्रिविधि प्रस्तारोल्लेख लघुक्रिय, गुरुक्रिय भेद से पुनः दो प्रकार का है । लघुक्रिय का अर्थ न्यास के गुरु अक्षरों को लघु अक्षरों में परिवर्तित करना

ऽ I I I
I I I I

तथा गुरुक्रिय का अर्थ न्यास के लघु अक्षरों को गुरु अक्षरों में परिवर्तित करना है। लघुक्रिय प्रस्तार के तीन भेदों का ऊपर निरूपण किया जा चुका है। गुरुक्रिय प्रस्तार के तीन भेद इससे विपरीत हैं। उनमें लघु अक्षरों को गुरु अक्षरों में परिवर्तित किया जाता है। इस तरह प्रस्तार ६ प्रकार का है। यह ६ प्रकार का प्रस्तार पुनः वामावर्त, दक्षिणावर्त भेद से दो प्रकार का है। वामावर्त में वामभाग की ओर से गुरु अक्षरों का लघु-अक्षरों में तथा लघु अक्षरों का गुरु अक्षरों में परिवर्तन किया जाता है और दक्षिणावर्त में दक्षिणभाग की ओर से परिवर्तन किया जाता है। इस तरह १२ प्रकार के प्रस्तारोल्लेख का निरूपण कर दिया गया। इनमें क्रियामूलक, संख्या-मूलक व प्रस्तारमूलक प्रस्तारों में स्थान व संख्या का परिवर्तन नहीं होता, किन्तु दक्षिणावर्ती लघुक्रिय व गुरुक्रिय तथा वामावर्ती लघुक्रिय व गुरुक्रिय भेदों वाले प्रस्तारों में स्थान व संख्या का परिवर्तन प्रायः हो जाता है। इनका उदाहरण निम्नलिखित परिलेख है।

दक्षिणावर्ती लघुक्रिय व गुरुक्रिय	
ऽऽऽ	III
Iऽऽ	ऽII
ऽIऽ	IऽI
IIऽ	ऽऽI
ऽऽI	IIऽ
IऽI	ऽIऽ
ऽII	Iऽऽ
III	ऽऽऽ

वामावर्ती लघुक्रिय गुरुक्रिय	
ऽऽऽ	III
ऽऽI	IIऽ
ऽIऽ	IऽI
ऽII	Iऽऽ
Iऽऽ	ऽII
IऽI	ऽIऽ
IIऽ	ऽऽI
III	ऽऽऽ

मेरुनिरूपण

जिस प्रत्यय से प्रस्तार के न्यासों में कितने अक्षर अगुरुक अर्थात् गुरुभिन्न, कितने एक गुरुवाले इत्यादि का तथा कितने अलघुक तथा एक लघु वाले अक्षर हैं? इत्यादि का ज्ञान होता है, वह 'मेरु' प्रत्यय कहलाता है। पर्वताकार से इसका उल्लेख होने से स्वरूपसाम्य के कारण इसे मेरु कहा गया है। अथवा लोकविन्यासों का प्रमाणसूत्र जहाँ संनिविष्ट है उसे लोक में मेरु कहते हैं। उसी तरह प्रस्तार-विन्यासों का प्रमाणसूत्र जहाँ संनिविष्ट है उसको मेरुसाधर्म्य के कारण मेरु कहा जाताहै।

मेरु में ऊपर की पंक्ति में स्थित दो अङ्कों की योजना से सिद्ध अङ्कों को ऊपर के दोनों अङ्कों के नीचे के स्थान में लिखा जाता है, यह प्रथम नियम है। अतः जहाँ यह नियम नहीं लगता, वहाँ नीचे की पंक्ति में एक अङ्क लिखना चाहिए, यह द्वितीय नियम है। ऊपर की पंक्ति में जितने अङ्कस्थान हैं, नीचे की

पंक्तियों में एक-एक अङ्कस्थान की वृद्धिवाले अङ्कस्थान बनाने चाहिए, यह तीसरा नियम है। इन तीन नियमों का अनुसरण करने पर मेरु सिद्ध होता है और इस प्रकार मेरु के सबसे ऊपर के स्तर के दोनों स्थानों में तथा उससे भिन्न स्तरों में दोनों ओर के स्थानों में अर्थात् प्रथम तथा अन्तिम स्थानों में एक अङ्क का ही उल्लेख किया जाता है। मेरु का उल्लेख निम्न प्रकार से है—

१ १
१ २ १
१ ३ ३ १
१ ४ ६ ४ १
१ ५ १० १० ५ १
१ ६ १५ २० १५ ६ १
१ ७ २१ ३५ ३५ २१ ७ १
१ ८ २८ ५६ ७० ५६ २८ ८ १
१ ९ ३६ ८४ १२६ १२६ ८४ ३६ ९ १
१ १० ४५ १२० २१० २५२ २१० १२० ४५ १० १

इस प्रकार से दस प्रस्तार उदाहरण के लिए ऊर्ध्वाधः भाव से (ऊपर नीचे रूप से) स्थापित किए गए हैं। इसमें प्रथम प्रस्तर के साथ एकाक्षर प्रस्तार का अनुगम है अर्थात् प्रथम प्रस्तर एकाक्षर प्रस्तार से अनुगत है। इस एकाक्षर प्रस्तार में अगुरुक एक तथा एकगुरुक एक—इस प्रकार दो स्वरूपभेद अर्थात् न्यास हैं। अथवा अलघुक एक तथा एकलघुक एक—इस प्रकार दो प्रस्तारस्वरूप भेद अर्थात् न्यास हैं।

मेरु के द्वितीय प्रस्तर के साथ द्व्यक्षर प्रस्तार का अनुगम है। इस द्व्यक्षर प्रस्तार में अगुरुक एक, एक—गुरुक दो तथा द्विगुरुक एक—इस रूप से चार प्रस्तारस्वरूपभेद अर्थात् न्यास हैं। अथवा अलघुक एक, एकलघुक दो, द्विलघुक एक—इस प्रकार चार न्यास हैं।

मेरु के तृतीय प्रस्तर के साथ त्र्यक्षर प्रस्तार का अनुगम है। त्र्यक्षर प्रस्तार में अगुरुक एक, एकगुरुक तीन, द्विगुरुक तीन तथा त्रिगुरुक एक—इस प्रकार से ८ स्वरूपभेद अर्थात् न्यास हैं। अथवा अलघुक एक, एकलघुक तीन, द्विलघुक तीन तथा त्रिलघुक एक—इस प्रकार से ८ न्यास हैं।

मेरु के चतुर्थ प्रस्तर के साथ चतुरक्षर प्रस्तार का अनुगम है। इस चतुर-क्षर प्रस्तार में अगुरुक १, एकगुरुक ४, द्विगुरुक ६, त्रिगुरुक ४, चतुर्गुरुक १—इस प्रकार १६ स्वरूपभेद अर्थात् न्यास हैं। अथवा अलघुक १, एकलघुक ४, द्विलघुक ६, त्रिलघुक ४ तथा चतुर्लघुक १ इस प्रकार से १६ स्वरूपभेद (न्यास) हैं। इस तरह से मेरु के उत्तरोत्तर प्रस्तर के साथ उत्तरोत्तर प्रस्तारों का अर्थात्

पञ्चाक्षर षडक्षरादि प्रस्तारों का अनुगम है। इस रीति से मेरु के प्रस्तरों के साथ न्यासों के अनुगम से लघु, गुरु अक्षरों की संख्या का ज्ञान हो जाता है।

इसी मेरु के नीचे पाषाणेष्टकाविन्यास अर्थात् पत्थर की ईंटों के विन्यास को दर्शाया गया है। [पाषाणेष्टकाविन्यासपरिलेख मूल पुस्तक के पृ. २८ में है]

आगे दक्षिणतः नत अर्थात् दाहिनी ओर झुके हुए मेरु को परिलेख द्वारा दर्शाया गया है। उसका निर्माण निम्न रीति से होता है--

ऊपर से नीचे की ओर क्रम से लिखित स्थानों में क्रम से एक-एक अङ्क लिखने चाहिएँ। पश्चात् दक्षिण भाग में पूर्व स्थानों के समान स्थानों में क्रमशः १, २, ३, ४ आदि क्रमिक अंक लिखने चाहिएँ। पश्चात् उन क्रमिक अङ्कों के दक्षिण भाग में नीचे से प्रारम्भ कर एक-एक स्थान की कमी करके ऊपर के स्थानों को बनायें और उन स्थानों में सबसे ऊपर के स्थान में एक अङ्क लिखकर उसके नीचे के स्थानों में अपने-अपने शीर्ष स्थान के अङ्क को तथा उस शीर्षस्थ अङ्क के वामपार्श्वभाग में स्थित अङ्क को जोड़कर अङ्क लिखें। जैसे—

१	१									
१	२	१								
१	३	३	१							
१	४	६	४	१						
१	५	१०	१०	५	१					
१	६	१५	२०	१५	६	१				
१	७	२१	३५	३५	२१	७	१			
१	८	२८	५६	७०	५६	२८	८	१		
१	९	३६	८४	१२६	१२६	८४	३६	९	१	
१	१०	४५	१२०	२१०	२५२	२१०	१२०	४५	१०	१

इस दक्षिणनत खण्डमेरु में १० स्थानों में वामभाग में १-१ अङ्क लिखा गया है। तत्पश्चात् उन अङ्कों के दक्षिण भाग में इन स्थानों में क्रमशः १, २, ३ आदि क्रमिक अङ्क लिखे गये हैं। उसके बाद उन अङ्कों के दक्षिण भाग में उपरितन शीर्षस्थ अङ्क तथा शीर्षस्थ अङ्क के वामभाग में स्थित अङ्क के योग से जो संख्या बनती है, वह उत्तरोत्तर नीचे के स्थानों में लिखी गई है। जैसे सर्वोपरि विद्यमान दूसरी पंक्ति के शीर्षस्थानवर्ती १ अङ्क तथा शीर्षस्थान अङ्क के वाम भाग में विद्यमान १ अङ्क को जोड़कर बनी हुई संख्या २ अङ्क को उसके नीचे की दूसरी पंक्ति में लिख दिया गया है। तृतीय पंक्ति में उसके शीर्षस्थानवर्ती २ अङ्क तथा शीर्षस्थ २ अङ्क के वामभागस्थ १ अङ्क को जोड़कर ३ अङ्क लिखा गया है। उसी प्रकार तृतीय पंक्ति के शीर्षस्थ १ अङ्क तथा दक्षिणभाग में स्थित २ अङ्क को मिला

कर दूसरा तीन अङ्क लिखा गया है। चतुर्थ पंक्ति में उसके शीर्षस्थान में स्थित ३ अङ्क तथा उसके वाम भाग में स्थित एक अङ्क को जोड़कर ४ अङ्क लिखा गया है तथा चतुर्थ पंक्ति के शीर्षस्थान में स्थित ३ अङ्क और उसके वामभाग में स्थित ३ अङ्क को जोड़कर चतुर्थ पंक्ति में ६ अङ्क लिखा गया है। उसी प्रकार से चतुर्थ पंक्ति के शीर्षस्थान तृतीय पंक्ति में स्थित १ अंक को उसके वामभाग में स्थित ३ अंक से मिलाकर ४ अङ्क लिखा गया है। पाँचवीं पंक्ति में उसकी शीर्षस्थ चतुर्थ पंक्ति के शीर्षस्थ अङ्क ४ तथा उसके वामभाग में स्थित १ अङ्क को युक्त कर ५ अङ्क होता है, वह पाँचवी पंक्ति में लिखा है। इसी प्रकार पाँचवीं पंक्ति के शीर्षस्थ चतुर्थ पंक्ति के शीर्षाङ्क ६ और उसके वामभाग में स्थित ४ अङ्क के योग से निष्पन्न १० अङ्क का, शीर्षस्थ चतुर्थ पंक्ति के शीर्षस्थ ४ अङ्क का उसके वाम-भागस्थ ६ अङ्कों के योग से निष्पन्न दूसरी १० संख्या का, तथा पञ्चमी पंक्ति के शीर्षस्थ १ अङ्क का तथा उसके वामभास्थ ४ अङ्क के योग से निष्पन्न ५ संख्या का क्रमशः पञ्चमी पंक्ति में उल्लेख है। यही क्रम आगे की १० तक की पंक्तियों में है। इसी प्रकार वामनत खण्ड मेरु भी बनता है। यह दक्षिण भाग से प्रारम्भ होता है और वाम भाग की ओर इसका झुकाव होता होता जाता है। इसका निर्माण दक्षिणनत मेरु की तरह ही होता है। यहाँ शीर्षस्थ पंक्ति के शीर्षाङ्क तथा उसके दक्षिणपार्श्वस्थ अङ्क के योग से निष्पन्न संख्या का नीचे की पंक्ति में उल्लेख होता है।

इस के आगे परिलेख द्वारा इन्हीं खण्डमेरुओं को पाषाणेष्टका के आकार से प्रदर्शित किया गया है। उनका परिलेख मूल में देखे।

मेरुभङ्गी

विभिन्न अक्षर वाले प्रस्तारों के न्यासों में कितने भेद अर्थात् कितने न्यास अगुरुक हैं, कितने एकगुरुक हैं, कितने द्विगुरुक या त्रिगुरुक आदि भेद हैं—इसको जानने के लिए मेरुप्रत्यय का निरूपण किया गया है। इसी अर्थ को प्रकारान्तर से जानने के लिए मेरुभङ्गी का निरूपण किया जा रहा है।

जितने अक्षर वाला प्रस्तार है उतने ही एकाङ्क किसी ध्रुवक एकाङ्क के बाद अधोनत क्रम से तथा तिर्यङ्नत (तियक्गामी) क्रम से स्थापित करने चाहिएँ। तदनन्तर ध्रुवक एकाङ्क से अधःस्थित तथा तिर्यक्स्थित एकाङ्कों के योग से निष्पन्न अङ्क लिखकर बाद में नीचे तथा तिर्यक् ऊर्ध्व तथा पार्श्वभाग के अङ्कों के योग से दो पंक्तियाँ लिखनी चाहिएँ। तथा प्रत्येक क्रिया के बाद एक-एक अङ्क को छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार अन्यान्य पंक्तियों को लिखने पर अन्तिम अङ्कों से तिर्यङ्नत व उन्नत अर्थात् तिर्यग् की ओर से ऊर्ध्वगामिनी जो अङ्कवल्ली बनती है उसे मेरुभङ्गी कहते हैं। उसका प्रयोजन उतने अक्षर वाले प्रस्तार के अगुरुक आदि भेदों का ज्ञान हो जाता है। जैसे षडक्षर प्रस्तार में ध्रुवक एकाङ्क

के नीचे की ओर तथा तिरछी ओर ६-६ एकाङ्क लिख दिये जाते हैं। तदनन्तर ध्रुवक एकाङ्क के नीचे तथा तिर्यग् भाग में स्थित एकाङ्कों का योग लिखकर उसके नीचे तथा तिर्यग् भाग में ऊपर के तथा पार्श्वभाग में स्थित अङ्कों के योग से दो पंक्तियां लिखी जाती हैं। इस नियम के अनुसार षडक्षर प्रस्तार में ध्रुवक एकाङ्क से नीचे के तथा तिर्यग् भाग में स्थित एकाङ्कों के योग से २ संख्या बनी है उस संख्या को लिखकर संख्या के नीचे और तिर्यग् भाग में ऊर्ध्व अंक २ तथा पार्श्वाङ्क १ के योग से निष्पन्न ३ संख्या लिखी है। इसी प्रकार ३ संख्या के नीचे और तिर्यग् भाग में ऊर्ध्ववर्ती ३ संख्या व पार्श्ववर्ती १ के अंक के योग से निष्पन्न ४ संख्या लिखी गई है। आगे भी ऊर्ध्ववर्ती तथा पार्श्ववर्ती अंकों के योग से निष्पन्न ५ व ६ संख्या लिखकर दोनों पंक्तियों की पूर्ति करनी चाहिए। और अन्त में १-१ अंक का परित्याग कर दिया जाता है। इसी प्रकार अन्य पंक्तियों को लिखना है। जैसे तृतीय पंक्ति में ६ अंक इससे ऊर्ध्ववर्ती ३ अंक तथा पार्श्ववर्ती ३ अंक के योग से निर्मित है। चतुर्थ पंक्ति का १० अंक उससे ऊर्ध्ववर्ती ६ अंक तथा पार्श्ववर्ती ४ अंक के योग से निर्मित है। अन्त की पंक्ति में केवल १ अङ्क है। इस प्रकार अन्तिम पंक्ति से तिर्यक् की ओर ऊर्ध्वगामी अन्तिम अङ्कों से जो वल्ली बनती है वही अङ्कवल्ली मेरुभङ्गी है। इससे षडक्षर प्रस्तार में गुरुलघु अक्षर वाले प्रस्तार-भेदस्वरूप न्यासों का ज्ञान हो जाता है अर्थात् षडक्षर प्रस्तार में ६४ न्यास हैं यह ज्ञान हो जाता है। षडक्षर प्रस्तार वाली मेरुभङ्गी का परिलेख से प्रदर्शन के बाद उसके नीचे एकाक्षर प्रस्तार से लेकर द्वादशाक्षर प्रस्तार वाली मेरुभङ्गी का परिलेख द्वारा प्रदर्शन किया है। इस प्रकार मेरु, खण्डमेरु व मेरुभङ्गी भेद से त्रिविध मेरु तथा उससे विभिन्न प्रस्तारों में गुरु लघु अक्षर वाले स्वरूपभेदों का निदर्शन कर दिया गया।

मर्कटी निरूपण

ऊर्णनाभि कीट को मर्कटी (मकड़ी) कहते हैं। मकड़ी से निर्मित चक्रजाल के समान इस मर्कटी प्रत्यय का उल्लेख होने से इस प्रत्यय की मर्कटीचक्रजाल संज्ञा है। इसी को यहाँ संक्षिप्त 'मर्कटी' नाम से कहा गया है। इसमें ६ पंक्तियाँ होती हैं। प्रथम पंक्ति में क्रमशः १, २, ३, ४ आदि क्रमिकाङ्कों का उल्लेख होता है। द्वितीय पंक्ति में क्रमशः उत्तरोत्तर २, ४, ८, १६, ३२ आदि द्विगुणित अङ्कों का उल्लेख होता है। तदनन्तर प्रथम व द्वितीय पंक्ति के अङ्कों के गुणन से सिद्ध अङ्कों का चौथी पंक्ति में उल्लेख है। जैसे—२, ८, २४, ६४ आदि अङ्क। ये अंक प्रथम व द्वितीय पंक्ति के गुणन से बनते हैं। जैसे प्रथम पंक्ति का अङ्क २ और द्वितीय पंक्ति का अङ्क ४, इन दोनों के गुणन से जो ८ अङ्क है उसका चतुर्थ पंक्ति में उल्लेख है। इसी प्रकार प्रथम पंक्ति व द्वितीय पंक्ति के अङ्कों के गुणन से प्राप्त २४, ६४ आदि अङ्कों का चतुर्थ पंक्ति में उल्लेख है। अर्थात् इन अङ्कों से चतुर्थ पंक्ति का निर्माण है। इसके बाद चतुर्थ पंक्ति के अंकों के आधे करने पर जो अंक बनते हैं, उन अङ्कों का उल्लेख पञ्चम व षष्ठ पंक्ति में होता है। जैसे चतुर्थ पंक्ति के ८ अङ्क का आधा

करने पर निष्पन्न ४ग्रङ्क का पञ्चम व षष्ठ पंक्ति में उल्लेख है। ग्रर्थात् चतुर्थ पंक्ति के ग्रर्धीकृत ग्रङ्कों से पञ्चम व षष्ठ पंक्ति का निर्माण है तथा चतुर्थ व पञ्चम पंक्ति के ग्रङ्कों के योग से निष्पन्न ३, १२, २४ ग्रादि ग्रङ्कों से तृतीय पंक्ति का निर्माण है।

इनमें प्रथम पंक्ति से एकाक्षर, द्वयक्षर, त्र्यक्षर, चतुरक्षर ग्रादि प्रस्तारों का ज्ञान होता है। द्वितीय पंक्ति के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रस्तारों के न्यासों का ज्ञान होता है। जैसे एकाक्षर प्रस्तार में दो न्यास, द्वयक्षर प्रस्तार में ४ न्यास, त्र्यक्षर प्रस्तार में ८ न्यास, चतुरक्षर प्रस्तार में १६ न्यास, पञ्चाक्षर प्रस्तार में ३२ न्यास, षड-क्षर प्रस्तार में ६४ न्यास, सप्ताक्षर प्रस्तार में १२८ न्यास, ग्रष्टाक्षर प्रस्तार में २५६ न्यास, नवाक्षर प्रस्तार में ५१२ ग्रौर दशाक्षर प्रस्तार में १०२४ न्यास हैं। तृतीय पंक्ति के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रस्तारों में कितनी मात्रायें हैं इसका ज्ञान होता है। जैसे एकाक्षर प्रस्तार में ३ मात्रायें, द्वयक्षर प्रस्तार में १२ मात्रायें, त्र्यक्षर प्रस्तार में ३६ मात्रायें, चतुरक्षर प्रस्तार में ९६ मात्राएं, पञ्चाक्षर प्रस्तार में २४० मात्रायें, षडक्षर प्रस्तार में ५७६ मात्राएँ, सप्ताक्षर प्रस्तार में १३४४ मात्राएँ, ग्रष्टाक्षर प्रस्तार में ३०७२ मात्राएँ, नवाक्षर प्रस्तार में ६९१२ मात्राएँ तथा दशाक्षर प्रस्तार में १५३६० मात्राएँ हैं। मात्रासमष्टि की गणना लघु की एक मात्रा तथा गुरु की दो मात्रा मानकर करनी चाहिए।

चतुर्थ पंक्ति के द्वारा विभिन्न प्रस्तारों की वर्णसमष्टि का ज्ञान होता है। जैसे एकाक्षर प्रस्तार में दो वर्ण, द्वयक्षर प्रस्तार में ८ वर्ण, त्र्यक्षर प्रस्तार में २४ वर्ण होते हैं। इसी प्रकार चतुरक्षरादि प्रस्तारों में कितने-कितने वर्ण हैं इसका ज्ञान चतुर्थ पंक्ति से होता है। पञ्चम पंक्ति के द्वारा विभिन्न प्रस्तारों में कितने-कितने गुरु ग्रक्षर हैं—इसका ज्ञान तथा षष्ठ पंक्ति द्वारा विभिन्न प्रस्तारों में कितने-कितने लघु ग्रक्षर हैं—इसका ज्ञान होता है। जैसे चतुरक्षर प्रस्तार में ३२ गुरु ग्रक्षर हैं इसका ज्ञान पञ्चम पंक्ति द्वारा तथा उसी प्रस्तार में ३२ लघु ग्रक्षर हैं—इसका ज्ञान षष्ठ पंक्ति से होता है।

मर्कटी जाल का परिलेख

प्रस्तार	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
प्रस्तारभेद (न्यास)	२	४	८	१६	३२	६४	१२८	२५६	५१२	१०२४
मात्राएँ	३	१२	३६	९६	२४०	५७६	१३४४	३०७२	६९१२	१५३६०
वर्ण	२	८	२४	६४	१६०	३८४	८९६	२०४८	४६००	१०२४०
गुरुग्रक्षर	१	४	१२	३२	८०	१९२	४४८	१०२४	२३०४	५१२०
लघुग्रक्षर	१	४	१२	३२	८०	१९२	४४८	१०२४	२३०४	५१२०

मर्कटी का यह स्वरूप प्राचीनों के ग्रनुसार है। प्राचीन-सम्मत मर्कटी के स्वरूप में पञ्चम षष्ठ पंक्ति में भेद न होने से समान ग्रङ्क वाली दो पंक्तियां हैं।

अतः समान दो पंक्तियों को दूसरे विद्वान् नहीं मानते तथा मात्रापंक्ति के तृतीयत्व को भी वे स्वीकार नहीं करते। अतः वे मर्कटी में अन्य प्रकार से पंक्तियों की कल्पना करते हैं। इनके मत में १, २, ३, ४ इत्यादि क्रमिक अङ्कों से निर्मित प्रस्ताराङ्क पंक्ति प्राचीनों के अनुसार ही है। तथा प्रथम अङ्कों को दुगुना करने पर द्विगुणीकृत अङ्कों से निर्मित द्वितीय पंक्ति भी प्राचीनों के अनुसार ही है। किन्तु इनके मत में प्रथम व द्वितीय पंक्ति के अङ्कों के गुणन से निष्पन्न वर्ण पंक्ति तृतीय पंक्ति है। तथा तृतीय-पंक्तिस्थ वर्णों के आधा करके उन अर्धीकृत अङ्कों से निर्मित गुर्वङ्क व लघ्वङ्क पंक्ति चतुर्थ पंक्ति है। तदनन्तर तृतीय व चतुर्थ पंक्ति के अङ्कों के योजन से निर्मित अङ्कों वाली मात्रा-पंक्ति पञ्चम पंक्ति है और पञ्चम पंक्तिस्थ मात्राओं के अर्धीकरण से निष्पन्न अङ्कों वाली पिण्डाङ्कपंक्ति षष्ठ पंक्ति है। इन विद्वानों के अनुसार मर्कटीचक्र का स्वरूप निम्नरीति से है—

१—प्रस्ताराङ्क	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
२—भेदाङ्क	२	४	८	१६	३२	६४	१२८	२५६	५१२	१०२४
३—वर्णाङ्क	२	८	२४	६४	१६०	३८४	८९६	२०४८	४६०८	१०२४०
४—गुरुलघ्वङ्क	१	४	१२	३२	८०	१९२	४४८	१०२४	२३०४	५१२०
५—मात्राङ्क	३	१२	३६	९६	२४०	५७६	१३४४	३०७२	६९१२	१५३६०
६—पिण्डाङ्क	१½	६	१८	४८	१२०	२८८	६७२	१५३६	३४५६	७६८०

इसके आगे के परिलेख में इस मर्कटी का चक्रजाल के आकार से उल्लेख है। [मूल पुस्तक का ३३ पृष्ठ]

प्रस्तार मेरु और मर्कटी तीनों प्रत्यय संगृहीतार्थ के बोधक हैं क्योंकि २६ अक्षर वाले प्रस्तार का उल्लेख करने पर उससे पूर्व के सभी प्रस्तारों का उसमें अन्तर्भाव हो जाने से सभी प्रस्तारभेदों का उपसंग्रह किया जा सकता है। और २६ प्रस्तार वाले मेरु का उल्लेख कर देने पर सभी प्रस्तारों के जितने अवान्तर भेद अर्थात् न्यास हैं उनका आसानी से ही उपसंग्रह किया जा सकता है तथा चक्रजाल वाले मर्कटीजाल का उल्लेख कर देने पर सभी प्रस्तारों के अवान्तर भेद वर्ण, मात्रा, गुरु लघु भेद व पिण्ड भेदों का अनायास ही उपसंग्रह हो जाता है। अतः प्रस्तार, मेरु व मर्कटी—ये तीनों छन्दोजिज्ञासुओं के ज्ञान के लिए पर्याप्त हैं। अतः ये तीनों प्रत्यय संगृहीतार्थ के बोधक हैं।

अब अपेक्षित एक ही अर्थ को सरल उपाय से बतलाने के लिए अन्य प्रत्ययों का निरूपण किया जा रहा है। वे प्रत्यय—नष्ट, उद्दिष्ट, संख्यान, अध्वयोग, शलाका, पताका, सूची, पाताल, मात्रा, पिण्डभेद से दश हैं।

नष्ट प्रत्यय

भिन्न-भिन्न अक्षर वाले प्रस्तार के जिस संख्या वाले स्वरूपभेद अर्थात् न्यास के स्वरूप को जानने की इच्छा है, वह संख्या यदि सम है तो वहाँ लघु का चिन्ह (।) लिखना चाहिए। उस संख्या को आधी करने पर वह संख्या विषम है तो वहाँ गुरु का चिह्न (ऽ) लिखना चाहिए। उस विषम संख्या में एक मिलाकर फिर उस संख्या का आधा कर देना चाहिए। आधा कर देने पर वह संख्या यदि सम है तो लघु का चिह्न (।) और विषम है तो गुरु का चिह्न (ऽ) लिखना चाहिए। इस प्रकार उत्तरोत्तर संख्या का आधा करते जाइये और सम संख्या के लिए लघु चिह्न (।) तथा विषम संख्या के लिए गुरु चिह्न (ऽ) लगाते जाइये। विषम संख्या का अर्धकरण १ अङ्क मिलाकर करना चाहिए। इन लघु गुरु चिह्नों के द्वारा जो स्वरूप बनता है वह जिज्ञास्य संख्या का स्वरूप होगा। जैसे षडक्षर प्रस्तार में ३०वीं संख्या का स्वरूप क्या है—यह मालूम करने के लिए ३० संख्या के सम होने से वहाँ लघु का चिह्न (।), ३० संख्या को आधा कर देने पर १५ संख्या होती है वह विषम है अतः वहाँ गुरु का चिह्न (ऽ), १५ संख्या में १ मिलाकर आधा कर देने पर ८ संख्या आती है वह सम है, अतः वहाँ लघु का चिह्न (।), ८ संख्या को आधा कर देने पर ४ संख्या होती है उसके भी सम होने से यहां भी लघु का चिह्न (।), चार संख्या को आधा करने पर २ संख्या आती है वह भी सम है तो वहाँ भी लघु का चिह्न (।) और उसको आधा कर देने पर १ संख्या विषम है तो वहाँ गुरु का चिह्न (ऽ) लिखना चाहिए। इस प्रकार जो स्वरूप होगा वह ।ऽ।।।ऽ जगणसगणात्मक होगा। यही षडक्षर प्रस्तार में ३०वें न्यास का स्वरूप है। यह नष्ट क्रिया का प्रथम प्रकार है।

द्वितीय प्रकार

संस्कृत पिङ्गल शास्त्र में यही विषय 'लर्द्धे' और 'सैके ग्' इन दो सूत्रों द्वारा यत् किञ्चित् अन्तर से बताया गया है। इन सूत्रों का अर्थ है कि स्वतः सिद्ध समसंख्या को आधा करने पर ल् अर्थात् लघु की प्राप्ति, स्वतः विषम संख्या में एक जोड़कर आधा करने पर गुरु की प्राप्ति। लघु (।) इस रूप में तथा गुरु (ऽ) इस रूप में लिखें। इस अर्धकरण क्रिया की उत्तरोत्तर अनुवृत्ति करें।

प्रस्तार में जितनी संख्या वाले स्वरूप को मालूम करना है वह यहाँ 'नष्टाङ्क' होता है, यही नष्टाङ्क उस संख्यावाले स्वरूप को सिद्ध करने वाला होने से साधन कहलाता है। इस (नष्टांक) साधन के द्वारा जिस स्वरूप को मालूम करना होता है वह साध्य स्वरूप कहलाता है। जितने अक्षरवाले प्रस्तार में स्वरूप की जिज्ञासा

है उतने अक्षरों की पूर्ति हो जाने पर नष्टक्रिया बन्द कर देनी है क्योंकि अभीष्ट की पूर्ति हो चुकी है। जैसे षडक्षर प्रस्तार में जिज्ञास्य (३०वाँ) रूप कैसा है? ऐसी जिज्ञासा होने पर ३० अंकरूप साधन के द्वारा साध्य अभीष्ट रूप का सम्पादन करना चाहिए। तथा हि ३० संख्या रूप नष्ट साधनाङ्क से अर्ध अर्थात् पञ्चदश संख्या का लोप कर देना चाहिए। यह क्रिया समसाधनाङ्क में हुई है, अतः साध्यस्वरूप में लघु (।) का प्रयोग होता है। अवशिष्ट पञ्चदश संख्यारूप नष्ट साधनाङ्क के विषम संख्या होने से उसमें १ संख्या मिलाकर उसमें अर्धकरण क्रिया द्वारा आधी ८ संख्या का लोप कर देना चाहिए। यह अर्धकरण एक संख्यायुक्त विषम पञ्चदश अंक में हुई है। अतः यहाँ साध्यस्वरूप गुरु (ऽ) का प्रयोग होता है। पश्चात् अष्ट-संख्यारूप नष्टाङ्क के आधे का लोप कर दें। यह विलोपन क्रिया अष्टसंख्या रूप सम नष्टाङ्क में हुई है, अतः साध्यस्वरूप में लघु (।) का प्रयोग होता है। पुनः अवशिष्ट रूप चार संख्या रूप नष्टाङ्क के आधे का विलोप कर दें। यह विलोपक्रिया सम ४ संख्या में हुई है, अतः यहाँ भी साध्यस्वरूप में लघु (।) चिह्न लिखा जाता है। अवशिष्ट द्वित्वसंख्यारूप नष्टाङ्क में भी अर्धकरण द्वारा आधे का विलोप कर दें। यह विलोपक्रिया भी द्वयङ्करूप सम संख्या में हुई है। अतः यहाँ भी साध्यस्वरूप में लघु (।) का प्रयोग होता है। तदनन्तर अवशिष्ट एकाङ्क में १ संख्या मिलाकर उसमें से आधे का विलोप कर दें। यह विलोपक्रिया एक संख्या मिला कर एक अंक रूप नष्ट साधन में की गई है। अतः यहाँ साध्यस्वरूप में गुरु (ऽ) का प्रयोग होता है। इस प्रकार अर्धविलोपक्रिया द्वारा (।ऽ। ।।ऽ) जगण-सगणात्मक स्वरूप षडक्षर-प्रस्तार के ३० वें न्यास का प्राप्त हो जाता है। यह नष्ट क्रिया का द्वितीय प्रकार है।

तृतीय प्रकार

जितने अक्षर वाले प्रस्तार में स्वरूपजिज्ञासा है, उस इष्टाक्षराङ्क के प्रमाण से वर्णसूची लिखनी चाहिए। जिस अङ्क के स्वरूप की जिज्ञासा है उस ईप्सित अङ्क को प्रस्ताराङ्क से कम कर देना चाहिए। अवशिष्ट अङ्क सूच्यङ्कों में जिन-जिन स्थानों के अङ्कों से शोधित होकर निःशेष हो जाता है उन स्थानों के अङ्कों में गुरु (ऽ) लिखना चाहिए। उनसे अतिरिक्त स्थानों में लघु (।) लिखना चाहिए। जैसे षडक्षर प्रस्तार में इष्टाक्षर (षडक्षर) प्रमाण से वर्णसूची में १, २, ४, ८, १६, ३२ ये सूची के अङ्क होते हैं। प्रस्ताराङ्क ६४ वर्णात्मक है। ईप्सिताङ्क ३० है। इसको ६४ में से निकाल देने पर ३४ अङ्क बचते हैं। इस ३४ अङ्क की पूर्णता सूच्यङ्कों में द्वितीय व षष्ठ स्थानस्थ अङ्कों के शोधित होने पर हो जाती है। अतः द्वितीय स्थान व षष्ठ स्थान में गुरु (ऽ) तथा शेष एक, तीन, चतुर्थ, पञ्चम स्थानों में लघु (।) लिखने से (।ऽ।।।ऽ) इस जगण-सगणात्मक स्वरूप की सिद्धि ३०वें न्यास में हो जाती है। नष्टक्रिया का यह तृतीय प्रकार है।

नष्ट क्रिया का चतुर्थ प्रकार

ईप्सिताङ्क में एक अङ्क की कमी कर उसका तृतीय प्रकारोक्त रीति की तरह प्रस्ताराङ्क से लोप कर देना चाहिए। जहाँ जहाँ लोपप्राप्ति है वहाँ लघु (।) तथा अन्य स्थानों में गुरु (ऽ) लिखना चाहिए। जैसे षडक्षर प्रस्तार में ईप्सिताङ्क ३० हैं। उसमें एक अङ्क की कमी कर देने पर २९ शेष रहता है। यह २९ अङ्क सूच्यङ्कों में १, ४, ८, १६ में शोधित होकर निःशेष हो जाता है। अतः प्रथम, तृतीय, चतुर्थ, पञ्चम स्थानों में लघु (।) तथा उन स्थानों से भिन्न द्वितीय, षष्ठ स्थानों में गुरु (ऽ) लिखा जाता है। इस प्रकार (। ऽ । । । ऽ) जगण-सगणात्मक स्वरूप ३०वें न्यास का सिद्ध हो जाता है। यह नष्टक्रिया का चतुर्थ प्रकार है।

उद्दिष्ट प्रत्यय वर्णन

नष्ट क्रिया के द्वारा संख्याविशेष के ज्ञान से उस संख्याविशेष के स्वरूप का ज्ञान बतलाया। अब, उद्दिष्ट क्रिया के द्वारा स्वरूपविशेष के ज्ञान से संख्याविशेष का ज्ञान बतलाया जा रहा है। उद्दिष्ट स्वरूप का उल्लेख कर उसके ऊपर सूच्यङ्कों की स्थापना करनी चाहिए। उन सूच्यङ्कों के लघुवर्ण पर स्थित अङ्कों का योग कर उसमें एक संख्या की वृद्धि करने पर उस संख्याविशेष का ज्ञान हो जाता है। जैसे जगण सगणात्मक (। ऽ । । । ऽ) उद्दिष्ट स्वरूपविशेष है। इन पर सूच्यङ्कों का

१ २ ४ ८ १६ ३२

विन्यास करने पर १, ४, ८, १६ अङ्क जगणसगणात्मक (। ऽ । । । ऽ) स्वरूप के लघु वर्णों पर आते हैं। इनका योग कर एक संख्या की वृद्धि करने पर ३० संख्या होती है। अतः ३० वीं संख्या अर्थात् ३०वां न्यास उस जगणसगणात्मक स्वरूप का है। इसीलिए पिङ्गलसूत्र में कहा है—'प्रतिलोमगुणं द्विर्लाद्यम्' इति।

उद्दिष्ट क्रिया का दूसरा प्रकार

उद्दिष्ट स्वरूप का उल्लेख कर उस पर सूच्यङ्कों की स्थापना करनी चाहिए। उद्दिष्टस्वरूप में गुरुवर्णों पर स्थित अङ्कों को प्रस्ताराङ्क से कम कर देने पर जो संख्या शेष रहती है प्रस्तार में वही संख्या उद्दिष्ट स्वरूप की है। जैसे जगण-

१ २ ४ ८ १६ ३२

सगणात्मक (। ऽ । । । ऽ) स्वरूप में गुरु अङ्क २ और ३२ हैं। चतुःषष्टचात्मक प्रस्तार में उन अङ्कों को कम कर देने पर तीस (३०) संख्या शेष रहती है। षडक्षर प्रस्तार में यह तीसवीं संख्या अर्थात् ३०वाँ न्यास जगणसगणात्मक प्रस्तार स्वरूप से सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार प्रस्तार के अन्य भेदों की संख्या का ज्ञान भी उद्दिष्ट स्वरूप के स्थानों की संख्या से करना चाहिए।

उद्दिष्ट क्रिया के इस द्वितीय प्रकार का भी 'संस्कृत पिङ्गल सूत्र, में कुछ भेद के साथ उल्लेख किया गया है। जैसे 'ततो ग्येकं जह्यादिति'। अर्थात् प्रतिलोमरूप से स्थापित द्विगुणीकृत अंकश्रेणी के गुरु अक्षरों पर स्थित ३४ अङ्कों में एक अङ्क को

छोड़कर ३३ अङ्कों का सूच्यङ्कों से परित्याग कर देना चाहिए। जैसे षडक्षर प्रस्तार में द्विगुणीकृत अङ्कश्रेणी में संकलित अङ्क ६३ है। उस ६३ अङ्कों में से जगण-सगणात्मक स्वरूप के गुरु अक्षरों पर स्थित ३४ अंकों में से एक अङ्क कमकर अवशिष्ट ३३ अङ्कों का परित्याग कर देने पर ३० अङ्क शेष रहते हैं। यही ३० संख्या अर्थात् ३०वां न्यास उद्दिष्ट स्वरूप का है।

उद्दिष्ट क्रिया का तृतीय प्रकार

उद्दिष्ट स्वरूप का उल्लेख कर उसके अन्तिम अक्षर से वामावर्त से अर्थात् बाईं ओर क्रिया करें। यदि अन्तिम अक्षर गुरु है तो उस पर एक अङ्क लिखें। यदि अन्तिम अक्षर लघु है तो उस पर दो अङ्क लिखें। तदनन्तर बाएँ-बाएँ अक्षर में द्विगुणित द्विगुणित अङ्क लिखें। किन्तु यह ध्यान रहे कि लघु अक्षर पर समाङ्क तथा गुरु अक्षर पर विषमाङ्क लिखा जाय। अतः गुरु अक्षर पर द्विगुणित समअङ्क आए तो उसमें एक अङ्क कम करके गुरु अक्षर पर अङ्क लिखना चाहिए। पश्चात् उसे द्विगुणित करके उसे दूसरे लघु अक्षर पर लिखना चाहिए। इस प्रकार क्रिया का अनुवर्तन करने पर उद्दिष्ट-स्वरूप के आदि अक्षर पर जो अङ्क लिखा जाता है वही अङ्क उस उद्दिष्टस्वरूप की संख्या होती है। जैसे जगणसगणात्मक उद्दिष्ट स्वरूप में अन्तिम षष्ठ अक्षर के गुरु होने से उस पर १ अङ्क लिखा जाएगा तदनन्तर पञ्चम अक्षर के लघु होने से उस पर २ अङ्क लिखा जाएगा। तत्पश्चात् चतुर्थ अक्षर के लघु होने से उस पर ४ अङ्क लिखा जाएगा। बाद में तृतीय अक्षर के लघु होने से उस पर ८ अङ्क लिखा जायेगा। इसके बाद द्वितीय अक्षर के गुरु होने से उस पर १६ अङ्क न लिख कर उसमें से एक अङ्क कम कर १५ अङ्क लिखा जाएगा। क्योंकि गुरु अक्षर पर विषम अङ्क लिखने का नियम है। इसके बाद उस १५ अङ्क को द्विगुणित कर ३० का अङ्क उद्दिष्ट स्वरूप के आदि लघु अक्षर पर लिखा जायेगा। यही ३०वीं संख्या उद्दिष्ट स्वरूप की संख्या है अर्थात् ३०वाँ न्यास जगणसगणात्मक (। ऽ । । । ऽ) उद्दिष्ट स्वरूप का है। यह उद्दिष्ट क्रिया का तृतीय प्रकार है।

उद्दिष्ट क्रिया के इस तृतीय प्रकार का निरूपण संस्कृत पिङ्गल के निम्न सूत्रों द्वारा किया गया है—

'प्रतिलोमगुणं द्विर्लाद्यम्' 'ततो ग्येकं जह्यात्' —इति।

अर्थात् उद्दिष्ट स्वरूप में जो अन्तिम लघु अक्षर है उससे प्रारम्भ कर बाईं ओर के अक्षरों पर द्विगुणित २, ४, ८ आदि अङ्क लिखने चाहिएँ। किन्तु गुरु अक्षर पर एक अङ्क कम कर अङ्क लिखना चाहिये। संस्कृत पिङ्गल के उपर्युक्त प्रथम सूत्र में 'लाद्य' पद उद्दिष्ट स्वरूप के लघु अक्षरों का तथा आदय अक्षर का बोधक है। उपर्युक्त रीति से तीन प्रकार की उद्दिष्टक्रिया का वर्णन हो चुका।

संख्यानप्रत्ययनिरूपण

अब गुणवर्गक्रिया से संख्यानसिद्धि की व्याख्या की जा रही है। विभिन्न अक्षर वाले प्रस्तारों के कितने स्वरूपभेद अर्थात् न्यासभेद हैं इस अर्थ को जानने के लिए गुणवर्गक्रिया का उपयोग किया जाता है। जितने अक्षर वाले प्रस्तार में उद्दिष्टस्वरूप के संख्या की जिज्ञासा होती है उसे इष्टाक्षराङ्क कहते हैं। यदि इष्टाक्षराङ्क समसंख्यावाला है तो उस अङ्क का आधा करके वहाँ वर्गसंकेत लिखना चाहिए। यदि इष्टाक्षराङ्क विषम संख्या वाला हैं, उसमें एक अङ्क की कमी कर उसमें गुणसंकेत लिखना चाहिए। अर्धीकृत में अथवा एकोनित में अङ्कसमाप्ति तक गुणवर्गक्रिया का अनुवर्तन करना चाहिए। अन्त में नियम से गुणसंकेत ही लिखना चाहिए। इस प्रकार गुणवर्गपंक्ति बन जाने पर अन्त्यगुणक से आरम्भ कर बाईं ओर आदि अङ्क तक गुणसंकेतस्थान में अंक का द्विगुणीकरण तथा वर्गसंकेतस्थान में कृतिकरण (अङ्क का उसी अङ्क से गुणन) अर्थात् गुणन का अनुवर्तन करते हुए जिस आदि (प्रथम) अङ्क पर गुणवर्गक्रिया की समाप्ति हो वही अङ्क उतने अक्षर वाले प्रस्तार को न्याससंख्या होगी। जैसे दशाक्षर वाले प्रस्तार में कितने स्वरूपभेद अर्थात् न्यास हैं इसे जानने के लिए दस अङ्क के सम संख्यारूप होने से उसका अर्धीकरण कर देने पर वर्गसंकेत प्राप्त होता है। दशाङ्क के अर्धीकृत ५ अंक के विषमसंख्यारूप होने से उसमें एकोनितीकरण द्वारा एक संख्या कम कर देने पर गुणसंकेत लिखा जाता है। ५ अङ्क में से १ संख्या को कम कर देने पर चतुरङ्क (४ अङ्क) के समसंख्या रूप होने से उसका अर्धीकरण कर देने पर वहाँ वर्गसंकेत लिखा जाता है। पुनः अर्धीभूत द्वयङ्क के समसंख्या रूप होने से उसका अर्धीकरण कर देने पर वर्गसंकेत लिखा जाता है। अर्धीकृत १ संख्या के विषम होने से एकोनितीकरण करने पर वहाँ शून्य (०) पर गुणसंकेत लिखा जाता है। इस प्रकार पांच अवयवों वाली वर्ग, गुण, वर्ग, वर्ग गुणरूप गुणवर्गपंक्ति सिद्ध हो जाती है। यह गुणवर्गपंक्ति दशाङ्क से लेकर एकाङ्क तक समाङ्क में अर्धीकरण तथा विषमाङ्क में एकोनितीकरण (एक अङ्क कम करना) क्रिया द्वारा बनी है। वर्ग, गुण, वर्ग, वर्ग गुणरूप इस गुणवर्गपंक्ति को विपरीत क्रम से रखने पर अर्थात् दशाङ्क से आरम्भ न कर एकाङ्क से आरम्भ करने पर यह गुण, वर्ग, वर्ग, गुण, वर्ग रूप पंक्ति बन जाती है। यह पूर्व में बतला दिया है कि गुणसंकेतस्थान में द्विगुणीकरण तथा वर्गसंकेतस्थान में कृतिकरण (गुणन) होता है। इस तरह एकांक के गुणसंकेतस्थान होने से द्विगुणीकरण के द्वारा दो अङ्क बन जाते हैं। (१) दो अङ्क के समसंख्या होने से उस पर वर्गसंकेतस्थान के कारण गुणन होकर ४ अङ्क बन जाते हैं। (२) ४ अङ्क के भी समाङ्क होने से वहाँ वर्गसंकेतस्थान के कारण उसका गुणन होकर १६ अङ्क बन जाते हैं। (३) १६ अङ्क के गुणसंकेतस्थान होने के कारण वहाँ अङ्क के द्विगुणीकरण द्वारा ३२ अङ्क हो जाते हैं। (४) पश्चात् ३२ अङ्क के वर्गसंकेतस्थानीय होने से गुणनक्रिया होती है और ३२ अङ्क का ३२ अङ्क

से गुणन करने पर १०२४ संख्या होती है—यही न्याससंख्या दशाक्षर वाले प्रस्तार में सिद्ध हो जाती है। यहाँ १ से आरम्भ कर १३ अक्षर तक के प्रस्तारों में प्रत्येक प्रस्तार के गुणवर्गन्यासक्रमों का उल्लेख किया जा रहा है—

प्रस्तार		स्वरूपाक्षर		प्रस्तार स्वरूपाक्षर
(१)	०	गु	२	(२)
(२)	१	व	४	(४)
	०	गु	२	
(३)	२	गु	८	(८)
	१	व	४	
	०	गु	२	
(४)	२	व	१६	(१६)
	१	व	४	
	०	गु	२	
(५)	४	गु	३२	(३२)
	२	व	१६	
	१	व	४	
	०	गु	२	
(६)	३	व	६४	(६४)
	२	गु	८	
	१	व	४	
	०	गु	२	
(७)	६	गु	१२८	(१२८)
	३	व	६४	
	२	गु	८	
	१	व	४	
	०	गु	२	
(८)	४	व	२५६	(२५६)
	२	व	१६	
	१	व	४	
	०	गु	२	

(९)	८	गु	५१२	(५१२)
	४	व	२५६	
	२	व	१६	
	१	व	४	
	०	गु	२	
(१०)	५	व	१०२४	(१०२४)
	४	गु	३२	
	२	व	१६	
	१	व	४	
	०	गु	२	
(११)	१०	गु	२०४८	(२०४८)
	५	व	१०२४	
	४	गु	३२	
	२	व	१६	
	१	व	४	
	०	गु	२	
(१२)	६	व	४०९६	(४०९६)
	३	व	६४	
	२	गु	८	
	१	व	४	
	०	गु	२	
(१३)	१२	गु	८१९२	(८१९२)
	६	व	४०९६	
	३	व	६४	
	२	गु	८	
	१	व	४	
	०	गु	२	

इससे आगे १४ अक्षर से २६ अक्षर तक के प्रस्तारों में प्रस्तारस्वरूप के अक्षरों का 'भुजगतिक' आदि वर्णों के द्वारा निरूपण किया गया है। यहाँ छन्दः शास्त्र में आगमशास्त्र की तरह क से लेकर ञ वर्ण तक के वर्ण क्रमशः १० तक के अङ्कों के, ट से लेकर न तक के वर्ण भी क्रमशः १ से १० तक के अङ्कों के, प से लेकर म तक के वर्ण क्रमशः १ से ५ तक के अङ्कों के, य से लेकर ह तक के वर्ण क्रमशः १ अङ्क से ८ तक के अङ्कों के बोधक हैं। जैसे 'भुजगतिक' में भ वर्ण ४ अङ्क का, ज वर्ण ८ अङ्क का, ग वर्ण ३ अङ्क का, त वर्ण ६ अङ्क का और क वर्ण १ अङ्क का बोधक है। इस प्रकार 'भुजगतिक' वर्णों से ४८३६१ संख्या की प्रतीति है।

तथा 'अङ्कानां वामतो: गति:' इस नियम से उपर्युक्त अङ्कसमूह को विपरीत क्रम से रखने पर १६३८४ न्याससंख्या होती है, अतः यही चतुर्दशाक्षर प्रस्तार में न्यासों की संख्या है। इसी प्रकार पञ्चदशाक्षरक प्रस्तार में जातसफल (३२७६८) न्याससंख्या, षोडशाक्षर प्रस्तार में चलममत (६५५३६) न्याससंख्या, सप्तदशाक्षर प्रस्तार में रसनाकालिक(१३१०७२) न्याससंख्या, अष्टादशाक्षर प्रस्तार में भवपार-तिरं (२६२१४४) न्याससंख्या, १९ अक्षरवाले प्रस्तार में दहरभरम (५२४२८८) न्याससंख्या, २० अक्षर वाले प्रस्तार में तुच्छमहीवनप(१०४८५७६)न्याससंख्या, २१ अक्षर वाले प्रस्तार में रमापथाधिनर (२०९७१५२) न्याससंख्या, २२ अक्षरवाले प्रस्तार में वनलघुभिण्टीभ (४१९४३०४) न्याससंख्या, २३ अक्षर वाले प्रस्तार में जनितहाहागद (८३८८६०८) न्याससंख्या, २४ अक्षरवाले प्रस्तार में तपो-रसासिसूतक (१६७७७२१६) न्यास संख्या, २५ अक्षरवाले प्रस्तार में रागभाव-शिशुगल (३३५५४४३२) न्यास संख्या, २६ अक्षरवाले प्रस्तार में भीतहूजनकसुतं (६७१०८८६४) न्याससंख्या है।

इसी अर्थ का निरूपण संस्कृत पिङ्गल के निम्नसूत्रों में किया गया है—

'द्विरर्द्धे' १, 'रूपे शून्यम्' २, 'द्विः शून्ये' ३, 'तावदर्द्धे तद्गुणितम्' ४ इति।

इन सूत्रों का अर्थ इस प्रकार है—'ततो ग्येकं जह्यात्' इस पूर्वसूत्र से यहाँ 'जह्यात्' पद के अर्थ का अध्याहार है। सूत्रों में 'अर्धे' तथा 'रूपे' पद के अनुरोध से यहाँ 'हीने' इस सप्तम्यन्त पद का अध्याहार है। विध्यन्तर के अध्याहार के बिना सूत्रार्थ की अनुपपत्ति होने से विध्यन्तर का अध्याहार भी अर्थसिद्ध है। इससे आदि के दो सूत्रों का अर्थ निम्न प्रकार से है—

बीजभूत अपेक्षित अक्षर वाले प्रस्तार के अङ्क में आधे का परित्याग कर दे। जहाँ अर्ध का त्याग हुआ है वहाँ 'द्विः' लिखना चाहिए। जहाँ अर्धीकरण नहीं बनता है वहां रूप (स्वरूप) का परित्याग कर दे। रूप का परित्याग कर देने पर वहाँ शून्य (०) लिखना चाहिए। इस प्रकार आदि के सूत्रों द्वारा साधनक्रिया बतलाई गई है। जैसे द्वयक्षर प्रस्तार में बीजभूत द्वयङ्क से अर्ध एक अङ्क का परित्याग कर देना चाहिए। यहाँ अर्धत्यागविधि बन गई है अतः संकेत के लिए द्विः अथवा २ अङ्क लिखा जाता है। तदनन्तर अर्धभूत १ अङ्क का अर्धीकरण संभव नहीं है अतः स्वरूप का परित्याग कर शून्य (०) लिखें। रूप का परित्याग करने पर शून्य रह गया है, अतः वहाँ संकेत के लिए शून्य या बिन्दु लिखा जाता है।

उपर्युक्त 'द्विरर्धे' 'रूपे शून्यम्'—इन दो सूत्रों से साधनविधि का निर्देश कर शेष 'द्विः शून्ये 'तावदर्द्धे तद्गुणितम्, इन दो सूत्रों से साधनविधि से अपेक्षित साध्य-विधि का कथन किया जा रहा है। यहाँ पूर्वसूत्र से 'रूपे' पद की अनुवृत्ति कर उसका प्रथमा विभक्तयन्त 'रूपं' पद में परिवर्तन कर दिया जाता है। इससे निम्नाङ्कित सूत्रार्थ बन जाता है—

जहां शून्य का उल्लेख है, वहां रूप अर्थात् १ अंक को द्विगुणित कर लिखना चाहिए। जैसे पूर्वनिर्दिष्ट साधनन्यास में शून्य (बिन्दु) को लक्ष्य कर द्विगुणित एकाङ्क अर्थात् २ का अङ्क लिखा जाता है। इसी प्रकार अर्धकृत को लक्ष्य करके पूर्व-क्रियासिद्ध २ अंक को २ अंक से गुणित कर ४ अंक लिखा जाता है। यहां 'द्विःशून्ये' सूत्र का प्रथम उल्लेख होने से साधनन्यास से विपरीत साध्यक्रिया होती है यह सूचित किया गया है। 'रूपे शून्यम्' सूत्र से 'रूपे' पद की अनुवृत्ति कर उसका प्रथमा विभक्ति में परिवर्तन कर जहाँ शून्य का उल्लेख है वहां रूप अर्थात् १ अंक को द्विगुणित कर लिखना चाहिए यह ऊपर बतलाया गया है। इससे यह सिद्ध होता है कि साध्यक्रिया रूप (१ अंक) से ही आरम्भ की जाती है। किन्तु रूप (१ अंक) क्रिया में पूर्वसिद्ध अंक का उपलक्षक है। अथवा यहाँ 'रूपे शून्यम्' सूत्र से 'रूपे' पद की अनुवृत्ति नहीं करनी चाहिए। अतः गुणवर्गक्रिया में पूर्वसिद्ध अंक का ही द्विगुणीकरण होता है। किन्तु जहाँ अन्य पूर्वसिद्ध अंक नहीं हो वहां प्रथमाङ्क के छोड़ने में कोई प्रमाण न होने से १ अङ्क का द्विगुणीकरण होता है। शून्य और द्विरुल्लेख अर्थात् जहां शून्य का उल्लेख हो वहां रूप (१ अंक) का द्विगुणीकरण सभी प्रस्तारों में गुणवर्गक्रिया में अवश्य प्राप्त है। क्योंकि द्व्यङ्कलेखन तथा चतुरङ्कलेखन के बाद ही गुणवर्गक्रिया होती है। इस प्रकार गुणवर्गक्रिया प्रस्तारों के स्वरूपभेद (न्यासभेद) की संख्या के ज्ञान के लिए है। यह प्रस्तार-स्वरूपों की संख्या मालूम करने का एक प्रकार है।

द्वितीय प्रकार

मेरु द्वारा प्रस्तार के स्वरूपों की संख्या का ज्ञान किया जा सकता है। जितने अक्षर वाले प्रस्तार में प्रस्तारस्वरूपों (न्यासों) के प्रमाण (संख्या) को मालूम करना है उस अक्षर वाले मेरुस्तर में जितने अङ्क हैं उनका योग ही उस अक्षर वाले प्रस्तार में न्यासों की संख्या होगी। जैसे छठे मेरुस्तर में १, ६, १५, २० १५,६,१, ये अंक हैं। इन अंकों का योग ६४ है। यही षडक्षर प्रस्तार में प्रस्तारस्वरुपों (न्यासों) की संख्या है। इसी प्रकार ९वें मेरुस्तर में १, ९, ३६, ८४, १२६, १२६, ८४, ३६, ९, १ ये अंक हैं। इन अंकों का योग ५१२ है। अतः नवम प्रस्तार में यही स्वरूप-(न्यास) संख्या है।

तृतीय प्रकार

प्रस्तारों के स्वरूपों (न्यासों) की संख्या के ज्ञान का तृतीय प्रकार सूचीमूलक है। जितने अक्षर वाले प्रस्तार में उसके स्वरूपों (न्यासों) की संख्या मालूम करनी है उतने अवयव वाली सूची लिखनी चाहिए। पूर्व पूर्व की अपेक्षा द्विगुणित अंकों का लेखन सूची कहलाता है। सूची के अंकों के योग में १ संख्या का अधिक योग कर देने पर निष्पन्न संख्या उतने अक्षरवाले प्रस्तार में स्वरूपसंख्या कहलाती है। जैसे षडक्षर प्रस्तार में १, २, ४, ८, १६, ३२, इन अंकों वाली सूची होती है। इन अंकों

का योग ६३ है। १ संख्या का और योग कर देने पर ६४ संख्या होती है। यही षडक्षर प्रस्तार की संख्या है।

अथवा सूची में आदि का १ अंक द्विगुणित नहीं है। अतः उसका परित्याग कर शेष २, ४, ८, १६, ३२, ६४, इन ६ सूच्यङ्कों में अन्तिम छठा सूच्यङ्क ६४ है। यही षडक्षर प्रस्तार की स्वरुपसंख्या है। इसी प्रकार पताका से निर्मित स्थानों की समष्टि उस प्रस्तार में स्वरूपसंख्या होती है। जैसे पताका में निर्मित स्थान १, ६, १५, २०, १५, ६, १ ये सात स्थान हैं। इन स्थान वाले अंकों की समष्टि ६४ है। यही षडक्षर प्रस्तार में स्वरूपसंख्या है।

अथवा पताका की अन्तिम श्रेणिका अंक उस प्रस्तार में स्वरूपसंख्या होती है जैसे १, २, ४, ८, १६, ३२, ६४ इस सप्तश्रेणिरूपा पताका की अन्तिम श्रेणि का अंक ६४ है। यही षडक्षर प्रस्तार की स्वरूपसंख्या है।

वृत्तसंख्यान

संख्यान के प्रसङ्ग से वृत्तसंख्यान का निरूपण किया जा रहा है। वृत्त-सम, अर्धसम तथा विषम भेद से तीन प्रकार का है। उनमें समवृत्त की संख्या का निरूपण किया जा चुका है। समवृत्तसंख्या का समवृत्तसंख्या से गुणन करने पर अशुद्ध अर्धसमवृत्तसंख्या होती है। उस अशुद्ध अर्धसमवृत्तसंख्या से मूलसमवृत्तसंख्या कम कर देने पर शुद्ध अर्धसमवृत्तसंख्या हो जाती है। इसी प्रकार से अर्धसमवृत्तसंख्या का अर्धसमवृत्तसंख्या से गुणन करने पर अशुद्ध विषमवृत्तसंख्या हो जाती है। और उसमें से मूल अर्धसमवृत्तसंख्या कम करने पर शुद्ध विषमवृत्तसंख्या सिद्ध हो जाती है। जिस अंक का अपने समान अंक से गुणन किया जाता है वह उसकी मूलराशि कहलाती है। जैसे एकाक्षर छन्द की समवृत्तसंखया द्वित्व (२) संख्या है। यह एकाक्षर समवृत्त की मूलराशि है। इस द्वित्वरूप समवृत्तसंख्या का द्वित्व (दो) संख्या से गुणन करने पर चार अंक सिद्ध होते हैं। यही अशुद्ध अर्धसमवृत्त की संख्या है। इस अशुद्ध अर्धसमवृत्तसंखया से मूलराशि द्वित्वसंख्या कम कर देने पर द्वित्वसंखया शुद्ध अर्धसमवृत्तसंख्या सिद्ध होती है। चतुरङ्करूप अशुद्ध अर्धसमवृत्तसंख्या का तत्समान चतुरङ्करूप संख्या से गुणन करने पर निष्पन्न १६ अङ्क रूप संखया अशुद्ध विषमवृत्तसंख्या होती है। उसमें से मूलराशि अशुद्ध अर्धसमवृत्त संख्या ४ अंक का परित्याग कर देने पर अवशिष्ट द्वादशाङ्करूप (१२) संख्या शुद्ध विषमवृत्त संख्या होती है। इस तरह अशुद्ध विषमवृत्त में १६ वृत्तों के सिद्ध होने पर भी इस विषमवृत्तसंख्या में गुरुचरण व लघुचरणरूप दो वृत्तों का समवृत्त में तथा गुरुलघुरूप व लघुगुरुरूप दो वृत्तों का अर्धसमवृत्त में अन्तर्भाव हो जाने से केवल १२ वृत्तसंख्या शुद्ध विषमवृत्त की होती है। यही स्थिति अन्यत्र भी है।

जैसे षडक्षर प्रस्तार में समवृत्त संख्या ६४ है। ६४ संख्या का ६४ संख्या से गुणन करने पर ४०९६ संख्या अशुद्ध अर्धसमवृत्तों की होती है। इसमें मूलराशि

६४ संख्या का परित्याग कर देने पर ४०३२ शुद्ध अर्धसमवृत्तों की संख्या सिद्ध होती है। इसी अशुद्ध अर्धसमवृत्तसंख्या ४०९६ का ४०९६ से गुणन करने पर (१. ६७. ७७. २. १६) संख्या अशुद्ध विषमवृत्तों की होती है। इसमें मूलराशि (४०९६) संख्या को कम कर देने पर (१, ६७, ७३, १, २०) संख्या शुद्ध विषमवृत्तों की होती है।

अध्वयोग

द्विगुणित प्रस्तारसंख्या में १ संख्या कम देने पर अवशिष्ट संख्या उस प्रस्तार का अध्वा कहलाता है। गुरुलघु अक्षरों की श्रेणि उत्तराधरभाव से लिखने पर जितने प्रदेश को व्याप्त करती है उस अक्षरव्याप्तिभूमि को व्यवहार के लिए अंगुलशब्द से कहा गया है। अक्षर जितने प्रदेश को व्याप्त करते हैं उतना ही प्रदेश उत्तराधरभाव से व्यवस्थित अक्षरों के मध्य में अवकाश के लिए रहता है। इस तरह १ संख्या कम द्विगुणित प्रस्तारसंख्यान उस प्रस्तार का अध्वा होता है। जैसे षडक्षर प्रस्तार-संख्या ६४ है। उसका दुगुना १२८ है। उसमें से १ संख्या कम करने पर १२७ संख्यारूप प्रदेश षडक्षर प्रस्तार का अध्वा है।

अतः १२७ अङ्गुल का प्रदेश षडक्षर वाले प्रस्तार का आधार है। इसलिए षडक्षर प्रस्तार को दिखलाने की इच्छा वाले पुरुष को १२७ अंगुल का प्रदेश ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार नष्ट, उद्दिष्ट, संख्यान, अध्वयोग इन चार प्रत्ययों का प्रस्तार के सम्बन्ध से कथन किया।

शलाकाप्रत्ययनिरूपण

अब मेरुसम्बन्ध से प्रत्ययों का निरूपण किया जा रहा है। उनमें प्रथम तीन प्रकार के शलाकाप्रत्ययों का निरूपण कर रहे हैं।

जिस क्रिया के द्वारा मेरुस्थित एक एक प्रस्तारों की स्वतन्त्रतया सिद्धि की जाती है उसे शलाका कहते हैं। शलाका लगक्रिया लघुक्रिया एकावली, मेरुक्रिया ये समानार्थक शब्द हैं। जितने अक्षर वाले प्रस्तार में लगक्रिया को करना है उससे एक अधिक संख्या वाले एकाङ्क लिखने चाहिए। तदनन्तर पूर्व पूर्व अंकों के योग से निष्पन्न उत्तर उत्तर अंकों को बदल कर अर्थात् नीचे से ऊपर की ओर लिखना चाहिए। पुनः इसी प्रकार आदि से इस क्रिया की आवृत्ति करनी चाहिए। प्रत्येक क्रिया में एक एक अङ्क का अन्त में परित्याग कर देना चाहिए। जैसे षडक्षर प्रस्तार में लगक्रिया करनी है तो एक अङ्क बढ़ाकर सात एकाङ्क लिखने चाहिएँ। पश्चात् प्रथम एकाङ्क का द्वितीय एकाङ्क से योग कर निष्पन्न २ अंक को द्वितीय स्थान में लिखना चाहिए। तत्पश्चात् तृतीय स्थानवर्ती एकाङ्क का पहिले के दो अंकों के योग से निष्पन्न ४ अङ्क चतुर्थ स्थान में लिखे। इसी क्रम से पूर्व पूर्व अंकों के योग से निष्पन्न ५, ६ अंकों को पञ्चम स्थान व षष्ठ स्थान में लिखें। पश्चात् इसी क्रिया की आवृत्ति करते हुए प्रथमस्थानवर्ती एकाङ्क का द्वितीयस्थानवर्ती द्व्यङ्क के साथ योग से निष्पन्न ३ अंक का ३ पंक्ति के द्वितीय स्थान में, द्वितीय पंक्ति

के नीचे के दो स्थानों के अंकों का तृतीय स्थानस्थ ३ अंक के योग से निष्पन्न ६ अंक का तृतीय पंक्ति के तृतीय स्थान में, द्वितीय पंक्ति के नीचे के ३ स्थानों का चतुर्थस्थानवर्ती ४ अंक के साथ योग के निष्पन्न १० अंक का तृतीय पंक्ति के चतुर्थस्थान में, द्वितीय पंक्ति के चारों स्थानों के अंकों का पञ्चम-स्थानवर्ती ५ अंक के योग से निष्पन्न १५ अंक का तृतीय पंक्ति के पञ्चम-स्थान में लिखें, पश्चात् षष्ठस्थानवर्ती ६ अंक का परित्याग कर दें। इसी प्रकार पुनः इस क्रिया की आवृत्ति करते हुए तृतीय पंक्ति के नीचे के दो स्थानों के १ व ३ अंक के योग से निष्पन्न ४ अंक को चतुर्थ पंक्ति के द्वितीय स्थान में लिखे। पश्चात् तृतीय पंक्ति के नीचे के तीनों स्थानों के अंकों का चतुर्थस्थानवर्ती १० अंक के योग से सिद्ध २० अंक का चतुर्थ पंक्ति के पाँचवें स्थान में लिखें। पश्चात् पञ्चम-स्थानवर्ती १५ अंक का परित्याग कर दे। इस प्रकार पूर्व पूर्व पंक्ति के स्थानों के अंकों के योग से पञ्चम व षष्ठ पंक्ति का निर्माण करें।

इस प्रकार लघुक्रिया द्वारा १,६,१५,२०,१५,६,१ ये अंक सिद्ध होते हैं। ये अङ्क षडक्षर प्रस्तार में क्रमशः निर्गुरुक, एकगुरुक, द्विगुरुक, त्रिगुरुक, चतुर्गुरुक, पञ्चगुरुक, षड्गुरुक भेदों के प्रतिपादक हैं।

शलाका का द्वितीय प्रकार

एक अंक से प्रारम्भ कर इष्टाङ्क तक अङ्क विपरीत रूप से अर्थात् ५, ४, ३, २, १ इस प्रकार लिखें। पश्चात् उन अङ्कों के नीचे इष्टाङ्क तक क्रमिक अंक सीधे क्रम से लिखें। ऊपर के विपरीत अंकों में नीचे के क्रमिक अंकों का भाग दें। भाग द्वारा प्राप्त अंकों से उत्तरोत्तर विपरीत अंकों का गुणा करें। तदनन्तर नीचे क्रम-स्थित अंकों का ऊपर के गुणित अंकों में भाग दें। इस तरह भाग द्वारा प्राप्त अंकों से प्रस्तार के एकगुरुक, द्विगुरुक आदि भेदों का ज्ञान हो जायगा। जैसे पाँच अक्षरों वाले प्रस्तार में पाँच अंक विपरीत क्रम से अर्थात्—५,४,३,२,१ इस रूप से लिखें। इन विपरीत क्रम से लिखे हुए अंकों के नीचे क्रम से अर्थात् १,२,३,४,५ इस रूप से पाँचों अङ्क लिखें। इसके बाद ऊपर के पाँच अंक में नीचे के एक अंक का भाग देने पर ५ अङ्क प्राप्त होगा। उस ५ अंक से ऊपर विपरीत क्रम में स्थित ४ अंक के साथ गुणा करने पर २० की संख्या प्राप्त होती है। उस २० संख्या में क्रमस्थित नीचे के दो अंक का भाग देने पर १० अंक प्राप्त होता है। इसी प्रकार १० संख्या का विपरीत क्रम वाले ऊपर के तीन अंक के साथ गुणा करने पर ३० अंक प्राप्त होते हैं। उस ३० अंक में क्रमशः स्थित नीचे की ३ संख्या का भाग देने पर १० अंक प्राप्त होते हैं। उस १० अंक का विपरीत क्रम वाले उपरिस्थित २ अंक से गुणा करने पर २० अंक प्राप्त होते हैं। उसमें नीचे के ४ अङ्क का भाग देने पर ५ संख्या प्राप्त होती है। इस ५ संख्या में अधः स्थित ५ अंक का भाग देने पर १ संख्या प्राप्त होती है। इस तरह अन्त में भाग द्वारा लब्ध संख्यायें क्रमशः ५, १०, १०, ५, १ प्राप्त होती हैं। ये संख्यायें पञ्चाक्षर प्रस्तार में क्रमशः एकगुरुक, द्विगुरुक, त्रिगुरुक, चतुर्गुरुक व पञ्चगुरुक भेदों को बतलाती हैं। इसी प्रकार ये ही पाँचों संख्यायें क्रमशः पञ्चाक्षर प्रस्तार में एकलघुक पाँच भेद, द्विलघुक

दस भेद, त्रिलघुक १० भेद, चतुर्लघुक ५ भेद तथा पञ्चलघुक १ भेद हैं इसका भी बोधन करती हैं। इसी तथ्य का अधोलिखित न्यास में स्पष्टीकरण है—

पंक्ति					
१	५	२०	३०	२०	५
२	५	४	३	२	१
३	१	२	३	४	५
४	५	१०	१०	५	१

इनमें दूसरी पंक्ति विपरीत क्रम से लिखित पाँच अङ्कों की है। तीसरी पंक्ति क्रम से लिखित ५ अंकों की है।

प्रथम पंक्ति के पाँचों अङ्क द्वितीयपंक्तिस्थ विपरीत क्रम से लिखित अंकों में क्रमशः तृतीयपंक्तिस्थ अंकों का भाग देकर भागलब्ध अंकों का द्वितीयपंक्तिस्थ अंकों में क्रमशः गुणन से प्राप्त हैं। तथा प्रथमपंक्तिस्थ अंकों में क्रमशः तृतीय पंक्तिस्थ अंकों को भाग देने से प्राप्त अंकों का चतुर्थपंक्ति में उल्लेख है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंकों से निर्मित पञ्चाङ्कवल्ली ही क्रमशः एकगुरुक, द्विगुरुक, त्रिगुरुक, चतुर्गुरुक, पञ्चगुरुक अक्षरों की बोधक है। अर्थात् पञ्चाक्षर प्रस्तार में एकगुरुक ५ न्यास, द्विगुरुक १० न्यास, त्रिगुरुक १० न्यास, चतुर्गुरुक ५ न्यास तथा पञ्चगुरुक १ न्यास है। इस प्रकार गुरु अक्षर वाले ३१ न्यास हैं। और निर्गुरुक १ न्यास है। इस प्रकार पञ्चाक्षर प्रस्तारों में ३२ न्यास हें। शलाका के इस प्रकार में गुरु अक्षर वाले न्यासों की ही संख्या बतलाई है। गुरु अक्षर वाले न्यासों की संख्या बतला देने पर शेष निर्गुरुक १ न्यास है यह अर्थात् ज्ञात हो जाता है।

पताकादेशीय तृतीय शलाकाप्रकार

व्यक्ति, पत्ति, मुख, गुल्म, गण, अनीक, पार्तन, चमू, अनीकिनी इन ९ व्यूहों की तीन बार आवृत्ति करने से २७ व्यूह हो जाते हैं। इनमें पूर्व पूर्व व्यूह अगले व्यूह का अङ्ग होता है। ये व्यूह छन्दोवेदपताका में एक एक श्रेणिरूप हैं। व्यक्ति, पत्ति आदि नवसंख्याक व्यूहों के पृथक् पृथक् ज्ञान के लिए क्रमशः मण्डल, स्वस्तिक, वज्र, चक्र, शूल, अङ्कुश, धनुष, मत्स्यपुच्छ और ध्वजा इन चिह्नों की कल्पना करनी चाहिए। अथवा इनके स्पष्ट ज्ञान के लिए बिन्दुरेखाओं से इच्छानुसार विभागों की कल्पना कर लेनी चाहिए। तात्पर्य यह है कि व्यवहारसौकर्य के लिए अनेक श्रेणीबद्ध अङ्कसमूहों की यह व्यूहकल्पना है।

अपेक्षित अक्षर वाले प्रस्तार में अवान्तर भेदों के स्थान का ज्ञान पताका प्रत्यय से होता है उतने अक्षरवाले प्रस्तार से सम्बन्धित अङ्कसूची के अवयवों के समान पताका में अङ्कश्रेणियाँ बनानी चाहिएँ। वे ही श्रेणियाँ व्यक्तिव्यूह, पत्तिव्यूह, मुखव्यूहादि शब्दों से व्यवहृत हैं। उत्तर उत्तर की श्रेणियों का शरीर पूर्व पूर्व श्रेणियों से कल्पित होता है। अतः उत्तरोत्तर श्रेणियों में पूर्व पूर्व की श्रेणियों का अनुसन्धान करना चाहिए। अर्थात् उत्तरोत्तर श्रेणियों में पूर्व पूर्व श्रेणियों का अनुसन्धान अपेक्षित है। किन्तु उत्तरोत्तर श्रेणियाँ पूर्वश्रेणि के एकाङ्ग से हीन होती हैं।

जैसे षडक्षरप्रस्तार में सात स्थानों वाली सूची (पूर्व पूर्व अंक से द्विगुणित अङ्क विन्यास) होती हैं अतः सूच्यङ्कानुसार सप्त स्थानों से सम्बद्ध सात ही श्रेणियों का निवेश होता है। वे सात श्रेणिनिवेश क्रमशः व्यक्तिव्यूह, पत्तिव्यूह, मुखव्यूह, गुल्मव्यूह, गणव्यूह, अनीकव्यूह व पार्तनव्यूह रूप हैं। इन व्यूहों में व्यक्तिव्यूह में अनेक अङ्ग नहीं हैं।

द्वितीयश्रेणीनिवेशरूप पत्ति, मुख, गुल्म आदि व्यूहों का शरीर क्रमशः ६, ५, ४, ३, २, १ इन पूर्व पूर्व व्यूहों से निर्मित होता है। व्यक्तियों के द्वारा षडङ्ग पत्तिव्यूह से द्वितीय श्रेणी, पत्तियों के द्वारा पञ्चाङ्गयुक्त मुखव्यूह से तृतीय श्रेणि, मुखों के द्वारा चतुरङ्ग गुल्मव्यूह से चतुर्थ श्रेणी, गुल्मों के द्वारा तीन अङ्ग वाले गणव्यूह से ५वीं श्रेणि, गणों के द्वारा द्वयङ्ग अनीक व्यूह से षष्ठ श्रेणी, अनीक के एक होने से एकाङ्ग पार्तन व्यूह से सातवीं श्रेणी निष्पन्न होती है।

इस प्रकार ये व्यूह उत्तरोत्तर पूर्व व्यूह की अपेक्षा एकाङ्ग से हीन होते हैं वैसे ही आभ्यन्तर में भी उत्तरोत्तर व्यूह पूर्व व्यूह की अपेक्षा एकाङ्गहीन ही अङ्गप्रत्यङ्ग से युक्त बनाने चाहिएँ।

जिस प्रकार से व्यूह उत्तरोत्तर एकाङ्गहीन से बने हैं वैसे ही बिना किसी विशेष अन्तर के इनके आन्तरिक अङ्ग भी उत्तरोत्तर पूर्वँ पूर्वँ एकाङ्गहीन अङ्ग-प्रत्यगों से युक्त होंगे। जैसे द्वितीय श्रेणी पत्ति में छ व्यक्ति अङ्ग हैं, तदनन्तर तृतीय श्रेणी मुख में (एक अंग कम होंने से) पाँच पत्तियाँ अङ्ग हैं, उन पाँच पत्तियों के अन्दर भी प्रथम में पाँच द्वितीय में चार, तृतीय में तीन, चतुर्थ में दो और पञ्चम में एक, इस प्रकार उत्तरोत्तर एकाङ्कहीन होता जाता है। इसी प्रकार चतुर्थ श्रेणी गुल्म में जो चार मुख हैं उनमें भी आन्तरिक अवयवों में प्रथम में चार तीन दो एक व्यक्ति से अंग बनते हैं द्वितीय में तीन दो एक से, तृतीय में दो एक से तथा चतुर्थ में एक से निर्मित एक ही अंग है। इस प्रकार उत्तरोत्तर एक कम होती हुई पत्तियाँ इनमें रहती हैं। इसी प्रकार पञ्चम श्रेणी गण में जो तीन गुल्म हैं उनके आन्तरिक भागों में प्रथम गुल्म में तीन दो एक इस प्रकार तीन पत्तियों का योग है इसी भाँति दूसरे तीसरे भागों में क्रमशः दो एक, और एक पत्ति हैं। इस प्रकार मुख

अपेक्षित श्रेणी	१	२	३	४	५	६	७
व्यूह नाम	व्यक्ति	पत्ति	मुख	गुल्म	गण	अनीक	पार्तन
व्यूहावयव	७	६	५	४	३	२	१
प्रत्येक श्रेणी के अंग प्रत्यंग	१	६	५	४	३	२	१
			४	३	२	१	०
			३	२	१	०	–
			२	१	०	१	–
			१	०	२	०	–
			०	३	१	०	–
				२	०	१	–
				१	१	–	–
				०	०	०	–
				२	–	–	–
				१	२	१	–
				०	१	०	–
				१	०	०	
				०	१	०	
				०	०	०	
					१		
					०		
					०		
	१	६	१५	२०	१५	६	१
	सर्वगुरुक	५ गुरुक	४ गु.	३ गु.	२ гु.	१ गु.	निर्गुरुक

उत्तरोत्तर एक हीन आभ्यन्तर अंगों वाला होगा । इसी भाँति षष्ठ श्रेणी अनीक में जो दो गण हैं उनमें प्रथम में दो एक व्यक्ति के क्रम से निर्मित अंगों वाली दो पत्तियों से तथा एक व्यक्तिक्रमनिर्मिताङ्ग एकावायव एक पत्ति द्वारा विहित अंगों वाले जो दो मुख हैं उनसे तथा एक व्यक्ति क्रम विहिताँग एक पत्ति द्वारा किया गया जो मुख उससे निर्मित अंगों वाले दो गुल्म हैं । द्वितीय गुल्म में एक व्यक्ति क्रम से कृताङ्ग एक पत्ति से किये हुए अंग वाला जो एक मुख है उससे गुल्म किया गया है । इस प्रकार उत्तरोत्तर एक एक अंगहीन गुल्म बनते हैं । इसी प्रकार अन्तिम ब्यूह 'पार्तन' में जो एक अनीक है वह आभ्यन्तर में भी एकाङ्गरूपी एक प्रत्यङ्ग है जो क्रिया के क्रम से सिद्ध है, अतः उस में भी एक ही अङ्क का उल्लेख है । पताका साधन न्यास पृष्ठ ४७ पर दिये अनुसार बनता है ।

यहाँ सातश्रेणी के न्यास में एक व्यक्ति रूप प्रथम श्रेणी से एक अंक प्राप्त होता है । षड् व्यक्ति रूप द्वितीय श्रेणी से ६ का अंक प्राप्त होता है । पन्द्रह व्यक्तियों (रूपों) वाली तृतीय श्रेणी से पन्द्रह का अंक, बीस व्यक्ति वाली चतुर्थ श्रेणी से बीस का अंक, पन्द्रह व्यक्ति रूप पञ्चम श्रेणी से पन्द्रह का अंक, षड् व्यक्ति वाली चष्ठ श्रेणी से ६ का अङ्क, एक व्यक्ति वाली सप्तम श्रेणी से एक अंक प्राप्त होता है । इस प्रकार साधित अङ्कों से षडक्षर प्रस्तार में लगक्रिया के १, ६, १५, २०, १५, ६, १, अंक प्राप्त होते हैं ।

पताकानिरूपण

मेरु तथा शलाका के द्वारा प्रस्तार के जिन अवान्तर भेदों की संख्या का ज्ञान होता है, उन भेदों के स्थान का ज्ञान पताका के द्वारा होता है । अर्थात् किस भेद का कौनसा स्थान है ? यह ज्ञान पताका प्रत्यय के द्वारा होता है । इस प्रत्यय का पताका के आकार से उल्लेख होने के कारण इसको पताका कहा जाता है ।

प्रारम्भ में प्रस्तार में मेरु के द्वारा सिद्ध अंकों के प्रमाण वाले स्थानों से उतनी ही पंक्तियां बनानी चाहिएँ । उन पंक्तियों के प्रथम प्रथम स्थानों में क्रमशः सूच्यङ्क लिखने चाहिएँ । उनमें पूर्व पंक्तियों के अंक के साथ उन पंक्तियों के शीर्षस्थ अंकों के योग से द्वितीय तृतीय आदि पंक्तियों की पूर्ति करनी चाहिए । सबसे अन्तिम प्रस्ताराङ्क का किसी से योग नहीं होता । क्योंकि अन्तिम प्रस्ताराङ्क के योग से सिद्ध संख्या उस प्रस्तार में नहीं होती । जैसे षडक्षर प्रस्तार में मेरु द्वारा सिद्ध अंक १, ६, १५, २०, १५, ६, १, ये ७ हैं । इतने ही अंकस्थानों वाली सात पंक्तियां पताका में बनती हैं । अर्थात् प्रथम पंक्ति १ अंक वाली, दूसरी पंक्ति ६ अङ्कों वाली, तृतीय पंक्ति १५ अंकों वाली, चतुर्थ पंक्ति २० अंकों वाली, पंचम पंक्ति १५ अंकों वाली षष्ठ पंक्ति ६ अंकों वाली तथा सप्तम पंक्ति १ अंक वाली होती है । इन सातों पंक्तियों के प्रथम स्थान में १, २, ४, ८, १६, ३२, ६४ ये सूच्यङ्क लिखे जाते हैं । तदनन्तर पूर्वपंक्तिस्थ १ अंक का क्रमशः २, ४, ८, १६, ३२ इन सूच्यङ्कों के

योग से निष्पन्न ३, ५, ९, १७, ३३ अंकों को द्वितीय पंक्ति में २ अंक के नीचे लिखना चाहिए। इस प्रकार ६ अवयवों वाली द्वितीय पंक्ति सिद्ध हो जाती है।

इसके बाद द्वितीय पंक्ति के २ अंक का ४, ८, १६, ३२ इन सूच्यंकों के योग से निष्पन्न ६, १०, १८, ३४ अंकों को तृतीय पंक्ति के ४ अंक के बाद क्रमशः लिखें। इसी प्रकार द्वितीय पंक्ति के ३ अंक का ४, ८, १६, ३२ इन सूच्यंकों के योग से निष्पन्न ७, ११, १९, ३५ अंकों को तृतीय पंक्ति के ३४ के अंक के नीचे क्रमशः लिखें। पश्चात् द्वितीय पंक्ति के ५ अंक का ८, १६, ३२ इन सूच्यंकों के योग से निष्पन्न १३, २१, ३७ अंकों को तृतीय पंक्ति के ३५ अंक के नीचे क्रमशः लिखें। यद्यपि द्वितीय पंक्ति के २ अंक का सूच्यंक २ के साथ योग करने से ४ अंक तथा द्वितीय पंक्ति के ३ अंक का क्रमशः सूच्यंक २ व ४ के साथ योग करने से ५ अंक व ७ अंक और सिद्ध होते हैं तथापि वे अंक पहिले, द्वितीय व तृतीय पंक्ति में आ चुके हैं अतः उनको पुनः नहीं लिखा गया है। इसी प्रकार द्वितीय पंक्ति के ५ अंक का सूच्यंक २ व ४ के योग से ७ व ९ अंक और सिद्ध होते हैं उनको भी तृतीय पंक्ति व द्वितीय पंक्ति में पहिले उल्लेख होने से दुबारा नहीं लिखा गया है।

इसके बाद द्वितीय पंक्तिस्थ ९ अंक का १६,३२ इन सूच्यंकों के योग से निष्पन्न २५, ४१, इन अंकों को तृतीय पंक्ति में ही ३७ अंक के बाद लिखा जाता है। अन्त में द्वितीय पंक्तिस्थ १७ अंक का ३२ सूच्यंक के साथ योग करने से निष्पन्न ४९ अंक को तृतीय पंक्ति में ४१ अंक के बाद लिखा जाता है। इस प्रकार १५ अवयवों वाली तृतीय पंक्ति बन जाती है। यहाँ भी द्वितीय पंक्तिस्थ ९ अंक का सूच्यंक २, ४, ८, के योग से ११, १३, १७ अंक और सिद्ध होते हैं किन्तु तृतीय पंक्ति में व द्वितीय पंक्ति में पहिले इन का उल्लेख हो चुका है, अतः पुनः उल्लेख नहीं किया गया। इसी प्रकार द्वितीयपंक्तिस्थ १७ अंक का २, ४, ८, १६ इन सूच्यंकों के योग से१९, २१, २५, ३५ अंक और सिद्ध होते हैं किन्तु ये भी पहिले आ चुके हैं अतः नहीं लिखे गये हैं।

इसके बाद तृतीय पंक्तिस्थ ४ अंक का इससे आगे वर्तमान ८, १६, ३२ इन सूच्यङ्कों के योग से निष्पन्न १२, २०, ३६ इन अंकों को चतुर्थ पंक्ति में ८ अङ्क के नीचे लिखा जाता है। पश्चात् तृतीय पंक्तिस्थ ६ अंक का ८, १६, ३२ इन सूच्यंकों के योग से निष्पन्न १४, २२, ३८ इन अंकों को चतुर्थ पंक्ति में ही ३६ अंक के नीचे लिखा जाता है। एवं तृतीय पंक्तिस्थ १० अंक का १६, ३२ इन सूच्यंको के योग से निष्पन्न २६, ४२ इन अंकों को चतुर्थ पंक्ति में ही ३८ अंक के बाद लिखा जाता है। और तृतीय पंक्तिस्थ १८ अंक का सूच्यङ्क ३२ के साथ योग से निष्पन्न ५० अंक को चतुर्थ पंक्ति में ही ४२ अंक के बाद लिखा जाता है। पश्चात् तृतीय पंक्तिस्थ ७ अंक का ८, १६, ३२ इस सूच्यंकों के योग से निष्पन्न १५, २३, ३९ अंकों को चतुर्थ पंक्ति में ५० अंक के बाद लिखा जाता है। पश्चात् तृतीय पंक्तिस्थ ११

अंक का १६, ३२ इन सूच्यङ्कों के साथ योग से निष्पन्न २७, ४३ अंकों को चतुर्थ पंक्ति में ही अंक ३९ के बाद में लिखा जाता है। तत्पश्चत् तृतीयपंक्तिस्थ १९ अंक का सूच्यङ्क ३२ के साथ योग से निष्पन्न ५१ अंक को ४३ अंक के नीचे लिखा जाता है। तदनन्तर तृतीय पंक्तिस्थ १३ अंक का १६, ३२ इन सूच्यङ्कों के योग से निष्पन्न अंक २९ व ४५ को चतुर्थ पंक्ति में ही अंक ५१ के बाद लिखा जाता है। पश्चात् तृतीयपंक्तिस्थ २१ अंक का सूच्यङ्क ३२ के साथ योग से निष्पन्न ५३ अंक का चतुर्थ-पंक्ति में ही ४५ अंक के नीचे लिखा जाता है। इसके बाद तृतीयपंक्तिस्थ २५ अंक का सूच्यङ्क ३२ अंक के साथ योग से निष्पन्न ५७ अंक को चतुर्थपंक्ति में ही ५३ अंक के नीचे लिखा जाता है। इस प्रकार २० अवयवों वाली चतुर्थपंक्ति का निर्माण हो जाता है।

चतुर्थपंक्तिस्थ ८ अंक का इससे आगे वर्तमान १६ व ३२ सूच्यङ्कों के योग से क्रमशः निष्पन्न २४, ४०, अंकों को पञ्चमपंक्ति में १६ अंक के नीचे लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंक १२ का १६, ३२ सूच्यङ्कों के साथ योग से निष्पन्न २८, ४४ अंकों को पाँचवीं पंक्ति में ही अंक ४० के बाद लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंक २० का सूच्यङ्क ३२ के साथ योग से निष्पन्न ५२ अंक को पंचम पंक्ति में ही अंक ४४ के बाद लिखा जाता है।

चतुर्थपंक्तिस्थ अंक १४ का सूच्यङ्क १६ व ३२ के योग से क्रमशः निष्पन्न ३० व ४६ अंकों को पंचम पंक्ति में ही ५२ अंक के नीचे लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंक ३८ का सूच्यङ्क १६ के योग से निष्पन्न ५४ अंक को पंचम पंक्ति में ही अंक ४६ के नीचे लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंक ४२ का सूच्यङ्क १६ के साथ योग से निष्पन्न अंक ५८ को पंचम पंक्ति में ही ५४ अंक के नीचे लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंक १५ का सूच्यङ्क १६ के साथ योग से निष्पन्न अंक ३१ को पंचम पंक्ति में ५८ अंक के बाद लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंक १५ का ही सूच्यङ्क ३२ के योग से निष्पन्न ४७ अंक को पंचम पंक्ति में ही अंक ३१ के बाद लिखा जाता है। चतुर्थ पंक्तिस्थ ३९ अंक का सूच्यङ्क १६ के योग से निष्पन्न अंक ५५ को पंचमपंक्ति में ही अंक ४७ के नीचे लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ ४३ अंक का सूच्यङ्क १६ के साथ योग से निष्पन्न अंक ५९ को पंचमपंक्ति में ही ५५ अंक के नीचे लिखा जाता है। चतुर्थपंक्तिस्थ अंक ४५ का सूच्यङ्क १६ के योग से निष्पन्न ६१ अंक को पंचमपंक्ति में ही ५९ अंक के नीचे लिखा जाता है। इस प्रकार पंचदशावयवा पंचमपंक्ति सिद्ध हो जाती है।

पंचमपंक्तिस्थ १६ अंक का सूच्यङ्क ३२ अंक के साथ योग से निष्पन्न ४८ को षष्ठपंक्ति में १६ अंक के नीचे लिखा जाता है। पंचमपंक्तिस्थ २४ अंक का सूच्यङ्क ३२ के साथ योग से निष्पन्न ५६ अंक को षष्ठपंक्ति में ४८ अंक के नीचे लिखा जाता है। पंचमपंक्तिस्थ २८ अंक का सूच्यङ्क ३२ के साथ योग से निष्पन्न

६० अंक को षष्ठपंक्ति में ही अंक ५६ के नीचे लिखा जाता है। पंचम पंक्तिस्थ अंक ३० का सूच्यङ्क ३२ अंक के साथ योग से निष्पन्न ६२ अंक को षष्ठ पंक्ति के ही अंक ६० के नीचे लिखा गया है। पंचमपंक्तिस्थ ३१ अंक का मूच्यङ्क ३२ के साथ योग से निष्पन्न ६३ अंक को षष्ठपंक्ति में ही ६२ अंक के नीचे लिखा जाता है। इस प्रकार षडवयवा षष्ठपंक्ति बन जाती है। सप्तम पंक्ति एकावयवा सूच्यङ्क ६४ से निष्पन्न हो जाती है। ६४ सूच्यङ्क का किसी अन्य से योग नहीं हो सकता क्योंकि षडक्षर प्रस्तार में ६४ से अधिक अक्षर वाले प्रस्तारभेद की सम्भावना ही नहीं हो सकती। इस प्रकार मेरुसिद्ध अङ्कों के प्रमाण वाले स्थानों से प्रस्तारस्वरूपभेदों के स्थानों का ज्ञान हो जाता है।

व्युत्क्रमसाधन पताका का द्वितीय प्रकार

सूच्यङ्कों का विन्यास कर देने पर क्रमशः पृष्ठाङ्कों से रहित अग्रिम श्रेणी के अङ्कों को पूर्व-पूर्व श्रेणी में लिखना चाहिए। जैसे षडक्षर प्रस्तार के १, २, ४, ८, १६, ३२, ६४ इन सूच्यङ्कों का क्रमशः विन्यास कर देने पर सबसे अन्तिम अर्थात् सप्तमश्रेणी के अङ्क ६४ में से सूच्यङ्क के छठे अङ्क ३२ को कम कर देने पर ३२ अङ्क बचते हैं। किन्तु उसका उल्लेख हो चुका है। और एक बार उल्लिखित अङ्क का पुनः उल्लेख नहीं होना चाहिए। अतः उसका उल्लेख नहीं किया गया। पश्चात् अन्तिम (सप्तम) श्रेणी के अंक ६४ में से क्रमशः १६, ८, ४, २, १ अंकों को कम कर देने पर ४८, ५६, ६०, ६२, ६३ अङ्क शेष रहते हैं। इन अङ्कों को षष्ठश्रेणी में ३२ अङ्क के नीचे क्रमशः लिखा जाता है। पश्चात् षष्ठ श्रेणी के ३२, ४८, ५६, ६० ६२, ६३ इन अङ्कों में प्रत्येक में से सूच्यङ्क १६, ८, ४, २, १ को कम करके उससे लब्ध अङ्कों को पंचम श्रेणी में लिखा जाता है। जैसे ३२ में से सूच्यङ्क १६ को कम कर देने पर १६ अङ्क बचता है। किन्तु उसका उल्लेख हो चुका है। अतः उसे पुनः नहीं लिखा गया है। ४८ में से सूच्यङ्क १६ अङ्क को कम कर देने पर ३२ अङ्क बचता है उसका भी उल्लेख षष्ठ श्रेणी में होने से पंचम श्रेणी में १६ अंक के नीचे नहीं किया गया है। षष्ठ श्रेणीस्थ ४८ अंक में से ही १६ ब ८ सूच्यंक को कम कर देने पर २४ अंक बचता है उसका पंचम श्रेणीस्थ १६ अंक के नीचे लिखा गया है। इसी प्रकार ५६ में से सूच्यङ्क १६ के कम कर देने पर ४० अङ्क बचता है उसको पंचमश्रेणीस्थ २४ अङ्क के नीचे लिखा गया है। षष्ठश्रेणीस्थ ५६ अङ्क में से ही १६, ८, ४, सूच्यङ्कों के कम करने से २८ अङ्क बचता है जो पंचम श्रेणीस्थ ४० अङ्क के नीचे लिखा गया है। षष्ठश्रेणीस्थ ६० अङ्क में से १६ सूच्यङ्क के कम कर देने पर ४४ अङ्क बचता है उसे पंचमश्रेणी में २८ के अङ्क के नीचे लिखा गया है। ६० में से सूच्यङ्क ८ को कम कर देने पर ५२ अङ्क बचता है जिसे पंचमश्रेणीस्थ ४४ अङ्क के नीचे लिखा गया है। ६० अङ्क में से सूच्यङ्कों १६, ८, ४, २ को कम करने से ३० अङ्क सिद्ध होता है जिसे ५२ अङ्क के नीचे लिखा गया है। षष्ठश्रेणीस्थ ६२ अङ्क में से सूच्यङ्क

१६ के कम करने पर ४६ अङ्क सिद्ध होता है जिसे अङ्क ३० के नीचे लिखा है। ६२ में ही ८ सूच्यङ्क को कम करने पर ५४ अङ्क निष्पन्न होता है जिसे पंचमश्रेणी में ही ४६ अङ्क से नीचे लिखा गया है। ६२ अङ्क में से ही सूच्यङ्क ४ के कम करने से निष्पन्न ५८ अङ्क को अङ्क ५४ के नीचे, तथा ६२ अङ्क में से ही १६, ८, ४, २,१ इन सूच्यङ्कों के कम करने पर ३१ अङ्क बचता है जिसे ५८ अङ्क के नीचे लिखा है। षष्ठश्रेणीस्थ ६३ अङ्क में से क्रमशः १६, ८, ४, २, सूच्यङ्कों के कम कर देने पर ४७, ५५, ५९, ६१, अंक निष्पन्न होते हैं जिन्हें क्रमशः ३१अंक के नीचे पंचमश्रेणी में लिखा गया है। इस प्रकार १५ अंकों वाली पंचमश्रेणी सिद्ध हो जाती है।

इसी प्रकार पंचमश्रेणी के १५ अंकों में प्रत्येक में से पृष्ठाङ्क ८, ४, २, १ से कम कर उनसे निष्पन्न अंकों को चतुर्थश्रेणी में उत्तरोत्तर नीचे लिखा जाता है। जैसे पंचमश्रेणीस्थ १६ अंक में पृष्ठाङ्क ८ अंक की न्यूनता कर देने पर सिद्ध ८ अंक, पृष्ठाङ्क ४ अंक की न्यूनता से निष्पन्न १२ अंक, पंचमश्रेणीस्थ २४ अंक में से पृष्ठाङ्क ४ अंक की न्यूनता से सिद्ध २० अंक, पंचमश्रेणीस्थ ४० अंक में से पृष्ठाङ्क ४ अंक की न्यूनता से निष्पन्न ३६ अंक चतुर्थश्रेणी में उत्तरोत्तर नीचे लिखा गया है। पंचम-श्रेणीस्थ २८ अंक में से पृष्ठाङ्क ८, ४, २ अंकों की कमी करने से निष्पन्न १४ अंक चतुर्थ श्रेणी में ३६ अंक के नीचे लिखा गया है। पंचमश्रेणीस्थ २८ अंक में से पृष्ठाङ्क ४, २ की कमी करने से २२ अंक चतुर्थश्रेणी के १४ अंक के नीचे, पंचमश्रेणी के ४४ अंक में से ४, २ की कमी से सिद्ध ३८ अंक चतुर्थश्रेणी में २२ अंक के नीचे लिखा गया है। इसी प्रकार पंचमश्रेणी के अंकों में से पृष्ठाङ्क ८, ४, २, १, की यथासम्भव कमी करने से २० अंकों की चतुर्थश्रेणी निष्पन्न हो जाती है। इसी प्रकार चतुर्थश्रेणीस्थ अंकों में उनके पृष्ठाङ्क ४, २, १ की न्यूनता करने से निष्पन्न अंकों से १५ अंकों वाली तृतीय श्रेणी का निर्माण होता है। जैसे चतुर्थश्रेणीस्थ ८ अंक में से पृष्ठाङ्क ४ की कमी से तृतीय श्रेणी का ४ अंक, २ पृष्ठाङ्क की कमी से ६ अंक चतुर्थश्रेणी के १२ अंक में से २ पृष्ठाङ्क की कमी से तृतीयश्रेणी के १० अंक, चतुर्थश्रेणी के २० अंक में से २ पृष्ठाङ्क की कमी से तृतीयश्रेणी का १८ अंक, चतुर्थश्रेणी के ३६ अंक में से पृष्ठाङ्क २ की कमी से तृतीयश्रेणी का ३४ अंक तथा चतुर्थ श्रेणी के १४ में से १, २ पृष्ठांक की कमी से ११ अंक, चतुर्थश्रेणी के १४ अंक में से पृष्ठाङ्क १, २, ४ की कमी से तृतीयश्रेणी का ७ अंक, चतुर्थश्रेणी के २२ अंक में से पृष्ठाङ्क १, २ की कमी से तृतीयश्रेणी का १९ अंक निष्पन्न होता है। इसी प्रकार तृतीयश्रेणी के आगे के अंक सिद्ध होते हैं।

तृतीयश्रेणी के अंकों में पृष्ठाङ्क २,१ की कमी से निष्पन्न अंकों द्वारा षडवथवा द्वितीयश्रेणी सिद्ध हो जाती है। जैसे तृतीयश्रेणीस्थ ४ अंक में से उसके पृष्ठांक २ अंक की न्यूनता से निष्पन्न २ अंक, उसी तृतीयश्रेणीस्थ ४ अंक में से १ पृष्ठांक की कमी से सिद्ध ३ अंक तथा तृतीयश्रेणीस्थ अंक ६ में से पृष्ठांक १ अंक की कमी से

निष्पन्न ५ अंक, तृतीय श्रेणी के अंक १० में पृष्ठांक १ की कमी से निष्पन्न ९ अंक, तृतीयश्रेणी के १८ अंक में पृष्ठांक १ की कमी से सिद्ध १७ अंक तथा तृतीयश्रेणीस्थ ३४ अंक में से पृष्ठांक १ की कमी से निष्पन्न ३३ अंक द्वितीयपंक्ति में उत्तरोत्तर नीचे लिखे गये हैं। इन्हीं अंकों से षडङ्का (षडवयवा) द्वितीय श्रेणी सिद्ध हो जाती है। इन द्वितीयश्रेणीस्थ अंकों में भी प्रत्येक में पृष्ठांक १ अंक की कमी से क्रमशः २, ४ ८, १६, ३२ ये अंक निष्पन्न होते हैं तथापि इनका प्रथम श्रेणी में उल्लेख नहीं होता क्योंकि इन सबका पहिले उल्लेख हो चुका है और एक बार उल्लिखित का पुनः उल्लेख नहीं होता, अतः अन्त में प्रथमश्रेणी में १ अंक ही बच जाता है। इस प्रकार व्युत्क्रम से भी एकांका षडंका, पंचदशांका विंशत्यंका पंचदशांका षडंका व एकांका इन सात श्रेणियों का निर्माण हो जाता है। यही व्युत्क्रमसाधनरूप प्रकार पताका का द्वितीय प्रकार है।

प्रथम साध्यक्रम साधन, पताका का तृतीय प्रकार

(अर्थात् सूची के प्रथम अंक का क्रमशः एक-एक सूच्यङ्कों, दो-दो सूच्यङ्कों, तीन-तीन प्रभृति सूच्यङ्कों के योग से निष्पन्न पताका श्रेणियों का प्रकार)—

जैसे षडक्षर प्रस्तार में १, २, ४, ८, १६, ३२, ६४ इस रूप से सूच्यङ्क का विन्यास करने पर सभी अंकों में सबसे प्रथम १ अंक का ही क्रमशः आगे वर्तमान १, २, ४, ८, १६, ३२ इन सूच्यङ्कों के योग से निष्पन्न २, ३, ५, ९, १७, ३३ अंकों के द्वारा पताका की द्वितीय श्रेणी का निर्माण हो जाता है। सर्वादिभूत १ अंक का ही सूच्यंकों में दो-दो अंकों के (द्वयङ्कक्रम) से

१—२, १—४, १....८, १—१६, १—३२
२—४, २—८, २—१६, २—३२
४—८, ४—१६, ४—३२
८—१६, ८—३२

१६—३२ इस क्रम से योग करने पर निष्पन्न अंकों को तृतीय श्रेणी में क्रमशः नीचे लिखना चाहिए। जैसे सभी अंकों में आदिभूत १ अंक का दो सूच्यङ्क १,२ से मिला देने पर ४ अंक का, सर्वादिभूत १ अंक का ही १,४ सूच्यङ्कों के योग से निष्पन्न ६ अंक का, सर्वादिभूत १ अंक का ही दो सूच्यङ्कों १,८ के योग कर देने पर निष्पन्न १० अंक का, सर्वादिभूत १ अंक का ही दो सूच्यङ्कों १, १६ से योग कर देने पर निष्पन्न १८ अंक का, सर्वादिभूत १ अंक का ही १, १६ सूच्यङ्कों से योग करने पर निष्पन्न ३४ अंक का तृतीय श्रेणी में उत्तरोत्तर नीचे उल्लेख किया गया है। इसी प्रकार सर्वादिभूत १ अंक का अन्य दो-दो सूच्यङ्कों के साथ योग करने पर तृतीय श्रेणीस्थ अन्य अंक भी बन जाते हैं और उनको क्रम से नीचे-नीचे लिखने पर तृतीय श्रेणी की सिद्धि हो जाती है। जैसे सर्वादिभूत १ अंक का क्रमशः २—४, २—८, २—१६,

२—३२ सूच्यंकों से योग करने पर ७, ११, १९, ३५ अंकों की सिद्धि होती है। सर्वादिभूत १ अंक का ही क्रमशः ४—८, ४—१६, ४—३२ इन सूच्यंकों से योग करने पर १३, २१, ३७ अकों की निष्पत्ति होती है। सर्वादिभूत १ अंक का ही क्रमशः ८—१६, ८—३२ सूच्यंकों से योग करने पर २५ व ४१ अक की सिद्धि होती है। सर्वादिभूत १ अंक का ही १६—३२ इन सूच्यंकों के योग से ४९ अंक सिद्ध होता है। इन सब अंकों को क्रम से उत्तरोत्तर नीचे लिखने पर पताका की तृतीय श्रेणी बन जाती है।

इसी रीति से सर्वादिभूत १ अंक का ३-३ सूच्यंकों के योग से निष्पन्न अंकों से २० अंकों वाली चतुर्थ श्रेणि बन जाती है। जैसे सर्वादिभूत १ अंक का तीन सूच्यंकों १, २, ४ के योग से चतुर्थ श्रेणि का ८ अंक, सर्वादिभूत १ अंक का तीन सूच्यंकों १, २, ८ अंकों के योग से चतुर्थ श्रेणि का १२ अंक सिद्ध हो जाता है। इसी क्रम से सर्वादिभूत १ अंक का भिन्न भिन्न तीन सूच्यंकों के योग से चतुर्थ श्रेणि के अन्य २० आदि अंकों की भी निष्पत्ति हो जाती है।

इसी तरह सर्वादिभूत १ अंक का ४, ४ सूच्यंकों के योग से पञ्चम श्रेणि के अंक सिद्ध हो जाते हैं। जैसे सर्वादिभूत १ अंक का चार सूच्यंकों १, २, ४, ८ के योग से पञ्चम श्रेणी के १६ अंक, सर्वादिभूत १ अंक का ही चार सूच्यंकों १, २, ४, १६ के योग से २४ अंक, इसी तरह पञ्चम श्रेणि के अन्य अंक भी बन जाते हैं तथा उन्हें उत्तरोत्तर अधोऽधः रखने से पञ्चदशाङ्का पञ्चमश्रेणि बन जाती है।

इसी प्रकार से सर्वादिभूत १ अंक का ५-५ सूच्यंकों के योग से षष्ठश्रेणि सिद्ध हो जाती है। जैसे सर्वादिभूत १ अंक का पाँच सूच्यंकों १, २, ४, ८, १६ के साथ योग कर देने से षष्ठ श्रेणि के ३२ अंक की तथा सर्वादिभूत १ अंक का ही पाँच सूच्यंकों १, २, ४, ८, ३२ के योग से षष्ठ श्रेणि के ४८ अंक की निष्पत्ति हो जाती है। इसी क्रम को जारी रखने पर षष्ठ श्रेणि के अन्य अंक भी सिद्ध हो जाते हैं। इस प्रकार षडवयवा षष्ठ श्रेणि बन जाती है। इसी तरह सर्वादिभूत १ अंक का ६ सूच्यंकों १, २, ४, ८, १६, ३२ के योग से ६४ अंक वाली सप्तम श्रेणि बन जाती है। यही पताका का तृतीय प्रकार है।

चरमसाध्य व्युत्क्रमसाधन पताका का चतुर्थ प्रकार

सूच्यंकों में अन्तिम सूच्यंक में से एक एक पृष्ठाङ्क कम कर देने पर उपान्त्य षष्ठ श्रेणि का निर्माण हो जाता है। जैसे षडक्षर प्रस्तार में अन्तिम सूच्यङ्क ६४ हैं। इस में एक पृष्ठाङ्क ३२ की न्यूनता से षष्ठ श्रेणि का प्रथम अंक ३२ सिद्ध हो जाता है। ६४ में ही पृष्ठाङ्क १६ अंक कम कर देने पर ४८ अंक षष्ठ श्रेणि का बन जाता है। उसी ६४ सूच्यंक से पृष्ठाङ्क ८ कम करने पर षष्ठ श्रेणि का ५६ अंक बन जाता है। ६४ रूप सूच्यंक से पृष्ठाङ्क ४ की कमी से षष्ठ श्रेणि का ६० अंक सिद्ध हो जाता है। ६४ सूच्यंक में ही पृष्ठाङ्क २ की

कमी कर देने पर षष्ठ श्रेणि का ६२ अंक बन जाता है। ६४ में से ही पृष्ठाङ्क १ अंक की न्यूनता से षष्ठ श्रेणि का ६३ अंक निष्पन्न हो जाता है। इस प्रकार ३२, ४८, ५६, ६०, ६२, ६३ इन ६ अंकों वाली षष्ठ श्रेणि का निर्माण हो जाता है।

सूच्यङ्क ६४ में दो दो पृष्ठाङ्कों की कमी से पञ्चम श्रेणि का निर्माण होता है। जैसे अन्तिम सूच्यंक ६४ में दो पृष्ठाङ्क ३२ व १६ की कमी से पञ्चम श्रेणी का १६ अंक, ६४ में से ही पृष्ठाङ्क ३२ व ८ की कमी कर देने पर पञ्चम श्रेणि का २४ अंक, ६४ में ही पृष्ठाङ्क १६ व ८ के कम कर देने पर पञ्चम श्रेणि का ४० अंक, ६४ में ही पृष्ठाङ्क ३२ व ४ के कम करने से पच्चम श्रेणि का २८ अंक, ६४ में ही पृष्ठाङ्क १६ व ४ को कम करने पर पञ्चम श्रेणि का ४४ अंक, ६४ में से ही पृष्ठाङ्क ८ व ४ की कमी से पञ्चम श्रेणि का ५२ अंक, ६४ में से ही ३२ व २ इन पृष्ठाङ्कों की कमी से पञ्चम श्रेणि का ३० अंक, ६४ में ही पृष्ठाङ्क १६ व २ पृष्ठाङ्क की न्यूनता से पञ्चम श्रेणि का ४६ अंक, ६४ में से ही पृष्ठाङ्क ८ व २ की न्यूनता से पञ्चम श्रेणी का ५४ अंक, ६४ में से ही पृष्ठाङ्क ४ व २ की कमी से पञ्चम श्रेणि का ५८ अंक, ६४ में से ही पृष्ठाङ्क ३२ व २ को कम कर देने पर पञ्चम श्रेणि का ३० अंक, ६४ में से ही पृष्ठाङ्क १६ व १ की कमी से पञ्चम श्रेणि का ४७ अंक ६४ में से ही पृष्ठाङ्क ८ व १ की न्यूनता से पञ्चम श्रेणि का ५५ अङ्क, ६४ में ही पृष्ठांक ४ व १ की कमी से पञ्चम श्रेणि का ५९ अंक तथा ६४ में ही पृष्ठाङ्क २ व १ को कम कर देने पर पञ्चम श्रेणि का ६१ अंक सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार १५ अंकों या अवयवों वाली पञ्चम श्रेणि सिद्ध हो जाती है।

अन्तिम सूच्यङ्क ६४ में से ३-३ पृष्ठांकों की कमी करने से षडक्षर प्रस्तार की २० अवयवों वाली चतुर्थ श्रेणि सिद्ध हो जाती है। जैसे ६४ में से ३२, १६ व ८ इन तीन पृष्ठाङ्कों को हटा देने पर तृतीय श्रेणि का ८ अंक, ६४ में ही ३२, १६, ४ इन पृष्ठाङ्कों की कमी से तृतीय श्रेणी का १२ अंक सिद्ध हो जाता है। इसी प्रकार आगे भी ६४ में से तीन तीन पृष्ठाङ्कों को कम कर देने पर चतुर्थ श्रेणि के २०, ३६, १४ अंकों की निष्पत्ति हो जाती है।

अन्तिम सूच्यङ्क ६४ में ४-४ पृष्ठाङ्क की कमी से तृतीय श्रेणि सिद्ध हो जाती है। जैसे ६४ में से ३२, १६, ८, ४ इन चार पृष्ठाङ्कों के न्यून कर देने पर तृतीय श्रेणि का ४ अंक, तथा ३२, १६, ८ व २ इन चार पृष्ठाङ्कों को कम करने से तृतीय श्रेणि के ६ अंक की निष्पत्ति हो जाती है। इस प्रकार आगे भी ६४ में से ४-४ पृष्ठांकों को कम कर देने पर तृतीय श्रेणि के १०, १८ आदि अंकों की सिद्धि हो जाती है। इस प्रकार पञ्चदशावयवा तृतीय श्रेणि बन जाती है।

अन्तिम सूच्यंक ६४ में से ही ५-५ पृष्ठाङ्कों को कम कर देने पर षडवयवा द्वितीय श्रेणि सिद्ध हो जाती है। जैसे ६४ में से ३२, १६, ८, ४, २ इन पृष्ठाङ्कों की न्यूनता कर देने पर द्वितीय श्रेणि का २ अंक, ६४ में से ही ३२, १६, ८, ४, १

इन पृष्ठांकों की कमी से द्वितीय श्रेणि का ३ अंक सिद्ध हो जाता है। इसी प्रकार आगे भी ५-५ पृष्ठाङ्कों की कमी से द्वितीय श्रेणि के अन्य अंकों की सिद्धि हो जाती है।

अन्तिम सूच्यंक ६४ में ही ३२, १६, ८, ४, २, १ इन ६ पृष्ठाङ्कों की कमी से प्रथप पंक्ति का १ अंक सिद्ध हो जाता है। इस प्रकार क्रमशः एकाङ्का, षडङ्का, पञ्चदशाङ्का, विंशत्यङ्का, पञ्चदशाङ्का, षडङ्का व एकाङ्का इन ७ श्रेणियों की सिद्धि षडक्षर प्रस्तार में हो जाती है।

यह पताका का चतुर्थ प्रकार है।

इस रीति से चार प्रकार की पताका का वर्णन हो चुका। इस पताका के द्वारा षड्गुरुक या सर्वगुरुक, पञ्चगुरुक आदि प्रस्तारस्वरूपभेदों अर्थात् न्यासों के स्थान का निर्णय हो जाता है। जैसे षडक्षर प्रस्तार में षडक्षर प्रस्तार वाली पताका के प्रथम श्रेणिस्थ १ अंक से षड्गुरुक न्यास का प्रथम स्थान है। तथा पञ्चगुरुक अक्षर वाले प्रस्तार के भेदों (न्यासों) के स्थान का षडङ्क वाली पंक्ति में निर्दिष्ट २, ३, ५, ९, १७, ३३ इन अंकों से सिद्ध हो जाते हैं। इसी प्रकार चतुर्गुरुक अक्षर वाले १५ न्यासों का स्थान तृतीय श्रेणिस्थ ४, ६, १०, १८ आदि अकों के द्वारा, त्रिगुरुक अक्षर वाले २० न्यासों का स्थान चतुर्थ श्रेणिस्थ ८, १२, २०, ३६ आदि अङ्कों के द्वारा, द्विगुरुक अक्षर वाले १५ न्यासों का स्थान पञ्चमश्रेणिस्थ १६, २४, ४०, ४८ आदि अंकों के द्वारा, एकगुरुक अक्षर वाले ६ न्यासों का स्थान षष्ठ श्रेणिस्थ ३२, ४८, ५६ आदि अंकों के द्वारा तथा निर्गुरुक एक न्यास का स्थान सप्तम श्रेणिस्थ ६४ अंक के द्वारा सिद्ध हो जाता है, अर्थात् ज्ञात हो जाता है। इसी प्रकार विपरीत क्रम से युक्त सप्तम, षष्ठ, पञ्चम, चतुर्थ, तृतीय, द्वितीय, एक श्रेणि के द्वारा क्रमशः निर्गुरुक अर्थात् षड्लघुक, पञ्चलघुक, चतुर्लघुक, त्रिलघुक, द्विलघुक एकलघुक तथा निर्लघुक न्यासों के स्थानों का ज्ञान हो जाता है।

अब मर्कटी सम्बन्ध से भी दिखलाने योग्य प्रत्ययों का निरूपण प्रारम्भ किया जा रहा है। ये प्रत्यय-सूची, पाताल, मात्रा तथा पिण्ड नामक चार प्रत्यय हैं।

सूची प्रत्यय

जहाँ १ अङ्क से आरम्भ कर उत्तरोत्तर द्विगुणित अङ्क १, २, ४, ८, १६ इत्यादि रूप से लिखे जाते हैं उसे सूची कहते हैं। उन द्विगुणित अङ्कों में अन्तिम अङ्क से प्रस्तारसंख्या का ज्ञान होता है। उपान्त्य (अन्त्य के समीप) अंक से गुर्वादि, लघ्वादि, गुर्वन्त व लघ्वन्त इन चार भेदों की संख्या का ज्ञान होता है। अर्थात् गुर्वादि भेद, लघ्वादि भेद, गुर्वन्तभेद व लघ्वन्त भेद कितने हैं यह ज्ञात होता है उपान्त्य से पूर्व अंक से गुर्वादिलघ्वन्त, लघ्वादिगुर्वन्त, गुर्वादिगुर्वन्त, लघ्वादिलघ्वन्त इन चार प्रकार के भेद कितने हैं इसका ज्ञान होता है? जैसे चतुरक्षर प्रस्तार में प्रस्तार के न्यासों की संख्या १६ है यह सूची के अन्तिम अंक १६ से ज्ञात होता है

और गुर्वादिभेद लघ्वादिभेद, तथा गुर्वन्तभेद व लघ्वन्तभेद ८-८ हैं यह सूची के उपान्त्य अंक ८ से ज्ञात होता है। इसी प्रकार गुर्वादिलघ्वन्तभेद, लघ्वादिगुर्वन्तभेद, गुर्वादिगुर्वन्तभेद, तथा लघ्वादिलघ्वन्तभेद चार चार हैं। यह ज्ञान सूची के उपान्त्य से पूर्व के ४ अंक से होता है।

पाताल प्रत्यय

जितने अक्षरों का प्रस्तार अभिप्रेत है उसे इष्टाक्षराङ्क कहते हैं। इष्टाक्षराङ्क से गुणित गुर्वन्तभेदों या लघ्वन्तभेदों को जो जो संख्या १, ४, ८, १२, ३२, ८० इत्यादि हैं उनकी उल्लेखपरम्परा पाताल प्रत्यय कहलाती है। उससे सर्वगुर्वक्षर-संख्या तथा सर्वलघु-अक्षरसंख्या का ज्ञान होता है। जैसे चतुरक्षरप्रस्तार में गुर्वन्त-भेद ८ हैं इनका इष्टाक्षराङ्क ४ से गुणा करने पर ३२ संख्या होती है। इसलिए चतुरक्षरप्रस्तार में ३२ ही गुरुअक्षर तथा ३२ ही लघुअक्षर हैं। यह पाताल प्रत्यय से ज्ञात हो जाता है।

मात्राप्रत्यय

गुरु (ऽ) अक्षर की दो मात्रा तथा लघु (।) की एक मात्रा होती है। अतः गुरु (ऽ) मात्रा को द्विगुणित कर लघु (।) मात्रासंख्या का उसमें योग करने से मात्राओं की पूर्ण संख्या का ज्ञान हो जाता है। जैसे चतुरक्षरप्रस्तार में ३२ गुरु (ऽ) मात्रा हैं। इनको द्विगुणित कर ३२ लघु (।) मात्राओं को योग करने पर ९६ मात्रायें चतुरक्षर प्रस्तार में हैं यह सिद्ध हो जाता है। अर्थात् चतुरक्षर-प्रस्तार की मात्रासमष्टि ९६ हैं यह ज्ञात हो जाता है। इसी प्रकार पञ्चाक्षरादि-प्रस्तारों में मात्रासमष्टि का ज्ञान करना चाहिए।

पिण्डप्रत्यय

जिस प्रकार प्रस्तार में मात्राओं के संकलन में सभी गुरुलघुमात्राओं का लघु-मात्रा में परिवर्तन कर मात्राओं की गणना है उसी प्रकार सभी गुरुलघुमात्राओं का गुरुमात्रा रूप में परिवर्तन कर उनका लेखन पिण्ड प्रत्यय कहलाता है। इसीलिए नियम से मात्रासंख्या की अर्धसंख्या पिण्ड कहलाती है। जैसे चतुरक्षरप्रस्तार में मात्रा संख्या ९६ है। इसकी अर्धीकृत संख्या ४८ पिण्ड कहलाती है। अथवा गुरुमात्रासंख्या का डेढा करने पर पिण्ड संख्या हो जाती है। जैसे एकाक्षरप्रस्तार गुरुमात्रासंख्या १ है। इसका डेढा कर ऊर्ध्वाधःकृत अर्थात् ऊपर नीचे लिखे हुए दो एकाङ्कों से पिण्ड संख्या होती है। इस तरह सूची पाताल, मात्रा तथा पिण्ड अवयवों वाली मर्कटी है यह पहिले बतलाया जा चुका है।

मर्कटी शाव (लघुमर्कटी)

जगन्नाथसूत्र में मर्कटीशाव नामक एक लघुमर्कटी और मानी है। उसके द्वारा सब वर्णों की, गुरुलघुवर्णों की तथा मात्राओं की संख्या सिद्ध की गई है। वहाँ

इष्टाक्षराङ्क से गुणित न्याससंख्या के अङ्क से प्रस्तार के सर्व वर्णों का, सब वर्णों की संख्या का, अर्धीकरण करने पर गुरुलघु वर्णों (अक्षरों) का, प्रस्तारगत सब वर्णों की संख्या में उस संख्या की अर्धसंख्या और मिलाने पर प्रस्तारगत सब मात्राओं का ज्ञान हो जाता है। जैसे चतुरक्षर प्रस्तार में न्याससंख्या १६ का इष्टाक्षराङ्क ४ संख्या से गुणा करने पर ६४ संख्या चतुरक्षर प्रस्तार की संख्या है। इतने ही चतुरक्षर प्रस्तार में सारे वर्ण हैं। सर्ववर्णसंख्या का अर्धीकृत ३२ संख्या सारे गुरुवर्णों की वा सारे लघुवर्णों की है। ६४ संख्या को डेढा कर देने पर जो ९६ सख्या होती है उतनी ही चतुरक्षर प्रस्तार में सब मात्रायें हैं।

इस तरह प्राचीन छन्दःशास्त्रज्ञों द्वारा उल्लिखित अनेक प्रकारों से प्रस्तार नष्ट उद्दिष्ट संख्यान, अध्वयोग, मेरु, शलाका, पताका, मर्कटी आदि १३ प्रत्ययों द्वारा विस्तार से निरूपित शास्त्रजालनामक प्रकरण समाप्त हुआ।

अब बालकों के अभ्यास के लिए उपर्युक्त प्रत्ययों की सुखसारणी का निरूपण किया जा रहा है। संख्यान, अध्वयोग, प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट, मेरु, शलाका, पताका, मर्कटीजाल नामक प्रत्ययों की वर्णसूची ही केवल एक ध्रुवा है। वर्णसूचीरूप ध्रुवा के आधार से ही इन सब प्रत्ययों का ज्ञान सम्भव है। अतः क्रम से वर्ण-सूचीरूप ध्रुवा से इन प्रत्ययों का कथन किया जा रहा है। यह वर्णसूची सौत्रसूची तथा असौत्रसूची भेद से दो प्रकार की है। हार सौत्रसूची है तथा तार असौत्रसूची है। शून्य जिसके आदि में है ऐसे पार से अनुलक्षित हार सौत्रभूचीक्रम है। पार से अनुलक्षित तार असौत्रसूचीक्रम है। प्रारम्भ के एक (१) अङ्क को रखकर पश्चात् उत्तरोत्तर (आगे से आगे) द्विगुणित अङ्कों का विन्यास हार कहलाता है। प्रारम्भ में १ अङ्क का उल्लेख न कर केवल द्विगुणित अङ्कों का ही विन्यास तार कहलाता है। तथा १, २, ३, ४ इत्यादि रूप से क्रमिक अङ्कों का विन्यास पार कहलाता है। पार हार और तार में जिस अङ्क से प्रयोजन हैं वह अङ्क इष्ट कहलाता है और जितने अक्षर वाले प्रस्तार में जिस अर्थ को बतलाने की इच्छा है वह पारस्थ अङ्क इष्टाक्षर है। इष्टाक्षर से अनुलक्षित तार संख्यानाङ्क कहलाता है, वह इष्टाक्षर वाले प्रस्तार की अपेक्षा से है।

पार	०	१	२	३	४	५	६	७	८	सौत्रसूचीक्रम
हार	१	२	४	८	१६	३२	६४	१२८	२५६	
पार		१	२	३	४	५	६	७	८	असौत्रसूचीक्रम
तार		२	४	८	१६	३२	६४	१२८	२५६	

संख्यान

उपर्युक्त रीति से अङ्कविन्यास करने पर इष्ट पार से अनुलक्षित तार से इष्ट अक्षर वाले प्रस्तार में गुरुलघुभेदभिन्न प्रस्तारस्वरूपभेद होते हैं। यह प्रथम संख्यान-प्रत्यय है। जैसे इष्ट अङ्क ४ है। तथा चतुरक्षरप्रस्तार में ४ संख्यारूप पारस्थ अङ्क इष्टाक्षर है। चतुरक्षरप्रस्तार में चतु:संख्यारूप पारस्थ ४ अंक से अनुलक्षित तारस्थ १६ अङ्क से गुरुलघुभेदभिन्न १६ प्रस्तारस्वरूपभेद (न्यासभेद) हैं यह ज्ञात हो जाता है।

अध्वयोग

गुरु (ऽ) या लघु (।) अक्षर लिखने पर जितने प्रदेश को व्याप्त करता है उतना प्रदेश अङ्गुल कहलाता है। संख्यान से द्विगुणित अंक के प्रमाण वाले अंगुल प्रदेश में एक अंगुल कम कर देने पर उस प्रस्तार का आधारभूत अध्वा होता है उतने अंगुल वाले प्रदेश का ग्रहण कर उस प्रस्तार का उल्लेख करना चाहिए। जैसे षडक्षर प्रस्तार का संख्यानाङ्क ६४ है। ६४ संख्या को द्विगुणित करने पर १२८ अंगुल वाला प्रदेश होता है। उसमें एक अंगुल प्रदेश को कम कर १२७ अंगुल वाला प्रदेश षडक्षर प्रस्तार का आधारभूत अध्वा है। अत: षडक्षर प्रस्तार के उल्लेख के लिए १२७ अंगुल का प्रदेश ग्रहण करना चाहिए।

प्रस्तार

इष्टाक्षर से अनुलक्षित निम्ननिर्दिष्ट हार प्रमाण वाले ऊर्ध्वाधर स्थानों में उससे पूर्व अङ्कों के क्रम से गुरु (ऽ) लघु (।) अक्षर लिखे जाते हैं उसे प्रस्तार कहते हैं। जैसे त्र्यक्षर बनाने की इच्छा हो तो ३ अङ्क के नीचे के हाराङ्क के प्रमाण वाले ऊर्ध्वाधरभूत आठ स्थानों में ८ अङ्क के पूर्व के १, २,४, इन तीन हाराङ्कों के अनुसार गुरु (ऽ) लघु (।) वर्णों को लिखना चाहिए। आदि में १ गुरु १ लघु इस प्रकार आठों स्थानों में गुरुलघु वर्णों को लिखे। पश्चात् २ गुरु २ लघु इस क्रम से आठों स्थानों में गुरुलघुवर्णों को लिखे। तथा अन्त में चार गुरु और चार लघु इस क्रम से आठों स्थानों में गुरुलघुवर्णों का उल्लेख करें। इस प्रकार गुरुलघुवर्णों का उल्लेख करने पर त्र्यक्षर प्रस्तार सिद्ध हो जाता है। इसी तरह चतुरक्षरप्रस्तार में इष्टाङ्क ४ के नीचे निर्दिष्ट हार प्रमाण वाले ऊर्ध्वाधरभूत १६ स्थानों में १६ हाराङ्क से पूर्व के १, २, ४, ८ इन चार अङ्कों से अनुलक्षित गुरुलघुवर्णों का विन्यास करे आदि में अर्थात् प्रथम पंक्ति में १६ स्थानों में एक गुरु एक लघु इस प्रकार गुरुवर्ण व लघुवर्ण लिखें। पश्चात् द्वितीय पक्ति में १६ स्थानों में २ गुरु २ लघु इस रूप से गुरुलघुवर्णों को लिखें। तदनन्तर तृतीय पंक्ति में ४ गुरु ४ लघु इस प्रकार से १६ स्थानों में गुरुलघुवर्णों का उल्लेख करें और अन्त में अर्थात् चतुर्थपंक्ति में ८ गुरु और ८ लघु इस प्रकार से ऊर्ध्वाधरभूत १६ स्थानों में गुरुलघुवर्णों का विन्यास करे। इस रीति से गुरुलघुवर्णों का विन्यास करने से चतुरक्षर प्रस्तार की सिद्धि हो जाती है। अन्य प्रस्तारों की सिद्धि भी इसी प्रकार करनी चाहिए।

नष्टप्रत्यय

संख्यानाङ्क में से जिज्ञासित अङ्क कम कर देने पर अवशिष्ट संख्यानाङ्क संख्यानाङ्क से पूर्ववर्ती हाराङ्कों में जहां जहाँ उद्धृत (उपलब्ध) होता है वहाँ गुरु (ऽ) अक्षर तथा अन्यत्र लघु (।) अक्षर लिखा जाता है उसे नष्टविज्ञान कहते हैं। जैसे चतुरक्षर प्रस्तार में संख्यानाङ्क १६ हैं, इसमें जिज्ञासित अङ्क ९ हैं, क्योंकि नवम प्रस्तारस्वरूप को मालूम करना है। उस ९ अङ्क के कम कर देने पर ७ अङ्क शेष रहता है। यह ७ अंक संख्यानाङ्क से पूर्ववर्ती १,२,४,८ इन चार हाराङ्कों में से प्रथम-द्वितीय-तृतीय स्थानवर्ती १,२,४ इन तीन हाराङ्कों में उद्धृत उपलब्ध हो जाता है। अतः इन तीन स्थानों में गुरु (ऽ) अक्षर तथा अवशिष्ट में लघु (।) अक्षर लिखा जाता है। इस प्रकार ऽऽऽ। ऐसा स्वरूप नवम प्रस्तार का है।

इसी प्रकार चतुरक्षर प्रस्तार में संख्यानाङ्क १६ में से जिज्ञासित अङ्क ७ को कम कर देने पर अवशिष्ट ९ अंक है वह संख्यानाङ्क से पूर्ववर्ती हाराङ्कों १,२,४,८ में से प्रथम-चतुर्थ-स्थानवर्ती हाराङ्क अर्थात् १ तथा ८ अङ्कों में उपलब्ध हो जाता है। अतः प्रथम व चतुर्थ स्थानों में गुरु तथा द्वितीय तृतीय स्थानों में लघु वर्ण का उल्लेख होने से चतुरक्षर प्रस्तार का सातवां रूप भगण व गुरु अक्षरात्मक (ऽ।। ऽ) सिद्ध होता है। इसी प्रकार चतुरक्षर प्रस्तार के तथा अन्य प्रस्तारों के अन्य स्थानीय स्वरूपों को मालूम करना चाहिए।

उद्दिष्ट

उद्दिष्ट क्रिया में उद्दिष्ट प्रस्तारस्वरूप के द्वारा उसके स्थान को मालूम किया जाता है। इसके लिए उद्दिष्ट स्वरूप के ऊपर संख्यानाङ्क से पूर्ववर्ती हाराङ्कों का विन्यास करने पर गुर्वङ्कों को संख्यानाङ्क से कम करने से जो अवशिष्ट संख्या शेष
१ २ ४ ८
रहती है वही उद्दिष्टस्वरूप की स्थानसंख्या होगी। जैसे (ऽ । ऽ ।) इस उद्दिष्ट स्वरूप के ऊपर संख्यानाङ्क १६ अंक से पूर्ववर्ती हाराङ्कों १,२,४,८ का विन्यास कर देने पर उद्दिष्ट स्वरूप के गुरुवर्णों के उपर के हाराङ्क १ व ४ को कम कर देने पर ११ संख्या बचती है यह ११ संख्या उद्दिष्ट स्वरूप की स्थानसंख्या सिद्ध होती है। इसी
१ २ ४ ८
प्रकार (। ऽ । ऽ) इसी उद्दिष्टस्वरूप पर संख्यानाङ्क १६ से पूर्ववर्ती १,२,४,८ इन हाराङ्कों का विन्यास करने पर उद्दिष्टस्वरूप के गुरु अङ्कों २,८ को संख्यानाङ्क से निकाल देने पर अवशिष्ट संख्या ६ शेष रहती है। अतः यह ६ संख्या ही अर्थात् छठा स्थान ही उद्दिष्ट स्वरूप की स्थानसंख्या है।

मेरु

अब मेरु की प्रक्रिया बता रहे हैं। ऊपर से नीचे की ओर जाने वाला हार जिसमें ऊपर एक अंक से प्रारम्भ कर संख्यानाङ्क तक उत्तरोत्तर नीचे अङ्क लिखे जाते हैं, ऐसे हार में संख्यानाङ्क से ऊर्ध्वांकों के प्रमाण का जिसमें एक अंक पूर्व में है,

उल्लेख कर पूर्व गणना की आवृत्ति करने पर एक एक अङ्क का परित्याग करते हुए उल्लिखिताङ्कपरिमित आवृत्तियाँ पुन: पुन: करते हुए संख्यानाङ्क से उत्तरोत्तर एकाङ्क से ऊर्ध्वांक (ऊपर की ओर के अङ्कों) के प्रमाणवाली आवत्ति करे। यह आवृत्ति अभीष्टप्राप्तिकर होगी। जैसे—

पार	हार							
०	१							
१	२	१	१					
२	४	१	२	१				
३	८	१	३	३	१			
४	१६	१	४	६	४	१		
५	३२	१	५	१०	१०	५	१	
६	६४	१	६	१६	२०	१५	६	१

इस उपरिलिखित मेरु में ६४ संख्यारूप संख्यानाङ्क से ऊपर ३२ से १ तक के सभी अंकों की एक बार आवृत्ति करने पर ६ अंक सिद्ध होते हैं, अत: उसका उल्लेख नीचे की सातवीं पंक्ति में किया गया है। संख्यानाङ्क से ऊर्ध्ववर्ती अंकों की एक बार आवृत्ति से षडङ्क की प्राप्ति हुई है। अत: उस षडङ्क में से एक अङ्क को कम कर देने से ५ अङ्क बचे रहते हैं, अत: उस हाररूपी सूची का पाँच बार आवर्तन करे। प्रत्येक आवृत्ति में उत्तरोत्तरवर्ती एक एक सूच्यङ्क का परित्याग कर देना चाहिये। इस परिभाषा के अनुसार प्रथम आवृत्ति में षडङ्क की प्राप्ति हुई है। सूची की प्रत्येक आवृत्ति में एक अङ्क छोड़ने का नियम है। अत: प्रथम आवृत्ति के बाद सूची के एक अङ्क ३२ का परित्याग कर दिया गया है। अब पांच बार आवृत्ति में प्रथम आवृत्ति में जो ३२ अंक है उसको छोड़कर शेष सूची का ही आवर्तन होगा। अत: षोडशादि अङ्कों का आवर्तन होगा। पश्चात् दूसरी बार आवृत्ति करने पर १६ अंक का भी परित्याग होगा। और उसमें अष्टादि अङ्कों की ही आवृत्ति होगी। तीसरी आवृत्ति में ८ का अङ्क को भी छोड़ देना होगा। अब चतुरादि अङ्कों की ही आवृत्ति होगी। चतुर्थ आवृत्ति में ४ अंक का भी परित्याग होने से उसमें दो आदि अङ्कों की ही आवृत्ति होगी। पञ्चम आवृत्ति में 'दो' अंक का भी परित्याग होने से केवल १ अंक की ही आवृत्ति होगी। इस प्रकार षोडशादि अङ्कों की आवृत्ति में षोडशादि, अष्टादि, चतुरादि, द्वयादि तथा एकादि की आवृत्तिरूप पाँच आवृत्तियों में षोडशादि आवृत्ति से १६, ८, ४, २, १, इन पाँच अङ्कों की, अष्टादि आवृत्ति में ८, ४, २, १, इन चार अङ्कों की, चतुरादि आवृत्ति में ४, २, १ इन तीन अङ्कों की, द्वयादि आवृत्ति में २, १, इन दो अंकों की, एकादि आवृत्ति में १ अङ्क की प्राप्ति होने से सम्भूय १५ अङ्कों की प्राप्ति हो जाती है। इसका उल्लेख भी नीचे की साँतवी पंक्ति में कर दिया है। सूचीस्थ अङ्कों की पाँच बार आवृत्ति से

१५ अङ्कों प्राप्ति हुई है, अतः १५ में से ५ अंकों के कम कर देने से १० अङ्क बचते हैं। अतः पुनः सूची को १० बार आवृत्ति करें। षडंक की प्राप्ति के लिए तथा १५ अंक की प्राप्ति के लिये दो बार सूची की आवृत्ति हो चुकी और प्रत्येक आवृत्ति में सूची के एक एक अङ्क का परित्याग होने से संख्यानाङ्क से ऊर्ध्ववर्ती सूच्यङ्कों में ३२ व १६ सूच्यंक का परित्याग होने से विंशत्यङ्क की प्राप्ति के लिये आवर्तमान सूची का प्रारम्भ ८ सूच्यंक से होता है और इसमें दस बार आवृत्ति होगी। इसमें भी प्रत्यावृत्ति एक एक सूच्यंक का परित्याग होता है, अतः यहाँ पहले अष्टाद्यङ्क का आवर्तन है। इसमें ८, ४, २, १, इन चार अङ्कों की प्राप्ति, पश्चात् चतुरादि अङ्कों के आवर्तन से ४, २, १, इन तीन अङ्कों की प्राप्ति पुनः द्वयादि आवर्तन से २, १, इन दो अङ्कों की प्राप्ति, पश्चात् एकादि के आवर्तन से १ अङ्क की प्राप्ति, इस प्रकार सम्भूय १० अङ्कों की प्राप्ति हो जाती है। पुनः इस सूची का आवर्तन ८ सूच्यङ्क के परित्याग से चतुरादि अङ्क से होगा। इस आवृत्ति में ४, २, १, अङ्कों को आवृत्ति से तीन अङ्कों की प्राप्ति, पश्चात् द्वयादि के आवर्तन से २, १, इन दो अङ्कों की प्राप्ति, ततः एकादि के आवर्तन से १ अंक की प्राप्ति, इस तरह ६ अङ्कों की प्राप्ति होती है। पुनः सूची की आवृत्ति में प्रत्यावृत्ति एक सूच्यंक के परित्याग का नियम होने से यह आवृत्ति २ अंक से प्रारम्भ होती है। द्वयादि की आवृत्ति से २, १, इन दो अङ्कों की प्राप्ति तथा एकादि के आवर्तन से एक अङ्क की प्राप्ति, पुनः एकाङ्क की आवृत्ति से १ अंक की प्राप्ति, इस तरह १० बार की आवृत्ति से सम्भूय विंशति अङ्कों की प्राप्ति हो जाती है। जिसका उल्लेख भी नीचे की सातवीं पंक्ति में चतुर्थस्थान पर हुआ है।

विंशत्यङ्क की प्राप्ति सूची की दस बार आवृत्ति से हुई है अतः २० में से १० कम कर देने से १० अंक शेष रहते हैं। अतः पुनः सूची की १० बार आवृत्ति होगी। किन्तु सूची की आवृत्ति तीन बार हो चुकी है और प्रत्येक आवृत्ति में एक सूच्यंक के परित्याग से ३२, १६, ८ इन तीन सूच्यङ्कों की न्यूनता से वर्तमान आवृत्ति ४ सूच्यंक से प्रारम्भ होगी। अतः चतुरादि की आवृत्ति से तीन अङ्कों की प्राप्ति, पश्चात् द्वयादि अङ्कों की आवृत्ति से २ अङ्कों की प्राप्त, एकादि के आवर्तन से १ अंक की प्राप्ति, पुनः द्वयादि व एकादि के आवर्तन से क्रमशः २, १, अंक की प्राप्ति, पुनः एकादि की आवृत्ति, इस प्रकार तीन आवर्तों से एक प्रत्यावृत्ति होती है। तदनन्तर दूसरी प्रत्यावृत्ति होती हैं। इसमें द्वयादि का आवर्तन एकादि का आवर्तन इस प्रकार तीन आवर्तों से एक प्रत्यावृत्ति होती है। तदनन्तर दूसरी प्रत्यावृत्ति होती है। इसमें द्वयादि का आवर्तन, एकादिका आवर्तन, पुनः एकादि का आवर्तन। पुनः दूसरी प्रत्यावृत्ति करने से एकादि की आवृत्ति होने पर सम्भूय पञ्चदशाङ्क की सिद्धि होती है। इसका उल्लेख मेरु में सातवीं पंक्ति के पञ्चम स्थान में होता है। यह पञ्चदशाङ्क की प्राप्ति दश वार के आवर्तन से प्राप्त हुई है, अतः १५ में १० अंक कम कर देने पर ५ अङ्क शेष रहते हैं। अतः पाँच बार पुनः

सूची का आवर्तन होता है। यह आवर्तन २ सूच्यङ्क से प्रारम्भ होता है, क्योंकि चतुर्थ आवृत्ति में सूच्यङ्क ४ का भी परित्याग हो चुका है। इसमें द्वयाद्यावर्तन एकाद्यावर्तन पुनः एकाद्यावर्तन, यह एक प्रत्यावृत्ति है, फिर एकादिका आवर्तन यह दूसरी प्रत्यावृत्ति है, यह एक प्रत्यावर्त है। इसके बाद दूसरा प्रत्यावर्त प्रारम्भ होता है इसमें एकादि का आवर्तन है। इस प्रकार षडङ्क की सिद्धि हो जाती है क्योंकि द्वयाद्यावर्तन से २ अङ्कों की फिर चार बार एकाद्यावर्तन से चार अंकों की संभूय ६ अंकों की प्राप्ति सिद्ध हो जाती है। इसका उल्लेख मेरु की ७वीं पंक्ति के षष्ठ स्थान में होता है। इस षडङ्क की प्राप्ति पाँच बार सूची के आवर्तन से हुई है अतः ६ में से पाँच का परित्याग कर देने पर १ अंक बचता है। इसलिये अब एक बार ही सूची की आवृत्ति होने से एकाद्यावर्तन से एक अंक की सिद्धि होती है। इसका उल्लेख मेरु के ७ वीं पंक्ति के सप्तम प्रस्तर में अर्थात् सप्तम स्थान में हुआ है। इस एक अङ्क की प्राप्ति एक बार सूची की आवृत्ति से हुई है, अतः इस एक का परित्याग कर देने पर किसी अंक के शेष न रहने से सूची की आवृत्तिक्रिया की समाप्ति हो जाती है। उपर्युक्त रीति से षडक्षर सम्बन्धी मेरुप्रस्तर की सिद्धि हो जाती है। इसी प्रकार आवृत्ति आवर्त प्रत्यावृत्ति प्रत्यावर्त समावृत्ति समावर्त सम्प्रत्यावृत्ति सम्प्रत्यावर्त पर्यावर्तनों का प्रयोग करने पर प्रत्यावृत्ति एक-एक पूर्वांक के परित्याग से अन्य मेरुप्रस्तरों की भी सिद्धि करनी चाहिये। मेरु प्रस्तरके प्रथम अङ्क से सर्वगुरुक भेद (१) द्वितीय अंक से पञ्चगुरुक भेद (६) तृतीय अंक से चतुर्गुरुक भेद (१५) चतुर्थ अङ्क से त्रिगुरुक भेद (२०) पञ्चम अंक से द्विगुरुक भेद (१५) षष्ठ अंक से एकगुरुक भेद (६) तथा सप्तम अंक से निर्गुरुक भेद (१) का ज्ञान होता है।

शलाकाप्रत्यय

बिना मेरुव्यापार के ही जहाँ गुरुलघु की इयत्ता वाले स्वरूपों की संख्या का मालूम करना है उसके लिए शलाका क्रिया है। जितने अक्षर वाले प्रस्तार में शलाका करनी है उसके सूचीविन्यास में दो विभाग करने चाहिएँ। जितने अक्षर वाला प्रस्तार है उतने अक्षरों के प्रमाण वाले अंकों की समष्टि एक भाग है और संख्यानाङ्क दूसरा भाग है। प्रथम भाग से गुरुअक्षर वाले प्रस्तारस्वरूपों का ज्ञान होता है और दूसरे भाग से उस प्रस्तार के निर्गुरुक स्वरूप का ज्ञान होता है। यदि प्रस्तार में सर्वगुरु अक्षर वाले स्वरूप का ज्ञान करना है तो प्रथम भाग के सब अंकों की समष्टि संख्या को जानना चाहिए। सब अंकों की समष्टिसंख्या ही प्रस्तार में सर्वगुरु अक्षर वाले स्वरूप की संख्या है। वह सर्वाङ्कसमष्टिसंख्या सर्वत्र एकांक रूप ही होती है। फिर भिन्न-भिन्न गुरुअक्षर वाले अर्थात् पञ्चगुरुक-चतुर्गुरुक आदि स्वरूपों का ज्ञान करना है तो प्रथम भाग सम्बन्धी उतने उतने अंकों की समष्टियों की गणना करके पञ्चगुरुक-चतुर्गुरुक आदि स्वरूपों की संख्या मालूम करनी चाहिए। जैसे षडक्षर प्रस्तार में सूची सम्बन्धी १,२,४,८,१६,३२ अंकों की

समष्टि एक ही ६३ संख्या होती है अतः षड्गुरुस्वरूप के संख्यांक १ का उल्लेख है। षडक्षर प्रस्तार सूची में सूची के १, २, ४, ८, १६, ३२ अंकों को अस्तव्यस्त रूप से ग्रहण करने पर ५,५ सूच्यंकों की समष्टियाँ ६ होती हैं जैसे १ सूच्यंक से प्रारम्भ १६ वें सूच्यंक तक पाँच अंकों की एक समष्टि, फिर ३२ सूच्यंक से लेकर ३२,१,२, ४,८ इन सूच्यंकों की दूसरी पञ्चाङ्कसमष्टि, पश्चात् १६ सूच्यंक के प्रारम्भ कर १६,३२,१,२,४ इस सूच्यंकों की तीसरी पञ्चाङ्कसमष्टि, तदनन्तर ८,१६,३२,१,२ इन सूच्यंकों की चौथी पञ्चाङ्कसमष्टि, पश्चात् ४ सूच्यंक से प्रारम्भ कर २,४,८, १६,३२,१ इन सूच्यंकों की पाँचवी पञ्चाङ्कसमष्टि तथा २ सूच्यंक से प्रारम्भ कर २,४,८,१६,३२ तक के पञ्चाङ्कों की छठी समष्टि इस प्रकार अस्तव्यस्तस्वरूप से गृहीत ५, ५ अंकों की ६ समष्टियाँ होती हैं। इस प्रकार पञ्चगुरुक प्रस्तारस्वरूप ६ हैं। अस्तव्यस्तरूप से गृहीत ४, ४ सूच्यंकों की समष्टियाँ १५ हैं अतः चतुर्गुरुक स्वरूप षडक्षर प्रस्तार में १५ हैं। अस्तव्यस्तरूप से गृहीत ३, ३ सूच्यंकसमष्टियाँ २० हैं। अतः षड्क्षरप्रस्तार में त्रिगुरुक स्वरूप २० हैं। तथा सूच्यंकों के अस्त-व्यस्तरूप से ग्रहण करने पर दो दो सूच्यंकों की समष्टियाँ १५वें अतः षड्क्षर-प्रस्तार में द्विगुरुक स्वरूप १५ हैं और एक एक अंक सूच्यंकों में ६ हैं अतः षडक्षरप्रस्तार में एक गुरुक स्वरूपों की संख्या ६ हैं इसके अतिरिक्त ६४ रूप संख्या-नाङ्क के एक होने से निर्गुरुक स्वरूप एक है। इस प्रकार १,६,१५,२०,१५,६,१ इस रूप से सात अवयवों वाली षडक्षर शलाका है।

पताकाप्रत्यय

जितने अवयव वाली शलाका होती है। उतनी ही श्रेणियाँ पताका में होती है। पताकाश्रेणियों के ऊर्ध्वभाग में सूच्यवयवाङ्क लिखने चाहिएँ। पताका में संख्यानाङ्क में पूर्व पूर्व सूच्यंकों के एक एक, दो दो, तीन तीन तथा इससे भी अधिक अर्थात् चार चार, पाँच पाँच आदि सूच्यंकों के वियोग से अवशिष्ट अंकपरम्परा से भिन्न-भिन्न श्रेणियाँ बनती हैं। वे श्रेणियाँ सूच्यवयवों के एक एक अङ्क के नीचे क्रम से लिखी जाती है। जैसे त्र्यक्षरसूचीविन्यास कर लेने पर उस सूची का अन्तिम संख्यानाङ्क ८ के नीचे संख्यानाङ्क के समान ८ अङ्क का विन्यास करना चाहिए। उस संख्यानाङ्क से चतुर्थ श्रेणी बनती है। संख्यानाङ्क में पृष्ठस्थ एक सूच्यंक के वियोग से उपान्त्य तृतीय श्रेणी बनती है। जैसे संख्यानाङ्क ८ में पृष्ठस्थ सूच्यंक २ का वियोग करने पर ६ अंक तथा पृष्ठस्थ सूच्यंक १ का वियोग करने पर ७ अंक की सिद्धि होती है। ये दोनों अङ्क क्रम से सूच्यंक ४ के नीचे लिखे जाते हैं। इसी संख्यानाङ्क ८ में पृष्ठ-स्थ दो दो अंकों के वियोग से द्वितीय श्रेणी बनती है। जैसे संख्यानाङ्क ८ में से पृष्ठस्थ दो सूच्यंक ४ और १ का वियोग करने पर ३ अंक की तथा पृष्ठस्थ दो सूच्यंक १ व २ का वियोग करने पर ५ अंक की प्राप्ति होती है। इन दोनों ३ व ५ अंकों को क्रमशः सूच्यंक २ के नीचे लिखने से त्र्यक्षरप्रस्तार में पताका की द्वितीय श्रेणी निष्पन्न होती है। संख्यानाङ्क में तीनों ही पृष्ठाङ्कों का अर्थात् १,२,४ का

वियोग कर देने पर १ अंक बचता है। यही त्र्यक्षरप्रस्तार में पताका की प्रथम श्रेणी है। त्र्यक्षरपताका विन्यास—

१	३	३	१
१	२	४	८
१	२	४	८
	३	६	
	५	७	

इसी प्रकार चतुरक्षर प्रस्तार में चतुरक्षर पताका का विन्यास तथा पञ्चाक्षर प्रस्तार में पञ्चाक्षर पताका का विन्यास करना चाहिए। षडक्षर पताकादि विन्यासों का प्रकार भी इसी प्रकार समझना चाहिए।

मर्कटीप्रत्यय

मर्कटी में सर्वप्रथम १,२,४,८,१६,३२ आदि क्रमसूची का उल्लेख करना चाहिए। इसमें १,२,३,४ आदि क्रमिकाङ्कों से सूच्यङ्कों का गुणा करके अन्य पंक्ति लिखनी चाहिए। अर्थात् क्रमिकाङ्कों वाली प्रथम पंक्ति, सूच्यंकों वाली द्वितीय पंक्ति तथा क्रमिकाङ्कों का क्रम से सूच्यंकों के साथ गुणन करके तृतीय पंक्ति लिखनी चाहिए। इस पंक्ति से प्रस्तार में गुरुलघु वर्णों की संख्या का ज्ञान होता है। वर्ण-संख्या का अर्धकरण कर निर्मित पंक्ति से प्रस्तार में कितने गुरुवर्ण हैं और कितने लघुवर्ण हैं अर्थात् इनकी संख्या का ज्ञान होता है। वर्णसंख्यावाली तथा गुरुलघुवर्णसंख्या वाली पंक्तियों के योग से निर्मित पंक्ति से प्रस्तार में मात्रासंख्या का ज्ञान होता है। मात्रासंख्या का अर्धकरण करके निर्मित पंक्ति से प्रस्तार में पिण्डसंख्या का ज्ञान होता है। इस प्रकार प्रस्तार के सम्बन्ध में अन्य प्रत्ययों से अज्ञात, अपेक्षित सभी चीजों का मर्कटीप्रत्यय से ज्ञान हो जाता है। मर्कटी का निरूपण निम्न पदद्य में संक्षेप से किया गया है।

वर्णः पारघ्नहारेण तत्रार्धेन गुरुर्लघुः।
तयोर्योगेन मात्रा स्यात् मात्रार्धं पिण्ड उच्यते।

पाराङ्कों के साथ हाराङ्कों के क्रमिक गुणन से वर्णसंख्या का ज्ञान हो जाता है। पार व हार का पहिले निरूपण किया जा चुका है शून्य से आरम्भ कर क्रमिक अंकों का उल्लेख पार होता है और पूर्व पूर्व अंकों की द्विगुणता से निष्पन्न अंक हार कहलाते हैं। जैसे १,२,४,८,१६,३२ आदि अंक। वर्णसंख्या के अर्धीकरण से गुरुलघुसंख्या का ज्ञान होता है। वर्णसंख्या तथा गुरुलघुसंख्या दोनों के योग से मात्रासंख्या प्राप्त हो जाती है और मात्रासंख्या के अर्धीकरण से पिण्डसंख्या का ज्ञान होता है।

संख्यानादि वर्णप्रत्ययों की सुखसारणी समाप्त।

मात्राप्रत्ययों का निरूपण

संगृहीत अर्थ के बोधक प्रस्तार, मेरु व मर्कटीनामक ३ प्रत्ययों का निरूपण को

बाद समानसंख्याक मात्रा वाले छन्द:पादों के सारे भेदों का ज्ञान पूर्णरूप से जिस प्रकार हो सके उस भेदप्रदर्शनप्रकाररूप मात्राप्रस्तार का निरूपण किया जा रहा है:—

जिसमें सर्व गुरुमात्राएँ है, ऐसा इष्टमात्रावाला प्रथम विकल्प है। उसके नीचे की पंक्ति में प्रथम गुरुमात्रा के अवयवों के विश्लेषण से सिद्ध दो लघु मात्राएँ लिखनी चाहियें। दो लघुमात्राओं के बाद उसी पंक्ति में ऊपर की पंक्ति के समान ही मात्रायें लिखें। वह द्वितीय भेद होता है। तदनन्तर तृतीय पंक्ति में द्वितीयपंक्तिस्थ गुरुमात्राओं में प्रथम गुरुमात्रा के विभाग से सिद्ध दो लघु मात्राओं का उल्लेख प्राप्त है तथापि वहाँ एक लघुमात्रा का विन्यास करना चाहिये क्योंकि द्वितीय गुरुमात्रा के विश्लेष से सिद्ध एक लघु के उससे पूर्व लघु से युक्त होकर गुरु बन जाने से प्रथम लघुमात्रा के स्थान में गुरुमात्रा ही लिखी जाती है। इसके बाद आगे तृतीय पंक्ति में भी सब कुछ द्वितीय पंक्ति के समान ही लिखा जाता है। इस तरह जब तक सभी गुरुमात्रायें लघु बनकर सर्वलघुमात्राक भेद न बन जावें तब तक इस प्रक्रिया को चालू रखना चाहिये। इसी अर्थ का प्रतिपादन निम्न सूत्र में किया है—

निर्दिष्टविकल्पस्य प्रथमगुरुविश्लेषसिद्धलघुद्वयमध्यादेकेन पूर्वान् लघून् यथासम्भवं संश्लेष्य विकल्पमुत्तरं कुर्यादिति।

अर्थात् निर्दिष्ट विकल्प (भेद) के प्रथम गुरुमात्रा के विभाग से सिद्ध दो लघु मात्राओं में से एक लघुमात्रा अर्थात् प्रथम लघुमात्रा को यथासम्भव पूर्वलघुमात्रा के साथ मिलाकर उत्तरमात्राक विकल्प को बनाना चाहिये। द्विमात्राक प्रस्तार से प्रारम्भ कर षण्मात्राक प्रस्तारों की क्रमशः ण ढ ड ठ और ट ये संज्ञायें हैं। मतान्तर में इन्हीं को क्रमशः द त च प ष संज्ञाओं से व्यवहृत किया गया है। इन्हीं छः प्रस्तारों को नीचे प्रदर्शित किया जा रहा है—

२	३	४	५	६
द	त	च	प	ष
N	।N	NN	।NN	NNN
।।	N।	।।N	N।N	।।NN
ण	।।।	।N।	।।।N	।N।N
२	ढ	N।।	NN।	N।।N
	३	।।।।	।।N।	।।।।N
		ड	।N।।	।NN।
		५	N।।।	N।N।
			।।।।।	।।।N।
			ठ	NN।।
			८	।।N।।
				।N।।।
				N।।।।
				।।।।।।
				ट
				१३

यहाँ सम्पृक्त (मिली हुई) रेखा (N) से गुरुमात्रा, असम्पृक्त रेखा (।) से लघुमात्रा समझनी चाहिये।

ऊपर के परिलेख का दोमात्रा वाले प्रस्तार से लेकर ६ मात्रा वाले प्रस्तार तक का उल्लेख है। द्विमात्राक प्रस्तार के २ भेद, त्रिमात्राक प्रस्तार से तीन भेद, चतुर्मात्राक प्रस्तार के ५ भेद, पञ्चमात्राक प्रस्तार के ८ भेद तथा षण्मात्राक प्रस्तार के १३ भेद होते हैं। आगे सप्तमात्राक आदि प्रस्तारों के भेद इसी प्रकार समझने चाहिएँ। यह क्रियामूलक प्रथम प्रस्तारोल्लेख का प्रकार है।

मात्रा प्रस्तार का द्वितीय प्रकार

एक मात्रा प्रस्तार का प्रकारभेद नहीं हो सकता। अतः वहाँ संकेतरूप से एक सरल (सीधी) (।) रेखा ही प्रस्तारन्यास है। दो मात्राएँ होने पर द्विमात्राक प्रस्तार न्यास के भी दो भेद हो जाते हैं अर्थात् दो प्रकार हो जाते हैं। एक प्रकार न्यास दोनों मात्राओं को मिलाकर पिण्डरूप से अवस्थानरूप तथा दूसरा प्रकार न्यास उन दोनों मात्राओं का विशकलित रूप से अवस्थान (।) पिण्ड में संकेतित एक टेढी रेखा (N) द्विमात्राप्रस्तार में प्रथम न्यास का स्वरूप है तथा दो सरल रेखाएँ (।।) द्विमात्राप्रस्तार में द्वितीय न्यास का स्वरूप हैं। इन्हीं दोनों न्यासस्वरूपों को क्रमशः गुर्वन्त व लघ्वन्त करने से त्रिमात्राप्रस्तार बन जाता है। त्रिमात्राप्रस्तार में प्रथम एकमात्राक न्यास का विन्यास करना चाहिये। तदनन्तर उस न्यास के नीचे द्विमात्राक प्रस्तार के दोनों न्यासों को लिखना चाहिये। इसके बाद एकमात्राक न्यास के अन्त में गुरुमात्रा तथा द्विमात्राक प्रस्तार के दोनों न्यासों के अन्त में लघुमात्राएँ लिखनी चाहियें। इस प्रकार त्रिमात्राक प्रस्तार में तीन न्यास सिद्ध होते हैं। इसी प्रकार पूर्व-पूर्व के दो प्रस्तारों को ऊर्ध्वाधर क्रम से लिखकर प्रथम प्रस्तार के न्यासों को गुर्वन्त तथा द्वितीय प्रस्तार के न्यासों को लघ्वन्त कर देने पर क्रमशः पौर्षयुगीय अंक के योग से सिद्ध संख्यानकस्वरूप से घटित (निर्मित) चतुर्थ पञ्चमादि प्रस्तार सिद्ध हो जाते हैं। यह मात्रा-प्रस्तार का प्रस्तारमूलक द्वितीय प्रकार है।

मात्रा प्रस्तार का नवीन प्रकार

इस प्रकार के अनुसार पहले एकाङ्क का विन्यास करना चाहिये। पश्चात् उस एक अङ्क को एक अंक से मिलाकर २ अंक की, पश्चात् एक अंक और दो अंक के योग से निष्पन्न ३ अङ्क की, तदनन्तर दो अंक व तीन अङ्क के योग से निष्पन्न ५ अंक की स्थापना करनी चाहिये। इसी प्रकार ३ अंक व ५ अंक के योग से निष्पन्न ८ अंक का, तदनन्तर ५ अंक तथा ८ अंक के योग से निष्पन्न १३ अङ्क का विन्यास करना चाहिये। इस प्रकार पूर्व-पूर्व के दो अंकों के योग से निष्पन्न उत्तरोत्तर अंकों का विन्यास करने पर मात्रा-सूत्री बन जाती है। इस मात्रासूची

के उपर क्रमशः १, २, ३ आदि क्रमिक अङ्कों की स्थापना करनी चाहिये। जैसे—

क्रमिकाङ्क	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०……
सूची	१	२	३	५	८	१३	२१	३४	५५	८९……

यहाँ क्रमिक अंक वाले मात्राप्रस्तार में क्रमाङ्कों के नीचे लिखे अंकों के प्रमाण (संख्या) वाले प्रस्तारस्वरूप (न्यास) भेद हैं इसका ज्ञान हो जाता है। जैसे त्रिमात्राक प्रस्तार में ३ न्यास, चतुर्मात्राक प्रस्तार में ५ न्यास, अष्टमात्राक प्रस्तार में ३४ न्यास होते हैं।

जितनी मात्रावाला प्रस्तार बनाना है वहाँ उसके नीचे को पौर्वयुगीय अंकों को लिखना चाहिये। और वह मात्रासूचो में उससे पूर्ववर्ती दो अंकों के योग से बना है। अतः उसके नीचे उन दो अंकों को लिखना चाहिये। वे दोनों अंक भी मात्रा-सूची में उनसे पूर्ववर्ती दो अंकों के योग से बने हैं, अतः उनके नीचे, जिनके योग से वे अंक बने हैं, उन अंकों को लिखना चाहिये। वे अंक भी दो अंकों के योग से बने हैं। अतः उनके नीचे उन दो अंकों को लिखना चाहिये। इस प्रकार उत्तरोत्तर नीचे-नीचे दो अंकों का उल्लेख करते हुए ३ अंक जब आता है वह भी १ व २ अंकों के योग से बना है। अतः ३ अंक के नीचे उन दोनों अंनों का उल्लेख होगा। उसके बाद १ अंक शून्य व एक के योग से बना है अतः एक अंक के नीचे शून्य व १ का उल्लेख होगा। मात्रासूचीगत १ अङ्क वर्णसूचीगत १ अंक की तरह अयोगसिद्ध या दो शून्यों के योग से निष्पन्न नहीं है क्योंकि यहाँ शून्य से प्रारम्भ कर क्रमिकाङ्कों का उल्लेख नहीं है। इसलिए मात्रासूचीगत १ अंक अवश्य संख्यारूप है और शून्य तथा निरवयव १ अंक के योग से सिद्ध है। अतः मात्रा-सूचीगत १ अंक का शून्य व नित्य निरवयव एकाङ्क में विशकलन कर उनका एक अंक के नीचे उल्लेख करना चाहिये। इस तरह दो अंक का विशकलन करने पर दो अंक के नीचे जो १-१ अंक लिखे जाते हैं, उन दो एकांकों में प्रथम १ अंक द्वितीय १ अंक की अपेक्षा ह्रस्व है। अतः वह नित्य निरवयवस्वरूप है, उसके योगसिद्ध न होने से उसका विशकलन नहीं होता और विशकलन क्रिया की निवृत्ति हो जाती है, किन्तु द्वितीय १ अंक शून्य तथा निरवयव १ अंक के योग से निष्पन्न है तथा संख्यारूप है, अतः उसका शून्य तथा निरवयव १ अंक के रूप में विशकलन कर उनका द्वितीय एकांक के नीचे उल्लेख होगा। इसके बाद ही विशकलन क्रिया की निवृत्ति होती है।

योगसिद्ध अंकों का यह विशकलन व्यापार 'सूचीविवृत्ति' शब्द से व्ययदिष्ट होता है क्योंकि यहाँ सूच्यङ्कों का ही विशकलन होता है न कि क्रमिकाङ्कों का। उदाहरण के लिये त्रिमात्रा प्रस्तार में सूची विवृति न्यास देखिए—

३
१———————— ————२
०———— ————×१ ×१———— ————१
०————×१

इसी भाँति चतुर्मात्रा प्रस्तार में सूचीविवृति न्यास को निम्नलिखित परिलेख में देखिये और इसे समझिये—

४ मात्रा प्रस्तार

५
२ ———————————— ३
×१———— ————१ १———— ————२
०———— ————×१ ०————×१ १————१
०————×१

इस चतुर्मात्रा प्रस्तार में क्रमिकाङ्क ४ के नीचे के सूच्यंक ५ को पहले लिखा गया है। इस ५ संख्या के स्वयं उससे पूर्ववर्ती २ व ३ अंकों के योग से निष्पन्न होने के कारण इस ५ अंक के नीचे २ तथा ३ (२——३) अंकों को लिखा गया है। इनमें २ अंक भी दो एकाङ्कों के योग से निष्पन्न हैं, अतः ये दोनों एकाङ्क २ अंक के नीचे (१——१) रूप में लिखे गये हैं। इनमें प्रथम १ अंक नित्य निरवयव (अवयवशून्य) है, अतः उसका विशकलन नहीं हो सकता है। फलस्वरूप उसमें विशकलन क्रिया की निवृत्ति हो गयी है जिसका सूचक × चिह्न उसके पूर्व रखा गया है। द्वितीय एकाङ्क निरवयव नहीं है प्रत्युत शून्य और निरवयव एक अंक के योग से निष्पन्न है। उसके विशकलन को नीचे शून्य व एकाङ्क को (०——१) लिखकर इस रूप में बताया गया है। इसी प्रकार ५ के दूसरे घटक ३ अंक के नीचे १——२ के न्यास द्वारा उस ३ अंक का भी विशकलनभाव बताया गया है। इसमें १ अंक का विभाग शून्याङ्क व नित्यैकाङ्क में होता है। जिसे १ अंक के नीचे (०——× १) इस रूप से दर्शाया गया है। इसमें नित्यैकाङ्क के निरवपव होने से विशकलन क्रिया की निवृति हो गई है। इसी प्रकार ३ के घटक २ अक के भी विशकलन भाव को १——१ के रूप में बताया गया है। यहाँ भी प्रथम १ अंक नित्य निरवयव है उसका विभाग संभव नहीं तथा द्वितीय १ अंक योगसिद्ध है, अतः इस द्वितीय १ अंक का पुनः विशकलन ०——×१ के रूप से बताया गया, इस नित्य निरवयव १ अंक का शिवकलन न होने से विशकलन क्रिया की निवृत्ति का सूचक × चिह्न लगाया गया है।

अब इनके न्यास प्रकार को नींचे लिखे न्यासों को दृष्टि में रखकर समझा जा सकता है। जैसे—

विशकलनसिद्ध दो अंकों में प्रथम अंक की संख्या वाला (ऽ) ऊपर नीचे क्रम से गुरु ऊपर लिखना चाहिये। द्वितीय अंक की संख्या वाला लघु उनके नीचे लिखना चाहिये। उनका विन्यास वाम भाग की ओर होता है। सूची विवरण की प्रथम

संस्था से प्रथम पंक्ति का तथा द्वितीय संस्था से द्वितीय पंक्ति का निर्माण करना चाहिये। इस प्रकार सूची विवरण संस्था के अनुसार ऊपर नीचे क्रम से विन्यस्त गुरुलघुपंक्तियों को वाम भाग की ओर लिखना चाहिए। ऐसा करने से प्रस्तार सिद्ध हो जाता है।

जैसे त्रिमात्रा प्रस्तार बनाने के लिए क्रमिकाङ्क ३ के अधोनिर्दिष्ट सूच्यङ्क ३ के, सूची में पूर्ववर्ती १ तथा २ अंक के योग से निष्पन्न होने के कारण उसका १ तथा २ अङ्कों में विशकलन किया जाता है। इनमें विशकलनसिद्ध १ अंक की संख्या वाला १ गुरु (ऽ) लिखा जाता है। विशकलनसिद्ध दो अंक के प्रमाण वाले २ लघुओं को क्रमशः उस गुरु के नीचे लिखा जाता है। अतः (१——२) अंक वाली इस प्रथम संस्था से तीन अवयवों वाली पंक्ति ऽ । । इस रूप में बनती है। प्रथम संस्था के इन (१——२) अंकों का भी विशकलन किया जाता है, इनमें १ अंक का विशकलन शून्य और नित्य निरवयव १ अंक में (०——१) इस रूप में होता है। इनमें प्रथम अंक के शून्याङ्क होने से उस प्रथमपंक्ति के वाम भाग में गुरु (ऽ) का विन्यास नहीं होगा, द्वितीय भाग निरवयव १ अंक के प्रमाण से एक लघु (।) लिखा जाता है, चूँकि इस लघु पर कोई गुरु अंक नहीं है अतः वह नीचे न लिखा जाकर प्रथम स्थान में लिखा जाता है। प्रथम पंक्ति में गुरु मात्रा के नीचे दो लघु मात्रायें तीन अंक के विशकलन से सिद्ध २ अंक से बनी थी। इस २ अङ्क का भी विशकलन (१——१) रूप से दो एकाङ्कों में हो जाता है। इनमें प्रथम १ अंक से एक संख्या वाला गुरु अर्थात् एक गुरु लिखा जाता है (ऽ) इस रूप में, तथा द्वितीय एक अंक के प्रमाण वाला लघु (।) लिखा जाता है। इस प्रकार । ऽ । स्वरूप वाली द्वितीय पंक्ति तीन अवयवों वाली बन जाती है। द्वितीय पंक्ति में ऊपर का लघु अंक (।) निरवयव १ अंक से बना है, अतः उसका विशकलन सम्भव न होने से उसके वाम भाग में कोई भी गुरु या लघु मात्रा नहीं लिखी जाती है। द्वितीय पंक्ति में गुरु अंक (ऽ) भी २ अङ्क के निरवयव १ अंक तथा संख्यारूप १ अंक के योग से सिद्ध होने के कारण उसका विशकलन नित्य निरवयव १ अंक तथा संख्यारूप १ अंक के रूप में होगा। उनमें भी नित्य निरवयब प्रथम १ अंक का विशकलन न होने के कारण इसके वाम भाग में भी किसी लघु गुरु मात्रा का विन्यास नहीं हो सकता। द्वितीय संस्थारूप एक अङ्क के शून्याङ्क व निरवयव एकाङ्क के रूप में विशकलन होने से प्रथम शून्यॉंक के कारण तो किसी गुरु (ऽ) मात्रा का विन्यास नहीं हो सकता। द्वितीय निरवयव एकांक के कारण वाम भाग में एक लघु (।) का विन्यास हो जाता है। इस प्रकार एकावयवा तृतीय पंक्ति सिद्ध हो जाती है। नीचे इस त्रिमात्राक प्रस्तार का परिलेख द्रष्टव्य है। इसी

प्रकार चतुर्मात्राक पञ्चमात्राक आदि प्रस्तारों में यही क्रम समझना चाहिए। इनके परिलेख देखकर स्वरूप ज्ञात करें—

त्रिमात्रा प्रस्तार न्यास

मात्रांक प्रस्तार	मात्रा चिह्न-गुरुलघु-प्रस्तार
× १ १——३	। ऽ — ३
× १ २	ऽ ।
१	। । ।
× १	

चतुर्मात्रा प्रस्तार न्यास
सूच्यङ्क ५

मात्रांक प्रस्तार न्यास	लघु गुरु प्रस्तार न्यास
× १ २ ५	ऽ ऽ ५
× १ १ ३	। । ऽ
× १ १	। ऽ ।
× १ २	ऽ । ।
× १ १	। । । ।

पञ्चमात्रा प्रस्तार न्यास
सूच्यंक ८

मात्रांक प्रस्तार	लघु गुरु प्रस्तार
× १ १ ३ — ८	। ऽ ऽ ८
× १ २	ऽ । ऽ
× १ १ २ ५	। । । ऽ
× १ ३	ऽ ऽ ।
× १ १	। । ऽ ।
× १ १	। ऽ । ।
× १ २	ऽ । । ।
× १ १	। । । । ।

जैसे त्रिमात्रा प्रस्तार में तीन पंक्ति रूप तीन प्रस्तार होते हैं वैसे ही चतुर्मात्राक प्रस्तार में चारपंक्तिरूप ४ प्रस्तार होते हैं। उसका निर्माण-प्रकार निम्नलिखित है। चतुर्मात्रा प्रस्तार में सूच्यंक ५ हैं। यह अंक (५) अपने पूर्ववर्ती अंक २ व ३ सूच्यंक के योग से बना है। अत: इसके विशकलन से सिद्ध अंक २ व ३ होते हैं। इन विशकलित अंकों में प्रथम अंक दो के प्रमाण से दो गुरु (ऽ) लिखे जावेंगे तथा तीन के प्रमाण से तीन लघु लिखे जावेंगे। इस प्रकार २ गुरु व ३ लघुओं के

ऽ
ऽ
ऊर्ध्वाधररूप से लिखित । पञ्चावयवा प्रथम पंक्ति सिद्ध होती है। पश्चात् २ अंक
।
।

का विशकलन दो एकांकों में होने से प्रथम नित्यैकांक के प्रमाणवाला एक गुरु (ऽ) और दूसरे संख्यैकांक के प्रमाण वाला एक लघु (।) ऊर्ध्वाधरक्रम से लिखा जाता है तथा ३ अंक का १ व २ अंकों में विशकलन होने से प्रथम १ अंक के प्रमाण वाला १

ऽ
।
गुरु (ऽ) तथा २ अंक के प्रमाण वाले दो लघु लिखे गये हैं। इस प्रकार ऽ इस रूप
।
।

वाली पञ्चावयवा द्वितीय पंक्ति बन जाती है। ये सभी अंक प्रथमपंक्ति के वाम भाग में उत्तराधरक्रम से लिखे गये हैं। पश्चात् गुरुप्रापक नित्यैकाङ्क का विशकलन संभव न होने से उसके वाम भाग में कोई गुरुलघुमात्रा नहीं लिखी गई है। द्वितीय संख्यैकाङ्क का शून्याङ्क तथा नित्यैकाङ्क रूप से विशकलन होने पर. प्रथम भाग के शून्याङ्क होने से द्वितीय पंक्तिस्थ गुरु के वाम भाग में कोई गुरु नहीं लिखा जाता है। किन्तु नित्यैकाङ्क के द्वितीय भाग होने से उससे प्रमित एक लघु (।) मात्रा वाम भाग में लिखी जाती है। पश्चात् ३ अंक के विशकलन से सिद्ध १ व २ अंकों में से प्रथम १ अंक का शून्याङ्क व नित्यैकाङ्क में विशकलन होने पर प्रथम भाग शून्याङ्क के शून्य होने से उसके वाम भाग किसी गुरुलघुमात्रा का विन्यास नहीं होता किन्तु द्वितीय भाग नित्यैकाङ्क से प्रमित १ लघु (।) मात्रा का विन्यास होता है। तदनन्तर ३ अंक के विशकलन से सिद्ध २ अङ्क का भी नित्यैकाङ्क व संख्यैकाङ्क में विशकलन से प्रथम भाग नित्यैकाङ्क से प्रमित एक गुरु (ऽ) मात्रा का विन्यास द्वितीय पंक्ति के वाम भाग में होता है। तथा द्वितीय भाग संख्यैकाङ्क से प्रमित एक लघु (।) मात्रा का विन्यास वाम भाग में गुरुमात्रा के नीचे

।
होता है। इस प्रकार (।) इस चतुरवयवा तृतीय पंक्ति का निर्माल चतुर्मात्रा-
ऽ
।

प्रस्तार में होता है। तदनन्तर नित्यैकांक के निरवयव होने से उसके वाम भाग

में कोई गुरु या लघु मात्रा नहीं लिखी जाती है। किन्तु संख्यैकांक के योगसिद्ध होने से उसके विशकलन से सिद्ध शून्यांक रूप प्रथम भाग से भी वाम भाग में किसी गुरु लघुका का विन्यास नहीं होता किन्तु नित्यैकांकरूप द्वितीय भाग से एक लघु मात्रा (।) की सिद्धि हो जाती है। यही लघुमात्रा चतुर्मात्राप्रस्तार की चतुर्थ पंक्ति है इस प्रकार चतुर्मात्राप्रस्तार की सिद्धि हो जाती है।

त्रिमात्राप्रस्तार चतुर्मात्राप्रस्तार व पंचमात्राप्रस्तार का नीचे के परिलेखों में कोष्ठबन्ध से प्रदर्शन किया गया है। इस तरह षण्मात्राप्रस्तार सप्तमात्राप्रस्तार आदि के न्यासों को भी मालूम करना चाहिए। प्रस्तारोल्लेख का यह संख्यान-मूलक तृतीय प्रकार है।

उपर्युक्त रीति से मात्राप्रस्तारोल्लेख इस प्रकार से त्रिविध है। इनके पुनः लघुक्रिय व गुरुक्रिय भेद से दो-दो भेद और हो जाते हैं। इस प्रकार कुल छः भेद हो जाते हैं। इनके पुनः वामावर्त व दक्षिणावर्त भेद से दो-दो भेद हो जाते हैं, अतः मात्राप्रस्तारोल्लेख के इस प्रकार १२ भेद बन जाते हैं।

कोष्ठबन्धरूप से इन सूची-विवृतियों का निदर्शन

त्रिमात्रा-प्रस्तार

प्रस्तारचक्र समाप्त

मात्रामेरुप्रत्यय

भिन्न-भिन्न प्रस्तार सम्बन्धी विकल्पों (भेदों) में कितने भेद गुरुमात्रा वाले तथा कितने भेद लघुमात्रा वाले हैं इसका निर्धारण करने के लिए जहाँ अङ्कों का न्यास किया जाता है उसे मेरु कहते हैं। शिलासमूह के आकार वाला होने से इसको मेरु कहा गया है।

इसमें प्रथम एक कोष्ठकवाली शिला स्थापित करनी चाहिए। वही मेरु की प्रथम शिला कहलाती है। उसके नीचे दो कोष्ठकों वाली दो शिलायें उत्तराधर-क्रम से इस प्रकार स्थापित करनी चाहिएँ, जिससे इन शिलाओं के प्रथम, द्वितीय कोष्ठकों का आधा-आधा भाग प्रथम शिला के नीचे रहे और शेष आधा-आधा भाग दोनों शिलाओं के दोनों ओर रहे। पश्चात् उन दो कोष्ठकों वाली शिलाओं के नीचे तीन कोष्ठक वाली दो शिलायें बनानी चाहिएँ। तथा उन्हें इस रूप से स्थापित करना चाहिए जिससे प्रथम तृतीय कोष्ठकों का आधा-आधा भाग तृतीय शिला के दोनों ओर फैला रहे। इस प्रकार नीचे-नीचे उत्तराधरभाव से चार कोष्ठकों वाली, पाँच कोष्ठकों वाली आदि दो-दो शिलाओं की स्थापना करनी चाहिए।

उपर्युक्त शिलाकोष्ठकों में अङ्कन्यास निम्न रीति से करना चाहिए— प्रथमशिला के कोष्ठक में १ अङ्क का न्यास करना चाहिए। तदनन्तर तृतीय पंचम, सप्तम आदि विषम शिलाओं के पहले-पहले कोष्ठक में २, ३, ४ आदि क्रमिक अङ्क लिखने चाहिएँ। तथा द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ आदि समशिलाओं के पहिले-पहिले कोष्ठक में सर्वत्र १ अङ्क ही लिखना चाहिए। और सभी शिलाओं के अन्तिम कोष्ठकों में सर्वत्र १ अङ्क ही लिखना चाहिए। पश्चात् बचे हुए मध्यम कोष्ठकों में अङ्कन्यास का प्रकार निम्नलिखित है—

तृतीय पंचम आदि विषम शिलाओं के मध्यम कोष्ठों में उसके ऊपर के कोष्ठक के अङ्क का उससे भी ऊपर के कोष्ठक के अग्रिम कोष्ठ के अङ्क से योग करने से सिद्ध अङ्क लिखना चाहिए। जैसे पंचम शिला के मध्यम कोष्ठ में पंचम शिला के मध्यम कोष्ठ से ऊपर चतुर्थ शिला के मध्यम कोष्ठ के ३ अङ्क का चतुर्थ शिला के ऊपर की तृतीय शिला के अग्रिम कोष्ठ के १ अङ्क का योग करने से सिद्ध ४ अङ्क का पंचम शिला के मध्यम कोष्ठ में विन्यास है।

इसी प्रकार चतुर्थ षष्ठ आदि समशिलाओं के मध्यम कोष्ठों में अपने से ऊपर को दो कोष्ठकों में पूर्व कोष्ठक के अङ्क का अग्रिम कोष्ठ के ऊपर के कोष्ठक के अङ्क से योग करने से निष्पन्न अङ्क को लिखना चाहिए। जैसे चतुर्थ शिला के मध्यम कोष्ठ में उससे ऊपर के दो कोष्ठों में पूर्व कोष्ठक के २ अङ्क का उसके अग्रिम कोष्ठ के ऊपर के द्वितीय शिला के कोष्ठक के १ अङ्क से योग करने से निष्पन्न ३

अङ्क चतुर्थ शिला के मध्यम कोष्ठ में लिखा गया है। इस तरह अङ्कन्यास करने पर मात्रामेरु की सिद्धि हो जाती है।

इस प्रकार अङ्कन्यास से निष्पन्न मात्रामेरुप्रत्यय से भिन्न-भिन्न मात्रा वाले प्रस्तारों में कितने विकल्प गुरुमात्रा वाले व कितने विकल्प लघुमात्रा वाले हैं यह ज्ञात हो जाता है। मात्रामेरुप्रत्यय की प्रत्येक शिला का क्रमशः एक मात्राप्रस्तार, द्विमात्राप्रस्तार आदि से समतुलन है। अतः मेरुप्रत्यय की जो शिला है उस के कोष्ठों में विन्यस्त अङ्कों द्वारा उसी मात्राप्रस्तार वाली गुरु लघु मात्राओं का ज्ञान हो जाता है। जैसे मात्रामेरु की चतुर्थ शिला के कोष्ठकों में विन्यस्त अङ्कों द्वारा चतुर्मात्रा प्रस्तार के गुरुलघुमात्रा वाले विकल्पों का ज्ञान हो जाता है। जैसे मेरु की चतुर्थ शिला के कोष्ठों में क्रमशः १, ३, १ अङ्क हैं। इनसे यह ज्ञात हो जाता है कि चतुर्मात्राप्रस्तार में दो गुरु मात्राओं वाला विकल्प एक, एक गुरुमात्रा वाले विकल्प तीन तथा निर्गुरुक अर्थात् लघु मात्रा वाला विकल्प एक है। अथवा चार लघुमात्रा वाला विकल्प एक, दो लघुमात्रा वाले विकल्प तीन तथा निर्लघुक विकल्प एक है। इसी प्रकार पंचमात्राप्रस्तार में गुरुमात्रा वाले विकल्प तीन, एक गुरुमात्रा वाले विकल्प चार तथा निर्गुरुक विकल्प एक है क्योंकि मात्रामेरु की पंचम शिला में क्रमशः ३, ४, १ अङ्क हैं। अथवा पंचमात्राप्रस्तार में एक लघुमात्रा वाले विकल्प ३, तीन लघु मात्रा वाले विकल्प ४, पाँच लघुमात्रा वाला विकल्प १ है। मेरुप्रत्यय के भिन्न-भिन्न शिलांकों की समष्टि भिन्न-भिन्न प्रस्तारों में उसके विकल्पों की संख्या है यह भी इससे ज्ञात हो जाता है। मूल ग्रन्थ के ६० पृष्ठ में इस मात्रामेरु का परिलेख द्रष्टव्य है।

खण्डमेरु

मात्रामेरु ही जब वाम या दक्षिण भाग में नत हो जाता है तो उसे खण्डमेरु कहते हैं। वह दक्षिणनत व वामनत भेद से दो प्रकार का है। इसका निर्माण-प्रकार निम्नलिखित है—इसमें एक कोष्ठक वाली शिला की स्थापना करनी चाहिए। यही प्रथम शिला कहलाती है। उस प्रथम शिला के नीचे दो कोष्ठकों वाली दो शिलाएँ उत्तराधर क्रम से इस प्रकार स्थापित करनी चाहिएँ जिससे उन शिलाओं का पहला-पहला कोष्ठक प्रथम शिला के सर्वथा नीचे रहे। और उनका दूसरा कोष्ठक प्रथम शिला के नीचे न रहे। फिर उन शिलाओं के नीचे तीन कोष्ठकों वाली दो शिलाएँ इस प्रकार से स्थापित करनी चाहिएँ। जिससे इन शिलाओं का प्रथम कोष्ठक प्रथम शिला के नीचे रहे तथा इनका द्वितीय कोष्ठक तृतीय शिला के द्वितीय कोष्ठक के नीचे रहे। इस प्रकार नीचे-नीचे उत्तराधर क्रम से चार कोष्ठकों व पाँच कोष्ठकों वाली आदि दो-दो शिलाओं की स्थापना करके खण्डमेरु का निर्माण हो जाता है। इन शिलाओं में अङ्कन्यास का प्रकार निम्नरीति से करना चाहिए—

इन शिलाकोष्ठकों में अङ्कन्यास निम्नलिखित प्रकार से करें—मेरु की भाँति यहाँ भी प्रथम कोष्ठकों में क्रमशः विषमसंख्यक शिलाओं में क्रमशः १, २, ३, ४ आदि क्रमिक अङ्क रखें, समसंख्यक शिलाओं के प्रथम कोष्ठकों में भी १, १ अङ्क ही रखें। समविषम सभी शिलाओं के अन्तिम कोष्ठों में सर्वत्र १, १, १, अङ्क ही रखें। यह अङ्कन्यास ऊपर से नीचे के क्रम में होगा। इस प्रकार आद्यन्त कोष्ठकों की पूर्ति हो जाने पर मध्यवर्ती कोष्ठकों की पूर्ति करनी चाहिए। इसमें सम-विषम-संख्यक शिलाओं की प्रक्रिया में उसी प्रकार अन्तर है जैसे मेरु में था। विषमसंख्यक शिलाओं के मध्यम कोष्ठकों की पूर्ति सम्बन्धित कोष्ठ से ठीक ऊपर वाली दो शिलाओं के उपरिस्थित दो कोष्ठकों के अंकों से होगी। जैसे पंचम पंक्ति के दूसरे कोष्ठक की पूर्ति करनी है तो इस कोष्ठक से ऊपर के चतुर्थ तृतीय शिलाकोष्ठकों के अंकों से होगी। जैसे पंचम शिला के मध्यम कोष्ठ के अंक की पूर्ति उस पञ्चम-शिलाकोष्ठक के ऊपर विद्यमान चतुर्थ तृतीय शिलाकोष्ठकों के अंक ३ व १ के योग से सिद्ध ४ अंक से की गई है। सभी विषम शिलाओं के मध्यम कोष्ठों के अंक की पूर्ति इसी प्रकार से होगी।

चतुर्थ षष्ठ आदि सम शिलाओं के मध्यम कोष्ठ की पूर्ति अपने से ऊपर के कोष्ठ के चारों दिशाओं में स्थित चारों कोष्ठकों में जो अग्रिम कोष्ठ है उससे भिन्न दो कोष्ठकों के अंकों से निष्पन्न अंक द्वारा करनी चाहिए। जैसे अष्टम शिला प्रथम मध्यम कोष्ठ की पूर्ति उस मध्यम कोष्ठ के ऊपर के १० अंक वाले कोष्ठ के चारों दिशाओं में वर्तमान कोष्ठों में अग्रिम कोष्ठवर्ती १ अंक के कोष्ठ को छोड़कर उससे भिन्न दो दिशाओं में स्थित कोष्ठों के ४ व ६ अंक के योग से निष्पन्न १० अंक द्वारा की गई है। इसी प्रकार अष्टमशिला के द्वितीय मध्यम कोष्ठ की पूर्ति इस मध्यम अंक वाले कोष्ठ के ऊपर के कोष्ठक के चारों दिशाओं में वर्तमान चार कोष्ठकों में अग्रिम कोष्ठ को छोड़कर उससे भिन्न दो कोष्ठकों के १० व ५ अंक के योग से निष्पन्न १५ अंक द्वारा की गई है। इसी तरह अष्टमशिला के तृतीय मध्यम कोष्ठ की पूर्ति इस तृतीय मध्यम शिला के ऊपर वर्तमान एकाङ्किक कोष्ठ के चारों दिशाओं में स्थित कोष्ठकों में से अग्रिम कोष्ठक से भिन्न दो कोष्ठकों के ६ तथा १ अङ्क के योग से निष्पन्न ७ अङ्क से की गई है। यहाँ पूरणीय कोष्ठक के ऊपर के कोष्ठक के चारों दिशाओं में स्थित कोष्ठकों में अग्रिम कोष्ठक को छोड़ दिया जाता है तथा एक कोष्ठक पूरणीय है। अतः शेष पूर्व व उत्तर के दो ही रहते हैं। उन्हीं पूर्व व उत्तर के कोष्ठकों के अङ्कों के योग से ही उस पूरणीय कोष्ठक के अङ्क की पूर्ति होती है। इस प्रकार सम विषम शिलाओं के कोष्ठों में अङ्कविन्यास करने पर खण्डमेरु की सिद्धि होती है।

इस प्रकार समविषमशिलाओं के कोष्ठकों में अङ्कन्यास करने से ज्ञातव्य विषय निम्नलिखित हैं—जैसे षष्ठ शिला के कोष्ठकों में क्रमशः १, ६, ५, १ अङ्कों

का विन्यास है । अतः षष्ठमात्राप्रस्तार के भेदों में ३ गुरु मात्रा वाला १ विकल्प, दो गुरुमात्रा वाले ६ विकल्प, एक गुरुमात्रा वाले ५ विकल्प तथा निर्गुरुक (गुरु-रहित मात्रा वाला) १ विकल्प हैं । संभूय षण्मात्राप्रस्तार में १३ विकल्प हैं । इसी प्रकार १२वीं शिला के कोष्ठकों में क्रमशः १, २१, ७०, ८४, ४५, ११, १ अङ्क हैं। इनसे यह ज्ञात होता है कि द्वादशमात्राप्रस्तार के विकल्पों में छः गुरुमात्रा वाला १ विकल्प, पांच गुरुमात्रा वाले २१ विकल्प, चार गुरुमात्रा वाले ७० विकल्प, तीन गुरुमात्रा वाले ८४ विकल्प, दो गुरुमात्रा वाले ४५ विकल्प, एक गुरुमात्रा वाले ११ विकल्प तथा निर्गुरुक (गुरुमात्रारहित) १ विकल्प है । संभूय द्वादश मात्राप्रस्तार में २३३ विकल्प हैं ।

मात्रा मर्कटी विज्ञान

इसमें एक जगह पर एकल, द्विकल, त्रिकल आदि मात्रावृत्तों का, प्रस्तारभेदों की संख्या का, सकल विकल्पों को मात्रासमष्टि का, सकल विकल्पों की लघुमात्रासमष्टि का, सकल विकल्पों की गुरुमात्रासमष्टि का, सकल विकल्पों की वर्णसमष्टि का ज्ञान इस मात्रा मर्कटी विज्ञान से हो जाता है । मकड़ी के जाले की तरह इसका गुम्फन होने से इसका मर्कटीजाल नाम रखा गया है । संक्षेप से इसे मर्कटीसूत्र, मर्कटीजाल तथा मर्कटी नाम से भी व्यवहृत करते हैं । जितनी मात्रा वाले प्रस्तार के पदार्थों का ज्ञान करना है उतने ही कोष्ठक वाली ६ पंक्तियाँ इसमें बनानी चाहिएँ । प्रथम पंक्ति के कोष्ठों में १, २, ३, ४, ५ आदि क्रमिक अङ्क लिखने चाहिएँ । द्वितीय पंक्ति के कोष्ठकों में १, २, ३, ५ आदि प्राग्वलित अङ्क अर्थात् पौर्वयुगीय (पूर्व दो अङ्कों के योग से निष्पन्न) अङ्क लिखने चाहिएँ । तृतीय पंक्ति के कोष्ठकों में प्रथम पंक्ति में लिखित क्रमिक अङ्कों के साथ द्वितीय पंक्ति के कोष्ठकों में स्थित प्राग्वलित अङ्कों के गुणन से सिद्ध अङ्क लिखने चाहिएँ । चतुर्थ पंक्ति के कोष्ठकों में प्रथम कोष्ठ में १ अङ्क, द्वितीय कोष्ठ में २ अंक लिखकर तृतीयादि कोष्ठकों में निम्न रीति से अंक-पूर्ति करनी चाहिए । अर्थात् पूरणीय कोष्ठक से प्राग्वर्ती दो कोष्ठकों के अङ्कों के साथ ऊर्ध्व भाग से उपलक्षित द्वितीय पंक्तिस्थ प्राग्वलित अङ्क का योग कर सिद्ध अङ्क में से क्रमशः १, २, ३, ५ आदि अङ्कों को कम करके लिखना चाहिए । इस प्रकार प्राग्वलित अङ्क का क्रमशः परित्याग कर पूरणीय कोष्ठक के ऊपर के प्राग्-वलित अङ्क तथा पूरणीय कोष्ठक से पूर्ववर्ती दो कोष्ठकों के अङ्कों का योग कर सिद्ध अङ्क लिखकर चतुर्थ पंक्ति की पूर्ति करनी चाहिए । पञ्चम पंक्ति के प्रकोष्ठों में से प्रथम कोष्ठ में किसी भी अंक को न लिखकर द्वितीयादि कोष्ठों में क्रम से चतुर्थ पंक्ति के अंक आदि लिखने चाहिएँ । षष्ठ पंक्ति के कोष्ठकों में चतुर्थ व पञ्चम पंक्ति के दोनों अंकों के योग से सिद्ध अङ्क लिखने चाहिएँ ।

मर्कटी न्यास का स्वरूप

मात्रा जाति की संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१२
प्रस्तार भेद	१	२	३	५	८	१३	२१	३४	५५	८९	१४४	२३३	३७७
कुल मात्रा योग	१	४	९	२०	४०	७८	१४७	२७२	४९५	८९०	१५८४	२०९६	४९१८
लघुसमष्टि	१	२	५	१०	२०	३८	७१	१३०	२३५	४२०	७४४	१३०८	२२८५
गुरुसमष्टि	—	१	२	५	१०	२०	३८	७१	१३०	२३५	४२०	७४४	१३०८
वर्णसमष्टि	१	३	७	१५	३०	५८	१०९	२०१	३६५	६५५	११६४	२०५२	३५९३

मात्रानष्ट प्रत्यय

प्रस्तारगत विकल्पों के संख्याविशेषज्ञानद्वारा स्वरूप का ज्ञान कराना मात्रानष्ट प्रत्यय है। नष्टप्रत्ययविषयक सूत्र है—इष्टाङ्कोनितः सूचीशेषाङ्को यत्कलाविलुप्तः परसंहितया गुरुरिति मात्रानष्टप्रत्ययः इति।

अर्थात्—सूच्यङ्कों में इष्टाङ्क का लोप कर देने पर सूची का शेषाङ्क जिस कला से विलुप्त होता है उस कला को परकला के साथ संयुक्त कर देने से वह गुरु-मात्रा बन जाती है। समानमात्रा वाले जितने भेद हैं वे विकल्प कहलाते हैं। जिस विकल्प के स्वरूप का ज्ञान करना है उस विकल्प की जितनी मात्रायें विवक्षित हैं उतने ही प्राग्वलिताङ्क (सूच्यंक) लिखने चाहिएँ। आदि में १ अंक का तदनन्तर २ अंक का विन्यास करें। पश्चात् उन दोनों अंकों के योग से सिद्ध ३ अंक का, पश्चात् २ तथा ३ अंकों के योग से सिद्ध ५ अंक का, इसके बाद ३ तथा ५ अंक के योग से सिद्ध ८ अंक का उल्लेख करें। इस प्रकार पूर्व-पूर्व के दो अंकों से निष्पन्न होने वाले अंक प्राग्वलिताङ्क या सूच्यंक कहलाते हैं। सूच्यकों का उल्लेख ही पौर्वयुगीय अंकन्यास कहलाता है। क्योंकि ये सूच्यंक पूर्व पूर्व के दो अंकों के योग से निष्पन्न होते हैं। इन सूच्यंकों में अन्तिम कलाङ्क शेषाङ्क कहलाता है। जिज्ञास्य अंक (इष्टाङ्क) के कम कर देने पर अवशिष्ट सूचीशेषाङ्क सिद्धाङ्क शब्द से व्यवहृत होता है। वह सिद्धाङ्क स्वरूप से या खण्डरूप से जिस कला का अंक है वह कला परवर्ती कला से मिलकर दो कला (मात्रा) वाले गुरु (ऽ) की कल्पना कर देती है। इस गुरु मात्रा को छोड़कर शेष कलायें अपने स्वरूप में रहती हुई एककल लघुमात्राओं की प्रतिपादिका हैं। अर्थात् एक कला वाली लघु मात्रा कहलाती है। इस तरह गुरुलघुमात्राओं वाले उस विकल्प का ज्ञान हो जाता है।

अथवा नष्टक्रिया का बोधक दूसरा सूत्र है—"पृष्टाङ्कन्यूनितसंख्यावशिष्टाङ्को यतो यतो विघटेत सा कला तत्परकला च मिश्रिते गुरुरन्यत्र लघुरिति नष्टप्रत्ययः" अर्थात् पृष्टाङ्क की न्यूनता करने पर अवशिष्ट संख्याङ्क जिस जिस कला स्थान से न्यून होता है वह कला (मात्रा) उसकी परवर्ती कला से मिलकर गुरु (ऽ) मात्रा होती है तथा अन्य लघु (।) मात्रायें होती हैं, यही मात्रानष्टप्रत्यय है। जैसे गुरुसाध्य षण्मात्राप्रस्तार में आठवाँ विकल्प (भेद) कौन-सा है यह जिज्ञासा होने पर षण्मात्राप्रस्तार में ६ कलायें (मात्रायें) स्थापित करनी चाहिएँ। उन ६ मात्राओं पर क्रमशः १, २, ३, ५, ८, १३ ये सूच्यङ्क लिखने चाहियें। अन्तिम १३वें अङ्क में जिज्ञास्य अष्टम अङ्क का लोप कर दें। आठवें अङ्क का लोप कर देने पर १३ में से ५ अङ्क बचते हैं। इस ५ अङ्क के नीचे की चतुर्थमात्रा परमात्रा से मिलकर गुरु हो जाती है। जैसे ६ मात्रा वाले प्रस्तार का स्वरूप इस प्रकार है—

१	२	३	५	८	१३
।	।	।	।	।	।

इस प्रस्तार में पृष्टांक ८ अङ्क का लोप कर देने पर अन्तिम १३ अङ्क ५ संख्यामात्र

शेष रहता है वह ५ अङ्क षणमात्रा प्रस्तार की चतुर्थ मात्रा पर है। अतः वह चतुर्थ मात्रा पाँचवीं मात्रा से युक्त होकर गुरु (ऽ) मात्रा बन जाती है। अतः षण्मात्रा-प्रस्तार के अष्टम विकल्प का स्वरूप लघु (।।।ऽ।) ऐसा सिद्ध होता है।

मात्रा उद्दिष्ट प्रत्यय

मात्रा विशेष वाले प्रस्तार में विकल्प का स्वरूप तो ज्ञात है किन्तु उस प्रस्तार में उसकी संख्या (स्थान) ज्ञात नहीं है कि वह कौन-सा विकल्प है तो उसका बतलाने वाला प्रकार मात्रोद्दिष्टप्रत्यय कहलाता है। इस प्रत्यय का सूत्र निम्नलिखित है—'गुरुप्रथमाङ्कोनितः सूचीशेषाङ्कः स्वरूपस्य स्थानसंख्या' इति मात्रोद्दिष्टप्रत्ययः। अर्थात् प्रारम्भ में उद्दिष्ट स्वरूप (जिस स्वरूप की स्थान संख्या मालूम करनी है वह स्वरूप) लिखें और उसकी कलाओं पर नष्टक्रम की तरह पूर्व-पूर्व दो अङ्कों के योग से सिद्ध अङ्कों को उत्तरोत्तर लिखें। गुरु मात्रा दो कलाओं वाली होती है। अतः गुरुमात्रा पर दो अंक लिखे जायेंगे। उनमें प्रथम कला का अङ्क गुरुमात्रा के ऊपर तथा द्वितीय कला का अङ्क गुरु मात्रा के नीचे लिखें। पश्चात् गुरुमात्रा के शीर्षस्थ अङ्कों का अन्तिम अङ्क में से लोप कर दें। अन्त में जो संख्या अवशिष्ट रहती है वही उस स्वरूप की स्थानसंख्या है।

जैसे षण्मात्राप्रस्तार में उद्दिष्ट स्वरूप (।।।ऽ।) है। इसमें कलाओं पर क्रमशः

१ २ ३ ५ १३

१, २, ३, ५, ८, १३ सूच्यंक लिखने पर सन्निवेशक्रम (। । । ऽ ।) इस रूप में

८

बनता है क्योंकि गुरु के द्विकलात्मक होने से प्रथम कला ८ से सम्बद्ध ५ अंक गुरु मात्रा (ऽ) के ऊपर तथा द्वितीय कला से सम्बद्ध ८ अङ्क गुरुमात्रा (ऽ) नीचे लिखा है। इन सूच्यङ्कों में गुरुमात्रा से सम्बद्ध शीर्षस्थ अङ्क ५ को सूचीशेषाङ्क १३ में से कम कर देने पर ८ संख्या शेष रहती है। यही उपर्युक्त स्वरूप की स्थानसंख्या है, अर्थात् षण्मात्राप्रस्तार में (।।।ऽ।) स्वरूप का ८वाँ क्रमस्थान है यह ज्ञात हो जाता है।

इसी प्रकार षण्मात्रा प्रस्तार के ही (।ऽ।ऽ) स्वरूप की क्रमसंख्या ज्ञात करने

१ २ ५ ८

हेतु इस पर सूच्यङ्कों का सन्निवेश करने पर उसका रूप । ऽ । ऽ बना। गुरु-

३ – १३

मात्राओं पर नियमानुसार ऊपर व नीचे दो-दो अङ्क हैं। जैसा कि प्रथम गुरु पर २ अंक शीर्ष पर और ३ अंक नीचे तथा द्वितीय गुरु पर ८ अंक शीर्ष पर तथा १३ अंक नीचे लिखा गया है। इसमें गुरुमात्राओं के शीर्षस्थ अंक २ व ८ को शेषांक १३ में से घटाने पर ३ बचते हैं। अतः इस प्रस्तारविकल्प का तीसरा क्रमस्थान है अर्थात् षण्मात्राप्रस्तार में (।ऽ।ऽ) यह तीसरा रूप है।

इसी प्रकार अन्य स्वरूपों की स्थानसंख्या का ज्ञान करना चाहिये। निम्न-

लिखित उद्दिष्ट स्वरूप (। । । । । ।) में सूच्यंक विन्यस्त करते हैं तो उद्दिष्टस्वरूप
१ २ ३ ५ ८ १३
(। । । । । ।) में एक भी गुरुमात्रा न होने से शेषांक में से किसी भी अंक का लोप नहीं किया जाता है फलतः शेषांक १३ ही इस प्रस्तार का स्थानक्रम है।

१३. षण्मात्राप्रस्तार की अन्तिम संख्या है अतः यह सिद्ध होता है कि यह इस प्रस्तारश्रृंखला का अन्तिम रूप है इससे यह भी निष्कर्ष निकलता है कि सर्वलघुप्रस्तार प्रस्तारमाला का अन्तिम रूप होता है तथा उसका अन्तिम अङ्क प्रस्तारों की कुल इयत्ता का सूचक है। ऐसे ही सर्वगुरुप्रस्तारस्वरूप प्रथम भेद
१ ३ ८
होता है जो ऽ ऽ ऽ के रूप में १+३+८ को १३ में से कम कर देने पर बचे
२ ५ १३
१ अंक से स्पष्ट है।

इसी प्रकार षण्मात्राप्रस्तार में ५वें विकल्प का स्वरूप जानना हो तो १३ में से ५ अंक का लोप कर देने पर शेषांक ८ रहता है। यह अंक षण्मात्राप्रस्तार के उपर्युल्लिखित सूचीस्वरूप में ५वें क्रम पर है अतः इसे इसके बाद वाली मात्रा के साथ मिलाने से वह गुरु (ऽ) मात्रा बन गई। शेष प्रथम चार मात्रायें स्वस्वरूप में अर्थात् लघुमात्रा रूप में रहीं। अतः ५वें विकल्प का स्वरूप । । । । ऽ ऐसा सिद्ध होता है। इसी प्रकार इसी षण्मात्राप्रस्तार में छठे विकल्प के स्वरूप को जानना हो तो १३ में से पृष्टांक ६ को कम करने पर शेषांक ७ बचते हैं। यह ७ संख्या सूची के २ व ५ कलाओं में विभक्त रूप से दृष्ट है जिनका क्रम द्वितीय व चतुर्थ हैं, अतः दूसरी व तीसरी कला मिल कर एक गुरु (ऽ) मात्रा तथा पाँचवीं व आठवीं कला मिलकर एक गुरु (ऽ) मात्रा बनती है। क्योंकि द्वितीय तथा पञ्चम कला का लोप हुआ है। वे दोनों कलायें पर कला से मिलकर गुरु (ऽ) मात्रायें बन जाती हैं। शेष एक और छठी मात्रायें यथावत् लघु ही रहती हैं अतः (। ऽ ऽ ।) यह स्वरूप षष्ठ विकल्प का सिद्ध होता है। इन तीन उदाहरणों की भाँति हो सर्वत्र नष्टक्रिया होगी तथा किसी भी संख्या वाले प्रस्तार में अभीष्ट क्रम वाले विकल्प का ज्ञान होगा।

संख्या विज्ञान

भिन्न भिन्न मात्राओं वाले प्रस्तार में इतने-इतने विकल्प होते हैं इस विकल्प संख्या का निर्धारण 'संख्या विज्ञान' प्रत्यय से होता है। इसका सूत्र निम्न-लिखित है—

'यावन्मात्राकप्रस्तारे संख्याजिज्ञासा तावतिथेन प्राग्वलिताङ्केन संख्या-प्रत्ययः'। अर्थात् जितनी मात्रा वाले प्रस्तार में प्रस्तार-विकल्पों की संख्या का ज्ञान करना है उतनी ही संख्या वाले प्राग्वलित अंक से प्रस्तारगत विकल्पों की संख्या का ज्ञान हो जाता है।

जितनी मात्रा वाले मात्रा प्रस्तार में कुल विकल्पों की संख्या का ज्ञान करना है उतनी ही कलाएँ स्थापित करनी चाहियें। उन कलाओं पर १. २. ३. ५. ८. १३. आदि क्रम से प्राग्वलित अङ्कों—अर्थात् पूर्ववर्ती दो अङ्कों के योग से निष्पन्न अंकों—की स्थापना करें। अन्तिम कला पर जो अङ्क होता है उसे शेषांक कहते हैं। उस शेषांक की संख्या वाले विकल्प उस मात्राप्रस्तार में होते हैं।

जैसे षण्मात्राप्रस्तार में छः कलाओं का न्यास करके प्रत्येक कला पर प्राग्वलित अङ्क (१ २ ३ ५ ८ १३ / । । । । । ।) रखने पर अन्तिम कला पर जो १३ अङ्क शेषांक है वह प्रस्तार के कुल विकल्पों की संख्या है, सप्तमात्राप्रस्तार में यह संख्या २१ होगी, अष्टमात्राप्रस्तार में कुल विकल्प ३४ होंगे। इसी प्रकार आगे भी समझना चाहिये। इसे निम्नलिखित परिलेख से स्पष्टता से जाना जा सकता है—

प्राग्वलितांक	१	२	३	५	८	१३	२१	३४	५५	८९	१४४	२३३
कला	।	।	।	।	।	।	।	।	।	।	।	।
कला-संख्या	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२

मात्रा-अध्वयोग-प्रत्यय

वर्णाध्वयोग के समान ही मात्राध्वयोग है। जैसे षडक्षर प्रस्तार में ६४ वर्ण हैं। उस ६४ को द्विगुणित कर १ संख्या के कम कर देने पर १२७ अंगुल षडक्षर-प्रस्तार में अपेक्षित हैं। इसी प्रकार मात्राप्रस्तार में प्रस्तारगत मात्राओं की जितनी संख्या है उसे द्विगुणित कर एक संख्या कम करने पर जो संख्या होती है उतना ही प्रदेश उस मात्रा वाले प्रस्तार के लिए अपेक्षित है। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में १३ कलायें हैं उनको द्विगुणित कर १ संख्या कम कर देने पर २५ संख्या होती है। यह २५ अंगुलात्मक प्रदेश षण्मात्राप्रस्तार का आधार है। इसलिए षण्मात्राप्रस्तार को दिखलाने के लिए २५ अंगुलात्मक प्रदेश ग्रहण करना चाहिए।

अब मेरुसम्बन्ध से मात्राशलाकाप्रत्यय व मात्रापताकाप्रत्यय का निरूपण किया जा रहा है। इनमें मात्राशलाकाप्रत्यय का निरूपण आगे सुखसारणी प्रकरण में किया जायगा। अतः यहाँ मात्रापताकाप्रत्यय का ही निरूपण किया जा रहा है।

मात्रापताका प्रत्यय

पूर्व में मेरुशलाका क्रिया द्वारा निर्गुरुक, एकगुरुक, द्विगुरुक, त्रिगुरुक आदि मात्राविकल्पों का, संख्या से निर्धारण कर दिया गया है। अर्थात् इतने विकल्प दो गुरु मात्रा वाले, इतने एक गुरुमात्रा वाले हैं इत्यादि का निर्धारण कर दिया गया है। किन्तु उन विकल्पों का स्थान कौन-सा है अर्थात् उन विकल्पों की स्थानसंख्या क्या है? इसका निर्धारण नहीं हुआ। इसके निर्धारण के लिए मात्रापताका प्रत्यय की प्रवृत्ति है। इस प्रत्यय के पताकाकार का होने से मात्राप्रत्यय को पताका कहा जाता है। इस मात्रापताका में जितने मेरुसिद्ध शिलाङ्क हैं उतने ही कोष्ठक लिखने चाहिएं और पताकादण्ड पर मात्रासूच्यङ्कों का उल्लेख करना चाहिए। उन मात्रासूच्यङ्कों के (अनुसार) पताका में अङ्कन्यास होता है। मात्रापताका की अन्तिम पंक्ति एक कोष्ठ वाली है। अतः उस में मात्राप्रस्तारसंख्यारूप, मात्रासूची के अन्तिम अंक का उल्लेख करना चाहिए। उस सूचीशेषाङ्क अर्थात् मात्रसूची के अन्तिम अङ्क में अन्तिम सूच्यङ्क से भिन्न एक एक सूच्यङ्क के यथासम्भव विलोप से अवशिष्ट अङ्कों को उपान्त्य पंक्ति में क्रमशः लिखें। पश्चात् उस शेषाङ्क में उससे (शेषांक से) भिन्न दो दो सूच्यंकों का यथासम्भव विलोप करके उससे अवशिष्ट अंकों को उपान्त्य पंक्ति की पार्श्व पंक्ति में लिखें। इसी प्रकार शेषाङ्क में शेषाङ्क से भिन्न तीन तीन या चार चार करके यथा-सम्भव सूच्यंकों का विलोप कर शेष अंकों को उत्तरोत्तर क्रम से लिखें। विलोप से सिद्ध अंक का यदि एक बार पहिले उल्लेख हो चुका है तो उसको दूसरी बार न लिखें। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में मेरुशिलाङ्क में १, ६, ५, १ ये चार अंक हैं। अतः इस षण्मात्राप्रस्तार में चार अंकों का ही न्यास है इसलिए षण्मात्राप्रस्तारपताका में चार पंक्तियाँ ही होती हैं। इससे प्रथम पंक्ति एक कोष्ठक वाली, द्वितीय पंक्ति ६ कोष्ठों वाली तृतीय पंक्ति ५ कोष्ठों वाली तथा चतुर्थ पंक्ति एक कोष्ठ वाली होगी।

इस प्रकार मेरुशिला के अंङ्कों के आधार पर पताकाकोष्ठों के निष्पन्न होने पर षण्मात्रावाली सूची के अंकों के आधार पर पताका में अङ्कन्यास करना चाहिए। षण्मात्राप्रस्तार में सूच्यंक १, २, ३, ५, ८, १३ हैं और सूचीशेषाङ्क त्रयोदश संख्या है। पताका की चतुर्थ पंक्ति के कोष्ठ में सूचीशेषाङ्क १३ लिखना चाहिए। तदनन्तर १३ अंक में ८ अङ्क के विलोप से अवशिष्ट ५ अंक को तृतीय पंक्ति के प्रथम कोष्ठ में, ५ अंक के लोप से अवशिष्ट ८ अंक को तृतीय पंक्ति के द्वितीय कोष्ठ में, ३ अंक के विलोप से अवशिष्ट १० अंक को तृतीय पंक्ति के तृतीय कोष्ठ में, २ अंक के विलोप से अवशिष्ट ११ अंक को तृतीय पंक्ति के चतुर्थ कोष्ठक में, १ अंक के विलोप से अवशिष्ट १२ अंक को तृतीय पंक्ति के पञ्चम कोष्ठ में लिखें। इसके बाद १३ शेषाङ्क में से इससे पूर्ववर्ती दो दो सूच्यंकों का विलोप प्रारम्भ कर ५, ८ सूच्यंकों का विलोप करने पर कोई अंक अवशिष्ट नहीं रहता। अतः उसके लिखने का कोई प्रश्न नहीं है। ३ व ८ सूच्यंकों का विलोप करने से

अवशिष्ट २ अङ्क को द्वितीय पंक्ति के प्रथम कोष्ठ में, २ व ८ सूच्यंकों का विलोप करने पर अवशिष्ट ३ अङ्क को द्वितीय पंक्ति के द्वितीय कोष्ठ में, १ व ८ सूच्यंकों के विलोप से अवशिष्ट ४ अंक को द्वितीय पंक्ति के तृतीय कोष्ठ में, ५ व २ अंकों के विलोप से अवशिष्ट ६ अंक को चतुर्थ कोष्ठ में, ५ व १ सूच्यंकों के विलोप से अवशिष्ट ७ अंक को पञ्चम कोष्ठ में, ३ व १ अंकों के विलोप से अवशिष्ट ९ अंक को द्वितीय पंक्ति के षष्ठ कोष्ठक में लिखें। इस प्रकार पताका की द्वितीय पंक्ति की भी पूर्ति हो जाती है। ५ तथा ३ अंकों के एवं २, ३ अंकों के विलोप से क्रमशः अवशिष्ट ५ अंक व ८ अंक का उल्लेख यहाँ नहीं किया गया है क्योंकि उनका उल्लेख पहिले तृतीय पंक्ति के प्रथम व द्वितीय कोष्ठ में हो चुका है। शेषाङ्क में से ३, ३ अंकों के विलोपक्रम में ८, ३, १ इन ३ सूच्यंकों के विलोप से अवशिष्ट १ अंक ही बचता है जिसका उल्लेख पताका की प्रथम पंक्ति में किया गया है। अन्य तीन सूच्यंकों के विलोप से अवशिष्ट अंकों का पहिले उल्लेख हो चुका है। अतः उनका पुनः उल्लेख नहीं किया गया है। जैसे १, २, ३ इन तीन सूच्यंकों के विलोप से अवशिष्ट ७ अंक द्वितीय पंक्ति के पञ्चम कोष्ठ में, २, ३, ५ सूच्यंकों के विलोप से अवशिष्ट ३ अंक का द्वितीय पंक्ति के द्वितीय कोष्ठ में उल्लेख हो चुका है। अतः उनका पुनः उल्लेख नहीं किया जा रहा है। इस तरह षण्मात्राप्रस्तार में पताकांकन्यास निष्पन्न हो जाता है।

षण्मात्रा-पताकाङ्कन्यास

१	२	३	५	८	१३
१	६	५	१		
१	२	५	१३		
	३	८			
	४	१०			
	६	११			
	७	१२			
	९				

उपर्युक्त पताकाङ्कन्यास से ज्ञातव्य तथ्यों का निरूपण निम्नलिखित है—

षष्ठ मेरुशिला में क्रमशः १, ६, ५, १ अंक है। इससे यह तो निश्चित हो गया कि त्रिगुरुकमात्राविकल्प एक है किन्तु उसके स्थान का निश्चय नहीं हुआ

है। अतः उसके स्थान का निश्चय पताका से होता है। पताका के प्रथम कोष्ठ में १ अंक का उल्लेख है इससे यह ज्ञात हो जाता है कि त्रिगुरुमात्राक एक विकल्प का स्थान प्रथम है। अर्थात् षण्मात्राप्रस्तार में त्रिगुरुमात्राक विकल्प प्रथम-स्थानीय है। इसी प्रकार द्विगुरुमात्राक विकल्प ६ हैं। यह तो षष्ठ शिला के द्वितीय कोष्ठ में उल्लेखित ६ अंक के द्वारा ज्ञात हो गया है किन्तु उन द्विगुरु-मात्रा वाले विकल्पों का षण्मात्राप्रस्तार में कौन कौन-सा स्थान है इसका निर्धारण पताका की द्वितीय पंक्ति से होता है। अर्थात् पताका की द्वितीय पंक्ति के कोष्ठों में निर्दिष्ट अंकों द्वारा होता है। इन अंकों से यह निश्चित हो जाता है कि षण्मात्रा-प्रस्तार में द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ, सप्तम, नवम स्थान द्विगुरुक विकल्पों के हैं। इसी तरह मेरु की षष्ठशिला के तृतीय कोष्ठ में उल्लेखित ५ अंक के द्वारा षण्मात्रा-प्रस्तार में एकगुरुमात्राक ५ विकल्प हैं यह ज्ञात हो जाने पर भी उन विकल्पों के स्थान का ज्ञान पताका की तृतीय पंक्ति में निर्दिष्ट अंकों द्वारा होता है। इसी तरह सप्तमात्रापताका का भी ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उपर्युक्त रीति से मेरुसम्बन्ध से मात्राशलाका व मात्रापताका का निरूपण किया गया है।

इसके बाद मर्कटीसम्बन्ध से सूची, पाताल, मात्रा व पिण्ड प्रत्ययों का क्रम से निरूपण है।

सूची

पौर्वयुगीय अर्थात् पूर्व दो सूच्यंकों के योग से निष्पन्न अंकपरम्परा सूची कहलाती है जैसे १, २, ३, ५, ८, १३ आदि अंकपरम्परा। इन प्राग्वलिताङ्करूप सूच्यंकों में अन्तिम अंक से प्रस्तार के भेदों की संख्या का ज्ञान होता है। उपान्त्य सूच्यंक से लघ्वादि व लघ्वन्त भेदों की संख्या ज्ञात होती है। उपान्त्य से पूर्व सूच्यंक से गुर्वादि गुर्वन्त तथा लघ्वादि लघ्वन्त भेदों की संख्या का ज्ञान तथा उससे भी पूर्व सूच्यंक से गुर्वादि लघ्वन्त तथा लघ्वादि गुर्वन्त भेदों का ज्ञान होता है। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में प्रस्तारभेदों की संख्या १३ है। यह अन्तिम सूच्यंक शेषाङ्क से ज्ञात होता है। लघ्वादि तथा लघ्वन्त भेद षण्मात्राप्रस्तार में ८, ८ हैं। यह उपान्त्य सूच्यंक से ज्ञात होता है। उपान्त्यपूर्व सूच्यंक ५ से गुर्वादि, गुर्वन्त तथा लघ्वादि लघ्वन्त भेद ५-५ हैं यह ज्ञात होता है। इससे भी पूर्व सूच्यंक से गुर्वादिलघ्वन्त तथा लघ्वादिगुर्वन्त भेद ३-३ हैं यह ज्ञात होता है। उससे भी पूर्व सूच्यंक २ से गुर्वादि व गुर्वन्त भेद दो हैं यह ज्ञात होता है। मूल पुस्तक के पृष्ठ ६८ के अभिलेख से इसको सम्यक् समझिए।

पाताल प्रत्यय

अभीष्टमात्रा के समान कोष्ठों वाली तीन पंक्तियाँ लिखनी चाहिएं। उनमें प्रथम पंक्ति में इष्टांक, द्वितीय पंक्ति में प्राग्वलितांक (सूच्यंक) तथा तृतीय पंक्ति के प्रथम

कोष्ठ में १ अंक द्वितीय कोष्ठक में २ अंक लिखकर उसके उत्तरवर्ती कोष्ठों में अपने अव्यवहित पूर्ववर्ती दो कोष्ठकों के अंकों तथा अपने से अव्यवहित पूर्ववर्ती कोष्ठ के शीर्षस्थ अंक का योग कर सिद्ध अंक को लिखें। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में ६ अंक तक क्रमिकांक प्रथम पंक्ति में तथा १, २, ३, ५. ८, १३ ये पौर्वयुगीय (प्राग्वलित) अंक द्वितीय पंक्ति में लिखें। तृतीय पंक्ति में प्रथम कोष्ठ में १ अंक तथा द्वितीय कोष्ठ में २ अंक लिखकर आगे के कोष्ठों में कोष्ठत्रय के अंकों (पूरणीय कोष्ठक से अव्यवहित पूर्ववर्ती दो कोष्ठों के अंकों का तथा पूरणीय कोष्ठक से अव्यवहित पूर्ववर्ती कोष्ठक के शीर्षस्थ कोष्ठक के अंक का) योग कर निष्पन्न अंक को लिखें। जैसे तृतीय पंक्ति के तृतीय कोष्ठक में उससे अव्यवहित पूर्ववर्ती प्रथम द्वितीय कोष्ठकों के १ व २ अंक का तृतीय कोष्ठक से अव्यवहित पूर्ववर्ती द्वितीय कोष्ठक के शीर्षस्थ २ अंक से योग कर उससे निष्पन्न ५ अंक लिखा गया है। इसी प्रकार से आगे के कोष्ठकों में १०, २० आदि अंकों को निष्पन्न कर लिखना चाहिए।

इससे षण्मात्राप्रस्तार में ३८ लघु मात्राएँ तथा २० गुरुमात्रायें हैं यह तृतीय पंक्ति के अन्तिम तथा उपान्त्य कोष्ठकों से ज्ञात हो जाता है।

मात्राप्रत्यय

गुरुमात्राओं की संख्या को द्विगुणित कर उसमें लघुमात्राओं की संख्या का योग करने पर भिन्न-भिन्न प्रस्तारों में मात्राओं की संख्या का ज्ञान हो जाता है। जैसे षट्कल (षण्मात्रा) प्रस्तार में गुरुमात्राओं की २० संख्या को द्विगुणित कर उसमें ३८ लघुमात्राओं की संख्या का योग करने पर ७८ मात्रायें हैं यह ज्ञात हो जाता है। अर्थात् षण्मात्राप्रस्तार के मात्रासमष्टि की संख्या ७८ है यह सिद्ध हो जाता है।

पिण्डप्रत्यय

मात्रासंख्या को आधा करने पर पिण्डसंख्या का ज्ञान हो जाता है। जैसे— षट्कल प्रस्तार में मात्रासमष्टिसंख्या ७८ है। उसको आधा करने पर ३९ पिण्ड-संख्या है यह ज्ञात हो जाता है। इसी तरह अन्य मात्रा प्रस्तारों में भी पिण्डसंख्या को मालूम करना चाहिए। इस प्रकार १३ मात्राप्रत्ययों के द्वारा मात्राग्रन्थ में शास्त्रजालनामक प्रकरण समाप्त हो गया है।

अब बालकों के अभ्यास के लिए मात्राप्रत्ययों की सुखसारणी का निरूपण किया जा रहा है। संख्यान, अध्वयोग, प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट, मेरु, शलाका, पताका, मर्कटीजाल इन मात्राप्रत्ययों की सूची ही एक ध्रुवा है। उसी के आधार से इन मात्रा-प्रत्ययों का ज्ञान संभव है। जिस सूची से उपर्युक्त मात्राप्रत्ययों का ज्ञान होता है वह मात्रासूची सौत्रसूची असौत्रसूची भेद से दो प्रकार की है। आदि में शून्य तथा नित्यैकाङ्क की स्थापना कर उन दोनों के योग से सिद्ध संख्यैकाङ्क की स्थापना

करें। पश्चात् नित्यैकाङ्क व संख्यैकाङ्क के योग से सिद्ध २ अङ्क को, तदनन्तर संख्यैकाङ्क तथा २ अङ्क के योग से सिद्ध ३ अङ्क को लिखें। इस प्रकार दो-दो के योग से सिद्ध ५, ८ आदि अङ्कों को उत्तरोत्तर लिखें। इन्हीं अङ्कों से मात्रासौत्र-सूची निष्पन्न होती है। तथा आदि में शून्य तथा नित्यैकाङ्क का परित्याग कर संख्यै-काङ्क, द्वयङ्क, त्र्यंक, पञ्चाङ्क आदि पौर्वयुगीय (पूर्व-पूर्व दो अङ्कों) के योग से सिद्ध तार नामक अङ्कों का विन्यास असौत्रसूची कहलती है। जैसे--

पार—	०	१	२	३	४	५	६	७	८	सौत्रसूची
तार—	१	१	२	३	५	८	१३	२१	३४	

पार—	१	२	३	४	५	६	७	८	असौत्रसूत्री
तार—	१	२	३	५	८	१३	२१	३४	

मात्रासंख्यानप्रत्यय

यहां क्रमिकाङ्कों से सूचित मात्राप्रस्तार में क्रमिकाङ्क से नीचे के पौर्वयुगीय (पूर्व के दो अङ्कों के योग से निष्पन्न) अङ्क के प्रमाण वाले मात्रा तथा पिण्ड-मात्राओं के भेद से भिन्न प्रस्तारस्वरूपभेद हो जाते हैं यही संख्याविज्ञान है। जैसे ५ क्रमिकाङ्क से सूचित प्रस्तार में अर्थात् पञ्चमात्राप्रस्तार में उस ५ अङ्क के नीचे विद्यमान पौर्वयुगीय ८ अङ्क के प्रमाण वाले ८ प्रस्तारभेद हैं अर्थात् पञ्चमात्रा-प्रस्तार में प्रस्तारभेदों की संख्या ८ है इस प्रकार प्रस्तारभेदों की संख्या का ज्ञान हो जाता है यही संख्यानप्रत्यय या संख्यानविज्ञान है।

मात्राध्वयोगप्रत्यय

गुरु या लघु मात्रा लिखने पर जितने प्रदेश को व्याप्त करती है उतना प्रदेश अंगुल कहलाता है। संख्यान से द्विगुणित अङ्क के प्रमाण वाले अंगुल एक अंगुल से न्यून होने पर मात्राध्वयोग है। अतः उतने प्रदेश को मात्राप्रस्तारोल्लेख के लिए ग्रहण करना चाहिए।

मात्राप्रस्तार

जितनी मात्रा वाले प्रस्तार का निर्माण करना है उस प्रस्तार के बोधक क्रमिक अङ्क के नीचे पौर्वयुगीय (पूर्व के दो अङ्कों के योग से निष्पन्न) अङ्क तक की सौत्र-सूची की स्थापना करनी चाहिए। तदनन्तर संख्यानाङ्क के प्रमाण वाले ऊर्ध्वाधर-भाव (ऊपर नीचे के क्रम) से विद्यमान स्थानों में उससे पूर्व अङ्क के क्रम से गुरुलघु-मात्राओं का उल्लेख करना चाहिए। उसका प्रकार यह है कि संख्यानांक पूर्ववर्ती

जिन दो अङ्कों के संयोग से बना है उन अङ्कों के प्रमाण वाली गुरु व लघु मात्रायें ऊर्ध्वाधरभाव से अर्थात् ऊपर नीचे के क्रम से लिखनी चाहिएँ । वह प्रस्तार की अन्तिम पंक्ति होती है । पश्चात् संख्यानाङ्क का निर्माण करने वाले दोनों अङ्क जिन दो अङ्कों के योग से निर्मित हैं उन दोनों अङ्कों के प्रमाण वाली गुरु व लघु मात्रायें लिखनी चाहिएँ । इससे प्रस्तार की उपान्त्य पंक्ति का निर्माण होता है । इस प्रकार उत्तरोत्तर अङ्कों के जनक पूर्व-पूर्व दो अङ्कों के विन्यास से उपान्त्य पूर्व की पंक्तियों का निर्माण करना चाहिए ।

जैसे षण्मात्राक प्रस्तार में संख्यानाङ्क १३ है । इसका निर्माण ५ व ८ अङ्कों के योग से हुआ है । अतः प्रथम भाग ५ अंक के प्रमाणवाली ५ गुरुमात्राओं को तथा द्वितीय भाग ८ अङ्क के प्रमाणवाली ८ लघुमात्राओं को ऊर्ध्वाधरक्रम से लिखना चाहिए । इससे षण्मात्राप्रस्तार की षष्ठ पंक्ति बन जाती है । पश्चात् गुरुमात्रा का जनक ५ अङ्क भी २ व ३ अङ्क के योग से बना है । अतः उसका २ व ३ अङ्क में विशकलन करने पर प्रथम भाग २ अङ्क के प्रमाण वाली दो गुरुमात्रायें तथा द्वितीय भाग ३ अङ्क के प्रमाण वाली तीन लघुमात्रायें उर्ध्वाधरक्रम से लिखनी चाहिएँ । तथा लघुमात्राजनक ८ अङ्क के ३ व ५ अङ्क के योग से निष्पन्न होने से उस ८ अङ्क का ३ व ५ अङ्क में विशकलन करने पर उसके प्रथमभाग ३ अङ्क के प्रमाणवाली तीन गुरु मात्राएँ तथा द्वितीय भाग ५ अंक के प्रमाणवाली पांच लघुमात्रायें ऊर्ध्वाधर क्रम से लिखें । इस प्रकार दो गुरुमात्राएँ, तीन लघुमात्रायें, तीन गुरुमात्राएँ व पाँच लघुमात्राएँ, इनको वामभाग की ओर ऊर्ध्वाधरक्रम से लिखने पर षण्मात्राप्रस्तार की पञ्चम पंक्ति बन जाती है ।

पश्चात् गुरुमात्राजनक २ अङ्क भी नित्यैकाङ्क व संख्यैकाङ्क के योग से निर्मित है । अतः उसका नित्यैकाङ्क व संख्यैकाङ्क में विशकलन होता है । अतः प्रथमभाग नित्यैकाङ्क के प्रमाण से १ गुरुमात्रा का तथा द्वितीय भाग संख्यैकाङ्क प्रमाण से १ लघुमात्रा का विन्यास होता है ।

गुरुमात्रासम्बन्धी ३ अङ्क का भी संख्यैकाङ्क में व द्वयङ्क में विशकलन होता है । इनमें प्रथम भाग संख्यैकाङ्क से प्रमित एक गुरुमात्रा का तथा द्वितीय भाग द्व्यङ्क से प्रमित दो लघुमात्राओं का विन्यास है । लघुमात्रासम्बन्धी ५ अङ्क का भी दो व तीन अङ्कों में विशकलन होता है । इनमें प्रथमभाग २ अङ्क से प्रमित २ गुरुमात्राओं का तथा द्वितीय भाग ३ अङ्क से प्रमित ३ लघुमात्राओं का विन्यास है । ये सब मात्रायें ऊर्ध्वाधरक्रम से वाम भाग में लिखी जाती हैं । इस प्रकार प्रस्तार की चतुर्थ पंक्ति का निर्माण होता है ।

गुरुमात्रासम्बन्धी दो अङ्क का नित्यैकाङ्क व संख्यैकांक में विशकलन होता है । उनमें नित्यैकाङ्क के नित्य होने से उसका विशकलन नहीं हो सकता । अतः उसके समकक्ष रूप से वामभाग में किसी गुरु या लघुमात्रा का विन्यास नहीं होता

किन्तु लघुमात्रासम्बन्धी संख्यैकाङ्क का शून्य तथा नित्यैकाङ्क में विशकलन होता है। शून्यरूप प्रथम भाग के शून्य होने से किसी गुरुमात्रा की प्राप्ति नहीं होती किन्तु द्वितीय भाग के नित्यैकाङ्करूप होने से उससे प्रमित एक लघु मात्रा का विन्यास वामभाग में होता है। पहिले गुरुसम्बन्धी ३ अङ्क का संख्यैकाङ्क व द्व्यङ्क में विभाग बतलाया था। उनमें प्रथम संख्यैकाङ्क का शून्य व नित्यैकाङ्क में विशकलन होने पर प्रथम भाग के शून्य होने से किसी गुरुमात्रा की प्राप्ति नहीं है। किन्तु द्वितीय भाग नित्यैकाङ्क से प्रमित एक लघुमात्रा का विन्यास संख्यैकाङ्क के समकक्ष में होता है। पश्चात् दो अंक का नित्यैकांक व संख्यैकांक में विशकलन होने से नित्यैकांक से प्रमित एक गुरुमात्रा तथा द्वितीयभाग संख्यैकांक से प्रमित एक लघुमात्रा का विन्यास होता है। पश्चात् नित्यैकांक के अयोगज होने से उस प्रथम भाग का विशकलन न होने से उससे पूर्व वामभाग में किसी गुरु व लघुमात्रा का विन्यास नहीं होता। किन्तु संख्यैकांक का शून्य व नित्यैकांक में विशकलन होने से शून्य से पूर्व वामभाग में किसी भी गुरुलघुमात्रा का विन्यास नहीं होता किन्तु द्वितीयभाग नित्यैकांक से प्रमित १ लघुमात्रा का विन्यास होता है। इस तरह अन्य अंकों के विशकलन से गुरु लघु मात्राओं का वामभाग में विन्याम करने पर प्रस्तार की तृतीय, द्वितीय व प्रथम पंक्तियों का निर्माण हो जाता है।

नष्टक्रिया

संख्यानांक में जिज्ञासित अंक के कम कर देने पर शेष संख्यानांक जिन पौर्वयुगीय (पूर्व दो अङ्कों के योग से बने हुए) अंक स्वरूप से या खण्डखण्ड रूप से जिन-जिन सूच्यंकों में उपलब्ध होता है वह मात्रा परमात्रा से मिलकर पिण्डभूत हो जाने से गुरुमात्रा बन जाती है तथा अन्य लघुमात्रायें रहती हैं इसे नष्टक्रिया या नष्टविज्ञान कहते हैं।

जैसे षण्मात्राक प्रस्तार में संख्यानांङ्क १३ है। उसमें जिज्ञासित १२ अंक कम कर देने पर १ अंक रूप संख्यानाङ्क शेष रहता है। अतः वह एकाङ्क के नीचे की प्रथम मात्रा दो अंक के नीचे की परवर्ती कला से मिल जाने से उनके स्थान में गुरु (ऽ) मात्रा बन जाती है और शेष कलाएँ यथावत् लघुमात्रायें ही रहती हैं। इस प्रकार भघात्मक (ऽ।।।।) जो स्वरूप निष्पन्न होता है वही षण्मात्राप्रस्तार में १२वें प्रस्तारविकल्प का स्वरूप है। भघात्मक स्वरूप का तात्पर्य भगण तथा दो लघुमात्राएँ हैं। क्योंकि 'घ' वर्ण दो लघुमात्राओं का बोधक है। इसी प्रकार षण्मात्राप्रस्तार में १०वें प्रस्तारविकल्प का स्वरूप मालूम करना है तो संख्यानाङ्क में १० अंक कम कर देने पर ३ अंक रूप संख्यानाङ्क शेष रहता है। अतः ३ सूच्यंक वाली कला परवर्ती ५ सूच्यंकवाली कला के साथ मिलकर एक हो जाने से दोनों कलाओं के स्थान में गुरु (ऽ) मात्रा की निष्पत्ति हो जाती है और शेष कलायें यथावत् लघु रहती हैं। इस प्रकार (।।ऽ।।) इत्याकारक

सघात्मक अर्थात् सगण व दो लघु कलात्मक स्वरूप निष्पन्न होता है। यही स्वरूप षण्मात्राप्रस्तार में दशम प्रस्तारविकल्प का है यह ज्ञात हो जाता है। इसी रीति से षण्मात्राप्रस्तार में ८वें प्रस्तारविकल्प का स्वरूप मालूम करना है तो संख्यानाङ्क १३ में से ८ अंक के कम कर देने पर ५ अंकरूप संख्यानाङ्क शेष रहता है। अतः ५ सूच्यंक स्थान वाली कला ८ सूच्यंक स्थानीय कला से मिलकर पिण्डीभूत हो जाने से उनके स्थान में गुरुमात्रा हो जाती है। शेष मात्रायें यथावत् लघु ही रहती हैं। इस तरह जो स्वरूप बनता है वह लसलात्मक (।।।ऽ।) बनता है यही स्वरूप षण्मात्राप्रस्तार में अष्टम प्रस्तारविकल्प का है। लसलात्मक का तात्पर्य लघु, सगण व लघु है। क्योंकि 'ल' शब्द लघु (।) मात्रा का बोधक है। उपर्युक्त तीनों उदाहरणों में संख्यानाङ्क में से जिज्ञासित अंक की कमी कर देने पर शेष संख्यानाङ्क सूच्यंकों में स्वरूपतः उपलब्ध होता है। इसी प्रकार संख्यानाङ्क में जिज्ञासित अंक के कम कर देने पर शेष संख्यानाङ्क की जहाँ खण्ड-खण्ड रूप से उपलब्धि होती है उसका उदाहरण निम्नलिखित है। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में जिज्ञासित ६ अंक कम कर देने पर अवशिष्ट ७ अंकरूप संख्यानाङ्क की सूच्यंकों में स्वरूपतः उपलब्धि न होने पर भी २ रूप सूच्यंक तथा ५ रूप सूच्यंकों में खण्ड-खण्ड रूप से उपलब्धि होती है। अतः द्वितीय कला परवर्ती तृतीय कला से तथा पञ्चममात्रा परवर्ती अष्टम-स्थानीय कला से मिलकर गुरु (ऽ) मात्रायें बन जाती हैं। शेष कलायें लघु (।) रहती हैं। इस प्रकार षण्मात्राप्रस्तार का षष्ठ स्वरूप (।ऽऽ।) ऐसा है। अतः द्वितीय स्थानीय कला परवर्ती तृतीय स्थानीय कला से तथा पञ्चमस्थानीय कला परवर्ती अष्टम स्थानीय कला से मिलने के कारण पिण्डीभूत होकर वे कलायें गुरु (ऽ) कला बन जाती हैं। शेष कलायें यथावत् लघु (।) ही रहती हैं। इस प्रकार लक्षलात्मक (।ऽऽ।) जो स्वरूप बनता है वही षण्मात्राप्रस्तार के षष्ठ विकल्प का है। लक्षलात्मक का तात्पर्य एक लघुमात्रा दो गुरु मात्रा तथा अन्त में पुनः एक लघुमात्रा अर्थ है क्योंकि 'ल' वर्ण लघुमात्रा का तथा 'क्ष' वर्ण दो गुरु-मात्राओं का बोधक है।

उद्दिष्ट क्रिया

उद्दिष्टस्वरूप के ऊपर पौर्वयुगीय सूच्यंकों को लिखना चाहिये। किन्तु गुरु (ऽ) मात्रा के ऊपर व नीचे दो सूच्यंकों का तथा लघुमात्रा के ऊपर एक सूच्यंक का विन्यास कर गुरुमात्रा के ऊपर विन्यस्त अंकों को संख्यानाङ्क से हटा देने पर (कम कर देने पर) अवशिष्ट अंक से उद्दिष्टस्वरूप के स्थान का ज्ञान उद्दिष्ट क्रिया कहलाती हैं। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में (।ऽऽ।) इस उद्दिष्टस्वरूप में गुरु-

१ २ ५ १३
मात्राओं के ऊपर (। ऽ ऽ ।) इस रूप से विन्यस्त दो व पाँच अंकों को
३ ८

संख्वानाङ्क से हटा देने पर, कम कर देने पर ६ अंक रूप संख्यानाङ्क बचता है।

अतः यह सिद्ध हो जाता है कि षण्मात्राप्रस्तार में उपर्युक्त उद्दिष्टस्वरूप का स्थान षष्ठ है। इसी प्रकार अन्य उद्दिष्टस्वरूपों का स्थान भी इसी रूप से ज्ञात किया जा सकता है।

६ मात्रा मेरु प्रत्यय

ऊपर नीचे क्रम से असौत्रसूची (एकाङ्क से आरम्भ कर अभीष्टमात्राप्रसार से सम्बद्ध अङ्क पर्यन्त) लिखकर लेख्य पंक्ति के समकक्षाङ्क से प्रारम्भ कर ऊपर की ओर क्रमशः अंकों को गिनकर उन अङ्कों के अनुसार वाम भाग की ओर अङ्कों को लिखने पर मात्रा मेरु प्रत्यय बनता है।

सूचीस्थ अङ्कों की एक स्थान में भी समष्टि न करके व्यष्टिभूत सूचीस्थ अंकों के द्वारा की जानेवाली गणनावृत्ति एक ही होती है। इसलिये वहाँ एक अङ्क लिखा जाता है। वह एक अङ्क ही निर्गुरुक प्रस्तारस्वरूप का प्रमाण होता है। तदनन्तर उन सूच्यंकों में एक स्थान में अव्यवहित किन्हीं दो सूच्यंकों की पिण्डरूप से ऐक्यभावना कर गणना करने पर जितनी गणनाऽऽवृत्तियाँ होती हैं उस अङ्क को १ अङ्क के वामभाग की ओर लिखें। वही अंक एकगुरुकमात्रा स्वरूप का प्रमाण होगा अर्थात् उतने ही एकगुरु मात्रा वाले प्रस्तारस्वरूप होंगे। तत्पश्चात् उन सूच्यंकों में पहिले की तरह अव्यवहित दो अङ्कों के मिश्रण से ऐक्यभावना दो स्थानों में करने पर जितनी गणनाऽऽवृत्तियाँ होती हैं उस अंक को पहले वाले अङ्क के वाम भाग में लिखें। यह अङ्क द्विगुरुमात्राक स्वरूप का प्रमाण होगा अर्थात् उतने ही द्विगुरुमात्राक स्वरूप होंगे। सूच्यंकों में अव्यवहित दो अंकों के मिश्रण से तीन स्थानों में ऐक्यभावना कर गिनने पर जितनी गणनावृत्तियाँ होती हैं उन्हें पहिलेवाले अंक के वामभाग में लिखें। वह त्रिगुरुमात्राक स्वरूप का प्रमाण होगा। अर्थात् उतने ही त्रिगुरुमात्राक प्रस्तार होंगे।

मात्रा मेरु परिलेख

	त्रिगुरुक	द्विगुरुक	एकगुरुक	निर्गुरुक	तार	असौत्रसूची पार
				१	१	१
			१	१	२	२
			२	१	३	३
		१	३	१	५	४
		३	४	१	८	५
	१	६	५	१	१३	६
	४	१०	६	१	२१	७
१	१०	१५	७	१	३४	८

यहाँ पार के अङ्क मात्रा संख्या सूचक हैं। जैसे एकमात्राक प्रस्तार, द्विमात्राक प्रस्तार त्रिमात्राक प्रस्तार आदि। तार के अङ्क उस मात्रा के कुल प्रस्तारों की संख्या बताते हैं। जैसे ६ (पार) मात्राक प्रस्तार के १३ (तार) कुल भेद हैं। इसके बाद निष्पन्न अङ्कों में प्रथम श्रेणीस्थ एकांक निर्गुरुक भेद को बताता है। द्वितीय पंक्ति का ५ अङ्क एकगुरुकस्वरूप भेदों को, तृतीय पंक्तिस्थ ६ अङ्क द्विगुरुकस्वरूप भेदों को तथा चतुर्थ पंक्ति का १ अङ्क त्रिगुरुक स्वरूप भेद को बतलाता है। इसी प्रकार अन्य मात्रा वाले प्रस्तारों के स्वरूपभेद जानने चाहियें।

मात्रा शलाका प्रत्यय

जिस प्रकार से मेरुसाधन बतलाया है उसी प्रकार से प्रातिस्विक (व्यष्टि) रूप से की जाने वाली क्रिया मात्राशलाका होती है। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में यदि शलाका क्रिया करनी है तो ६ ही सूच्यंक लिखने चाहियें।

। १ २ ३ ५ ८ १३ ।

इस षण्मात्राप्रस्तार में व्यष्टिरूप में सूच्यंकों की गणना करने पर गणना की आवृत्ति एक ही होती है। अतः वहाँ एक अंक का उल्लेख होता है। (१) दो सूच्यंकों के योग से उनकी समष्टि कर दो-दो अंकों की एंकैक समष्टि के भेद से गणनावृत्तियाँ ५ (पाँच) होती हैं। जैसे—

१ २ ३ ५ ८ — १३

१ २ ३ ५ — ८ १३

१ २ ३ — ५ ८ १३

१ २ — ३ ५ ८ १३

१ — २ ३ ५ ८ १३

इसलिए पूर्वनिर्दिष्ट एक अंक के वामभाग की ओर (५/१) इस रूप से ५ अंक लिखा जाता है। पश्चात् दो मात्रासूच्यंकों के योग से होने वाली दो-दो समष्टियाँ मानकर गणना करने से गणनावृत्तियाँ ६ हो जाती हैं। जैसे—

१ २ ३ — ५ ८ — १३

१ २ — ३ ५ ८ — १३

१ — २ ३ ५ ८ — १३

१   २ — ३   ५ — ८   १३

१ — २   ३   ५ — ८   १३

१ — २   ३ — ५   ८   १३

इसलिए पूर्वनिर्दिष्ट ५ अंक के वामभाग में ६ अंक का उल्लेख है। जैसे (६/५/१)। इसके बाद तीन मात्रासूच्यंकों के योग से होने वाली ३ समष्टियाँ मानकर की जाने वाली गणनावृत्ति एक ही होती है। जैसे—

१ — २   ३ — ५   ८ — १३

इसलिए १ अंक को पूर्व निर्दिष्ट ६ अंक के वामभाग में (१।६।५।१) इस रूप से रखा जाता है। ३ से अधिक समष्टियाँ षण्मात्राप्रस्तार में सम्भव नहीं हैं। इसलिए षण्मात्राप्रस्तार में (१।६।५।१) इन अंकों वाली शलाका सिद्ध हो जाती है, इसमें त्रिगुरुक स्वरूपभेद एक है। द्विगुरुक स्वरूपभेद ६ हैं। एकगुरुक स्वरूपभेद ५ हैं तथा निर्गुरुक स्वरूपभेद १ है।

पञ्चमात्राप्रस्तार में व्यष्टिकृत गणनावृत्ति एक है। जैसे १ २ ३ ५ ८। तथा दो सूच्यंकों की एक समष्टि के अन्तर्भाव वाली गणनावृत्तियाँ चार होती हैं। जैसे—

१   २   ३   ५ — ८

१   २   ३ — ५   ८

१   २ — ३   ५   ८

१ — २   ३   ५   ८

दो समष्टियों के अन्तर्भाव वाली गणनावृत्तियाँ तीन हैं। जैसे—

१   २ — ३   ५ — ८

१ — २   ३   ५ — ८

१ — २   ३ — ५   ८

पञ्चमात्राप्रस्तार में समष्टित्रयकृत गणना संभव नहीं हैं। अतः इस प्रस्तार में (३।४।१) इस तरह की शलाका सिद्ध होती है। इससे यह ज्ञात हो जाता है कि पञ्चमात्राप्रस्तार में द्विगुरुक स्वरूपभेद ३ हैं। एकगुरुक स्वरूपभेद ४ है तथा निर्गुरुक स्वरूपभेद १ है।

पताकाक्रिया

इसमें सौत्रसूची लिखनी चाहिए। उसमें शेषाङ्क (संख्यानाङ्क) से आरम्भ होने वाले अंकों में एक एक अंक को छोड़कर शेष अंकों के शीर्ष पर शलाकाङ्क क्रम से लिखने चाहिएँ। तदनन्तर शेषाङ्क के नीचे शेषाङ्क स्वस्वरूप में ही लिखना चाहिए। क्योंकि सर्वप्रथम पताका क्रिया का अनुवर्तन होने से पूर्वावस्था में निर्विकारस्वरूप शेषाङ्क ही उपलब्ध होता है। तदन्तर शेषाङ्क में उससे प्राग्वर्ती एक एक अंकों का अपनयन कर देने से सिद्ध अङ्कों को शलाका के उपान्त्य अंक से उपलक्षित अंक से नीचे लिखें। ये अङ्क एकगुरुकप्रस्तारस्वरूप के स्थान के बोधक होते हैं। पश्चात् शेषाङ्क में उससे पूर्ववर्ती दो दो अंकों के परिहार से सिद्ध अंक शलाकाङ्क से उपलक्षित पूर्वाङ्क के नीचे क्रम से लिखने चाहिएँ। ये अङ्क द्विगुरुक स्वरूपस्थान के बोधक हैं। इस प्रकार अधिकाधिक अर्थात् तीन तीन चार चार अंकों को शेषाङ्क से कम कर देने पर सिद्ध अंकों का पूर्व पूर्व पंक्तियों में विन्यास करें। ये अंक तीन गुरु-मात्रास्वरूप व चार गुरुमात्रास्वरूप के स्थान के बोधक होते हैं। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में विन्यस्त सूची के१३ अंक के नीचे १३ अंक का उल्लेख है। पश्चात् सूच्यंक ८ को छोड़कर ५ अंक के नीचे शेषाङ्क १३ से पूर्ववर्ती सूच्यंकों में एक सूच्यंक ८ के अपहार से ५ अंक, ५ सूच्यंक के अपनयन से ८ अङ्क, ३ सूच्यंक के परिहार से १० अंक, २ सूच्यंक के परिहार ११ अंक तथा एक सूच्यंक के अपनयन से १२ अंक सिद्ध होते हैं; इनका सूच्यंक ५ के नीचे उल्लेख हुआ है।

तदनन्तर सूच्यङ्क ३ को छोड़कर सूच्यङ्क २ के नीचे शेषाङ्क १३ में से दो सूच्यङ्क ८ व ३ को कम कर देने पर २ अङ्क, दो सूच्यङ्क ८ व २ का अपहार कर देने पर ३ अंक, दो सूच्यङ्क ८ व १ का अपहार कर देने पर ४ अंक, दो सूच्यङ्क ५ व २ को कम कर देने पर ६ अंक, दो सूच्यङ्क ५ व १ का परिहार कर देने पर ७ अंक, दो सूच्यङ्क ३ व १ का परिहार कर देने पर ९ अंक सिद्ध होते हैं। इनका शलाकाङ्क ६ से उपलक्षित २ सूच्यङ्क के नीचे क्रमशः उल्लेख किया गया है। अन्त में शलाका के १ अंक से उपलक्षित सूच्यङ्क १ अंक के नीचे १ अंक को लिखा गया है। इस प्रकार अङ्कन्यास करने पर षण्मात्राप्रस्तार में पताका बनती है। इसी तरह पञ्चमात्राप्रस्तार में शेषाङ्क ८ के नीचे ८ अङ्क को लिखा जाता है। फिर एक सूच्यङ्क ५ को छोड़कर शेषाङ्क ८ में से सूच्यङ्क ५ का परिहार करने पर ३ अंक, सूच्यङ्क ३ का परिहार करने पर ५ अंक, सूच्यङ्क २ का परिहार करने पर ६ अंक, सूच्यङ्क १ का अपहार करने पर ७ अंक सिद्ध होते हैं। इनका शलाका के ४ अंक से उपक्षित सूच्यङ्क ३ के नीचे क्रमशः विन्यास हुआ है। पश्चात् दो सूच्यङ्क को छोड़कर शेषाङ्क ८ में से दो सूच्यङ्क ५ व २ के परिहार से सिद्ध १ अंक का, दो सूच्यङ्क ५ व १ अंक के परिहार से सिद्ध २ अङ्क का, दो सूच्यङ्क ३ व १ अंक के अपनयन से सिद्ध ४ अंक का, शिलाङ्क ३ से उपलक्षित १ सूच्यङ्क के नीचे उल्लेख हुआ है। इसी रीति से सप्तमात्राप्रस्तार आदि में भी पताका बनानी चाहिए।

मर्कटीजालप्रक्रिया

यहाँ सौत्रसूची का विन्यास करना चाहिए। तदनन्तर क्रमिकाङ्कों का संख्यानाङ्क से गुणन कर उससे सिद्ध अंकों को लिखना चाहिए। यही उस प्रस्तार में मात्रासमष्टिसंख्या होगी। जैसे चतुर्मात्राप्रस्तार में क्रमिकाङ्क ४ का संख्यानाङ्क ५ से गुणित करने पर सिद्ध २० अङ्क (संख्या) मात्रासमष्टिसंख्या है। अर्थात् चतुर्मात्राप्रस्तार में सारी २० मात्रायें हैं। संभव होने पर संख्यानाङ्क को साध्य कोष्ठ से पूर्ववर्ती कोष्ठद्वय के अंक से संकलित कर और उसमें से साध्य अंक से पूर्ववर्ती तृतीय कोष्ठ के अंक को कम कर देने पर निष्पन्न अंक उस प्रस्तार में लघुमात्रा समष्टि होगी। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में संख्यानाङ्क १३ का साध्य कोष्ठ षष्ठ से पूर्ववर्ती दो कोष्ठों ५ व ४ कोष्ठों के अङ्कों २० तथा १० अंक से मिलाने पर ४३ अंक होते हैं। उनमें साध्य अंक ३८ से पूर्ववर्ती तृतीय कोष्ठ के अंक ५ को कम कर देने पर ३८ संख्या बचती है। यही षण्मात्राप्रस्तार में लघुमात्रासमष्टिसंख्या है। लघुमात्रा-समष्टि के अंक से अव्यवहितपूर्ववर्ती कोष्ठ का अंक उस प्रस्तार में गुरुमात्रासमष्टि संख्या होगी। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में लघुमात्रासमष्टि के अंक ३८ से अव्यवहित-पूर्ववर्ती कोष्ठ ५ का अंक २० गुरुमात्रासमष्टिसंख्या होगी। अथवा मात्रासमष्टि में लघुमात्रासमष्टि के कम कर देने पर अवशिष्ट मात्रासमष्टि के अर्धकरण से सिद्ध अंक गुरुमात्रासमष्टि की संख्या होगी। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में मात्रासमष्टिसंख्या ७८ है उसमें से लघुमात्रासमष्टि ३८ संख्या को कम कर देने पर शेष मात्रासमास ४० को आधा कर देने पर बची हुई २० संख्या गुरुमात्रासमष्टिसंख्या है। तथा लघु-मात्रासमष्टिसंख्या और गुरुमात्रासमष्टिसंख्या का योग उस प्रस्तार में वर्णसमष्टि होती है। जैसे षण्मात्राप्रस्तार में लघुमात्रासमष्टि संख्या ३८ है तथा गुरुमात्रासमष्टि संख्या २० है। इन दोनों संख्याओं का योग ५८ संख्या षण्मात्राप्रस्तार में वर्णसमष्टि संख्या है।

मर्कटी जाल विन्यास

	०	१	२	३	४	५	६	७	८
	१	१	२	३	५	८	१३	२१	३४
मात्रासमास	०	१	४	९	२०	४०	७८	१४७	२७२
लघुमात्रासमास	०	१	२	५	१०	२०	३८	७१	१३०
गुरुमात्रासमास	०	०	१	२	५	१०	२०	३८	७१
वर्णसमास	०	१	३	७	१५	३०	५८	१०९	२०१

इस प्रकार संख्यानादि ९ मात्राप्रत्ययों की सुखसारणी पूर्ण हुई।
तथा प्रत्ययनिरूपणरूप प्रकरण समाप्त

छन्दः प्रक्लृप्ति

इस प्रकरण में छन्दों का निर्माण बतलाया है। ग क्ष क ख इन वर्णों के द्वारा जिनके पाद (चरण) बने हैं वे छन्द उसी नाम से व्यवहृत हैं जैसे गच्छन्द, क्षच्छन्द,
S SS
कच्छन्द खच्छन्द
IS SI

इस प्रकार से एक संख्या से प्रारम्भ कर आठ तक संख्या वाले मगण, यगण, रगण, सगण, तगण, जगण, भगण नगण इन गणों से तथा जिन के कि अन्त में गुरु, क्ष (दो गुरु), क (IS) हैं ऐसे मगण आदि से जिन छन्दों के चरण निर्मित हैं ऐसे छन्द इन्हीं संज्ञाओं से व्यवहृत होते हैं। जैसे—

एक मच्छन्द SSS
गैक मच्छन्द SSS S
क्षैक मच्छन्द SSS SS
कैक मच्छन्द SSS IS

इसी प्रकार द्विमच्छन्द, त्रिमच्छन्द, चतुर्मच्छन्द, पञ्चमच्छन्द, सप्तमच्छन्द, अष्टमच्छन्द तथा इन सब के अन्त में ग क्ष, क अर्थात् एकगुरु, द्विगुरु, लघुगुरु के योग से बनने वाले छन्दों का उल्लेख है। इस तरह मगणादि अन्यगणों से निर्मित छन्दों का तथा जिनके अन्त में ग, क्ष, क (S SS IS) हों ऐसे मगणादि छन्दों का यहाँ कथन किया गया है। मगण से निर्मित छन्द क्षाणुयति तथा माणुयति भेद से दो प्रकार के हैं। जिसके अन्त में क्ष (SS) हैं ऐसे दो मगण वाले छन्द में दो क्ष अर्थात् चार गुरु वर्णों पर यति होती है। चार क्ष अर्थात् ८ गुरु वर्णों पर होने वाली यति अणुयति कहलाती है। चार मगण तथा उनके अन्त में क (IS) अर्थात् SSSSSSSSSSSS।S (S) पर होने वाली यति मयति कहलाती है। ६ क्षवर्णों (SS SS SS SS SS SS) से बनने वाली यति अणुयति तथा ६ मगण (SSS SSS SSS SSS SSS SSS) से होने वाली मयति कहलाती है। इस प्रकार आगे भी गति की सिद्धि के लिए यतिविभाग की कल्पना करनी चाहिये। उपर्युक्त रीति से निष्पन्न होने वाले छन्दों का उदाहरणार्थ आगे उल्लेख किया गया है।

छन्दोनिरुक्ति

छन्दःशास्त्र के उपयोगी पदार्थ छन्द पद अवष्टम्भ गण आदि का तथा प्रस्तारादिभेद से १३ प्रकार के वर्णप्रत्ययों व १३ प्रकार के मात्राप्रत्ययों का निरूपण किया जा चुका है, साथ ही विशुद्ध गणच्छन्दों की गणना भी की जा चुकी है। अब इस छन्दःशास्त्र का आरम्भ करना चाहिये या नहीं इस प्रश्न का समाधान करना है।

पूर्व पक्ष यह है कि निरर्थक होने से छन्दोविज्ञानशास्त्र का आरम्भ नहीं करना चाहिये, क्योंकि किसी शास्त्र के आरम्भ करने के चार ही प्रयोजन होते हैं—

(१) अविज्ञात अर्थ (वस्तु, विषय) को बताना, (२) हेय वस्तु का निराकरण करना, (३) सामर्थ्यविशेष के आधिक्य का बोधन करना तथा (४) अन्य शास्त्रों का उपकार करना।

इनमें प्रथम प्रयोजन—अविज्ञात अर्थ का ज्ञापनरूप नहीं हो सकता है क्योंकि छन्दसम्बन्धी अविज्ञात अर्थ जिसका कि छन्दशास्त्र बोधन करे वह छन्दस्वरूप अर्थात् छन्द का स्वरूप है या छन्दोनाम है या छन्दों के प्रयोग का नियम है या छन्दोविज्ञानमात्र से अभ्युदय की प्राप्ति है। इनमें ऋग्वेदादि ग्रन्थों में जिन वैदिक छन्दों का प्रयोग हुआ है उन वैदिक छन्दों के स्वरूप का ज्ञान ऋङ्मन्त्रादिपाठ से हो जाता है तथा काव्यादि में जिन लौकिक छन्दों का प्रयोग हुआ है उनका ज्ञान काव्यादिपाठ से हो जाता है। ऋग्वेदादि में जिन (वैदिक) छन्दों का प्रयोग नहीं हुआ है उनका यहाँ छन्दोविज्ञानशास्त्र में निरूपण ही नहीं है। और काव्यादि में अप्रयुक्त सकल लौकिक छन्दों का स्वरूपज्ञान छन्द-शास्त्र से सम्भव नहीं है उनके अनन्त होने के कारण। इसीलिये पिंगलाचार्य 'शेषे प्रचितः' 'अत्रानुक्तं गाथा' इन सूत्रों के द्वारा बता दिया कि सारे छन्दों का निरूपण नहीं किया जा सकता है। भगवान् वेद ने भी—

'कश्छन्दसां योगमा वेद धीरः को धिष्ण्यां प्रति वाचं पपाद।
कमृत्विजामष्टमं शूरमाहुर्हरी इन्द्रस्य निचिकाय क्वस्वित्॥

ऋ. १०।११४।९

कहते हुए साकल्येन छन्दोयोगविज्ञान के निरूपण की अशक्यता का प्रति-पादन किया है।

छन्दों के नाम बतलाना भी छन्दःशास्त्र का प्रयोजन नहीं हो सकता है। क्योंकि छन्दों का नाम बताने से छन्दस्वरूप में कोई विशेषता नहीं आती है अतः नाम द्वारा छन्दःस्वरूप का ज्ञान कराना, इस इच्छा के कारण इस तुच्छ फल के लिये इतने महान् शास्त्र का निर्माण अनावश्यक है।

अवसरविशेष पर इसी छन्द का प्रयोग करना चाहिये दूसरे छन्द का नहीं ऐसा कोई विधान छन्दशास्त्र में नहीं किया गया है, अतः यह तृतीय प्रयोजन भी छन्दशास्त्र का नहीं हो सकता है।

छन्दज्ञानमात्र से अभ्युदय की प्राप्तिरूप कल्पना में कोई कारण नहीं, अतः अभ्युदयप्राप्तिरूप चतुर्थ प्रयोजन भी सम्भव नहीं। इस प्रकार अविज्ञातार्थबोधन के लिये छन्दशास्त्र का आरम्भ नहीं माना जा सकता है।

हेयार्थ का निराकरण करने के लिये भी छन्दशास्त्र का आरम्भ अनुपयुक्त है। जिस प्रकार व्याकरणशास्त्र ने साधु होने से 'गौः' शब्द की प्रयोगयोग्यता का विधान करते हुए असाधु शब्दों गावी गोणी गोता गोपोतलिका आदि की हेयता बताई है वैसे छन्दशास्त्र ने साधुता असाधुता द्वारा छन्दोविशेषों की हेयता व उपादेयता की

व्यवस्था नहीं की है तथा न कोई हेय छन्द प्रसिद्ध ही है जो प्रस्तार के बहिर्भूत हो। 'ट ण ठं डु ढः' से जहाँ छन्द की सिद्धि होती है यदि प्रमाद से भी वहाँ एक ड वर्ण अधिक आ जावे तो 'ट ण ठं डु डा ढः' ऐसा प्रयोग हो जाने पर दूसरा छन्द सिद्ध हो जाता है। पूर्व छन्द में एक डकार की अधिकता से दूसरा छन्द मानने पर छन्दशास्त्र का विरोध भी नहीं दिखाई देता है। अतः छन्दसिद्धि में हेयोपादेयता की व्यवस्था के अभाव से छन्दशास्त्र का आरम्भ निरर्थक है।

छन्दशास्त्र का अध्ययन करने वाले पुरुष में इस अध्ययन के कारण किसी प्रकार का सामर्थ्यविशेष भी नहीं देखा गया है। हेय के निरासपूर्वक उपादेय वस्तु का ग्रहण करने वाला व्यवहारकुशल पुरुष अनिष्टकारी प्रत्यवाय से वियुक्त या विमुक्त हो तथा अच्छे अभ्युदय से युक्त हो तो तज्जन्य सामर्थ्य प्रकट रूप से ज्ञात होना चाहिये। किन्तु छन्दशास्त्र में जब हेयोपादेयताव्यवस्था का ही अभाव है तो इस शास्त्र के अध्ययन से कहीं किसी प्रकार का सामर्थ्य उस अध्येता पुरुष में अनुभूत होना कैसे सम्भव है?

इतर शास्त्रोपकारकता भी छन्दशास्त्र में सम्भव नहीं है। जैसे नाट्यशास्त्र का उपकारक नृत्यशास्त्र है, नृत्यशास्त्र का उपकारक वाद्यशास्त्र है, वाद्यशास्त्र का उपकारक गेयशास्त्र है, तथा जैसे वाक्शास्त्र, अङ्कशास्त्र, क्रियाशास्त्र सब शास्त्रों के उपकारक माने जाते हैं, उस प्रकार ऐसा कोई शास्त्र दिखाई नहीं देता है जो छन्दशास्त्र के बिना अपर्याप्त प्रतीत होता है।

यदि कहा जाय कि यज्ञशास्त्र छन्दशास्त्र के बिना अपर्याप्त है, क्योंकि 'गवामयन सत्र' में पूर्वपक्ष में १४१ संख्यावाले २४ 'आभिप्लविक स्वरसाम' नामक दिनों में ब्रह्मसामरूप अभीवर्त के एक होने पर भी प्रतिदिन भिन्न-भिन्न प्रगाथों का प्रयोग किया जाता है प्रतिदिन प्रयुक्त होने वाले वे स्तोत्रीय प्रगाथ कौनसे हैं यह आकांक्षा होने पर "पञ्चसु मा:सु बार्हताः प्रगाथा आप्यन्ते। तेष्वाप्तेषु छन्दसी संयुज्यैतव्यम्। चतुरुत्तरैरेव छन्दोभिरेतव्यय्। तदाहुरनवक्लृप्तानि वा एतानि छन्दांसि माध्यन्दिने बृहत्या चैव त्रिष्टुभा चैतव्यम्" इस ताण्डिश्रुति में दाशतयी (ऋग्वेद) में कथित २८०० संख्यावाले प्रगाथों के तीन ऋचा वाले समुदाय से उतने अहों में प्रगाथ की प्राप्ति सिद्ध होने पर भी उससे अतिरिक्त १३ अहों में प्रगाथ की प्राप्ति के लिये तीन पक्षों का विधान किया गया है। उन प्रगाथों का निश्चय छन्दशास्त्र के बिना नहीं हो सकता है और प्रगाथ के प्रयोग के बिना ज्योतिष्टोम यज्ञ की पूर्ति नहीं होती। इसी प्रकार अन्यत्र भी प्रत्येक यज्ञ में एकान्ततः छन्दोविज्ञान की अपेक्षा है। इसीलिए कहा है कि "जो पुरुष ऋषि छन्द देवता ब्राह्मण के ज्ञान से रहित मन्त्र द्वारा यज्ञ कराता है तथा मन्त्र पढाता है वह स्थाणु (ठूँठ) बन जाता है, गर्त में गिरता है या मर जाता है और पापी होता है। अतः प्रत्येक मन्त्र में ऋषि छन्द आदि का ज्ञान करना चाहिये" ऐसा श्रुति बताती है। इसलिये देवता छन्द निरुक्त ब्राह्मण ऋषि तथा कृत् व तद्धित प्रत्ययों के ज्ञान

के बिना यज्ञ करने वाले 'यागकण्टक' होते हैं, अर्थात् यज्ञ के शत्रु, यज्ञ के विघातक होते हैं। निम्न स्मृतिवचन भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हैं—

अविदित्वा ऋषिच्छन्दोदैवतं योगमेव च।
योऽध्यापयेद् जपेद्वापि पापीयान् जायते तु सः ॥१॥
ऋषिच्छन्दोदैवतानि ब्राह्मणार्थं स्वराद्यपि।
अविदित्वा प्रयुञ्जानो मन्त्रकण्टक उच्यते ॥२॥

भगवान् कात्यायन ने भी कहा है कि गायत्री आदि छन्दों के ज्ञान के बिना जो अध्ययन करता है अनुवचन व जप करता है हवन करता है यज्ञ कराता है उसका ब्रह्म (ज्ञान) निर्वीर्य व बासी हो जाता है। वह शीघ्र ही पतन के गर्त में गिरता है स्थाणुत्व को प्राप्त होता है अथवा पापी होता है। और जो ऋषि छन्द देवता आदि को जानकर मन्त्रों का अध्ययन करता है उसका ब्रह्म (ज्ञान) बलवान् हो जाता है और जो मन्त्रों के अर्थ को भी जानता है उसका वीर्य बलवत्तर हो जाता है। वह जप हवन व यज्ञ के फल से युक्त होता है। इस प्रकार छन्दशास्त्र के बहुत से प्रयोजन हैं। छन्दशास्त्र के ज्ञान बिना यज्ञवेद वीर्यरहित पर्युषित (बासी) हो जाता है। इस प्रकार छन्दशास्त्र यज्ञशास्त्र का उपकारक है यह सिद्ध है।

और दृष्टान्त के द्वारा नाटचशास्त्र नृत्यशास्त्र वाद्यशास्त्र व गेयशास्त्र में उत्तर उत्तर शास्त्र को पूर्व पूर्व शास्त्र का उपकारी बतलाया गया है, इस दृष्टान्त से भी यही कहा गया है कि छन्दोवेद ही सब शास्त्रों का उपकारक है, क्योंकि गेय-शास्त्र छन्दशास्त्र से भिन्न नहीं है अर्थात् गेयशास्त्र छन्दशास्त्र ही है। अतः यही सिद्ध होता है कि छन्दशास्त्र वाद्य-नृत्य-नाटच-शास्त्रों का उपकारक है।

अधिक क्या कहें जिस शिल्पविद्या को अधिक फलवतो बतलाया गया है वह शिल्पविद्या 'अर्थच्छन्दशास्त्र' से उपजीवित है, अथवा शिल्प अर्थच्छन्दोविद्या से अभिन्न है। क्योंकि 'शिल्पं छन्दः' यह श्रुति शिल्प को छन्द ही बता रही है। जो यह सम्पूर्ण चर व अचर जगत् दिखाई दे रहा है वह विश्वकर्मा का शिल्प है। सारे विद्यानिबन्ध रचनावैलक्षण्यरूप किसी न किसी शिल्प से ही सम्बद्ध हैं, इसलिये शिल्पविद्यारूप से भी यह छन्दशास्त्र सभी शास्त्रों का उपकारक है।

जो कि पूर्वपक्षी का कथन है कि छन्दशास्त्र का अध्ययन करने वाले पुरुष में छन्दशास्त्र के अध्ययन से कोई सामर्थ्यविशेष नहीं दिखाई देता है, इसका भगवान् कात्यायन के निम्न वचन से खण्डन हो जाता है 'अविदित्वा योऽधीते तस्य ब्रह्म निर्वीर्यं स पापीयान् भवति। अथ विज्ञायैतानि योऽधीते तस्य ब्रह्म वीर्यवत्, स जपित्वा हुत्वेष्ट्वा तत्फलेन युज्यते" इति। कात्यायन की उक्ति से स्पष्ट होता है कि छन्दोविज्ञान यज्ञशास्त्रसाध्य सभी फलों का प्रदाता है। छन्दोज्ञान की अभ्युदय-साधकता को श्रुतियाँ भी बता रही हैं। ऐतरेय आरण्यक में कहा गया है कि 'लोम त्वक् मांस कण्डरा आदि क्रमशः उष्णिक् गायत्री त्रिष्टुप् अनुष्टुप् रूप हैं और यह

पुरुष (आत्मा) छन्दों से आच्छादित है, छन्दों से आच्छादित होने के कारण ही उसे छन्दःस्वरूप कहा गया है। गायत्री आदि छन्द इस पुरुष को आच्छादित कर पापकर्म से उसका निवारण करते हैं । आच्छादक होने से ही इन्हें छन्द कहा जाता है ।

इसी प्रकार तैत्तिरीय श्रुति में भी अग्निचयन में चीयमान अग्नि के सन्ताप का छादक होने से इनका छन्दस्त्व बताया गया है । छान्दोग्योपनिषद् में भी कहा गया है कि 'देवता अपमृत्यु से भयभीत हो गये उन्होंने गायत्र्यादि छन्दों से अपने को आच्छादित कर अपमृत्यु का वारण किया, अतः छन्द का अपमृत्युवारणात्मक प्रयोजन भी है ।

"प्राचीनकाल में असुरों से पराजित देवताओं ने गायत्री आदि से अपने शरीर को आच्छादित कर असुरों पर विजय प्राप्त की, यही छन्दों का छन्दस्त्व है ।" वृद्धपराशर के इस वचन से भी सिद्ध होता है कि छन्दों से आच्छादित शरीर वाला व्यक्ति शत्रुओं का पराभव कर विजयी होता है, यह शत्रुपराभवजन्य विजय प्राप्ति भी छन्दों का प्रयोजन है । इसी तथ्य का निरूपण 'अर्थेप्सव ऋषयो देवताश्छन्दोभिरुपाधावन्' इस सर्वानुक्रमणी सूत्र में भगवान् कात्यायन ने तथा उसकी व्याख्या में षड्गुरुशिष्य ने भी किया है । एतद्विषयक अन्य वचन भी इस स्थल पर उद्धृत किये गये हैं जो ग्रन्थ विस्तर भय से यहाँ नहीं दिये जा रहे हैं । मूल भाग में द्रष्टव्य हैं ।

छन्दशास्त्र हेयोपादेयव्यवस्था का भी प्रयोजक है, क्योंकि सभी विधिवाक्य सावधारण होते हैं और अवधारण इतरनिवृत्ति के बिना अनुपपन्न है । यह छन्दःशास्त्र छन्दोविधायक होने से इतरनिवारक है । अतः यह हेयोपादेयव्यवस्था का कारण है । छन्दशास्त्र तीन प्रकार की हेयोपादेय व्यवस्था का प्रतिपादन करता है । जैसे छन्द जानने योग्य ही हैं, न जानने योग्य नहीं । छन्दों का ज्ञान प्राप्त करके ही जप होम यज्ञ आदि में प्रवृत्त होना चाहिये, बिना जाने नहीं । इस प्रकार भाव और अभाव दोनों के महत्व की प्रधानता वाली प्रथम व्यवस्था । 'अनुष्टुभा यजति बृहत्या गायति गायत्र्या स्तौति' (अनुष्टुप् से यजन करता है बृहती से [साम] गायन करता है, गायत्री से अप्रगीत स्तुति करता है) ऐसी श्रुति है, 'अनुष्टुप् से ही यजन करे न बृहती से न गायत्री से, बृहती से ही गान करे अन्य (अनुष्टुप् गायत्री आदि किसी छन्द) से नहीं, इसी प्रकार गायत्री से ही स्तुति करे किसी अन्य से से नहीं, ऐसी दो विजातीय भावों के अतिरेक की प्रधानता वाली व्यवस्था इस उपर्युक्त श्रुति में मिलती है, यह दूसरी विधि प्रधान व्यवस्था है । निषेधप्रधान तीसरी व्यवस्था 'पादस्यानुष्टुब् वक्त्रम्, न प्रथमात् स्नौ, द्वितीयचतुर्थयोरश्चेति सूत्रों से वक्त्र (छन्द भेदों) में, तथा 'स्वरा अर्द्धमार्यार्दर्धम् । अत्रायुङ् नज्, पष्ठोजिति' सूत्रों से आर्या (जाति के भेदों) में मिलती है ।

स्पष्ट है कि यह छन्द:शास्त्र यदि न हो तो ऐसे प्रसंगों में स्वेच्छाचारिता होगी, फलस्वरूप अनर्थ की प्राप्ति होगी। अतएव कारुणिक पूज्य आचार्यवर्यों ने हेय को त्यागने तथा उपादेय को ग्रहण कर के लिए शास्त्र का प्रवचन किया।

छन्द:शास्त्र अज्ञात अर्थ का कथन नहीं करता है यह कथन भी उचित नहीं। क्योंकि छन्द:शास्त्र के अभाव से 'अनुष्टुभा यजति बृहत्या गायति गायत्र्या स्तौति' इस श्रुति में कथित अनुष्टुप् बृहती व गायत्री छन्द के स्वरूप का ज्ञान नहीं हो सकता है। इन छन्दों के स्वरूपज्ञान के अभाव में यागादि में प्रवृत्त पापी हो जावेगा। जहाँ कहीं सतोबृहती महाबृहती महासतोबृहती आदि का नाम आता है निश्चय ही छन्दोज्ञानशून्य व्यक्ति इन बृहतीभेदों को नहीं जान सकेगा। छन्दोज्ञाता तो पादविशेष की व्यवस्था के आधार पर पंक्ति का विकार सतोबृहती, त्रिष्टुप् का विकार महाबृहती तथा जगती का विकार महासतोबृहती है इस बात को निश्चयात्मक रूप से समझ लेगा तथा ठीक ढंग से यज्ञ में प्रवृत्त होगा। इससे भिन्न रूप से अर्थात् यथावत् छन्दों की जानकारी के बिना प्रवृत्त व्यक्ति के लिए ये छन्द यातयाम साररहित होकर सर्वथा निष्फल हो जायेंगे। अत: अवश्य ही इन सबके स्वरूपज्ञान के लिए शास्त्रारम्भ अत्यावश्यक है।

(इसी भाँति भिन्न-भिन्न श्रुतिवचनों से शास्त्रीय युक्तियों से बड़े विस्तार के साथ शास्त्रारम्भ की अवश्यकरणीयता पर अत्यन्त गम्भीर विचार ९० से ९५ पृष्ठ तक दो से बीस क्रमांक के प्रघट्टकों में किया गया है, इन समस्त उद्धरणप्रधान प्रघट्टकों का अनुवाद विस्तार से बचते हुए छोड़ दिया गया है, मूल को देखकर उसे समझा जा सकता है।)

छन्द:शास्त्रारम्भ के प्रयोजन के प्रतिपादन में उद्धृत श्रुतियों में वैदिक छन्द गायत्री आदि के विधानशास्त्र का बाहुल्य है तथा विषयविवेचन भी वैदिक विवेचना व प्रमाणों वाला ही है, वह सब कुछ देखकर यह सन्देह नहीं होना चाहिये कि छन्द:शास्त्र की आवश्यकता केवल वैदिक छन्दों के ज्ञान के लिये ही है न कि लौकिक छन्दों के स्वरूपज्ञान के लिये। प्रसिद्ध है कि घट प्रत्यक्ष के लिए खुले हुए नेत्र तदरिक्त अन्य वस्तुओं का भी प्रत्यक्ष करते ही हैं, उसी प्रकार वैदिक छन्दों के ज्ञान के लिये अपेक्षित छन्द:शास्त्र लौकिक छन्दोविषयक ज्ञातव्य ज्ञान प्रस्तुत करता ही है। और भी देखिए—

> काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये।
> सद्यः परनिर्वृतये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे॥

काव्य प्रकाश के इस पद्य में बोधित काव्यप्रयोजनों में सर्वोत्कृष्ट प्रयोजन रसोद्बोध बतलाया गया है। यह साधुच्छन्द से अभिनेय काव्य से ही होता है। अपच्छन्दोयुक्त काव्य तो रस का विघातक ही है। (क्षेमेन्द्र के सुवृत्ततिलक तथा

औचित्य विचार चर्चा जैसे ग्रन्थों में इस विषय पर विभिन्न पहलुओं से अच्छा विचार किया गया है) अतः लौकिक छन्दों के स्वरूपज्ञान के लिए भी छन्दःशास्त्रारम्भ आवश्यक है।

छन्दोवेदसार्थकवाद पूर्ण

पञ्चाङ्गतावाद

पञ्चाङ्गतावाद में यह प्रश्न उठाया गया है कि पद्यच्छन्दोवेद के शिक्षा गणित निरुक्ति व्याकरण व कल्प ये पाँच अंग बताये गये हैं किन्तु छन्दरूप छठे अंग के होने से इसे षडङ्गात्मक मानना चाहिये। संसार की यावन्मात्र वस्तुएँ मर्यादाबन्धरूप छन्द से बद्ध हैं, सभी वस्तुओं में छन्द अनुस्यूत हैं, अतः स्वयं छन्द भी छन्द से अनुस्यूत या अनुगत हैं। यदि छन्द को छन्दोबद्ध न माना जाय तो इस प्रतिज्ञा की हानि होती है कि छन्द सब वस्तुओं में अनुगत हैं।

इस प्रश्न का समाधान करते हुए कहा गया है कि इसे ब्रह्मव्यापकता की भाँति समझ लेना चाहिये। निर्गुण निराकार ब्रह्म सर्वव्यापक होने पर भी ब्रह्म में नहीं रहता है। यदि ब्रह्म का आधार किसी दूसरे ब्रह्म को मानें तो ब्रह्म अद्वैत है इस सिद्धान्त का भङ्ग होता है। यदि अद्वैतरूप इस सिद्धान्त की रक्षा के लिये ही यह मानें कि ब्रह्म में ब्रह्म नहीं रहता है तो ब्रह्म की सर्वव्यापकता का भङ्ग होता है। अतः मानना होता है कि ब्रह्म स्वप्रतिष्ठ है, उसकी प्रतिष्ठा के लिए किसी अन्य ब्रह्म की आवश्यकता नहीं है। जैसे तेज सब वस्तुओं को प्रकाशित करता है किन्तु तेज के स्वप्रकाश होने से उसे प्रकाशित करने के लिये किसी अन्य तेज की आवश्यकता नहीं है। जैसे प्रमाण सभी प्रमेय वस्तुओं के ज्ञान का साधन है, किन्तु प्रमाण के ज्ञान के लिए किसी प्रमाणान्तर की आवश्यकता नहीं है वह स्वतःप्रमाण है। इसी प्रकार अन्य वस्तुओं की मर्यादाबद्धता के लिये मर्यादाबन्धरूप छन्द की आवश्यकता है किन्तु छन्द की मर्यादाबद्धता के लिए अन्य मर्यादाबन्धरूप छन्द की आवश्यकता नहीं है, छन्द स्वस्वरूप से ही मर्यादारूप छन्द से बद्ध है।

दूसरे विद्वान् कहते हैं कि छन्द का छन्द अर्थात् छन्द को मर्यादा में बांधने वाला अध्वपरिच्छेद है। जैसे छन्दोलिपि को मर्यादा में बांधने वाला लिपि का अध्वपरिच्छेद है। वह अध्वपरिच्छेद आयतनरूप है। सभी वस्तुओं का कोई न कोई मार्ग होता है। उस मार्ग से प्रारम्भ होने वाली वस्तु में सौन्दर्य व सुकरता की अनुभूति है। आपने मार्ग से प्रच्युत होने वाली वस्तु में क्लिष्टता व कुरूपता उत्पन्न हो जाती है। इसलिए छन्दों को मर्यादा में रखने वाला अध्वयोग है। यद्यपि ऐसा मानने पर पद्यच्छन्दोवेद में षडङ्गता की प्राप्ति हो जाती है, तथापि जैसे

वेद-शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त छन्द और ज्यौतिष इन ६ अङ्गों से युक्त है वैसे ही पद्यच्छन्दोवेद भी वेद है। अतः षडङ्ग ही है तथापि छन्द का विषय अल्प होने से इसकी अलग गणना नहीं की है।

छन्दस्तत्त्ववाद

इस छन्द में क्या वस्तु है अर्थात् छन्द का क्या लक्षण है इस बात का निरूपण किया जा रहा है। प्रथम तो छन्द क्या है इस प्रश्न में ही तीन विकल्प हो जाते हैं—प्रश्न (१) लक्ष्य की दृष्टि से है या (२) लक्षण्य की दृष्टि से है या (३) लक्षण की दृष्टि से है। इन तीनों विकल्पों की दृष्टि से प्रश्न का समाधान करते हुए कहा गया है कि लक्ष्य की दृष्टि से—

अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्।
होतारं रत्नधातमम्॥

यह मन्त्र छन्द है। क्योंकि यह मन्त्र लक्ष्य (परिभाष्य) है। गायत्री उष्णिक् अनुष्टुप् बृहती पंक्ति त्रिष्टुप् और जगती ये सात छन्दोजातियाँ हैं, ये ही लक्षण्य हैं अर्थात् लक्षणयोग्य हैं। अतः ये सात छन्दोजातियाँ लक्षण्य की दृष्टि से छन्द हैं। लक्षण की दृष्टि से "यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः" "मात्राक्षरसंख्यानियता वाक् छन्दः" (अक्षरों का परिमाण छन्द है, मात्रासंख्या तथा अक्षरसंख्या से नियत वाक् छन्द है) छन्द के लक्षण हैं।

इस पर आगे प्रश्न किया गया है कि उपर्युक्त समाधान संगत नहीं है। क्योंकि 'पृथिवी गायत्री' 'अग्निर्गायत्रः' 'ब्रह्मवर्चसं वै गायत्रम्' 'ब्रह्म गायत्रम्', 'ब्राह्मणो गायत्रः', 'चतुर्विंशत्यक्षरा वाग् गायत्री' इन श्रुतिवचनों में पृथिवी, अग्नि, ब्रह्मवर्चस, ब्रह्म, ब्राह्मण तथा २४ अक्षरों वाली वाक् को गायत्री बतलाया गया है। अतः पृथिव्यादि सभी वस्तुएँ गायत्रीरूप होने से लक्षण्य अर्थात् लक्षणयोग्य हैं, किन्तु इन सब में उपर्युक्त अक्षरपरिमाणरूप लक्षण घटित नहीं होता है। निश्चय ही पृथिव्यादिरूप गायत्रियाँ अक्षरपरिमाणरूप नहीं हैं। अतः छन्द का अक्षरपरिमाणरूप लक्षण व्यभिचारी है और व्यभिचारदोषदूषित लक्षण लक्षण नहीं हो सकता है। अतः किसी ऐसे धर्म को छन्द का लक्षण मानना चाहिये जो पृथिवी अग्नि ब्रह्मतेज आदि सब में रहता हो। फलतः प्रश्न बना ही रहता है कि छन्द क्या है?

लक्षण्य की दृष्टि से भी गायत्री आदि सात छन्दोजातियों को छन्द बतलाना युक्तियुक्त नहीं है। क्योंकि छन्दोजातियों के गायत्री आदि नाम बतलाये गये हैं ये नाम न यदृच्छाशब्द हैं न रूढ हैं न योगरूढ हैं न यौगिक हैं और न यौगिकरूढ ही हैं। उदाहरणरूप में—'गायतो मुखादुदपतत्' 'गायन्तं त्रायते' इत्यादि में गायत्री का निर्वचन उपलब्ध होता है जो अवयवार्थ द्वारा किया गया है। अतः इन्हें डित्थ डवित्थ आदि की भाँति यदृच्छाशब्द (स्वेच्छाकल्पित शब्द) नहीं माना जा सकता

है। न इन्हें रूढ़ ही माना जा सकता है, क्योंकि 'यदन्यानि छन्दांसि वर्षीयांसि भूयोऽक्षरतराणि, अथ कस्मादेतां बृहतीत्याचक्षते' (जबकि अन्य छन्द पंक्ति त्रिष्टुप् आदि बृहती की अपेक्षा बड़े अर्थात् बहुत अधिक अक्षरों वाले हैं तो इसे (बृहती को) बृहती क्यों कहा जाता है?) ऐसा प्रश्न कर समाधान दिया गया है कि ३६ अक्षरात्मक बृहती छन्द के द्वारा देवताओं ने पृथिव्यादि लोकों को व्याप्त कर लिया, देवताओं ने इसके १० अक्षरों द्वारा पृथिवी लोक को, १० अक्षरों द्वारा अन्तरिक्ष लोक को, दस अक्षरों द्वारा द्युलोक को, चार अक्षरों द्वारा चार दिशाओं को व्याप्त कर लिया तथा शेष दो अक्षरों से इस लोक में प्रतिष्ठित हो गये। सभी लोकों व दिशाओं में व्याप्ति तथा लोकप्रतिष्ठा का साधक होना ही बृहती का बृहतीत्व है, यह सिद्ध किया गया है। ऐसी स्थिति में अवयवार्थ की स्पष्टता के विद्यमान रहते हुए गायत्र्यादि नाम रूढ कैसे हो सकते हैं?

न इन्हें योगरूढ माना जा सकता है, क्योंकि 'सप्तधा वै वागवदत्, त्र्यक्षरेण मिमते सप्त वाणीः', आदि श्रुतियों से सिद्ध वाग्विच्छित्तिविशेषों में ही गायत्र्यादि शब्दों का प्रयोग मिलता है और उन वाग्विच्छित्तिविशेषों से अवयवार्थ का स्वरसतः सम्बन्ध नहीं हो सकता है। इसी कारण से गायत्र्यादि शब्दों को यौगिक भी नहीं माना जा सकता है। अपि च साध्यदेवादि में, द्रविण आदि में, गायत्र्यादि शब्दों का प्रयोग वेद में हुआ है तथा वाग्विशेषों में भी। अतः किन पदार्थों में गायत्री आदि का प्रयोग मुख्य है और किन में गौण है? इसका निश्चय नहीं। किञ्च आच्छादक होने से गायत्र्यादि छन्द, छन्द कहलाते हैं, यह भी श्रुतियों में मिलता है। और आच्छादकत्व को छन्द मान लेने पर साध्यदेवादि व द्रविणादि में क्या आच्छादकत्व है यह प्रश्न बनता है, इस प्रकार छन्द क्या है? यह प्रश्न बना ही रहता है।

इसी प्रकार वेद में अनेक ऐसी भी श्रुतियाँ मिलती हैं जहाँ आच्छादकत्व न होने पर भी गायत्र्यादि छन्दों का प्रयोग है। जैसे—

(१) अग्नि उषा अश्विनीकुमार आदि प्रातःकालिक देवता हैं। वे सात-सात छन्दों के साथ आते हैं। ये अग्न्यादि प्रातःकालिक देवता छन्दों के साथ कैसे आते हैं? वे छन्द कौन-से हैं जिनके साथ ये देवता आते हैं?

(२) देवता विजयप्राप्ति के लिए असुरों से युद्ध करने को गये। अग्नि साथ जाने को तैयार नहीं हुआ। देवताओं ने अग्नि को कहा आप हमारे साथ चलिये, आप हमारे में ही एक हैं। तब अग्नि त्रिश्रेणी व त्र्यनीक बनकर युद्धार्थ चल दिया। यहाँ बताया गया कि अग्नि ने छन्दों को श्रेणी तथा सवनों को अनीक बनाया। यहाँ यह ज्ञात नहीं होता है कि छन्द श्रेणी कैसे बने?

(३) सभी छन्द ऐतशप्रलाप है। एतश नाम सूर्याश्व का है। जैसा कि—

'उदु त्यद् दर्शतं वपुर्दिव एति प्रतिह्वरे।
यदीमाशुर्वहति देव एतशो विश्वस्मै चक्षसे अरम्॥'

आदि मन्त्रों के व्याख्यान में बताया गया है। प्रश्न है ऐसे स्थलों में छन्द ऐतश प्रलाप कैसे हैं और वहाँ छन्द कौन है ?

बहुत सारे उदाहरण प्रस्तुत करने से क्या लाभ ? स्पष्ट है कि छन्दों के विषय में इस प्रकार के नाना प्रवाद श्रुतियों में हैं। सो यह ज्ञात नहीं होता है कि इन वादों की उपपत्ति क्या है तथा छन्द क्या है ? क्या इन सभी का छन्दस्त्व एक ही है अथवा प्रत्येक विषय के साथ छन्दस्त्व भिन्न-भिन्न प्रकार का है इसलिये प्रश्न है कि छन्द क्या वस्तु है ?

ऊपर लक्ष्य की दृष्टि से 'अग्निमीडे पुरोहितम्०' आदि मन्त्र को जो छन्द कहा गया है वह भी संगत नहीं है। क्योंकि ऋग्वेद संहिता में मन्त्रसंख्या १०५८० है और गायत्री आदि छन्द कुल सात ही हैं। अतः विषयभेद होने से 'अग्निमीडे' आदि मन्त्र छन्द के लक्ष्य नहीं हो सकते हैं। मन्त्र में श्रूयमाण वर्णों को भी छन्द नहीं माना जा सकता है, क्योंकि श्रूयमाण वर्णों का उत्तरोत्तर व्यभिचार होता रहता है तथा छन्दस्त्व उन वर्णों का व्यभिचार (अभाव, आदि) होने पर भी रहता ही है। वर्णों के पौर्वापर्यरूप क्रम को भी छन्द नहीं कह सकते हैं। क्योंकि वर्णों का पौर्वापर्यरूप क्रम वर्णस्वरूप के साथ ही बन सकता है, वर्णस्वरूप के अभाव में नहीं। वर्णों को साथ लेकर उनके पौर्वापर्यरूप क्रम को छन्द माना जायगा तो वर्णों का व्यभिचार होने पर उनके पौर्वापर्यरूप क्रम का व्यभिचार होगा और छन्दस्त्व वर्णक्रम के व्यभिचार में भी अनुवर्तमान है। मन्त्रप्रतिपादन-विद्या भी छन्द नहीं है क्योंकि विद्या (ज्ञान) अर्थविषयक होती है और छन्द शब्द-विषयक होता है। अर्थात् ज्ञान का विषय ज्ञेय अर्थ होता है और छन्द का विषय शब्द होता है। अतः विषयभेद है। इस प्रकार छन्द का कोई भी निश्चित निर्दोष लक्ष्य नहीं है। अतः लक्ष्य की दृष्टि से भी छन्दस्वरूप संगत नहीं है। इसका वास्तविक स्वरूप क्या है यह प्रश्न ज्यों का त्यों बना हुआ है।

इस प्रश्न का समाधान करते हुए कहा है कि अवच्छेद अर्थात् सीमा या मर्यादा ही छन्द है। तात्पर्य यह है कि मान के द्वारा प्रतिष्ठा के द्वारा या सादृश्य के द्वारा किया जाने वाला वस्तुस्वरूप का मर्यादा-बन्ध ही छन्द है।

यद्यपि 'स च्छन्दोभिश्छन्नः, यश्छन्दोभिश्छन्नस्तस्माच्छन्दांसीत्याचक्षते, ते छन्दोभिरात्मानमाच्छादयन्, यदेभिराच्छादयन् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्, छादयन्ति ह वा एनं छन्दांसि पापात् कर्मणः ते छन्दोभिरात्मानं छादयित्वोपायन् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्', इत्यादि श्रुतिप्रतिपादित निर्वचनों से आच्छादक छन्द कहलाता है अवच्छेद को छन्द कैसे कह सकते हैं ? क्योंकि अवच्छेदरूप सीमा वस्तु का आच्छादन नहीं करती है। और मान (नाप) प्रतिष्ठा तुलितक (तुलना) में आच्छादकत्व की अप्रसिद्धि है। अतः उपर्युक्त 'मानेन वा प्रतिष्ठया वा तुलितकेन वा क्रियमाणवस्तुस्वरूपमर्यादाबन्धश्छन्दः' यह लक्षण नहीं बन सकता है। तथापि लौकिकों को मान प्रतिष्ठा व तुलितक में आच्छादकत्व की प्रतिपत्ति

नहीं है मात्र इतने से ही प्रमाणान्तरसिद्ध धर्म का अपलाप नहीं किया जा सकता और न प्रमाणान्तर से असिद्ध अर्थ को लौकिकों (साधारणजनों) की प्रतिपत्तिमात्र से स्वीकार ही किया जा सकता है। व्यवहारसिद्धि में प्रवृत्त लौकिकों को व्यवहार के लिए वस्तुसत्ता की अपेक्षा नहीं होती। वस्तु की सत्ता न होने पर भी शब्दज्ञानमात्ररूप विकल्पवृत्ति से व्यवहार करने वाले लौकिकों को अर्थ-सत्ता के बिना भी अर्थ-ज्ञान देखा जाता है। इसीलिये नीरूप (रूपशून्य) होने पर भी शृङ्गार-रस, कीर्ति आदि में शुक्लत्व की, प्रेम, अनुराग, वीर-रस आदि में रक्तत्व की, क्रोध, अपकीर्ति आदि में कृष्णत्व की प्रतिपत्ति व्यवहार द्वारा होती है। इसी प्रकार—

'अग्ने नक्षत्रमजरमासूर्यं रोहयो दिवि, दधज्ज्योतिर्जनेभ्यः' ॥१॥
'प्रजा ह तिस्रो अत्यायमीयुर्न्यन्या अर्कमभितो दिविश्रे।
बृहद्ध तस्थौ भुवनेष्वन्तः पवमानो हरित आ विवेश ॥२॥'
'सूर्यो बृहतीमध्यूढस्तपति'

इत्यादि श्रुति प्रमाणों से सूर्य के स्थिर व अविचाली तथा पृथ्वी के चल होने पर भी लोक में सूर्य को चल व पृथिवी को अचल (स्थिर) व्यवहारमात्र के द्वारा माना जाता है। इसी प्रकार—

'स वा एष न कदाचनास्तमेति, नोदेति। तं यदस्तमेतीति मन्यन्ते अह्न एव तदन्तमित्वा अथात्मानं विपर्य्यस्यते। रात्रीमेवावस्तात् कुरुते अहः परस्तात्। ....स वा एष न कदाचन निम्लोचति'।

इस ऐतरेय श्रुति से स्पष्ट ही अहोरात्र में पृथ्वी की गति को कारण बतलाने पर भी लौकिक पुरुष व्यवहार द्वारा सूर्यगति को कारण मानते हैं इसी भाँति कभी भी सूर्य के अस्त न होने का उल्लेख होते हुए भी सूर्यास्त बताते हैं। क्योंकि व्यवहार में वस्तुसत्ता की अपेक्षा नहीं होती है। साथ ही छन्द में छादकत्व की स्वरूपतः भी अप्रसिद्धि नहीं है क्योंकि छन्द शब्द का शब्दार्थ छादक है, और मान प्रमा तुलितक में यह छादकत्व है। इसमें 'मा छन्दः, प्रमा छन्दः' प्रतिभा छन्दः, (यजु.) यह श्रुतिवचन प्रमाण है। यहाँ मा शब्द का अर्थ संख्या परिच्छेद, प्रमा का अर्थ वस्तु की आयतनरूपा वस्तुप्रतिष्ठा तथा प्रतिमा शब्द का अर्थ तुलितक (सादृश्य) है। अपि च 'यदेभिराच्छादयन् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्' इत्यादि श्रुतिवचन छादकत्व को छन्द शब्द का प्रवृत्तिनिमित्त बताते हुए छन्दः-पदवाच्य मा, प्रमा, प्रतिमारूप अवच्छेदों में छादकत्व सिद्ध कर रहे हैं।

फिर एक प्रश्न उठाया गया है कि आच्छादन का अर्थ लोक में छिपा देना प्रसिद्ध है, इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जिसके होने से वस्तुस्वरूप का ज्ञान नहीं होता अपितु वस्तुस्वरूप तिरोहित हो जाता है ऐसे तिरोधान प्रधान संवरण अर्थात् अन्तर्धान में आच्छादन शब्द लोक में देखा जाता है जैसे

घटाच्छादितः प्रदीपः, वस्त्राच्छादितं द्रव्यम्, रजसाच्छादिते भानौ, स्तनयुग-परिणाहाच्छादिना वल्कलेन आदि में। और अवच्छेद (सीमा या मर्यादा) किसी वस्तु का तिरोधान नहीं करता है अतः अवच्छेद को आच्छादक नहीं माना जा सकता है। अतः छन्द का अर्थ अवच्छेद नहीं है। किन्तु यह प्रश्न निरर्थक है केवल तिरोधान-छिपाना-ही आच्छादन का एकमात्र अर्थ नहीं है अपितु आच्छादन के अनेक अर्थ हैं। जैसा कि—(१) अन्नाच्छादनभागयम् (अन्न वस्त्र का पात्र यह) आच्छाद्य, चार्हयित्वा च श्रुतिशीलवते स्वयम् (श्रुति एवं शील से सम्पन्न के लिए ओढा पहना कर और पूज कर) आदि में उपसंख्यान (२) आभूषणाच्छादिताङ्गी, छदयति सुरलोकं यो गुणैर्यं च युद्धे सुरयुवतिविमुक्ताश्छादयन्ति स्रजश्च, आदि में पर्याधान (लपेटना या पहनना) (३) चन्दनच्छन्नगात्र, तैलाच्छन्नकलेवरः, घृताच्छन्नं व्यञ्जनम्, आदि में चुपड़ना या लेप करना, (४) मेघच्छन्नेऽह्नि दुर्दिनम्, कण्टकच्छन्नमार्गेषु, आदि में अवरोध या रुकावट, (५) ईशावास्यमिदं सर्वम्, आच्छाद्यते त्वद्यशसा समस्तम्, आदि में व्याप्ति, (६) छादयन्नाननं वेगैरर्दयन्नङ्गभञ्जनैः। निरुच्यते छर्दिरिति दोषो वक्त्रं प्रधावितः। (सुश्रुत) जैसे प्रसङ्गों में दूषित करना, (७) दौकूलेन नवेन तु समन्ततश्छादितं शुक्लम् (वृहत्संहिता) आदि में स्वरूपनिर्माण, (८) अग्निमन्तश्छादयसि, अन्नं छादयेदाज्येन, इत्यादि में, शक्तिसम्पन्न बनाना, (९) छन्ने स्थाने समासीनः, आदि में एकान्त, (१०) गायत्रेण च्छन्दसा त्वा छादयामि आदि में छिपाना आदि अनेक अर्थ छादन के हैं। इनमें छाद्य का अन्तर्धान अर्थ कहीं भी नहीं है किन्तु आच्छादन शब्द प्रयुक्त है। इस प्रकार इस शब्द की अनेकार्थता सिद्ध होने पर यदि यहाँ गोपन अर्थ में आच्छादन है और गोपन का रक्षा अभिप्राय है तो यह निश्चित अवच्छेदकानुगत है, अवच्छेद से अवच्छिन्न, मर्यादा से मर्यादित या सीमा से सीमित—का स्वरूप से च्युत न होने के कारण सुगुप्त होना सिद्ध ही है।

अन्य व्यक्ति द्वारा दूसरे प्रकार से भी अवच्छेद के आच्छादक न होने में प्रश्न उपस्थित किया गया है। उसका तात्पर्य यह है कि आच्छादन को उपर्युक्त रीति से अनेकार्थक मानना ठीक नहीं लगता है क्योंकि जो अर्थ प्रकरण द्वारा प्राप्त हैं उनमें शब्द की शक्ति मानना अनावश्यक है। ऊपर आच्छादन के विभिन्नार्थक जो उदाहरण दिये गये हैं वे प्रकरण से ज्ञात हो जाते हैं अतः आच्छादन का शक्यार्थ तो संवरण ही है उपर्युक्त अर्थ नहीं। छदि धातु का अर्थ अपवारण (आच्छादन) है और अपवारण दो प्रकार का है एकदिग्वर्ती तथा अनेकदिग्वर्ती। एकदिग्वर्ती अपवारण आवरण कहलाता है तथा अनेकदिग्वर्ती अपवारण संवरण कहलाता है। वस्तुस्वरूप से असम्बद्ध भी यह संवरण पृथग्दृष्ट और अपृथग्दृष्ट भेद से द्विविध है। पृथग्दृष्ट संवरण वस्तु से पृथग् दिखाई देता है तथा अपृथग्दृष्ट वस्तु से पृथक् दिखाई नहीं देता है। पृथग्दृष्ट संवरण की आवरकरूप से प्रतीति होती है। जैसे मेघ से आच्छादित भित्ति आदि में संवरक मेघ की प्रतीति भित्ति से भिन्न होती है अतः

इसका आवरकरूप से ज्ञान होता है। किन्तु अन्त:पट से आवृत घटादि की संवरक अन्त:पट से पृथक् प्रतीति नहीं होती है। इसका ज्ञान संवरकत्वेन ही होता है। इसी प्रकार वस्तु से बहि:स्थित वस्तु को व्याप्त कर रहने वाले दिक्, देश, काल, संख्या आदि भी वस्तु से पृथक् दिखाई नहीं देते हैं। अत: इन दिग्देशकालादि का भी संवरकरूप से ही ज्ञान होता है। अनेकदिग्वर्ती संवरण भी एकदिग्वर्ती आच्छादन से भिन्न नहीं है। अत: अनेकदिग्वर्ती संवरण में आवरणशब्द का प्रयोग हो सकता है। आवरण और संवरण इन दोनों आच्छादनों में वस्तु से दृष्टि के सम्बन्ध का प्रतिबन्ध ही आच्छादनशब्द का प्रवृत्तिनिमित्त अर्थात् अर्थ है। यह प्रतिबन्ध दृष्टि व दृश्य वस्तु के मध्य में रहने वाला तत्त्व है। इसे व्यवधान भी कहा जाता है। 'मेघच्छन्नेऽह्नि' में अह: शब्द से दिन के प्रवर्तक सूर्य व सूर्य-किरणों की विवक्षा है। अत: सूर्य व सूर्यकिरणें मेघावरण के कारण दिखाई नहीं देती हैं। यह मेघ ही दृष्टि व दृश्य सूर्य और सूर्यकिरणों का अन्तरालवर्ती प्रतिबन्धक है। 'ईशावास्य-मिदं सर्वम्' में वस् धातु का आच्छादन अर्थ नहीं अपितु निवास अर्थ है। अत: 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' 'नेन्द्राद् ऋते पवते धाम किञ्चन' इन श्रुतियों की 'ईशावास्यम्०' इत्यादि श्रुति के साथ एकवाक्यता होने से ईश्वर सर्वत्र विद्यमान है इस अर्थ में 'ईशावास्यम्०' श्रुति का तात्पर्य है। अथवा 'ईशावास्यम्' श्रुति में वस् धातु का आच्छादन अर्थ मानने में भी कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि तात्त्विक दृष्टिसम्पन्न महर्षि की जहाँ-जहाँ दृष्टि पड़ती है वहाँ-वहाँ उसे परमेश्वर से भिन्न कुछ नहीं दिखाई देता है। अत: वह एक (अद्वैत) ईश्वर सर्व प्रकार की द्वैत दृष्टि का आच्छादन करने वाला है, इसी अर्थ में श्रुति का तात्पर्य होने से आच्छादन अर्थ उपपन्न हो जाता है। 'गूढालङ्कारवाक्य में अर्थ प्रच्छन्न रहता है' जैसे वाक्यों में भी अनुभवात्मक दृष्टि के आच्छादन से ही गूढार्थ की प्रच्छन्नता उपपन्न हो जाती है। अर्थात् अनुभवात्मक दृष्टि का आच्छादन हो गया है अत: वहाँ गूढ अर्थ प्रच्छन्न होता है। इस प्रकार ऊपर आच्छादन की अनेकार्थता के जितने उदाहरण दिये हैं छत्राच्छादित आदि शब्दों को प्रतिबद्धदर्शनार्थक मानने पर आच्छादन शब्द में अनेकार्थकता नहीं रहती है और इस प्रकार अवच्छेद, मान, प्रतिष्ठा आदि अनवरुद्ध दर्शन के बोधक सिद्ध होते हैं अत: अवच्छेदों के अवच्छादक न होने से अवच्छेद को छन्द नहीं माना जा सकता है।

इस प्रश्न के समाधान में कहा है कि आच्छादकत्व का दृष्टि का प्रतिबन्ध या अवरोध अर्थ एकान्तत: नहीं माना जा सकता क्योंकि एकान्त में बैठे हुए व्यक्तियों को 'हम प्रच्छन्न स्थान में बैठे हैं' यह ज्ञान होता है। यहाँ दृष्टि का अवरोध न होने से आच्छादन का अर्थ दृष्टि का अवरोध नहीं है। जिसका शरीर छाते से आच्छादित है उसे वर्षा तथा धूप से कोई कष्ट नहीं होता है, ऐसे स्थलों में सब ओर से दिखाई देते हुए पुरुष के विषय में 'छत्रछन्नत्वं' का लाक्षणिक प्रयोग किया गया है। इस प्रकार दृष्टिप्रतिबन्ध के न होने पर भी केवल वर्षा धूप ओस आदि

को रोकने वाले घर की छत व चन्द्रातप (चन्दोवा) आदि आच्छादक हैं ऐसा लाक्षणिक प्रयोग दृष्टिगोचर होता है। इसीलिये 'काच से आच्छादित दीपक में वायु को प्रवेश का अवसर नहीं' जैसे व्यवहार भी उपपन्न हो जाते हैं। यहाँ भी काच को दृष्टि का प्रतिबन्धक न होने पर भी दीपक का आच्छादक बताया गया है। अतः आच्छादकत्व का अर्थ दृष्टि प्रतिबन्धकत्व न होकर इतर वस्तु के सम्बन्ध को हटा देना ही है। विशेषधर्मावाच्छिन्न दृष्टिप्रतिबन्ध में आच्छादन शब्द की शक्ति स्वीकार कर 'छन्ने स्थाने तिष्ठामः' इत्यादि में एकान्तादिरूप विशेषार्थान्तरों में लाक्षणिक प्रयोग की कल्पना की अपेक्षा सामान्यधर्मावच्छिन्न इतरसम्बन्धा-पवारकत्व अर्थ में आच्छादक शब्द की शक्ति मानना उचित है। इतरसम्वन्धा-पवारकत्व में इतर शब्द से कहीं दृष्टि का और कहीं नाष्ट्रा (इस नाम से प्रसिद्ध विघातक) पदार्थों का ग्रहण है।

इस प्रकार इतरसम्बन्धापसारणरूप एक ही अर्थ में आच्छादन शब्द की शक्ति मानने पर भी मानादिरूप अवच्छेदों में उपर्युक्त रीति से छन्द शब्द के अर्थ आच्छादकत्व की उपपत्ति हो जाती है। अतः अवच्छेदों में वस्तुस्वरूप का आच्छादकत्व रूप छन्दस्त्व सिद्ध हो जाता है।

एकदिग्वर्ती आवरण तथा अनेकदिग्वर्ती संवरण दोनों में ही आच्छादकता के समान होने पर भी एकदिग्वर्ती आवरण में छन्द शब्द का प्रयोग नहीं होता किन्तु अनेक दिग्वर्ती संवरण में ही छन्द शब्द का प्रयोग होता है। क्योंकि छन्द शब्द के निष्पादक छदि धातु का संवरण अर्थ ही है न कि आवरण। अनेकदिग्वर्ती संवरण में भी व्याप्यवर्ती अपृथग्दृष्ट भेद ही प्रायः छन्द का विषय है न कि पृथग्-दृष्टभेद। इसीलिए वासुदेव ! सर्वच्छन्दक। हरिहय ! हरिमेध ! महायज्ञ ! इस महाभारतप्रयोग में सर्वच्छन्दक शब्द का प्रयोग संगत है क्योंकि 'छन्दयति अर्थात् संवृणोति अर्थात् रक्षति इति छन्दकः अर्थात् रक्षकः' इस व्युत्पत्ति से सर्वरक्षक होने से परमात्मा का नाम सर्वच्छन्दक है वही सब की रक्षा करता है।

जिन अवच्छेदों को छन्द बताया गया है वे अवच्छेदक कौनसे हैं इसका विचार प्रस्तुत किया जा रहा है। गुणों के समवाय को वस्तु कहते हैं। गुण, धर्म व भाव एकार्थक शब्द हैं। इन गुणों या धर्मों की एकात्मभाव से एकरूप से स्थिति ही समवाय है, लोक व्यवहार में समष्टि के प्रधान होने से उसके अन्दर प्रतिष्ठित अर्थों को गुण कहते हैं। इन गुणों को धर्म इसलिए कहते हैं कि ये गुण समष्टि में धृत हैं या इन गुणों ने समष्टि को धारण कर रक्खा है। इन गुणों या धर्मों की सत्ता से ही वह गुणसमवायरूप वस्तु अन्य वस्तुओं से विलक्षण (भिन्न) बनती है। अतः इन गुणों या धर्मों को भाव कहते हैं। ये वस्तुधर्म पाँच प्रकार से विभक्त होकर गृहीत होते हैं, अर्थात् ये वस्तुधर्म पञ्चधा विभक्त हैं। वे हैं—(१) आश्रय भाव (२) प्रयोजक भाव (३) स्थायी भाव (४) व्यंजक भाव तथा (५) संचारिभाव। इन सब धर्मों में कोई एक धर्म दूसरे धर्मों का आश्रय होकर रहता है वह धर्म

आश्रय भाव कहलाता है। अन्य धर्म उसके उपकारक अर्थात् अङ्गवत् बनकर उस (धर्म) में रहते हैं, अतः अङ्गभाव से रहने वाले धर्म आश्रित हैं तथा यह आश्रय भाव है। अन्नसम्मित वस्तु में अग्नि, जलसम्मित वस्तु में सोम, वायुसम्मित वस्तु में इन्द्र, तेजःसम्मित वस्तु में आदित्य आलम्बन है। अतः उन-उन वस्तुओं में वह-वह (आलम्बन) आश्रय भाव है।

'अग्निरस्मि जन्मना जातवेदा धृतं मे चक्षुरमृतं म आसन्' इस मन्त्र के अनुरोध को मानने वालों के मत में अग्नि ही सबका आश्रय भाव है। अथवा विप्रकीर्ण होने के कारण यह आश्रयभाव तत्तत् प्रसंगों में बदल जाता है।

'अथ सवित्रा प्रसवित्रा, सरस्वत्या वाचा, त्वष्ट्रा रूपैः, पूष्णा पशुभिः, इन्द्रेणास्मे, बृहस्पतिना ब्रह्मणा, वरुणेनौजसा, अग्निना तेजसा, सोमेन राज्ञा, विष्णुना दशम्या, देवतया प्रसूतः प्रसर्पामि'

इत्यादि मन्त्रों से बोधित शरीरगत भिन्न-भिन्न कर्मों के अधिकार में नियुक्त सविता आदि देवता ही प्रयोजक भाव हैं।

"सोमस्य त्वा द्युम्नेनाभिषिञ्चामि, अग्नेस्तेजसा, सूर्यस्य, वर्चसा, इन्द्रस्येन्द्रियेण, मित्रावरुणयोर्वीर्येण, मरुतामोजसा" इति, इत्यादि तैत्तिरीयसंहिता के मन्त्रों से सोमादि अधिदेवता अध्यात्म में द्युम्नादि धर्मरूप से परिणत हो जाना ही इन देवताओं का द्युम्नादिधर्मप्रयोजकत्व हैं। ये देवताप्रयुक्त धर्म उस आत्मा का स्वभाव कहलाते हैं बाह्य कारण की अपेक्षा न रखने वाला धर्म स्वभाव कहलाता है। यह स्वभाव निसर्ग तथा स्वभाव भेद से दो प्रकार का है। दृढ़ अभ्यास से जन्य संस्कार को निसर्ग कहते हैं तथा किसी भी कारण से अजन्य स्वतःसिद्ध संस्कार स्वभाव कहलाता है। निसर्गात्मक स्वभाव की सिद्धि के लिए अध्ययन तपश्चर्या व योगाभ्यासादि कर्मों का उपयोग होता है।

उपादान द्रव्यों को स्थायी भाव कहते हैं, जैसे घट का उपादान द्रव्य मृत्तिका है पटका तन्तु है। अतः मृत्तिका व तन्तु ही घट पट आदि के स्थायिभाव हैं। आश्रय भाव प्रयोजक भाव तथा स्थायिभाव तीनों ही आत्मभाव कहलाते हैं। इनमें आश्रयभाव जीवात्मा है देवतारूप प्रयोजक भाव अन्तरात्मा है तथा स्थायी भाव भूतात्मा है। शेष व्यंजकभाव तथा संचारिभाव अनात्मभूत भाव हैं। अनात्मभूत होने पर भी इनमें जो भाव वस्तु से पृथक् नहीं रहते तथा विशेषरूप से वस्तु से व्यभिचरित होने पर भी सामान्य रूप से वस्तु से नित्यसम्बद्ध बाह्यार्थ वे अवच्छेदक व्यंजक भाव हैं। ये भाव दिग्देशकालसंख्या परिमाण आदि हैं। इन अवच्छेदक भावों से अवच्छिन्न होने पर ही वस्तु की अभिव्यक्ति होती है इनमें अवयवों के सन्निवेश से वस्तु में उत्पन्न होने वाले अणुत्व महत्त्व ह्रस्वत्व दीर्घत्व आदि धर्मों को परिमाण कहते हैं। समान द्रव्य गुण व कर्मों का होना ही साधर्म्य कहलाता है। दिग्देशकालादि व्यंजक भावों के बिना वस्तु का स्वरूप नहीं बनता। इसलिए वस्तुस्वरूप

की स्थिति के नियामक इन अवच्छेदकों को उस वस्तु का छन्द माना जाता है। वस्तु-स्वरूपस्थिति के नियामक प्राणमात्रारूप व्यंजक भावों से अतिरिक्त सभी व्यभिचारी वस्तुधर्म संचारिभाव कहलाते हैं। जैसे आर्द्रत्व उष्णत्व वेशभूषादि सांयोगिक (संयोग से प्राप्त अतएव वस्तु से संयुक्त) धर्म। ये धर्म भी वस्तु के अनात्मभूत ही हैं। इनके होने न होने से वस्तुस्वरूप में कोई अन्तर नहीं आता। ये वस्तुस्वरूप से तटस्थ ही रहते हैं। इस प्रकार प्रतिवस्तु में पाँच प्रकार के धर्म हैं। इनमें चतुर्थ प्रकरण के धर्म या भाव अर्थात् व्यंजक भाव अवच्छेद हैं।

दिक् देश काल संवित् तथा संख्या की प्रधानता से गृहीत अवच्छेद या अन्यगुण उस वस्तु की व्यक्ति हैं। अर्थात् वस्तु के व्यंजक हैं इन भेदक धर्मों के भेद से ही वस्तुभेद होता है। अणुत्व महत्त्व ह्रस्वत्व दीर्घत्व रूप परिमाण की प्रधानता से गृहीत अवच्छेद ही वस्तु की आकृति होते हैं। क्योंकि अणुत्वादि परिमाण ही वस्तु को आकृति हैं। साधर्म्य (द्रव्यगुणकर्मों की समानता) के प्राधान्य से गृहीत अवच्छेद वस्तु की जाति कहलाते हैं। यहाँ साधर्म्य समानयोनिप्रकारक ही अर्थात् समान योनि का होना ही विवक्षित है। अतः मृद्गवक (मिट्टी की गाय) में अवयवों व आकृति को लेकर गो (प्राणी) से समानता होने पर भी उसके प्रसव (उत्पादक योनि) की समानता न होने से गोत्व जाति नहीं रहती। क्योंकि मृद्गवक की योनि मृत्तिका है तथा गोप्राणी की योनि गाय है। जाति रुढ शब्द है।

कुछ विद्वानों का जाति को अखण्डोपाधि मानना केवल कल्पना है। उपर्युक्त व्यक्ति, आकृति व जाति का एकात्मभाव से अवस्थान ही पदार्थ कहलाता है जैसाकि महर्षि कणाद का 'व्यक्त्याकृतिजातयस्तु पदार्थः' यह पारमार्ष सूत्र है।

इस प्रकार व्यक्ति आकृति जाति के आश्रयभूत पदार्थ में अनेक धर्मों के रहने पर भी जिस किसी एक अर्थ (धर्म) को ग्रहण कर उसके सम्बन्ध से गुणी वस्तु का ज्ञान कराने के लिए उस अर्थ में पदों का संकेत किया जाता है। जैसे— मदीयः श्वेतः कृष्णकर्णो महारवस्तुरगः सुलक्षणः' इस वाक्य में मत्सम्बन्ध श्वेतवर्णरूप कृष्णकर्णत्व महारवत्व (शब्दमहत्त्व) त्वरागति तथा शुभलक्षणसम्बन्ध इन भिन्न-भिन्न विप्रकीर्ण अर्थों को निमित्त बनाकर प्रवृत्त भिन्न-भिन्न शब्दों की आकांक्षा के कारण एकाश्रयता प्रतीत होती है अर्थात् ये शब्द एक ही वस्तु को बतलाते हैं। इसी प्रकार एक ही अर्थ को लेकर प्रवृत्त छन्दःशब्द तथा छादक शब्द आकांक्षाविशेष के कारण भिन्न-भिन्न स्थानों में स्वरूपरक्षा तथा स्वरूपतिरोभाव अर्थ को बतलाते हैं। अतः ये शब्द आकांक्षाविशेष से भिन्न-भिन्न स्थानों में भिन्न-भिन्न अर्थ को बतलाते हैं। इस प्रकार पदार्थों की मर्यादा विविध होती है विभिन्न होती है।

उपर्युक्त रीति के अनुसार व्यक्तिभावप्रधान दिग्देशकालसंवित्संख्यारूप अवच्छेद, जिसके कि परिच्छेद सीमा मर्यादा अभिविधि नियति नीति रीति व्यवस्था मिति मान ये पर्यायवाची शब्द हैं, का मान अर्थ को बताने वाले या शब्द से, आकृतिभावप्रधान अणुत्व महत्त्व ह्रस्वत्व दीर्घत्व के नियामक सन्निवेशरूप

अवच्छेद, जिसके कि प्रतिष्ठा आयतन आशय परिमाण और प्रमाण पर्यायवाची शब्द हैं, का प्रमाण वाचक प्रमाशब्द से तथा जातिभावप्रधान समान द्रव्य गुण कर्म रूप अवच्छेद, जिसके कि साधर्म्य सामान्य सादृश्य सारूप्य तुलितक प्रतिमिति और प्रतिमान ये पर्यायवाची शब्द हैं का प्रतिमानवाचक प्रतिमा शब्द से उल्लेख कर उन अवच्छेदों में छन्दस्त्व का विधान किया है। अर्थात् ये तीनों अवच्छेद छन्द हैं, जैसाकि 'माच्छन्दः प्रमाच्छन्दः प्रतिमाच्छन्दः' यह श्रुति बता रही है। इसी प्रकार

"अस्तभ्नाद् द्यामृषभो अन्तरिक्षममिमीत वरिमाणं पृथिव्याः।
आसीदद् विश्वा भुवनानि सम्राड् विश्वेत्तानि वरुणस्य व्रतानि॥"

"गायत्रेण प्रतिमिमीते अर्कमर्केण साम त्रैष्टुभेन वाकम्।
वाकेन वाकं द्विपदा चतुष्पदा अक्षरेण मिमते सप्त वाणी॥"

इत्यादि मन्त्रों में दैशिक तथा सांख्यानिक मर्यादा के अभिप्राय से 'अमिमीत' इत्यादि पदों के द्वारा मा शब्द का प्रयोग हुआ है। प्रथम मन्त्र में दैशिक अभिप्राय से तथा द्वितीय मन्त्र में सांख्यानिक अभिप्राय से मा शब्द का प्रयोग हुआ है।

यस्य भूमिः प्रमा अन्तरिक्षमुतोदरम्।
दिवं यश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः॥

इत्यादि मन्त्रों में प्रतिष्ठा के अभिप्राय से प्रमा शब्द का प्रयोग हुआ है।

"संवत्सरप्रतिमा वै द्वादश रात्रयः॥"
"द्वादश वै रात्रयः संवत्सरस्य प्रतिमा॥"

इत्यादि श्रुतियों में तुलितक (सादृश्य) के अभिप्राय से प्रतिमा शब्द का प्रयोग है। इसलिए मा प्रमा प्रतिमा शब्दों से उल्लिखित क्रमशः व्यक्तिभावप्रधान, आकृतिभावप्रधान व जातिभावप्रधान तीनों प्रकार के अवच्छेद, जो कि वस्तुस्वरूप का संवरक (रक्षक) है, का छन्दस्त्व श्रुतिवचनों से सिद्ध है।

यद्यपि मा प्रमा प्रतिमा को छन्द मानने पर

"कासीत् प्रमा प्रतिमा किं निदानमाज्यं किमासीत् परिधिः क आसीत्।
छन्दः किमासीत् प्रउगं किमुक्थं यद् देवा देवमयजन्त विश्वे॥ ऋ॰ १०.१०३, ३

इस ऋङ्मन्त्र में छन्द शब्द से ही प्रमा प्रतिमा का ग्रहण हो जाने पर भी पृथक् रूप से प्रमा प्रतिमा शब्द के उपादान से पुनरुक्ति दोष उपस्थित होता है, तथापि-विशेष का उपादान कर देने पर सामान्यशब्दगृहीत विशेषों से भिन्न विशेष का बोधक होता है—इस न्याय के अनुसार प्रमा व प्रतिमा इन विशेष शब्दों का उपादान करने पर प्रयुक्त सामान्य छन्दः शब्द का तात्पर्य प्रमा प्रतिमारूप विशेष अवच्छेदों से भिन्न मा रूप अवच्छेदों के बोधन में है। अतः पुनरुक्ति दोष नहीं है। वास्तव में तो छन्दस्त्व, मानत्वरूप से, प्रतिष्ठात्वरूप से या तुलितकत्वरूप से नहीं है

अपितु स्वरूपसंरक्षकत्वरूप से है। अतः पदावच्छेदकभेद का होने से पुनरुक्ति दोष नहीं है।

इसी तरह यद्यपि 'माच्छन्दः प्रमा छन्दः प्रतिमा छन्दः, इयं वै मा, अन्तरिक्षं प्रमा, असौ प्रतिमा, इमानेव लोकानुपधत्ते' इस अग्निचिति के मन्त्र से यह सिद्ध होता है कि मा प्रमा प्रतिमा शब्द पृथिव्यादि तीनों लोकों के वाचक हैं अतः उनसे मानादि अवच्छेदों का ग्रहण अनुचित है तथापि जैसे चैत्र और मैत्र राजा के हाथ हैं—इस वाक्य में चैत्र और मैत्र में राजा के हस्त का प्रयोग गौणी लक्षणा से गौण प्रयोग है, उसी प्रकार पृथिव्यादि लोकों में मा प्रमा प्रतिमा शब्द गौणरूप से प्रयुक्त हुए हैं। मा आदि शब्दों का प्रयोग लोकों के लिये मुख्यरूप से नहीं है। अन्यथा—'अथ जूहूम्, अथोपभृतः, अथ ध्रुवाम्। असौ वै जूहूः, अन्तरिक्षमुपभृत् पृथिवी ध्रुवा। इमे वै लोकाः स्रुचः', इस तैत्तिरीय श्रुति से स्रुगादि शब्दों का लोकों में प्रयोग करने से वे लोक अर्थ के वाचक हो जावेंगे और उन शब्दों के अपने प्रातिस्विक अर्थ का लोप हो जावेगा। अतः गौणी वृत्ति से मा, प्रमा आदि शब्दों को लोकपरक मानने पर भी उनके अवच्छेदविशेष अर्थ का बाध नहीं होता है।

इस रीति से मा, प्रमा, प्रतिमारूप तीन भेदों से युक्त प्राणावच्छेद या अवच्छिन्न प्राण ही छन्द है, यह सिद्ध हो जाता है।

इस प्राण का यह अवच्छेदकत्व अवयवरूप जिन अन्य प्राणों से सिद्ध होता है वे प्राण छन्दपरिभाषा में अक्षरशब्द से कहे जाते हैं। अर्थात् अवयवभूत उन प्राणों को अक्षर कहते हैं। उन प्राणों के प्रातिस्विक अवच्छेद को मात्रा कहते हैं। किसी मात्रा से नियत या अनियत उन अवयवरूप अक्षरों से प्राणरूप अवच्छेद की सिद्धि में उसके अवच्छेदक अक्षरों की संख्या के भेद से छन्द भेद हो जाता है। जैसे आठ अक्षरों का गायत्री छन्द, ११ अक्षरों का त्रिष्टुप् छन्द, १२ अक्षरों का जगती छन्द। वाचिक छन्द में ये अक्षर वाचिक प्राण होते हैं तथा आर्थिक छन्द में ये अक्षर आर्थिक प्राण होते हैं। वाचिक अक्षर वाचिक छन्दों में प्रसिद्ध हैं। आर्थिक अक्षरों का उदाहरण निम्नलिखित शतपथश्रुति में उपलब्ध है। शतपथश्रुति में अग्नि, रयि (सोम) रूप इस पृथिवी तथा पृथिवी के प्राण अग्नि को पृथक् पृथक् गायत्री कहा है। अर्थात् अग्नि व सोम के सम्बन्ध से निर्मित अर्थात् अग्नीषोमात्मक यह मर्त्य-पृथिवी गायत्री है तथा 'यथाग्निगर्भा पृथिवी' इस श्रुति के अनुसार इस मर्त्य पृथिवी का प्राणरूप अग्नि भी पृथक् गायत्री है, यह (शतपथ ६, १, २, ३६ में) बताया गया है।

वहाँ मर्त्यपृथिवी के अप् फेन मृत् सिकता शर्करा अश्मा अयस् और हिरण्य ये ८ आर्थिक अक्षर व्याख्यात हैं। और आठ अक्षरों का ही चाहे वे वाचिक हों या आर्थिक हों गायत्री छन्द होता है। चूँकि उपर्युक्त अप्, फेन आदि पृथिवी के आठ अक्षर हैं अतः अष्टाक्षरा यह पृथिवी गायत्री है।

इसी प्रकार उषारूप पत्नी में भूतपति संवत्सर द्वारा रेत का आधान करने से वैश्वानरसंज्ञक कुमाराग्नि उत्पन्न होती है। इस कुमाराग्नि के रुद्र (अग्नि), सर्व (आप:) पशुपति (औषधि), उग्र (वायु), अशनि (विद्युत्), भव (पर्जन्य), महान् देव (चन्द्रमा), ईशान (आदित्य) ये आठ रूप हैं। इस रीति से पृथिवीप्राणरूप अग्नि के आठ आर्थिक अक्षर हैं। अतः पृथिवीप्राण के रूप अग्नि भी अष्टाक्षर होने से गायत्री हैं। ये दोनों भूत गायत्री हैं।

इस प्रकार आर्थिक प्राणों को अक्षर मानकर उनके परिच्छेद से अन्य गायत्रियाँ भी बन जाती हैं। महाभारत में भीष्मपर्व में भौमगुणस्थान में चतुर्थ अध्याय में—'द्विविधानीह भूतानि चराणि स्थावराणि च' इत्यादि श्लोकों से चतुर्विंशत्यक्षरा लोक-गायत्री का निरूपण किया गया है। जो इस प्रकार है—चरस्थावररूप द्विविध भूतों में चर, जिन्हें त्रस भी कहा गया है, की अण्ड स्वेद और जरायु ये तीन योनियाँ हैं। चरों में जरायुज श्रेष्ठ और जरायुजों में श्रेष्ठ जो पशु और मानव हैं उन्हें ग्रामारण्य रूप से इस प्रकार गिना गया है। सिंह व्याघ्र वराह महिष वारण ऋक्ष और वानर ये सात 'आरण्य' तथा गौ अज अवि मनुष्य अश्व अश्वतर और गर्दभ ये ग्राम्य पशु हैं। वेदोक्त इन्हीं चौदह में यज्ञ प्रतिष्ठित हैं। इन सभी भूतों का पारस्परिक उपजीवन है। स्थावरों की योनि उद्भित् है, उद्भिज्ज कुल पाँच हैं वृक्ष गुल्म लता वल्ली और त्वक्सार। इन १४+५ भूतों में पृथिवी अप् तेज वायु और आकाश ये पाँच महाभूत मिलकर २४ होते हैं। ये ही २४ अक्षर हैं जिनसे 'लोकगायत्री' बनती है। त्रिपदा गायत्री में इन अक्षरों का सन्निवेश इस रूप देखा जा सकता है—

१ धातुपाद में—१ आकाश २ वायु ३ तेज ४ जल और ५ पृथिवी ये पाँच अक्षर। २ मूलपाद में—१ वृक्ष, २ गुल्म ३ लता ४ वल्ली और ५ तृण ये पाँच अक्षर। तृतीय जीवपाद में—१ सिंह २ व्याघ्र ३ वराह ४ महिष ५ वारण ६ ऋक्ष और ७ वानर ये सप्त आरण्य एवम् १ मनुष्य २ अज ३ अवि ४ गौ ५ अश्व ६ अश्वतर और ७ गर्दभ ये सप्त ग्राम्य—कुल १४ अक्षर हैं जिन्हें अचेतन अन्तश्चेतन और चेतन पादों के रूप में त्रिपदा चतुर्विंशत्यक्षरा लोक गायत्री विशद रूप में बतायी गयी है।

अब तक के सन्दर्भ से यह सिद्ध हुआ कि मा, प्रमा-प्रतिमारूप तीन प्रकार के अवच्छेद ही छन्द हैं। किन्तु 'वासो अग्ने विश्वरूपं संव्ययस्व विभावसो:' 'छन्दांसि वा अग्नेर्वासः। छन्दांस्येव वस्ते। छन्दोभिरेवैनं परिददाति' यह मैत्रायणी श्रुति अग्न्याच्छादनरूप अर्थ को "छन्दांसि वा संवेश उपवेशः" यह तैत्तिरीय श्रुति संवेश तथा उपवेश को तथा "यदेव शिल्पानि आत्मसंस्कृतिर्वाव शिल्पानि-छन्दोमयं वा। एतैर्यजमान आत्मानं संस्कुरुते" यह ऐतरेय श्रुति शिल्प को छन्द बतला रही है। अतः मा, प्रमा, प्रतिमारूप अवच्छेद को छन्द मानना अपर्याप्त है।

इस प्रश्न का समाधान करते हुए निरुक्त के दैवतकाण्ड में भगवान् यास्क ने भक्तिसाहचर्यनिरूपण के अवसर पर कहा है 'यत्किञ्चिद् दार्ष्टिविषयकं तत्सर्व-

मग्नेःकर्म', अर्थात् दृष्टि विषयभूत सभी पदार्थ अग्नि का कर्म है। इस प्रकार दृष्टि-विषयभूत स्थान का अवरोध करने वाली सारी वस्तुएँ अग्निप्रधान हैं। अतः वस्तु-स्वरूप के अवच्छेदक छन्दस्त्वेन अभिप्रेत दिग्देशकालसंख्यानरूप जो अनात्मधर्म हैं उन्हीं को आच्छादक बतलाने में उपर्युक्त मैत्रायणीय श्रुति का तात्पर्य है। संवेश तथा उपवेश को छन्द बतलाने वाली तैत्तिरीय श्रुति का तात्पर्य संवेश व उपवेश के अवयव संनिवेशरूप होने से परिमाणरूप अवच्छेद में है। शिल्प दो प्रकार का होता है—अपूर्व कौशल का निर्माण तथा प्रतिरूप कौशल का निर्माण। इनमें 'येभिः शिल्पैः पप्रथानामदृंहत् येभिर्दशामभ्यापिंशत् प्रजापतिः' इत्यादि श्रुतियों से सिद्ध अपूर्व-शिल्पनिर्माण दैशिकावच्छेदरूप या परिमाणावच्छेदरूप है। अतः उस शिल्प को दैशिकावच्छेद रूप मानने पर मा रूप छन्द में तथा परिणामावच्छेदरूप मानने पर प्रमारूप छन्द में अन्तर्भाव है। 'यद्वै प्रतिरूपं तच्छिल्पम् (शत ३।२।१।५) इस शतपथश्रुति में बोधित अनुकरण शिल्प प्रतिमानावच्छेद से भिन्न नहीं हैं अतः प्रतिमाच्छन्द में उसका अन्तर्भाव है।

पुनः यह प्रश्न उपस्थित होता है कि परिच्छेद प्रतिष्ठा व तुलितकत्वरूप मा-प्रमा-प्रतिमा से भिन्न अर्थच्छन्द नहीं है यह कथन सर्वथा अनुपपन्न है क्योंकि परिच्छेदादि तीनों अर्थों से भिन्न अर्थ में भी गायत्री आदि छन्दविशेषों का प्रयोग मिलता है। जैसे 'स वा एति च प्रेति चान्वाह। गायत्री मेवैतदर्वाचीं च पराचीं च युनक्ति। पराच्यह देवेभ्यो यज्ञं वहति, अर्वाची मनुष्यानवति, तस्माद्वा एति च प्रेति चान्वाह" इस शतपथश्रुति में परिच्छेदादि अर्थों से भिन्न एति प्रेति क्रिया से उपलक्षित देवताओं के लिये यज्ञ वहन व मनुष्यरक्षा अर्थ में गायत्री का प्रयोग बतलाया है। इसी प्रकार 'यद्वेव एति प्रेति चान्वाह। प्रेति वै प्राणः एत्युदानः, प्राणापानावेवैतद्दधाति" इस शतपथ श्रुति में परिच्छेदादि अर्थों से भिन्न एति प्रेति क्रिया से उपलक्षित प्राण व उदान में गायत्री का प्रयोग किया है और गायत्री छन्द है अतः प्राणोदानादि अर्थ भी छन्द हैं यह सिद्ध होता है।

इसी प्रकार "गायत्र्या ब्राह्मणं निरवर्तयत्, त्रिष्टुभा राजन्यं, जगत्या वैश्यं, न केनचिच्छन्दसा शूद्रं निरवर्तयत्" इत्यादि श्रुतियों से परिच्छेदादि अर्थ से भिन्न संस्कार भी छन्दशब्द का अर्थ प्रतीत होता है। क्योकि 'प्रकृति विशिष्टं चातुर्वर्ण्यं संस्काराच्च' यह सूत्र संस्कारविशेष को चातुर्वर्ण्य का कारण बतला रहा है। अतः 'गायत्र्या ब्राह्मणं निरवर्तयत्' इत्यादि श्रुतियों में गायत्र्यादिशब्द संस्कारविशेष के बोधक हैं अतः संस्कार भी छन्द हैं, क्योंकि गायत्री आदि छन्द हैं। इसलिये संस्कार भी छन्द शब्द का अर्थ है।

इसी प्रकार 'तेजो वै ब्रह्मवर्चसं गायत्री। ब्रह्म गायत्री। ओजो वा इन्द्रियं वीर्यं त्रिष्टुप्। जागताः पशवः इषमूर्जं रयिः पुष्टिश्च' इस श्रुति में तेज, ओज आदि अर्थों में गायत्री आदि शब्दों का प्रयोग होने से परिच्छेदादि तीनों अर्थों से भिन्न द्रविण

अर्थ भी छन्द है यह सिद्ध होता है। अतः परिच्छेदादि अर्थों को ही छन्द मानना अपर्याप्त है।

इस प्रश्न का समाधान करते हुए एति प्रेति क्रियोपलक्षित अर्थों को दो प्रकार से गायत्री कहा है—देवता साहचर्यभक्ति से तथा देवता अहर्भक्ति से। देवताओं के भक्ति-साहचर्य का निरूपण भगवान् यास्क ने निरुक्त के दैवत काण्ड में 'तिस्र एवैता देवता भवन्ति' से प्रारम्भ कर 'यच्चकिञ्चित् प्रवह्लितं तत्सर्वमादित्यस्य कर्म, रसादानं, रश्मिभिश्च रसधारणं' इस प्रघट्टक से किया है। इन्हीं स्थानव्यूहों में ऋतु, छन्द, स्तोम व पृष्ठ में भक्तिशेष की कल्पना करनी चाहिये। जैसे शरद् ऋतु, अनुष्टुप् छन्द, एकविंशस्तोम, वैराज साम इनका पृथिवी आयतन है अर्थात् ये पृथिवी लोक की भक्तियाँ हैं। हेमन्त ऋतु, पंक्ति छन्द, त्रिणव (अर्थात् २७वां) स्तोम, शाक्वर साम इनका आयतन अन्तरिक्ष है अर्थात् ये अन्तरिक्ष लोक की भक्तियाँ हैं। शिशिर ऋतु, अतिच्छन्दस् छन्द, ३३वाँ स्तोम, रैवत साम इनका आयतन द्युलोक है अर्थात् ये द्युलोक की भक्तियाँ हैं। इस प्रकार देवता साहचर्यभक्ति से दृष्टिविषयभूत सकल वस्तुएँ तथा देवागमन देवप्रतिगमनादि सकल कर्म अग्नि की भक्ति हैं जिस प्रकार गायत्री छन्द अग्नि की भक्ति है, यह सिद्ध हो जाता है। अतः एति प्रेति क्रियोपलक्षित सभी अर्थों को अग्निभक्ति होने से गायत्री कहा है न कि छन्द की दृष्टि से। इसी प्रकार देवतासाहचर्यभक्ति का निरूपण करने के बाद देवताओं की भक्ति से ऐतरेय ब्राह्मण में निरूपित दशाहप्रतिपत्ति का इस प्रकरण में निरूपण किया है। इसका निरूपण 'अग्निः प्रथममहर्वहति से प्रारम्भ कर 'श्रीर्दशममहः' तक किया है।

यहाँ यह तक बतलाना है जिस प्रकार त्रिवृत्स्तोम, रथन्तरसाम आदि अर्थ अग्न्यहोरूप होने से अग्नि की भक्ति हैं व गायत्रीछन्दस्क हैं उसी प्रकार एतिप्रेति-क्रियोपलक्षित अर्थ भी अग्निरूप होने से अग्नि की भक्ति हैं और गायत्रीछन्दा हैं अतः अग्निभक्ति होने से एतिप्रेतिक्रियोपलक्षित अर्थों को गायत्री कहा है। इसलिये इनमें अग्निशब्द का प्रयोग गौण है।

प्रश्न ग्रन्थ में परिच्छेदादि भिन्न जिन संस्कारों को छन्द बतलाया गया है उन सब संस्कारों का वर्णन किया है। किसी पुरुष का कर्मविशेष के लिये योग्यता-सम्पादन ही संस्कार कहलाता है। ये संस्कार दोषापनोदन (दोषनिवारण) अतिशयाधान व हीनाङ्गपूर्ति भेद से तीन प्रकार के हैं। दोषापनोदन से पुरुष के दोष का निवारण होकर पुरुष कर्मविशेष सम्पादन के योग्य बन जाता है, जो कर्मविशेष-सम्पादनयोग्यता दोषसत्ताकाल में दोषरूप प्रतिबन्धक के कारण नहीं थी। जैसे दोषापनोदन संस्कार के अभाव में ब्राह्मण में स्वरूपतः ब्राह्मण्य होते हुए भी उसमें अधमता आ जाती है किन्तु ब्राह्मण्य का नाश नहीं होता और उस अधमता के कारण वह कर्मविशेष के सम्पादन के योग्य नहीं रहता।

विशेषाधान संस्कार वह है जिसके अभाव में मनुष्य स्वरूपतः ब्राह्मण है उसमें ब्राह्मण्य का नाश भी नहीं होता किन्तु उसको उत्तमता प्राप्त नहीं होती और उसमें उत्तमब्राह्मणसाध्य कर्मविशेष के सम्पादन की योग्यता नहीं रहती।

तीसरा हीनाङ्गपूर्ति संस्कार वह है जिसके अभाव में मनुष्य में ब्राह्मण्य नहीं रहता और ब्राह्मण्य के नाश से वह ब्राह्मण्यसाध्य कर्मविशेष के सम्पादन के योग्य नहीं रहता है। इस प्रकार तीन प्रकार के संस्कारों के वर्णन के बाद ब्राह्म अर्थात् स्मार्त संस्कारों का तथा दैव अर्थात् श्रौत संस्कारों का वर्णन विभिन्न स्मृतिवचनों का उल्लेख करते हुए किया गया है। इनमें गर्भाधान से प्रारम्भ कर त्रेताग्नि-संग्रह तक १६ ब्राह्म संस्कार हैं। गर्भाधान से लेकर कर्णवेधान्त ९ संस्कार बिना मन्त्र के स्त्रियों के भी होते हैं। विवाह संस्कार स्त्री का भी मन्त्रपूर्वक होता है। शूद्र के ये दसों संस्कार विना मन्त्र के होते हैं। कहीं कहीं शूद्रों के १२ संस्कार भी बतलाये हैं जैसे—

द्विजानां षोडशैव स्युः शूद्राणां द्वादशैव तु।
पञ्च मिश्रकजातीनां संस्काराः कुलधर्मतः॥

वेदव्रतोपनयनमहानाम्नी महाव्रतम्।
विना द्वादश शूद्राणां संस्कारानाममन्त्रतः॥

ब्राह्म संस्कार से संस्कृत पुरुष ऋषियों की समानता व सायुज्य को प्राप्त करता है और दैव संस्कार से संस्कृत पुरुष देवों की समानता, सलोकता व सायुज्य को प्राप्त करता है। उभयविध संस्कारों के निरूपण के पश्चात् यह प्रश्न उपस्थित होता है कि संस्कारों में परिच्छेदादि से भिन्न छन्दस्त्व मानने वाले को क्या सभी सस्कारों में छन्दस्त्व अभीष्ट है या कतिपय संस्कारों में। यदि कतिपय संस्कारों में छन्दस्त्व अभीष्ट है तो अर्धजरतीय न्याय की आपत्ति है। क्योंकि सभी संस्कारों में संस्कारत्व के समान होने पर भी कुछ को छन्द माना जाय और दूसरों को नहीं इस बात में एकतर पक्षपातिनी युक्ति का अभाव है। अतः यह पक्ष युक्त नहीं। यदि सभी संस्कारों को छन्द माना जाये तो शूद्र में कतिपय संस्कारों के होने से वह भी छन्दोयुक्त बन जायगा। दोनों पक्षों में दोष प्रदर्शन कर अन्त में कहा है कि चाहे सभी संस्कारों को छन्द माना जाय या कुछ संस्कारों को इसमें कोई अन्तर नहीं पड़ता क्योंकि जिसके आश्रय से जिसका ज्ञान होता है वह आश्रयभूतपदार्थ उससे ज्ञात होने वाले अर्थों की प्रतिष्ठा होती है। इस नियम के अनुसार ब्राह्म संस्कार साक्षात् या परम्परया ब्राह्मणत्व क्षत्रियत्व व वैश्यत्व की प्रतिष्ठा हैं क्योंकि ब्राह्मण संस्कारों से ब्राह्मणत्वादि की उत्पत्ति होती है। इस प्रकार ब्राह्म संस्कार ब्राह्मण-त्वादि की प्रतिष्ठा रूप हैं और प्रतिष्ठा में प्रमाशब्द प्रसिद्ध है। अतः ब्राह्म संस्कारों में जो छन्दस्त्व है वह प्रमा के अन्तर्गत आ जाता है और उसमें प्रमारूप छन्दस्त्व

सिद्ध हो जाता है। अतः मा, प्रमा और प्रतिमा से भिन्नत्व ब्राह्म संस्कारों में नहीं है।

संस्कारयोग्य आत्मा में संस्कारविशेषों के द्वारा ब्रह्म, क्षत्र तथा विट् इन बलों का आधान किया जाता है। इनमें ब्रह्मबल अग्नि देवताक, क्षत्रबल इन्द्रदेवताक तथा विड्बल विश्वेदेवदेवताक है। अग्नि का छन्द अष्टवर्णा गायत्री, इन्द्र का छन्द एकादशवर्णा त्रिष्टुप् तथा विश्वेदेवों का छन्द द्वादशवर्णा जगती है। इसलिये ब्रह्म को गायत्र, क्षत्र को त्रैष्टुभ तथा विट् को जागत कहा जाता है। संस्कारविशेष से जिसमें ब्रह्मबल का आधान किया गया है वह ब्राह्मण कहलाता है जिसमें क्षत्रबल का वह क्षत्रिय और जिसमें विड्बल का वह वैश्य कहलाता है। किन्तु ब्राह्मणादि वर्णों में ब्रह्म, क्षत्र व विड्बलों का आधान क्रमशः अष्टवर्णत्व, एकादशवर्णत्व व द्वादशवर्णत्व के कारण है। अतः यह सिद्ध होता है कि ये ब्राह्मणादि वर्ण वर्णच्छन्दों से अर्थात् गायत्री आदि छन्दों से बद्ध हैं। इसलिए 'गायत्र्या ब्राह्मणं निरवर्तयत्, त्रिष्टुभा राजन्यं, जगत्या वैश्यम्' ऐसा श्रुतिवचन है। यद्यपि शूद्रवर्ण 'न केनापिच्छन्दसा शूद्रं निरवर्तयत्' इस श्रुति के अनुसार किसी भी छन्द से बद्ध नहीं है। अतः इसको वर्ण नहीं मानना चाहिए क्योंकि वर्ण वर्णच्छन्दोबद्ध होता है तथापि शूद्र में वर्णत्व औपचारिक है। शूद्र में, अछन्दस्त्व ही छन्दस्त्वेन विवक्षित है। अर्थात् अछन्द को ही छन्द मान लिया गया है। अतः जैसे वाग्वर्ण गायत्री छन्द, त्रिष्टुप् छन्द, जगती छन्द व विच्छन्द भेद से चार प्रकार का है उसी प्रकार इन वर्णच्छन्दों से बद्ध मनुष्यवर्ण भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र भेद से चार प्रकार का है और ये मनुष्यवर्ण भी वर्णच्छन्दोबद्ध होने के कारण वर्णच्छन्दों के कारण ही छन्दोयुक्त हैं। चेतन अचेतन सभी प्राणी इन वर्णच्छन्दों से बद्ध होने के कारण वर्णच्छन्दों से ही छन्दोयुक्त हैं। इस प्रकार मनुष्यों में संस्कारविशेष करने पर वह मनुष्य संस्कार से युक्त होकर ब्राह्मण गायत्री छन्द वाला, क्षत्रिय त्रिष्टुप् छन्दवाला, वैश्य जगती छन्द वाला तथा शूद्र प्राजापत्य (अनुष्टुप्) छन्दवाला या विच्छन्दा हो जाता है। अतः संस्कारों में छन्दस्त्व का अभाव न होने से छन्दोलक्षण की अव्याप्ति नहीं है। इस प्रकार अग्नि, इन्द्र, विश्वेदेव आदि की भक्ति से सिद्ध ब्रह्म, क्षत्र, विड्बलों के संयोग से ब्राह्मणत्वादि के सम्पादक संस्कारविशेषों में गायत्रीत्व, त्रिष्टुप्त्व, व जगतीत्व की सिद्धि हो जाती है।

यद्यपि 'तेजो वै ब्रह्मवर्चसं गायत्री। ब्रह्मगायत्री। ओजो वा इन्द्रियं वीर्यं त्रिष्टुप्। क्षत्रं त्रिष्टुप्। जागताः पशवः। इषमूर्जं रयिः पुष्टिश्च' इस प्रकार तेज ओज ब्रह्म क्षत्र आदि अर्थों में गायत्री आदि का प्रयोग होने से तेज ओज ब्रह्म आदि भी छन्द हैं, यह सिद्ध होता है। किन्तु द्रविण मानादि अवच्छेदरूप नहीं हैं अतः मानावच्छेदरूपछन्द का लक्षण अपर्याप्त है तथापि 'समिधमातिष्ठ गायत्री त्वा छन्दसामवतु ब्रह्म द्रविणम्' इत्यादि तैत्तिरीय श्रुति में तथा 'प्राचीमारोह, गायत्री त्वावतु ब्रह्म द्रविणम्' इत्यादि माध्यन्दिनीय श्रुति में ब्रह्म, क्षत्र, विट्, बल, वर्चः इन

द्रविणों को अग्नि आदि की भक्तिरूप बताया है। अग्न्यादि देवताओं के छन्द गायत्र्यादि हैं अतः ब्रह्मक्षत्रादि द्रविण अग्न्यादि भक्तिरूप होने से गायत्र्यादि छन्दों से सिद्ध होते हैं। इसलिये ब्रह्मादि द्रविणों में गायत्र्यादिछन्दःसाध्यता के कारण छन्द शब्द का प्रयोग गौण है न कि मुख्य। अतः मानाद्यवच्छेदरूप छन्दोलक्षण की अव्याप्ति इन ब्रह्मादि द्रविणों में नहीं है।

इसी तरह 'अस्रीवयश्छन्दः, पंक्तिश्छन्दः, एवश्छन्दो, वरिवश्छन्द छदिश्छन्दः, दूरोहणं छन्दः, तन्द्रं छन्दः अङ्काङ्कं छन्दः' इस रूप से मा प्रमा प्रतिमा से भिन्न अर्थ भी छन्द हैं और उनमें मानाद्यवच्छेद रूप लक्षण की अव्याप्ति है। इससे अतिरिक्त—

त्रीणिच्छन्दांसि कवयो वियेतिरे पुरुरूपं दर्शतं विचक्षणम्।
आपो वाता ओषधयस्तान्येकस्मिन्भुवन आर्पितानि ।।

—अथर्व० १८।१।१७

इस आथर्वण श्रुति में अप्, वात ओषधि को भी छन्द बतलाया है और इनसे भी मानादयवच्छेदरूप छन्दलक्षण अपर्याप्त है (अव्याप्त है) किन्तु जिस प्रकार गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप् आदि वाचिक छन्दविशेष हैं उसी प्रकार मा, प्रमा, प्रतिमा, अस्रीवि, एव, अङ्काङ्कादि आर्थिक छन्द हैं और ये छन्द भिन्न-भिन्न अर्थों के व्यवस्थापक हैं। इसी में उपर्युक्त श्रुतिवचनों का तात्पर्य है न कि मुख्यवृत्ति से। तत्तदर्थ के व्यवस्थापकत्वरूप मर्यादा के कारण परिच्छेदरूप छन्द के लक्षण की इनमें अव्याप्ति नहीं है।

उपर्युक्त आथर्वण श्रुति में अप् वात, औषधि को, जो छन्दपद से कहा है उसका अभिप्राय यह है कि विश्व के सभी पदार्थों का तीन प्रकार से विभक्त होकर ग्रहण होता है? घनावयवरूप से, तरलावयवरूप से व विरलावयवरूप से। निविडावयव पदार्थों को ओषधिशब्द से, तरलावयव पदार्थों को अप्शब्द से तथा विरलावयव पदार्थों को मन्त्र में वातशब्द से व्यवहृत किया है। ये तीनों भाव एक ही अर्थ में अर्पित हैं क्योंकि सभी पदार्थों का कारणविशेष से तीनों अवस्थाओं में विपरिणाम हो जाता है। इन्हीं तीनों भावों में सारा संसार प्रतिष्ठित है। अतः इन तीनों भावों को विश्वप्रतिष्ठारूप होने से इनमें भी प्रतिष्ठारूप छन्दस्त्व विद्यमान है। अतः मानाद्यवच्छेदरूप छन्द लक्षण की इनमें अव्याप्ति नहीं है। यद्यपि छन्दः शब्द के विष, रहः, रुचि, अभिलाषा, वश्यता, स्वैराचार, निष्प्रतिबन्ध, विरेचन-छाँटना आदि अनेक अर्थ शब्दचन्द्रिका आदि कोषों से तथा नाना प्रयोग व्यवहारों से मिलते हैं जो यहाँ उद्धृत—छन्दानुवृत्तिदुःसाध्याः, सुहृदो विमनीकृताः से लेकर त्वग्दोषी राजपुत्रस्तु ऋषिषेण सुतोऽभवत्। राज्येनछन्दयामासुः प्रजाः स्वर्गं गते गुरौ—तक के वाक्यों से स्पष्ट प्रतीत हो रहे हैं तथापि इन्हें मानाद्यवच्छेद से भिन्न मानना उपयुक्त नहीं है अतः छन्दलक्षण की अव्याप्ति नहीं

है क्योंकि नाड़ी मार्गविरोधक होने से विष दैशिकावच्छेदरूप है। छन्दानुवृत्ति की व्याख्या दो प्रकार से हो सकती है प्रथम—छन्द को इच्छा मानकर, तदनुसार 'मित्रों की जैसी इच्छा हो वैसा अनुवर्तन करना चाहिये इस रूप से मित्र वस्तुत: बड़े कष्ट से साधित होते हैं क्योंकि परेच्छानुवर्तन सर्वथा कठिन होता है। द्वितीय छन्दशब्द को परिच्छेद अर्थ में लें तो वाच्य अवाच्य देय अदेय आदि मर्यादानुगत व्यवहार नियम से अनुवर्तन करने के कारण स्पष्ट हैं कि मित्र दु:साध्य होते हैं मित्रता परिच्छेद को सहन नहीं कर सकती।

यहां छन्द का इच्छा अर्थ मानने पर इच्छा मानस छन्द है। अत: वह परिच्छेद रूप ही हैं और छन्द को परिच्छेदपरक मानने पर स्पष्ट ही परिच्छेदरूप हैं। रुचि अभिलाष आदि भी इच्छाविशेषरूप हैं और इच्छा मानस छन्द है जैसा कि 'अभिप्रायश्छन्द आशय:' यह कोष बतला रहा है।

यद्यपि विषयविशेष की ओर मन की प्रवृत्ति (लगाव या रुझान) का नाम ही अभिप्राय है तथापि यह मन की प्रवृत्ति उपचारभेद से दो प्रकार की है—(१) मन से गृहीत विषय तथा (२) विषय पर आरूढ मन। इस विषय में तुम्हारा क्या अभिप्राय है ? किस अभिप्राय से आये हो ? धन हमारा अभिप्रेत है इत्यादि में मनोगृहीत विषय को लेकर अभिप्राय का प्रयोग है।। धन के अभिप्राय से आया, मेरा अभिप्राय देखना और जानना है,इस विषय में क्या अभिप्राय रखते हो ?आदि में मनोऽभिप्राय अर्थ में प्रयोग है। इस प्रकार दोनों तरह के प्रयोग प्रसिद्ध हैं। मनसे गृहीत विषय के मनोऽवच्छेदक होने से मन की छन्दोरूपता स्पष्ट ही है। विषयरूप अभिप्राय के अनुसार ही मन का स्वरूप होने से वही (विषय में) उसकी प्रतिष्ठा है। अभिप्राय को विषयारूढमन:परक मानने पर विषयसंक्रान्त मन ही मनुष्य का अवच्छेदक होता है। अत: इस (मन) में मनुष्यच्छन्दस्त्व सिद्ध है ही। स्व (विषय) संयुक्त मन के अनुरोध से प्रवर्तमान आत्मा ही मनुष्य है क्योंकि मनुष्य इसी में प्रतिष्ठित होता है। इसलिए जो भी शरीर या सांयौगिक घटादि पदार्थ समुदाय हैं वे सब दीन मन वाले मनुष्य के दीन ही हो जाते हैं तथा उदार मन वाले के उदार हो जाते हैं। नीचमना मनुष्य के ये सब नीच हो जाते हैं तथा महाशय व्यक्ति ये सब महाशयता को प्राप्त हो जाते हैं। अंगुलियां उठे यह अभिप्राय रखनेवाले की अंगुलियां तत्काल उठ जाती है। हाथ उठे ऐसा सोचते ही हाथ उठ जाता है। मैं जाऊँ सोचते ही व्यक्ति चल पड़ता है। बैठूँ यह विचारते ही बैठ जाता है। जहाँ चलता हूँ सोच कर भी नहीं चलता है वहाँ (इतने समय में चल दूँगा इस रूप में कालविशेष विशेषण रूप में विषयी भाव है यह भी स्पष्ट है। न जाऊँ ऐसा विचार करते हुए व्यक्ति का अविनाभाव से सम्बद्ध प्रतिबंधक विचार अथवा) सामर्थ्य का अभाव आदि प्रतिबन्धकभाव हेतुरूप से विद्यमान है। इसीलिये 'आकूत्यै प्रयुजेऽग्नये स्वाहा ···श्रोत्रं विश्वे देवा:' इत्यादि श्रुति से मन को ही सम्पूर्ण व्यवहारों का प्रयोजक बताया गया है। इस अभिप्राय से ही अर्थात् मन के कारण से ही पुरुष

के विषय में मनुष्य, मानुष, मानव, मनुज, इन शब्दों का प्रयोग प्रवृत्त होता है। क्योंकि मनु, मनुष्, मनुज आदि शब्द मन के समानार्थक हैं। इसीलिये—

पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः।
पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा ।।

इस मन्त्र के अथर्ववेदपाठ में 'पुनन्तु मनवो धियः' रूप संगत होता है। मनस्वी आदि व्यक्तिविशेष में निरूढ शब्दों का, मनःसंयुक्त समस्त अर्थ (विषय) परत्व के अभाव वाले मनुष्य आदि शब्दों का भी पशु, पक्षी आदि में अप्रयोग मनुष्य की प्रशस्तता के अभिप्राय से ही है। आठों वृत्तियों के बीजाङ्कुरयोग्य क्षेत्ररूप इस मनुष्य की प्रशस्तता सम्पूर्णात्मत्वरूपता ही है। इसीलिये इन तिर्यग्योनि वाले पशु-पक्षियों में आठ प्रकार की ये वृत्तियां जन्म नहीं लेती हैं जैसी कि मनुष्य में होती हैं। इन वृत्तियों के उत्पत्तिक्षेत्र मनुष् की उनमें खिलरूप से ही अनुवर्तन होने से कुछ वृत्तियों का ही उससे समुदय होता है। ये आठ वृत्तियाँ अथर्ववेद में निम्नलिखित बतायी गयी हैं—

मनसे चेतसे धिये आकूतये उत चितये।
मत्यै श्रुताय चक्षसे, विधेम हविषा वयम् ।। इति ।।

इसी मनुष् में प्रयोजकादितादात्म्य के अभिप्राय से कतिपय शब्द प्रवृत्त होते हैं। देखिये मनु के ये पद्य—

प्रशासितारं सर्वेषामणीयांसमणोरपि।
रुक्माभं स्वप्नधीगम्यं विद्यात्तं पुरुषं परम् ।।
एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम्।
इन्द्रमेके परे प्राणमपरे ब्रह्म शाश्वतम् ।।

इस मनुष्य मात्र में अपने-अपने बल को पुष्ट करने में समर्थ विशिष्टसंस्कारों की उत्पत्ति में वह भिन्न-भिन्न आचारग्राही हो जाता है तब किसी का ब्राह्मणत्व किसी का क्षत्रियत्व किसी का वैश्यत्व तो किसी का शूद्रत्व प्रवृत्त होता है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न प्रवृत्तियों के प्रयोजक चित्तवासनागत तत्तत् संस्कारविशेषों को ब्राह्मणत्वादि छन्दोभाव कहा जाता है। दुराचार द्वारा अनुमान का विषय बने उस प्रकार के संस्कारभ्रंश से भग्नमर्याद ब्राह्मणस्वरूप से भ्रष्ट हो जाता है अतः इस प्रकार की पतितावस्था के प्रतिबन्ध से यथास्थितिस्वरूप से संरक्षक उस विशिष्ट-संस्कार ब्राह्म आदि बल का ब्राह्मणादिछन्दस्त्व युक्तियुक्त ही है, ब्राह्मणादि के उसी में प्रतिष्ठित होने से।

इस प्रकार आपाततः विभिन्नार्थता होते हुए भी इनमें अन्यार्थ का भाव नहीं है, यह सूक्ष्मेक्षिका से विचारणीय है।

जड़ पदार्थों में भी स्व-स्वप्रवृत्तिप्रयोजक स्व-स्व असाधारण (विशिष्ट) धर्म का स्व-स्व छन्दोभाव है, ही अतः सभी स्वकर्म में स्वच्छन्द होते हैं। अपनी अपेक्षा

बलवान् परधर्मसङ्क्रान्त होने पर (स्वच्छन्दभाव के दुर्बलतावश तिरोहित हो जाने पर) वे परच्छन्द-आवृत्त हो जाते हैं, प्रवृत्ति के अन्याधीन हो जाने के कारण से। जैसे किंवाड़ आदि में समवाय से सम्बद्ध लकड़ी के दो पल्लों (पाटियों) के आलम्बन लौहकील आदि कपाट के छन्द हैं अन्यथा दोनों पल्लों या तख्तों के पृथक् हो जाने से कपाट के स्वरूप की ही हानि हो जावेगी। इसी भाँति दोनों पैरों में बन्धी रस्सी से छन्दित पशु रस्सी के अधीन वृत्ति वाला हो जाने से 'रश्मि-छन्द' है। इसी प्रकार अन्यत्र भी सभी स्थलों में सभी धर्मी चाहे जड़ हो या चेतन, स्वगतधर्म-विशेष से छन्दित होता हुआ तदधीन वृत्तिवाला हो जाता है, इसीलिये स्वधर्म में प्रतिष्ठित होने से यही उसकी स्वच्छन्दता है। स्वरूप से अननुगत (अर्थात् प्रतिकूल) किसी धर्म से आच्छन्दन होने पर परच्छन्दता हो जाती है, यह विचारना चाहिए। इसी से 'स्वच्छन्दोच्छलदच्छ' आदि प्रयोग भी व्याख्यात हैं। 'राज्येन छन्दयामासुः' आदि में भी व्यावर्तन-अर्थक विरेचन भी संवित्परिच्छेद से कोई भिन्न अर्थ नहीं है। अतः यहाँ भी अर्थान्तर नहीं है। इस प्रकार नाना रूपों में संस्कृत छन्दःप्रतिष्ठातत्त्व बता दिया गया है अब प्राकृत छन्दः-प्रतिष्ठातत्त्व का अनुवर्तन कर रहे हैं।

छन्दःसमीक्षा के परिशिष्ट भाग के रूप में दिये गये छन्दस्तत्त्ववाद के पृष्ठ २७४ में २६वीं पंक्ति में 'अथातः प्राकृतां छन्दःप्रतिष्ठामनुवर्तयामः। अस्ति हि सर्वेषामर्थजातानां काचिदाकारनिबन्धना भूमिः' आदि से प्रारम्भकर पृ. २८४ में अन्तिम पंक्ति तक 'आर्थिकाश्च सर्वे छन्दोव्यवहारा यथायथं प्रवर्तमानाः सन्तीति तत्र तत्रोपेक्ष्यम्' तक समाप्त लगभग १० पृष्ठ का पाठ छन्दस्तत्त्ववाद के इसी स्थल से सम्बद्ध है जैसा कि निर्णयसागर मुद्रणालय से प्रकाशित पिङ्गल छन्दःसूत्र की भूमिकास्थ छन्दस्तत्त्ववाद के पाठ से सूचित है। यह भूमिका पिङ्गल छन्दःसूत्र के सम्पादकद्वय सर्वश्री केदारनाथ, वासुदेवशास्त्री ने स्वगुरुवर्य पूज्य ओझाजी की अनुमति से ही दी है।

छन्दस्तत्त्ववाद के दो पाठ बृहत्पाठ व लघुपाठ के रूप में हैं यद्यपि कतिपय स्थलों में विवेचनपार्थक्य भी है। मूलग्रन्थस्थ यह पाठ बृहत्पाठ है तथा परिशिष्टस्थ लघुपाठ है किन्तु प्रस्तुत १० पृष्ठात्मक पाठ दोनों पाठों में ही है तथा समानप्राय ही है। अतः इसका सारार्थ यहां प्रस्तुत है क्योंकि मूल में 'तदित्थमनेकधा निर्दिष्टं संस्कृतं छन्दःप्रतिष्ठातत्त्वं' के बाद से प्रारम्भ होकर १२७वें पृष्ठ के 'वाचिकेष्वपि छन्दःस्वर्णसामिवाशय' प्रघट्टक के प्रारम्भ के पूर्व तक इसका सन्निवेश है जो पि. छ. सू. की भूमिका से ज्ञात होता है। यहाँ भी इसका प्रथम प्रघट्टक तो है ही, 'सा चेयं छन्दःप्रतिष्ठा' से आरम्भ होकर शेष भाग नहीं है किन्तु 'वाचिकेष्वपि छन्दःस्सु' का आरम्भ इस आर्थिक छन्दस्तत्त्ववाद के इस स्थल की सत्ता का प्रमाण है।

छन्दःप्रतिष्ठा के दो भेद हैं मात्राप्रतिष्ठा तथा वृत्तप्रतिष्ठा। अवयवपिण्ड में परिवर्तनसहत्व मात्राप्रतिष्ठा है तथा अवयवपिण्ड में परिवर्तन का असहत्व वृत्त-प्रतिष्ठा है। इस अव्यक्त प्रतिष्ठा के व्यञ्जक प्रतिष्ठातुलितकरूप से संनिविष्ट

अवयवकूट ही छान्दसिकव्यवहार में अक्षरशब्द से या वर्णशब्द से व्यवहृत होते हैं। जैसा कि "स बृहतीमेवास्पृशत् द्वाभ्यामक्षराभ्यामहोरात्राभ्यामेव·········तत्प्रत्यतिष्ठत्" 'इति' इस श्रुतिवचन से स्पष्ट है कि उसने अहोरात्ररूप दो अक्षरों से बृहती का स्पर्श किया। प्रश्न है कि वह देवाक्षरा कौनसी बृहती है जिसमें वह प्रतिष्ठित हुआ। उत्तर है—१२ पौर्णमासियाँ, १२ अष्टकाएँ, तथा १२ अमावास्याएँ ही वह देवाक्षरा बृहती है जिसपर वह प्रतिष्ठित है। यहाँ पौर्णमासी, अष्टका, अमावास्या और अहोरात्र को छन्दःपरिभाषा में अक्षर बताया गया है। ऐसी ही शतपथ की श्रुति है—'पञ्चदश वा अर्धमासस्य रात्रयः अर्धमासपक्षो वै संवत्सरो भवन्नेति तद्रात्रीराप्नोति।·······तद्वेव संवत्सरमाप्नोति' अर्थात् पक्ष की १५ रात्रियाँ होती हैं, पक्ष-पक्ष रूप से बढ़ता हुआ ही संवत्सर अपनी ३६० रात्रियों को पाता है। १५ गायत्रियों के ३६० अक्षर होते हैं। ये ही संवत्सर के अहः हैं, इन अहों की पूर्णाप्ति ही संवत्सर की प्राप्ति है। इस प्रकार अहोरात्रों से संवत्सर प्राप्ति को बताते हुए भगवान् याज्ञवल्क्य ने १५-१५ अंशों से प्रकल्पित शरीरों (पिण्डों) की वैदिकपर्याय में संवत्सर नामक क्रान्तिवृत्तप्रदेशों—जिन्हें अर्धमास कहते हैं तथा छन्दःपरिभाषा में जिन्हें अक्षर नाम से कहा गया है, के २४ संख्यायुक्त होने से संवत्सर को गायत्री कहा है। 'अग्निदूतं वृणीमहे' मन्त्र की व्याख्या में शतपथ ब्राह्मण में बताया गया है कि प्रजापति की दोनों सन्तति देवों व असुरों में स्पर्धा ठन गयी। उनके मध्य गायत्री स्थित थी, वह गायत्री यह पृथिवी ही है। उन्होंने विचारा जिन्हें यह पृथिवी प्राप्त होगी वे ही विजयी होंगे। उन्होंने उसे उपामन्त्रित किया। अग्नि ही देवों का दूत था सहरक्षा असुरों का। उस (पृथ्वी) ने अग्नि का ही अनुवर्तन किया, अर्थात् अग्नि की ओर ही गयी। यहां संवत्सर की भाँति पृथिवी को ही गायत्रीत्व बताया गया है। यहाँ भी ३६० अंशों की व्यवस्थिति से अर्धमास—अर्धमास कर २४ अंशों से संवत्सर की निष्पत्ति बतायी गयी है। इस न्याय से १५-१५ विभाग करने पर २४ अक्षरों की प्राप्ति होती है।

वेद के अन्य मन्त्र भी हैं जैसे 'यत्पर्यपश्यत्······प्रथनं हरामि' तथा 'याभिरदृंहज्जगतः·······शर्कराः सन्तु सर्वाः' इति' एतद्विषयक ब्राह्मणवचन भी है—'आपो वा इदमग्रे·······तच्छर्करायाः शर्करात्वम्' इन मन्त्रों व ब्राह्मणवचन से भी ज्ञात होता है कि अक्षरस्थानीय शर्कराओं से जगत् की प्रतिष्ठा के पूर्ण होने से इसे छन्दःसामान्य का लक्षण ज्ञात हो जाने पर छन्दोविशेष की जिज्ञासा होने पर छन्दोविशेष बताते हुए शतपथ का वचनहै—"स वै खलु बर्हिः प्रथमं यजति ¨ तत् त्रिष्टुभं द्वितीयामकुर्वन्" इति। इस शतपथवचन के अनुसार द्युलोक और अन्तरिक्ष की अपेक्षा से कनिष्ठा पृथिवी का कनिष्ठत्वसाधर्म्य से गायत्रीत्व है तथा सर्वजगत् का आश्रय होने से जगतीत्व है जो तत्तत् प्रकरणों से स्पष्ट है। जिस प्रकार 'इस श्लोक का स्रग्धरा छन्द है' 'यह त्रैष्टुभ पद्य है' इस प्रकार सभेदकथन भेद से कथन है वैसे ही 'गायत्री वै पृथिवी' 'त्रैष्टुभमन्तरिक्षम्' 'जगती द्यौः' 'आनुष्टुभीर्दिशः' में

मिलता हैं। अर्थात् गायत्री पृथिवी है, अन्तरिक्ष त्रिष्टुप्छन्दस्क है, द्युलोक जगती-छन्दा है और दिशाएँ अनुष्टुप्छन्दस्क हैं, इस रूप से भेदेन कथन मिलता है।

इसी प्रकार गार्हपत्याग्नि से प्रागवस्थित आहवनीय का उद्धार करने हेतु विक्रमाधान किया जाता है वहाँ 'तं वा अष्टासु विक्रमेष्वादधीत अष्टाक्षरा वै गायत्री ...... दिवमुपोत्क्रामति" इस श्रुति से छन्दोनिदानसंख्या से गणना किये हुए विक्रमों छन्द:परिभाषा में अक्षरत्व तथा बताया गया है साथ ही छन्दों का मात्रा-निबन्धनत्व अर्थात् छन्दों का कारण मात्रा है यह स्पष्ट कहा है।

इसी भांति अग्निष्टोम की प्रशंसा में ऐतरेय की 'सा वा एषा गायत्र्येव यदग्निष्टोम:..........स्तुतशस्त्राणि" इस श्रुति से अग्निष्टोम में गायत्रीत्व तथा संवत्सरत्व के आरोप से स्तोत्र व शस्त्रों का अक्षरत्व स्पष्ट ज्ञात होता है। अग्निष्टोम को संवत्सर मानने पर भी जैसे स्तोत्र व शस्त्रों में अर्धमासत्व की अप्रतीति की तरह अक्षरत्व की भी प्रतीति नहीं माननी चाहिए, अप्रतीत है ऐसा कहना उचित नहीं है। क्योंकि अग्निष्टोम के स्तोत्र व शस्त्रों में अर्धमासत्व की प्रतीति होती है। अन्यथा अग्निष्टोम के स्तोत्रशस्त्रों में अर्धमासत्व की प्रतीति न होने पर तो २४ अर्धमासत्वरूप संवत्सर की अग्निष्टोम में प्रतिष्ठा नहीं होगी। अत: छन्द:प्रतिष्ठा के व्यञ्जक जो भी अवयवकूट हैं वे छन्द:परिभाषा में अक्षर कहे गये हैं, यह सुसिद्ध है। इसीलिए कात्यायन ने सर्वानुक्रमणिका में जो यह कहा है कि अक्षरपरिमाणरूप जो कुछ भी है वह छन्द है, सर्वथा युक्ति युक्त है। अन्यथा वेद में सुबहुव्यवह्लिपमानद्यावापृथिव्याद्यनुगत छन्दस्त्व का और लोक में मात्रा-वृत्ताद्यनुगत छन्दस्त्व का ग्रहण न होने से छन्दोलक्षण की अव्याप्ति होगी और यह अक्षरत्व यही है कि इन सन्निविष्ट अवयवभागों का कभी स्वस्थान से क्षरण नहीं होता है। अतिच्छन्द के निर्वचन को बताती हुई 'छन्दसां यो रसोऽत्यक्षरत् ...... इति छन्दस्त्वम्' यह श्रुति इसी विषय को सूचित करती है। जिस प्रकार यह वर्णमाला ५० अक्षरों वाली होती हैं, वैसे ही यह छन्द भी सब कुछ है।

"सोऽब्रवीत् प्रजापति: छन्दांसि रथो मे भवत ...... एतमध्वानमनुसमचरत्' इत्यादि तैत्तिरीय श्रुति गायत्री आदि छन्दों को सूर्य का रथ बता रही है। इसी प्रकार "पशवो वै देवानां छन्दांसि ... वहन्ति" यह शतपथ श्रुति छन्दों को पशु सिद्ध कर रही है। तथा 'सप्त त्वा हरितो रथे" आदि सभी ऋक्श्रुतियां छन्दों को अश्व बता रही हैं। 'तेऽब्रुवन्नाङ्गिरस आदित्यान्' यह ब्राह्मणश्रुति छन्दों को आदित्य का सदन बता रही है। 'छन्दांसि वै साध्या देवा: ' यह श्रुति छन्दों को साध्यदेव बताती है।

"छन्दांसि खलु वा अग्ने" इत्यादि श्रुति छन्दों को अग्नि का शरीर बता रही है। 'छन्दांसि वै व्रजो गोस्थान:' यह श्रुति छन्दों को व्रज अर्थात् गोस्थान बता रही है। छन्द को अवच्छेद मानने पर इस अवच्छेदलक्षण का समन्वय रथ, पशु आदि

में कैसे हो सकता है। इसका समाधान करते हुए कहा है कि उपर्युक्त श्रुतिवचनों का आशय निम्नलिखित है।

सूर्य आकाश में भ्रमण करता हुआ ३६६ दिनों में पुनः अपने पूर्वस्थान पर आता हुआ जिस मार्ग का आश्रय लेता है वह ३६० अंशों से अङ्कित अयनवृत्त दक्षिण व उत्तर की ओर एक एक अंश बड़ा है। अयनवृत्त की दक्षिण रेखा से दक्षिण की ओर दो अंशों की दूरी पर एक रेखा दो अंशों से अङ्कित दूसरी रेखा बनानी चाहिए। उस रेखा से भी दक्षिण की ओर एक रेखा तथा उससे भी दक्षिण की ओर पाँच अंशों की दूरी पर एक रेखा और बनानी चाहिए। इसी प्रकार उत्तर की रेखा से उत्तर की ओर भी तीन रेखा बनानी चाहियें। इस प्रकार आठ रेखाओं से सात पर्व वाला सूर्य का मार्ग है जिस पर सूर्य भ्रमण करता है। उस मार्ग में सब से दक्षिणवर्ती पर्व में १५-१५ अंशों से विभाग करने पर २४ विभाग सिद्ध होते हैं। इसलिए इस पर्व वाला छन्द गायत्री २४ अक्षरों वाला है। इस सर्वदक्षिण पर्व से उत्तरवर्ती पर्व पर १२½, १२½ अंशों से २८ विभाग बनते हैं। इस पर्व वाला छन्द उष्णिक् इसी कारण २८ अक्षर वाला है। इससे भी उत्तरवर्ती पर्व पर ११¼, ११¼, अंशों के विभाग से खगोल के ३२ विभाग सिद्ध होते हैं। अतः इस पर्व का छन्द अनुष्टुप् ३२ अक्षरों वाला है। इसके बाद वह पर्व जो मध्यवर्ती है तथा जिस पर सूर्य अवस्थित है, उसके १०-१० अंशों से ३६ विभाग होते हैं। अतः उस पर्व पर स्थित छन्द बृहती के भी ३६ अक्षर हैं। इस मध्यम पर्व से उत्तरवर्ती पर्व पर ९-९ अंशों के विभाग द्वारा ४० विभाग होते हैं, अतः इस पर्व पर रहने वाला पंक्ति छन्द ४० अक्षर वाला है। इस पर्व से उत्तरवर्ती पर्व पर पादोनपाद अर्थात् ४५ विकला से न्यून सपाद एकादश कलात्मक सहित आठ अंशों से विभक्त करने पर ४४ विभाग सिद्ध होते हैं। अतः एतत्पर्वस्थ छन्द त्रिष्टुप् ४४ अक्षरों वाला है। इसके बाद सर्वोत्तरवर्ती पर्व को साढ़े सात अंशों से विभक्त करने पर खगोल के ४८ विभाग होते हैं अतः इस पर्व पर रहने वाला जगती छन्द ४८ अक्षरात्मक है। इनको इस निम्नलिखित न्यास के रूप में समझिए—

न्यास

क्रम	छन्दोनाम	अक्षर	प्रत्यक्षर-अंश	
१.	गायत्री	२४	१५°	
२.	उष्णिक्	२८	$१२^{\circ}, ५२', ३०''$	गायत्री से १२७.३० कला विकला के अपचय पर
३.	अनुष्टुप्	३२	$११^{\circ}, १५'$	उष्णिक् से ९७.३० ,, ,, ,, ,, ,,
४.	बृहती	३६	१०°	अनुष्टुप् से ७५ ,, ,, ,, ,, ,,
५.	पङ्क्ति	४०	९°	बृहती से ९० ,, ,, ,, ,, ,,
६.	त्रिष्टुप्	४४	$८^{\circ}, ११', १५''$	पंक्ति से ४८.४५ ,, ,, ,, ,,
७.	जगती	४८	७.३०	त्रिष्टुप् से ४१.१५ ,, ,, ,, ,, ,,

इस प्रकार मात्राओं के अपचयक्रम में भी तारतम्य होता है।

३०—२२.३०—१५—११—७.३०

साथ ही सूर्यमण्डलपरिलेख मूलग्रन्थ में पृष्ठ २७९ पर देखें जहाँ इन सातों छन्दों को सूर्याश्वगतिपथ के रूप में बताया गया है।

इस पूर्वनिर्दिष्ट संवत्सरचक्र में निर्देशलाघव की दृष्टि से छन्दों का आरम्भ एक ही स्थान से बताया गया है तथापि इनके आरम्भस्थान भिन्न-भिन्न है। खगोल में देवताविशेषों की स्थिति से उन आरम्भस्थानों का ज्ञान होता हैं। जैसे अग्नि के तारा (कृत्तिका) से गायत्री का, सविता से उष्णिक् का, सोम से अनुष्टुप् का, बृहस्पति से बृहतीका, वरुण से पंक्ति का, इन्द्र से त्रिष्टुप् का तथा विश्वेदेवों से जगती का प्रारम्भ होता है। निम्नलिखित ऋङ्मन्त्र इसी तथ्य को बता रहे हैं।

अग्नेर्गायत्र्यभवत् सयुग्वोष्णिहया सविता सम्बभूव।
अनुष्टुभा सोम उक्थैर्महस्वान् बृहस्पतेर्बृहती वाचमावत्॥ १०.१३०.४

विराण्मित्रावरुणयोरभिश्रीरिन्द्रस्य त्रिष्टुबिह भागो अह्नः।
विश्वान् देवान् जगत्याविवेश तेन चाक्लृप्र ऋषयो मनुष्याः॥ ५॥

इन मन्त्रों में अग्न्यादि देवताओं का गायत्र्यादि छन्दों के साथ सयुक्त्व (युक्त-भाव, सायुज्य) तथा उन देवताओं में तत्तत् छन्दों का अधिष्ठातृत्व ऋषि बतला रहे हैं।

प्रकृत में बृहती से गति प्रारम्भ करने वाले सूर्यप्रकाशरूप प्रजापति के, बृहती के दोनों तरफ के तीन-तीन अहोरात्ररूप छन्द रथ की तरह सञ्चार के साधन हैं। इसलिए इनको रथ की तरह सूर्य का यान अथवा घोड़ों की तरह वाहन कह दिया गया है। तथा उसी स्थान पर उन अहोरात्ररूप छन्दों के रहने से उन्हें सद्म भी कह दिया है।

और भी "बृहदेनमनुवस्ते पुरस्ताद् रथन्तरं प्रति गृह्णाति पश्चात्।
ज्योतिर्वसाने सदम प्रमादम्" ॥१॥

"बृहदन्यतः पक्ष आसीद् रथन्तरमन्यतः सबले सध्रीची।
यद्रोहितमजनयन्त देवाः" ॥२॥

इत्यादि श्रुतियों से उत्तर की ओर बृहत्साम वाला तथा दक्षिण की ओर रथन्तर सामवाला विराट् ही सूर्यरथ है यह ज्ञात होता है। इस प्रकार बृहत्साम व रथन्तरसामविशिष्ट सूर्यरथ स्वीकार कर लेने पर सर्वदक्षिण में गायत्री से आरंभ कर सर्वोत्तर में जगती छन्द तक सात छन्दों के होने से छन्दोमर्यादा के अभिप्राय से सूर्यरथ को सप्तचक्र कहा है। और कभी रथपार्श्वत्वसाधर्म्य के कारण दक्षिण में गायत्री व उत्तर में जगती इन दो छन्दों के कारण सूर्यरथ को दो चक्रवाला

कहा है। और कभी कालचक्र के एक-एक होने से कालचक्र के परिवर्तन के अभिप्राय से एक चक्र कहा है। जैसे—

इमं रथमधि ये सप्ततस्थुः सप्तचक्रं सप्त वहन्त्यश्वाः।
सप्तस्वसारो अभिसंनवन्ते यत्र गवां निहिता सप्त नाम। —ऋग्वेद १.१६४.३।

पञ्चपादं पितरं द्वादशाकृतिं दिव आहुः परे अर्धे पुरीषिणम्।
अथेमे अन्य उपरे विचक्षणे सप्तचक्रे षडर आहुर्रपितम्। ऋ. १.१६४.१२।

इन श्रुतियों में सूर्यरथ को सात चक्रवाला बताया है।

इसी प्रकार—

'द्वे ते चक्रे सूर्यं ब्रह्माण ऋतुथा विदुः।
अथैकं चक्रं यद् गुहा तदद्धातम इद्विदुः॥'

'तस्य गायत्री च जगती च पक्षावभवताम्' इन श्रुतियों में द्विचक्रत्व तथा कालचक्र के एक होने से तथा इसके परिवर्तन के अभिप्राय से कभी उस रथ को एक चक्र भी कह दिया गया है। जैसा कि—

उद्वेति प्रसवीता जनानां महान् केतुरर्णवः सूर्यस्य।
समानं चक्रं पर्याविवृत्सन् यदेतशो वहति धूर्षु युक्तः॥ ऋ. ७.९३.२
सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्रमेको अश्वो वहति सप्तनामा।
त्रिनाभिचक्रमजरमनर्वं यत्रेमा विश्वा भुवनानि तस्थुः॥ १.१९४.२
द्वादशारं नहि तज्जराय वर्वर्त्ति चक्रं परिद्यामृतस्य।
आपुत्रा अग्ने मिथुनासो अत्र सप्तशतानि विंशतिश्च तस्थुः॥ ११
पञ्चारे चक्रे परिवर्तमाने तस्मिन्नातस्थुर्भुवनानि विश्वा।
तस्य नाक्षस्तप्यते भूरिभारः सनादेव न शीर्यते सनाभिः॥ १३
द्वादश प्रधयश्चक्रमेकं त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत।
तत्राह तास्त्रीणि शतानि शङ्कवः षष्टिश्च खीला अविचाचला ये॥ ४८
एकचक्रं वर्तते एकनेमि सहस्राक्षरं प्र पुरो नि पश्चा।
अर्द्धेन विश्वं भुवनं जजान यदस्यार्धं क्व तद् बभूव॥

इन श्रुतिमन्त्रों में प्रतिपादित हुआ है।

इसी प्रकार छन्दों को अश्व स्वीकार कर लेने पर गायत्र्यादि ७ छन्दों के अभिप्राय से रथ में सप्ताश्वत्व की उपपत्ति हो जाती है। जैसा कि पूर्वोदाहृत 'इमं रथमधि ये सप्त तस्थुः सप्त चक्रं सप्त वहन्त्यश्वाः' इस ऋक्श्रुति में बताया गया है। बृहती छन्द के अभिप्राय से जो कि उत्तरदिग्वर्ती व दक्षिणदिग्वर्ती सभी छन्दों में व्याप्त है, सूर्यरथ को एकाश्व भी कह दिया गया है जैसाकि पूर्वोदाहृत 'एको अश्वो वहति सप्तनाभा' श्रुति में वर्णित है। फलतः सप्ताश्वत्व, एकाश्वत्व का कल्पनाभेद इस प्रकार सर्वथा युक्तियुक्त सिद्ध होता है।

"दिशश्चतस्रोऽश्वतर्यः, देवरथस्य पुरोडाशाः शफाः, अन्तरिक्षमुद्धिः, द्यावा-पृथिवी पक्षसी, ऋतवोऽभीशवः, अन्तर्देशाः किङ्कराः, वाक् परिरथ्यम्, संवत्सरो रथः परिवत्सरो रथोपस्थः, विराड् ईषा, अग्नीरथ मुखम्, इन्द्रः सव्यष्ठाः, चन्द्रमा सारथिः" आदि अन्य रथाश्व आदि से सम्बद्ध रूपक मिलते हैं उन्हें अन्यदेवविषयक समझना चाहिए। सूर्य के विषय में तो यथेच्छरूप से कहीं छन्दों का कहीं दिशाओं का अश्वत्व प्रतिपादन 'सिंहो माणवकः' आदि की तरह है जो औपचारिक है। ऐसे प्रसङ्गों में रथ, अश्व आदि शब्दों द्वारा कोई न कोई रथ, अश्व आदि विषयक गुण छन्द में वस्तुभूत है। यही देवता व छन्द का सयुक्त्व है।

इस अभिप्राय से ही "एते वाव देवाः प्रातर्यावाणो यदग्निरुषा अश्विनौ, त एते सप्तभिश्छन्दोभिरागच्छन्ति' जैसे श्रौतव्यवहार संगत होते हैं।

इस प्रकार के इस सप्तच्छन्दोमण्डलरूप सूर्यमार्ग के 'साशीति मण्डलशतं ....ग्रामणीसर्प राक्षसैः" इस रूप में विष्णुपुराण आदि में गति की प्रधानता से रथत्व के व्यवहार की भांति ही ऋतसत्यमय होने से अग्निप्रधानता में यज्ञशब्द से, आदित्यप्रधानता में प्रजापतिशब्द से तथा कालप्रधानता में संवत्सरशब्द से प्रचुर-रूप में वैदिक व्यवहार देखे जाते हैं। आगे इसकी पुष्टि के लिए अनेक श्रुतियाँ प्रमाणरूप से उद्धृत की गई हैं। इसीलिए—'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यसन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः' इस मन्त्र के विवरणप्रक्रम में 'यज्ञेन वै तद्देवा यज्ञमयजन्त यदग्निना अग्निमयजन्त...... ते स्वर्ग-लोकमायन्' इस ऐतरेय वचन में बताया गया है। इसी अभिप्राय से इन छन्दों को अग्नि की और प्रजापति की तनू (शरीर) भी स्थान-स्थान पर औपचारिकरूप से बतलाया गया है।

इस प्रकार तत्तत् छन्दों के भिन्न-भिन्न स्थलों में शिल्प, रथ, अश्व, अग्निशरीर आदि के छन्दःस्वरूपनिर्वचनपरक भिन्न-भिन्न श्रौतवचनों के परिशीलन से चार अर्थ निष्कर्ष रूप से सिद्ध होते हैं।

१. छन्दः स्वरूप के निरूपण के अभिप्राय से यथेष्ट समुदाय के अवयवभूत किसी भी द्रव्य या गुण को छन्दः परिभाषा में अक्षर कहते हैं।

२. (क) इस प्रकार के अक्षरसंज्ञक द्रव्यों या गुणों से २४ संख्या की पूर्ति होने पर २४ संख्यारूप मर्यादा गायत्री, २८ संख्या की पूर्ति होने पर २८ संख्या की मर्यादा उष्णिक्, इस प्रकार उत्तरोत्तर चार-चार अक्षरों की वृद्धि से भिन्न-भिन्न छन्द समझने चाहियें, उत्तरोत्तर एकाक्षर से पादवृद्धि होने के कारण।

(ख) पाद (चरण) की प्रधानता से आठ अक्षरों से की गयी मर्यादा गायत्री, दशाक्षरों से विहित मर्यादा विराट, एकादश अक्षरों की मर्यादा त्रिष्टुप्, द्वादश अक्षरों की मर्यादा जगती है। इसी भाँति—

३. परिच्छेदापरपर्याय व आयतनापरपर्याय तुलितक नामवाली, शिल्प आदि में उपयोगी मिति छन्द है।

४. अन्त में मिति भी मितित्वरूप से छन्द नहीं अपितु कारणापेक्षित स्वरूप-विशेष के जनकरूप से छन्द है।

इस निष्कर्ष का अनुसरण कर लौकिक, वैदिक, वाचिक, और आर्थिक सभी प्रकार के छन्दोव्यवहार प्रवृत्त होते हैं।

इस प्रकार आर्थिक छन्दोव्यवहारों में छन्द:प्रतिष्ठा का रहस्य सुविशद रूप से प्रदर्शित कर दिया गया है।

वाचिक छन्दों में भी जलों के आशय के साम्य से नियत संख्या से अवच्छिन्न वर्णों के संवेश (आकर रुकना) और संवेश (आसन जमाना) से गायत्री आदि भिन्न-भिन्न छन्दों के स्वरूप की उपलब्धि होने से प्रस्तार आदि क्रियाओं से अभिनेय संवेश व उपवेश का अमूर्त आश्रय छन्द:प्रतिष्ठा है। (१) मात्रासंख्याप्रधान (२) वर्णसंख्या-प्रधान और (३) नियतमात्रा-अक्षरस्थानप्रधानरूप से त्रिविध अनिर्वचनीपृथग्भाव-रूपा वह छन्द:प्रतिष्ठा गायत्री आदि शब्दों से लक्षित होती है। अक्षर इस छन्द:-प्रतिष्ठा के धर्म हैं, अक्षरों में यह अनुगत है अत: यह छन्द:प्रतिष्ठा का ब्रह्म है। इस कारण से छन्दस्तत्त्वविज्ञान से यह सम्पूर्ण प्रपञ्च ज्ञात हो जाता है, यह समझ लेना चाहिए।

कतिपय विद्वान् कहते हैं कि 'श्रोत्रियश्छन्दोऽधीते, स्वरसंस्कारयोश्छन्दांसि नियमः, बहुलं छन्दसि' आदि सूत्रों में, 'युक्तश्छंदास्यधीयीत विप्रो मासार्धं पञ्चमानं' 'कामातमकाश्छन्दसि कर्मयोगा, एभिर्विमुक्तः परमश्नुवीत' इत्यादि स्मृतियों में, आसीन्महीक्षितामाद्यः प्रणवश्छन्दसामिव' आदि काव्यों में और भी अनेकानेक विविधस्थलों में वेद के अर्थ में छन्द शब्द का प्रयोग हुआ है और वेद अनन्त हैं यह श्रुति प्रसिद्ध है। अतः अनवच्छिन्न (असीम) में अवच्छेदत्व (सोमाभाव) उपपन्न ही नहीं होता है फलस्वरूप छन्द शब्द की अतिरिक्त अर्थात् वेद से भिन्न अर्थ में वृत्ति सिद्ध होती है।

उसका यह उत्तर है—

पद्य, गद्य, गेयरूप तीन प्रकार के वाचिक छन्दों से ही सम्पूर्ण वेद छन्दित हैं, छन्दोभेद से ही वेद के भी भेद हैं, अतः उन (छन्दों) में अवस्थित होने से तदवस्थितता के कारण ही वेद को छन्द कहा जाता है।

अपि च पृथिवी आदि लोकों की, अग्नि आदि देवों की तत्तत् छन्दों से छन्दित होने पर ही स्वरूपोपलब्धि होती है तथा छन्दों से ही (यज्ञादि में) कार्यकारित्व की व्यवस्था है। द्यावापृथिवी के धर्मों का निरूपण करने वाले इस यज्ञवेद में बाहुल्येन छन्दों की बार-बार आवृत्ति से छन्दों की प्रधानता सिद्ध है, इसी प्राधान्य से वेद के

लिए छन्द शब्द का व्यवहार किया गया है। अर्थात् वेद के लिए छन्द शब्द का उपर्युक्त रीति से औपचारिक व्यवहार है।

सभी कार्यकलापों का आधार प्राकृत छन्दब्रह्म है, यह बताया जा चुका है, अतः छन्दों, ब्रह्मानुगत धर्म का प्रतिपादन करने वाला वाचिक ग्रन्थ भी छन्द कहलाता है, यह सर्वथा युक्तियुक्त है। जैसे सांख्य, न्याय, वेदान्त आदि धर्मों का प्रतिपादन करने वाले ग्रन्थों को सांख्य, न्याय, आदि ही कहा जाता है। यदि गौणवृत्ति से किसी अन्य अर्थ में प्रयुक्त होने पर भी मुख्यवृत्ति से तो अवच्छेद ही छन्द है, यह भली-भाँति सिद्ध है।

छन्दोविभक्तिवाद

जिस छन्द का अवच्छेदरूप लक्षण छन्दस्तत्त्ववाद-प्रकरण में बतलाया है वह छन्द-अनादिष्टच्छन्द, बृहच्छन्द, अतिच्छन्द, कृतिच्छन्द, प्रचितिच्छन्द भेद से पाँच प्रकार का है। इनमें अनादिष्टछन्द-उक्त, अत्युक्त, मध्य, प्रतिष्ठा, सुप्रतिष्ठा भेद से पाँच प्रकार का है। बृहच्छन्द-गायत्री, उष्णिक् अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप्, जगतीभेद से सात हैं। अतिच्छन्द-अतिजगती, शक्वरी, अतिशक्वरी, अष्टि, अत्यष्टि, धृति अतिधृति ये सात हैं। कृतिच्छन्द भी सात हैं—कृति, प्रकृति, आकृति, विकृति, संकृति, अभिकृति व उत्कृति। इनसे आगे प्रचितिछन्द है जिसके भेदों की गणना नहीं की जा सकती। बृहच्छन्द के भेदरूप गायत्री आदि ७ ही छन्द होते हैं यह बाहुल्येन उल्लेख मिलता है। फिर छन्दों का इतना विस्तार कैसे बतलाया जा रहा है। षोडशी प्रक्रम में—

'छन्दसां यो रसोऽत्यक्षरत् सोऽतिच्छन्दसमभ्यक्षरत्। तदतिच्छन्दसोऽतिच्छन्दस्त्वम्। सर्वेभ्यो वा एष छन्दोभ्यः संनिर्मितो यत् षोडशी' इति।

अर्थात् छन्दों का जो रस क्षरित हुआ (प्रवाहित हुआ) वह अतिच्छन्दस् की ओर बहा। यही अतिच्छन्दस् का अतिच्छन्दस्त्व है। यह षोडशी सभी छन्दों से निर्मित हुआ है। छन्दों का जो रस है वह चतुरक्षररूप है। 'चतुरक्षराण्येव छन्दांस्यासन्' यह श्रुति इसी तथ्य को बतला रही है। छन्दों के व्यूहन में गायत्री, त्रिष्टुप्, जगती को चतुरक्षरा (चार अक्षरों वाली) बतलाया है। उनमें जगती के तीन अक्षरों, त्रिष्टुप् के एक अक्षर को लेकर चतुरक्षरा गायत्री अष्टाक्षरा बन जाती है। ऐसा होने पर गायत्री अष्टाक्षरा, त्रिष्टुप् त्र्यक्षरा और जगती एकाक्षरा सिद्ध होती है। इस प्रकार जगती के तीन अक्षर तथा त्रिष्टुप् का एक अक्षर ग्रहण करने से निष्पन्न अष्टाक्षरा गायत्री जब त्र्यक्षरा त्रिष्टुप् से मिल जाती है तब त्रिष्टुप् एकादशाक्षरा बन जाती है और यह एकादशाक्षरा त्रिष्टुप् एकाक्षरा जगती से मिलकर जगती को द्वादशाक्षरा बना देती है।

इस प्रकार गायत्री, त्रिष्टुप् व जगती ये तीन छन्द ही गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप् व जगती नामक सात छन्द बन जाते हैं। उन गायत्री आदि ७ छन्दों में गायत्री और जगती, उष्णिक् और त्रिष्टुप्, अनुष्टुप् तथा पंक्ति इस प्रकार दो-दो छन्द मिलकर दो-दो बृहती-छन्दों का अर्थात् अष्टादशाक्षरों का सम्पादन करते हैं। इस रीति से गायत्री आदि छन्दों के बृहतीरूप होने से गायत्री आदि सातों छन्दों का बृहच्छन्दशब्द से कथन किया गया है। गायत्री आदि की बृहतीरूपता को 'बृहती वा छन्दसां स्वाराज्यमानशे' यह श्रुति बतला रही है। इस प्रकार गायत्री से प्रारम्भ कर जगतीपर्यन्त छन्दों के सिद्ध हो जाने पर चतुरक्षर-रूप छन्दोरस के जगती में अधिक आधान करने पर द्वादशाक्षर षोडशाक्षर बन जाता है। वह षोडशाक्षर ही जगती में चतुरक्षररूप रस के अत्याधान से निष्पन्न हुआ है। अतः षोडशाक्षर वाला छन्द अतिच्छन्द कहलाता है। तदनन्तर पञ्चदशी और सप्तदशी, चतुर्दशी व अष्टादशी, तथा त्रयोदशी और ऊनविंशी इस प्रकार दो-दो संख्याओं के मिलने से दो-दो षोडशियाँ निष्पन्न हो जाती हैं। अतः १३ अक्षरों से प्रारम्भ करके १९ अक्षर वाले छन्द अतिच्छन्दोरूप (षोडशाक्षररूप) से अनुगत होने के कारण अतिच्छन्दशब्द से व्यवहृत होते हैं। इस प्रकार १९ अक्षर से उत्तर उस १९ अक्षर वाले में पुनः चार अक्षरों का आधान करने पर वह ऊनविंशति अक्षर वाला छन्द २३ अक्षरों वाला बन जाता है। २३ अक्षर वाले छन्द को कृति कहते हैं, क्योंकि यहाँ चतुरक्षराधानरूप क्रिया के बाद पुनः चतुराक्षराधान क्रिया की गई है। कृतिच्छन्दों में भी द्वाविंशी और चतुर्विंशी, एकविंशी व पञ्चविंशी, तथा विंशी और षड्विंशीरूप दो-दो कृतियाँ मिलकर दो दो त्रयोविंशी कृतियों को सम्पन्न करते हैं अतः २० अक्षरों से लेकर २३ अक्षरों तक के छन्द त्रयोविंशत्यक्षरात्मक कृतिछन्दरूप होने से कृतिशब्द से व्यहृत होते हैं। इस प्रकार कृतिछन्दों का अतिघृतिरूप अतिच्छन्द में, अतिछन्दों का जगती में अन्तर्भाव आसानी से हो जाता है। प्रचितिछन्द छन्दों के समुच्चयरूप है, अतः प्रचितिछन्दों को उन छन्दों से पृथक् नहीं माना जा सकता जिनके समुच्चय से प्रचितिछन्द बनते हैं।

उक्त, अनुक्त आदि पाँच अनादिष्टछन्दों का गायत्री में अन्तर्भाव है। (भुरिग् दैवीछन्द में चार अक्षरों की वृद्धि से याजुषी का और स्वराट् में चार अक्षरों की वृद्धि से साम्नी का) उसमें चार अक्षरों की वृद्धि से आर्ची का, उस स्वराट् में चतुरक्षर की वृद्धि से आर्षी का स्वरूपलाभ होता है। जैसाकि 'उक्तादिपञ्चकं कैश्चिद् गायत्री-त्येव कथ्यते' तथा 'अतिजगत्यादि त्वतिच्छन्दः प्रवर्ण्यते' इति। इस प्रकार अति-जगत्यादि छन्दों का जगती में, तथा उक्तादिच्छन्दों का गायत्री में अन्तर्भाव संभव है। अतः गायत्र्यादि सात ही छन्द हैं ऐसा याज्ञिक मानते हैं। आगे इस छन्द के मात्राछन्द व वृत्तच्छन्दरूप से दो भेद बतलाये हैं। गायत्री आदि को मात्राछन्द तथा गायत्र्यादि के अवान्तर भेदों को वृत्तछन्द बतलाया है।

छन्दोलक्षणवाद

गायत्री आदि सात छन्द बतलाये गये हैं किन्तु इन गायत्री आदि छन्दों में गायत्रीत्वादिक का क्या स्वरूप है? अर्थात् गायत्री आदि छन्दों का लक्षण क्या है? यह जिज्ञासा होती है। ६ अक्षरों का एक चरण मानकर चार चरणों से युक्त अथवा ८ अक्षरों का एक पाद मानकर त्रिपदा गायत्री होती है ये दोनों ही लक्षण परस्पर अव्याप्ति दोष से ग्रस्त हैं क्योंकि षडक्षरपाद वाले चतुष्पदीत्व लक्षण का अष्टाक्षरपाद वाली त्रिपदा गायत्री में व्यभिचार (अभाव) है और अण्टाक्षरपाद वाली त्रिपदा गायत्री है इस लक्षण का षडक्षरपादा चतुष्पाद गायत्री में अभाव हैं।

यदि इस दोष के परिहार के लिए चतुष्पदी गायत्री का षडक्षरपादत्व अर्थात् जिसके एक पाद में छह अक्षर हों तथा त्रिपाद् गायत्री का अष्टाक्षरपादत्व अर्थात् जिसके एक चरण में आठ अक्षर हों इस प्रकार भिन्न-भिन्न लक्षण भी किया जाए तो गायत्रीसामान्य अर्थात् गायत्री के सभी भेदों में समन्वित होने वाले लक्षण की जिज्ञासा बनी रहती है।

उपर्युक्त दोनों लक्षणों में से किसी एक लक्षण की सत्ता भी गायत्रीसामान्य का लक्षण नहीं हो सकता। क्योंकि सात अक्षरों से युक्त वाली पादनिचृद् गायत्री में उपर्युक्त दोनों गायत्रीलक्षणों का अभाव है। इसी प्रकार पाँच अक्षरों से युक्त एक पादवाली पदपंक्ति को भी पञ्चपाद् गायत्री माना है किन्तु इसमें भी उपर्युक्त दोनों गायत्रीलक्षणों का अभाव है।[1] तथा षडक्षरपादत्व जो गायत्री का लक्षण किया है उसमें षडक्षरपादत्व से (छह अक्षर वाले पाद से) भिन्न अक्षर वाले पाद का अभाव यदि विवक्षित है तो ७, ६, ७ इस रूप से सप्ताक्षरपादा अतिनिचृत्गायत्री में, ८, ७, ६ इस प्रकार से अष्टाक्षरपादा व सप्ताक्षरपादा प्रतिष्ठा गायत्री में, ६, ७, ६ इस रूप से सप्ताक्षरपादा ह्रसीयसी गायत्री में तथा ६, ७, ८ इस प्रकार से सप्ताक्षरपादा व अष्टाक्षरपादा वर्धमानगायत्री से षडक्षरपादत्व लक्षण की अव्याप्ति है और इन गायत्रीभेदों में दोषपरिहार के लिए षडक्षरपादत्व का अर्थ यदि षडक्षरपाद-सम्बन्धमात्र लिया जाए तो निम्नाङ्कित कात्यायनसूत्रों के अनुसार 'एकादशिनोः परः षट्कस्तनुशिराः, मध्ये चेत् पिपीलिकामध्या' अर्थात् दो ११ अक्षर वाले पादों से परे यदि ६ अक्षर वाला पाद हो, उसे तनुशिरा उष्णिक् कहते हैं और दो एका-

---

१. यद्यपि आगे गायत्रीभेदों का निरूपण करते हुए पदपंक्तिरूप गायत्री के दो भेद कहे हैं जिनमें एक में ५, ५, ५, ५, ६ इस रूप से पांच पाद हैं तथा दूसरे भेद में ५, ५, ५, ४, ६ इस रूप से पाँच पाद हैं किन्तु पाँचों ही पाद पाँच अक्षरों वाले हों ऐसा कोई भेद नहीं है तथापि दूसरे भेद के अन्तिम पादों में ४ व ६ अक्षर वाले पादों को ५—५ अक्षर वाला मानकर यहाँ पञ्चाक्षरपादा पञ्चपाद् गायत्री पदपंक्ति लिख दिया है।

दशाक्षर वाले पादों के मध्य में यदि ६ अक्षर वाला पाद हो तो उसे पिपीलिका-मध्या उष्णिक् कहते हैं। इन उष्णिक् के भेदों में षडक्षरपाद का सम्बन्ध होने से षडक्षरपादत्वरूप गायत्रीलक्षण की अतिव्याप्ति होगी। इस तरह पादव्यवस्था के अव्यवस्थित होने से पादव्यवस्थाघटित लक्षण गायत्री का नहीं हो सकता।

चतुर्विशत्यक्षरावच्छिन्नत्व अर्थात् २४ अक्षरों के अवच्छेदवाला गायत्री छन्द होता है, यह लक्षण भी निचृत् गायत्री, भुरिक् गायत्री आदि गायत्रीभेदों में अव्याप्त है क्योंकि उन गायत्रीभेदों में २४ से न्यून या २४ से अधिक अक्षर हैं। यदि यह कहा जाय कि एक अक्षर की न्यूनता से निचृत् और एक अक्षर की अधिकता से भुरिक्, दो अक्षरों की न्यूनता से विराट् तथा दो अक्षरों की अधिकता से स्वराट् होता है। इनमें 'पादपूरणार्थं तु क्षैप्रसंयोगैकाक्षरीभावान् व्यूहेत्' इस सूत्र में कथित व्यूहमर्यादा से अर्थात् सन्ध्यादि से मिले हुए अक्षरों को पृथक्-पृथक् करके गायत्री में न्यून अक्षरों की पूर्ति करने पर निचृदादि गायत्री में चतुर्विशत्यक्षर की पूर्ति हो जाती है। अतः निचृदादि गायत्रियों में एकादशाक्षरावच्छिन्नत्वरूप गायत्री लक्षण की अव्याप्ति नहीं है। किन्तु ऐसा करने पर भी इस लक्षण की दैवी, आसुरी, प्राजापत्या आदि गायत्रीभेदों में व्यूह द्वारा भी २४ अक्षरों की पूर्ति न होने से इस लक्षण की अव्याप्ति रहती है। यद्यपि इस अव्याप्ति दोष के परिहार के लिये, चतुर्विशत्यक्षरावच्छिन्न आर्षी गायत्री छन्द है। अष्टाक्षरावच्छिन्न प्राजापत्य गायत्री छन्द है। पञ्चदशाक्षरावच्छिन्न आसुरी गायत्री छन्द है, इस प्रकार गायत्री के ८ भेदों का पृथक् पृथक् प्रातिस्विकलक्षण करने से उपर्युक्त दोषों को दूर किया जा सकता है तथापि इस प्रकार से चतुर्विशत्यक्षरावच्छिन्नत्व आदि विभाजकतावच्छेदकों के सिद्ध होने पर भी विभाज्य गायत्री का स्वरूप सिद्ध नहीं होता। क्योंकि चतुर्विशत्यक्षरावच्छिन्न आदि लक्षण प्राजापत्य गायत्री आदि विशेषभेदों के हैं उनके विभाज्य प्राजापत्यादि गायत्रियाँ सिद्ध होती हैं न कि गायत्रीसामान्य। छन्दस्त्व को विभाज्यतावच्छेदक मानने पर सभी छन्दों के एक हो जाने से सर्ववेदप्रसिद्ध गायत्री, उष्णिक् आदि छन्दोविभाग नहीं बनेगा। इसलिये गायत्रीसामान्य का कोई भी लक्षण न होने से गायत्री-सामान्य के लक्षण की जिज्ञासा बनी ही रहती है। सब छन्दों से कनिष्ठ (सबसे न्यून अक्षर वाला) छन्द गायत्री है, यह लक्षण भी उक्ता, अनुक्ता, मध्यमा, सुप्रतिष्ठा छन्दों के सभी छन्दों की अपेक्षा कम अक्षर वाले होने से उनमें इस लक्षण की अतिव्याप्ति होगी। गायत्री आदि सात छन्दों के ही प्रसिद्ध होने से उक्ता, अनुक्ता आदि को छन्द न मान कर भी इस अतिव्याप्ति दोष का परिहार नहीं किया जा सकता, क्योंकि 'चतुरुत्तरैरेव छन्दोभिरेतव्यम्' यह कहकर 'एकां गायत्रीमेकाह-मुपेयुः' इत्यादि ताण्ड्यश्रुति में चतुरुत्तरा गायत्री आदि छन्दों से अहःसाधनता का कथन किया है। इससे गायत्रीछन्द में चतुरुत्तरता सिद्ध है और गायत्री में यह चतुरुत्तरता २० अक्षर वाले सुप्रतिष्ठा छन्द से ही उपपन्न होती है अतः उक्ता, अनुक्ता

आदि को छन्द मानना पड़ता है। और इनको छन्द मानने पर गायत्री सबसे कनिष्ठ छन्द हैं, इस गायत्रीलक्षण की उक्तादि छन्दों में अतिव्याप्ति है। इसका समाधान यह किया गया है कि उक्तादि भी छन्द है किन्तु वे भी 'उक्तादिपंचकं कैश्चिद् गायत्रीत्येव भण्यते' इस अभियुक्तोक्ति के अनुसार गायत्री ही हैं। उसमें गायत्री सबसे कनिष्ठ छन्द है, इस लक्षण का समन्वय ही हैं, अतिव्याप्ति नहीं हैं। किन्तु 'सर्व-कनिष्ठच्छन्दस्त्वं गायत्रीत्वम्' में विकल्प का उत्थापन कर पुनः दोष का उपन्यास किया गया है। जैसे 'सर्वकनिष्ठछन्दस्त्वं गायत्रीत्वम्' इस गायत्री के लक्षण में सर्व-शब्द से गायत्र्यादि सातो छन्द अतिजगत्यादि सप्त अतिच्छन्द तथा सप्त कृतिच्छन्द सभी छन्द अभिप्रेत हैं। अथवा गायत्रीत्वादि धर्म की अपेक्षा न करके केवल मात्राक्षरसंख्या से नियत वाक् का ग्रहण है। प्रथम पक्ष में आर्षी गायत्री की अपेक्षा प्राजापत्या उष्णिक् छन्द में स्वल्प अक्षर होने से प्राजापत्या उष्णिक् में गायत्रीलक्षण की अतिव्याप्ति है तथा प्राजापत्या उष्णिक् की अपेक्षा आर्षी गायत्री में अधिक अक्षर होने से उक्त लक्षण के अनुसार वह गायत्री नहीं कहलायेगी अर्थात् आर्षी गायत्री में सर्वकनिष्ठछन्दस्त्वरूप गायत्रीलक्षण की अव्याप्ति होगी। अन्त्य पक्ष भी संगत नहीं है क्योंकि मात्राक्षरसंख्या से नियत वाक् को सर्वछन्दशब्द से ग्रहण करने पर अक्षर वाले छन्दों में सबसे कनिष्ठ उक्ता व दैवी गायत्री होगी। क्योंकि वे दोनों ही नियत अक्षर वाले छन्दों में एकाक्षर पाद वाले छन्द होने से कनिष्ठ छन्द हैं अतः ये दोनों गायत्री छन्द कहलायेंगे और अन्य गायत्री के भेदों में इस लक्षण के प्रभाव से गायत्रीलक्षण की अव्याप्ति होगी। आगे अन्य दो तीन गायत्री के लक्षण बतलाकर व उनमें दोष बतलाकर अन्त में कहा है कि २४ अक्षर वाला छन्द ही गायत्री है, निचृत् गायत्री व भुरिक् गायत्री आदि में इस लक्षण का व्यभिचार (अव्याप्ति) नहीं है। क्योंकि उनमें एक अक्षर की न्यूनता या अधिकता से गायत्री में विकृति होने से प्रकृति (गायत्री) के लक्षण की हानि नहीं है। जैसे प्राणी का लक्षण 'चक्षुष्मत्ता' है इस लक्षण का अन्ध पुरुष में अन्धत्वदोष के कारण अभाव होने से प्राणी के लक्षण चक्षुष्मत्ता का व्याघात नहीं होता। किसी गाय की पूंछ कट जाने या सींगों के टूट जाने से 'सास्नालाङ्गूलककुदखुरविषणित्व'रूप गाय के लक्षण का व्याघात नहीं होता। अतः चतुर्विंशत्यक्षरावच्छिन्नत्व लक्षण का दैवी, आसुरी प्राजापत्यादि गायत्रियों में व्यभिचार होने पर भी वह लक्षण गायत्री का ही रहता है क्योंकि प्राजापत्यादि गायत्रियाँ प्रकृतिभूत आर्षी गायत्री की विकृतियाँ हैं और विकृतियों में प्रकृति के लक्षण का समन्वय न होने से प्रकृतिलक्षण का व्याघात नहीं होता। तथा हि—

'यद् गायत्रे अधिगायत्रमाहितं त्रैष्टुभाद्वा त्रैष्टुभं निरतक्षत'
'यद् वा जगज्जगत्याहितं पदं य इत्तद्विदुस्ते अमृतत्वमानशुः'

इस मन्त्र से एक छन्द में दूसरे छन्दों का आधान होता है, यह प्रतीत होता है अतः २४ अक्षरों वाली आर्षी गायत्री में एकाक्षरावच्छेद से दैवी गायत्रीत्व,

पञ्चदशाक्षरावच्छेद से आसुरीगायत्रीत्व तथा अष्टाक्षरावच्छेद से प्राजापत्या-गायत्रीत्व इस प्रकार तीन विधायें बन जाती हैं। ये तीनों विधायें गायत्री के विभाग से बनी हैं अतः इनमें गायत्रीशब्द का प्रयोग लाक्षणिक है, मुख्य नहीं। अपि च छन्दों का पादविभाग दो प्रकार से होता है, एक विरति से दूसरा छन्द के विभाग से। विरतिसिद्ध पद अक्षरों के न्यून व अधिक होने पर भी हो जाता है तथा विभागसिद्ध पद छन्द का चतुर्थ भाग होता है। उसमें २४ अक्षरों वाली गायत्री के विभागजन्य एक पाद की हानि से आर्षी गायत्री दो पादों की कमी से साम्नी गायत्री, तीन पादों की कमी से याजुषी गायत्री, दो पादों की अधिकता से ब्राह्मी गायत्री बनती है। ये गायत्रियाँ भी आर्षी गायत्री की विकृतिरूप हैं। अतः इनमें आर्षी गायत्री की अपेक्षा न्यूनाधिक अक्षर होने पर भी इनमें चतुर्विंशत्यवयवघटितरूप गायत्रीसामान्य का लक्षण है, यह सिद्ध हो जाता है।

समासवाद

कतिपय छान्दसिक मानते हैं कि प्रस्तारसिद्ध स्वरूप में चार भाग होते हैं। प्रत्येक भाग में जहाँ तहाँ गतिसापेक्ष यतिव्यवस्था की भी अनुवृत्ति होती रहती है। दूसरे छान्दसिक ऐसा मानते हैं कि प्रस्तारसिद्ध स्वरूपों में गतिसम्पन्न किन्हीं सजातीय चार स्वरूपों का व्यूह समवृत्त कहलाता है। सजातीय दो स्वरूपों का समुच्चय अर्धसमवृत्त होता है। प्रस्तारसिद्ध एक ही स्वरूप चार भागों की कल्पना से चतुष्पाद् (चार पाद वाला) बन जाता है, वह विषमवृत्त कहलाता है। इस प्रकार प्रस्तारस्वरूपों के समुच्चय व असमुच्चय से समवृत्तादि छन्दभेद बन जाते हैं। तीसरे प्रकार के छान्दसिक सजातीय चार स्वरूपों का व्यूह समवृत्त, विजातीय चार स्वरूपों का व्यूह विषमवृत्त और विजातीय दो स्वरूपों का समुच्चय दो बार प्रयुक्त होने पर अर्धसमवृत्त होता है इस प्रकार सम, विषम व अर्धसम तीनों ही वृत्तों को स्वरूपों के समुच्चय से ही निष्पन्न मानते हैं। कुछ अन्य छान्दसिकों की मान्यता है कि पादव्यवस्था छन्दःसिद्धि में कारण नहीं है किन्तु छन्द के सिद्ध हो जाने पर उसमें इच्छानुसार पादों की कल्पना कर ली जाती है। वहाँ छन्द में छन्द का चतुर्थांश पाद होता है, इस लोक प्रसिद्धि के अनुरोध से सभी श्लोकों में चार-चार पादों की कल्पना कर समादि वृत्तों के लक्षणानुसार सम, अर्धसम व विषमवृत्त की व्यवस्था करते हैं। इसीलिये श्लोकवर्ती चार विश्रामों को ही पादव्यवस्था में कारण मानते हैं। अन्य अनुभूयमान विश्रामों को भी पादव्यवस्था में प्रयोजक नहीं मानते।

वस्तुतः तो संस्कृत पिङ्गलशास्त्र में पूर्वार्द्ध उत्तरार्द्ध रूप से दो भागों के रूप में सिद्ध आर्यादि मात्रावृत्तों में जैसे पहले १२ मात्राओं में तत्पश्चात् १८ मात्राओं, तदनन्तर १२ मात्राओं में और अन्त में १५ मात्राओं में इच्छानुसार चार पादों की कल्पना कर प्राकृत पिङ्गलशास्त्र में उन आर्यादि मात्रावृत्तों के चतुष्पादत्व की व्यवस्था की है और जिस प्रकार पूर्वार्द्ध परार्ध भेद से दो भाग वाले दोधावृत्त में

विश्राम के अनुरोध से १३ मात्राओं व ११ मात्राओं को पाद मान कर उसे चतुष्पाद वृत्त मानते हैं उसी प्रकार शार्दूलविक्रीडित आदि छन्दों में ८ पादों की, स्रग्धरा आदि छन्दों में १२ पादों की, त्रिभङ्गी आदि वृत्तों में १६ पादों की व्यवस्था विश्राम के अनुरोध से है। छन्दःशास्त्र में श्लोक का चतुर्थांश पाद होता है, ऐसा कहना उचित नहीं है। क्योंकि मात्रा व वर्णों के न्यून व अधिक होने पर भी पादव्यवहार देखा जाता है किन्तु विश्राम को पद मानकर विश्रामरूप पद से ज्ञात श्लोकखण्ड पाद होता है, ऐसा मानना चाहिये। अतएव इन विश्रामपदों में किसी एक विश्राम-पद में ही गतिस्वभाव के कारण अधिकमात्रत्व का अनुभव होने से तथा उसमें सन्ध्यादि कार्यों के अवरोध से श्लोकों को पूर्वार्द्ध उत्तरार्द्ध भेद से दो खण्डों में भी विभक्त किया जाना उचित है। ऐसी स्थिति में स्रग्धरादि श्लोकों में विश्रामपद के अनुसार जितने श्लोकखण्ड बतलाये हैं उन खण्डों को पृथक् पृथक् एक प्रस्तार का स्वरूप जानना चाहिये। इस प्रकार सात अक्षरों के प्रस्तार से सम्बन्धित १७वें, ६४वें व १९वें प्रस्तारस्वरूपों के समुच्चय से स्रग्धराछन्द की सिद्धि होती है तथा १२ अक्षरों के प्रस्तार से सम्बन्धित ८११८००वें स्वरूप के और सप्ताक्षरप्रस्तार-सम्बन्धी ३७वें स्वरूप के समुच्चय से शार्दूलविक्रीडित छन्द की सिद्धि होती है। इस प्रकार एक एक प्रस्तारस्वरूपों के पद होने से उन भिन्न-भिन्न प्रस्तारस्वरूपों के समुच्चय से भिन्न-भिन्न छन्दों की निष्पत्ति होती है। यदि कोई कहे कि शार्दूल-विक्रीडित छन्द में 'सूर्याश्वैर्मसजस्तताः सगुरवः' इस रूप से विश्राम के कारण मगण, सगण तथा जगण सगण भी षडक्षरप्रस्तारस्वरूपविशेष होने से पद हैं अतः उनके समुच्चय से भी शार्दूलविक्रीडित छन्द की सिद्धि क्यों नहीं मानी जाती? इसका समाधान करते हुए कहा है कि जैसे संघ व टक शब्दों के किसी न किसी प्रकार से पद होने पर भी किसी कारण से उन दोनों शब्दों के समुच्चय से वैयाकरण संघटक शब्द की सिद्धि नहीं मानते हैं, उसी प्रकार मगण, सगण तथा जगण, सगण के किसी प्रकार पद होने पर भी षडक्षरस्वरूपविशेष से शार्दूलविक्रीडित छन्द की सिद्धि नहीं होती तथा जिस प्रकार शकार को द्वित्व करके 'उदकं पश्श्यति वाक्य है' वहाँ जल को देखता है, इस अर्थ को बतलाने के लिए 'उदकं पश्यति' ऐसा पदच्छेद होता है। जैसे जलकम्पन तीक्ष्ण करता है इस अर्थ के बोधन के लिये 'उदकम्पः श्यति' ऐसा पदच्छेद है, उपरिष्टात् दुःख की आलोचना करता है इस अर्थ के बोधन के लिये 'उत्, अकम्, पश्यति' इस प्रकार पदच्छेद होता है। इसी प्रकार भिन्न भिन्न अर्थों के बोधन के लिये ,उदकम्पश्श्यति' वाक्य का भिन्न-भिन्न रूप में पदच्छेद किया जाता है किन्तु उनमें स्वरविशेष के कारण बुद्धिमान् लोग पदविभाग का निश्चय करते हैं उसी प्रकार छन्दःशास्त्र ,में भी गतिविशेष से पदविभाग का निश्चय करते हैं। जहाँ पर कोई गति समाप्त होती है वहाँ पर अवश्य विश्राम होता है। विश्राम न होने पर गति चलती रहती है। अतः गति के मध्य में प्रस्तारविशेष से सम्बद्ध स्वरूप की संभावना मात्र से पद की सिद्धि नहीं होती। इसलिये शार्दूलविक्रीडित छन्द में मगण-सगण व जगण-सगण पर गति के चालू रहने से उसकी समाप्ति नहीं

होती। गति के समाप्त न होने से उन पर विश्राम नहीं होता और विश्राम न होने से मगण सगण में तथा जगण सगण में पदत्व की सिद्धि नहीं होती और उनके पद न होने से षडक्षर प्रस्तारस्वरूप नहीं बनता और न उनके समुच्चय को शार्दूल-विक्रीडित छन्द की सिद्धि में कारण माना जा सकता है।

यह समास (समुच्चय) पांच प्रकार का है। १. नित्यसमास २. विकल्पसमास ३. संकीर्णसमास ४. प्रकीर्णसमास ५. उपपदसमास। इनमें समानप्रस्तार से सम्बन्धित नियतस्वरूपों की द्विरुक्ति वाला समास नित्यसमास है। जैसे वसन्त-तिलका में नित्य समस्वरूप वाले दो चरणों की द्विरुक्ति है। जहाँ समानप्रस्तार-सम्बन्धी अनियत स्वरूपों का समुच्चय होता है उसे विकल्पसमास कहते हैं जैसे पथ्यावक्त्र वृत्त के दोनों चरणों के आठ अक्षर वाले होने पर भी उनका संस्थान भिन्न-भिन्न है अतः वे अनियत स्वरूप हैं। ऐसे अष्टाक्षर वाले होने से समानप्रस्तारों के होने पर भी उनके स्वरूप भिन्न-भिन्न हैं, अतः ऐसे स्वरूपों का समुच्चय पथ्यावक्त्र वृत्त में है, अतः उसे विकल्पसमुच्चय कहते हैं। यदि भिन्नप्रस्तारसम्बन्धी अनियत स्वरूपों का समुच्चय है तो वह संकीर्ण समास होता है जैसे पुष्पिताग्रावृत्त के प्रथम तृतीय चरण में १२ अक्षर तथा द्वितीय चतुर्थ चरण में १३ अक्षर हैं अतः ये प्रस्तार भिन्न हैं तथा इन भिन्नप्रस्तारों से सम्बन्धित जो स्वरूप हैं वे समान भी हैं क्योंकि प्रथम द्वितीय चरण का जैसा स्वरूप है वैसा ही तृतीय व चतुर्थ चरण का स्वरूप है अतः पूर्वार्द्ध व परार्ध का समान स्वरूप होने से ये नियत स्वरूप वाले हैं अतः इनका समुच्चय संकीर्णसमास है। यदि विभिन्नप्रस्तारों से सम्बन्धित अनियत स्वरूपों का समुच्चय होता है तो वह प्रकीर्णसमास कहलाता है। जैसे दोधावृत्त के चरणों में १३ मात्राओं वाले व ११ मात्राओं वाले विभिन्न प्रस्तारों से सम्बन्धित अनियतस्वरूपों में इच्छानुसार किसी एक स्वरूप के संनिवेश से दोधावृत्त की सिद्धि हो जाती है। अतः यह प्रकीर्णसमुच्चय का उदाहरण है। उपपद समास वह कहलाता है जहाँ पदभेद होने पर भी अखण्ड पद की तरह प्रतीति हो। जैसे उदकशब्द में 'उत्' निपात् का 'अञ्चु' धातु से निष्पन्न 'अक' शब्द के साथ समुच्चय होने से उत् और अक के विभिन्न पद होने पर भी अखण्डपद की तरह प्रतीति है। जैसे समुद्रशब्द में क्या सशब्द का मुद्राशब्द से समुच्चय है अथवा 'सम्' व 'उत्' दो निपातों का द्रुधातु से निष्पन्न शब्द से समुच्चय है या 'सम्' इस निपात् का 'उन्दी क्लेदने' धातु से निष्पन्न शब्द के साथ समुच्चय है, या 'सम्' इस निपात का तथा जलार्थक 'उद'शब्द का 'रा-दाने' धातु से निष्पन्न शब्द के साथ समुच्चय है, यह निश्चय नहीं हो रहा है किन्तु 'उदक' यह संज्ञाशब्द अखण्ड की तरह प्रतीत हो रहा है। अभिप्रायविशेष से निरुक्तकार इसमें पदविभाग की कल्पना करते हैं। जैसे आर्यारूप मात्रावृत्त में षष्ठ मात्रागण डकार (।।।।) के आदिभूत लघु से परे नगण (।।।)तीन कलाओं के निपात-रूप होने से उनमें विभिन्न पदत्व हैं तो भी उनकी अखण्ड की तरह प्रतीति होती है।

प्रकारान्तर से यह समास दो प्रकार का है—पादखण्ड और पदखण्ड। समासारम्भक पदों में जहाँ पूर्वपादत्व व उत्तरपादत्व हैं वहाँ पादखण्डरूप समास होता है। अन्यत्र पदखण्ड समास होता है। किन्तु यह विवक्षाधीन है। अतः भक्षभक्ष समास को पादखण्ड मानने पर अक्षरपंक्ति छन्द सम्पन्न हो जाता है और भक्ष-भक्ष समास को पदखण्ड मानने पर चम्पकमाला छन्द सम्पन्न होता है। इनमें पादखण्ड दूसरे समास से गर्भित व अगर्भित दोनों प्रकार का होता है। किन्तु पदखण्ड समासान्तर से अगर्भित ही होता है। नित्यसमास विकल्पसमासादि समासों में किसी एक समास से समस्त दो पादों के प्रयोग से एक श्लोक होता है। किन्तु 'मन्दं-मन्दं' इत्यादि की तरह द्विरुक्ति समास नहीं है। किन्तु वैदिकों के मत में समस्त एकदेश की द्विरुक्ति से भी छन्द की सिद्धि होती है तथा द्विर्वचन के अभाव से और समास के अभाव से भी छन्दःसिद्धि होती है जैसे त्रिपदा. द्विपदा, एकपदा ऋक्।

छन्दोवाद

इस प्रकरण में छन्द को गति, यति, अध्वपरिच्छित्ति से भिन्न सिद्ध किया है। पूर्वपक्ष यह है कि गति, यति, अध्वपरिच्छेद से अतिरिक्त छन्दःस्वरूप की उपलब्धि नहीं होती। क्योंकि गति, यति, अध्वपरिच्छेद व छन्द भिन्न वस्तु नहीं अपितु एक ही वस्तु हैं। अतः ये समानार्थक हैं। यदि यह कहा जाय कि गति, यति, अध्वपरिच्छेद व छन्द एक नहीं हैं क्योंकि गति-वृत्ति, लय व ध्वनिभेद से तीन प्रकार की है अर्थात् गति के वृत्त्यादि तीन भेद हैं। यति के—अवसाय, विच्छेद, विरति यति व अणुयति ये पांच भेद हैं। अध्वयोग के लिप्यध्वपरिच्छित्ति व गत्यध्वपरिच्छित्ति ये दो भेद हैं। छन्द के वर्णच्छन्द, गणच्छन्द व मात्राच्छन्द ये तीन भेद हैं। अतः गत्यादि चारों में अत्यन्त विषमता है। इसलिए गति, यति, अध्वपरिच्छेद से छन्द को अभिन्न कैसे माना जा सकता है। इसका समाधान करते हुए कहा है कि इनमें आपाततः भेद-कल्पना होने पर भी वस्तुतः इनके स्वरूप में कोई भेद नहीं है। क्योंकि वृत्त्यादिभेद से गति के तीन भेदों में वृत्ति और ध्वनि वर्णवेदीय पदार्थ हैं और छन्द के वर्णों से उपलक्षित होने पर भी छन्द वर्णरूप नहीं है। अतः छन्द में वृत्ति व ध्वनिरूप गति का तो प्रवेश ही नहीं है। और लय में यतितारतम्य कारण होता है अतः वह यति से भिन्न नहीं है। इस लयरूप गति का ही गत्यध्वपरिच्छित्ति इस नामान्तर से भी व्यवहार होता है क्योंकि लय में व गत्यध्वपरिच्छित्ति में कोई भेद नहीं है। मगण, सगण, जगण, सगण, तगण, तगण व गुरु अक्षर का वर्णों से अभिनय करने पर इनका उच्चारण करने वाले पुरुष को उच्चारण में सामञ्जस्य (औचित्य) का अनुभव होता है। किन्तु जगण व सगण के स्थान पर तगण व भगण का संनिवेश करने पर उच्चारण करने वाले मनुष्य को क्लिष्टता का अनुभव होता है। यहाँ द्वितीय सगण अवरोधयुक्त है। द्वितीय सगण पर अवरोध का अनुभव होता ही है। प्रश्न यह है कि द्वितीय सगण का अवरोधीपन (अवष्टम्भित्व) किस रूप से है। क्या दूसरा सगण १२ वां अक्षर है इसलिये वह अवरोधी है। ऐसा मानने पर स्रग्धराछन्द के

घटक मगण, रगण, भगण, नगण, यगण, यगण, यगण, इन गणों में नगणरूप घटक के १२ वां अक्षर वाला होने से वहाँ भी अवष्टम्भ (रुकावट) होने लगेगा। शार्दूलविक्रीडितसम्बन्धित्व को यदि अवष्टम्भ में कारण माना जायेगा तो भी मगण, जगण आदि के भी शार्दूलविक्रीडितसम्बन्धी होने से उनमें भी अवष्टम्भ होगा, किन्तु होता नहीं है। यदि सगणत्वेन सगण को अवष्टम्भी स्वीकार किया जाता है तो शार्दूलविक्रीडित के द्वितीय घटक सगण में भी अवष्टम्भ होगा। यदि शार्दूलविक्रीडित के घटक गणों में चतुर्थसंख्याविशिष्ट सगण को अवष्टम्भ में कारण माना जायेगा तो सगण, जगण, सगण, सगण और अन्त में एक गुरु इनमें चतुर्थ गण के तुरीयत्वविशिष्ट होने से वहाँ भो अवष्टम्भ होना चाहिये। यदि मगणोत्तरत्वविशिष्ट सगणोत्तरत्वविशिष्ट जगणोत्तरत्वविशिष्ट सगणघटितत्वरूप से सगण को अवष्टम्भ में कारण माना जाय तो उन गणों का अवस्थानक्रम इस प्रकार होगा कि मगण सगण से अव्यवहित पूर्ववर्ती होना चाहिये, सगण में मगणोत्तरवर्तित्व व जगणाव्यवहित पूर्ववृत्तित्व होना चाहिये। जगण में सगणद्वयमध्यवर्तित्व तथा दूसरे सगण में जगणोत्तरवर्तित्व तथा तगणपूर्ववर्तित्व होना चाहिये। इस रूप से उन गणों का अवस्थानक्रम सिद्ध होता है। गणों का यह अवस्थानक्रम ही अध्वपरिच्छेद है। इस क्रम की प्रच्युति होने से उन गणों के उच्चारण में क्लिष्टता का अनुभव होता है। और इस प्रकार से गणों का पूर्वापरभाव से उच्चारण ही लयरूप गतिविशेष है। क्योंकि निर्दिष्ट रीति से सगण में अवष्टम्भ की अपेक्षा है। मगण, सगण, जगण, सगण का यह पूर्वापरभाव इन गणों के क्रमिक अवस्थान से अतिरिक्त (भिन्न) नहीं है। इस प्रकार लयगति से अभिन्न अध्वपरिच्छेद है। मगण सगण जगण के उत्तरवर्ती सगणत्वरूप से द्वादशाक्षर पर यति दीखती है। लयगति और अध्वपरिच्छेद यति के व्याप्य हैं। इस रीति से यद्यपि मगणसगणजगणोत्तरवर्तिसगणघटितत्वरूप लयगति व अध्वपरिच्छेद यति से आपाततः भिन्न प्रतीत होते हैं तथापि अवष्टम्भप्रयोजकत्व व अवष्टम्भाप्रयोजकत्व से उपलक्षित पौर्वापर्य ही गति है। अतः अवष्टम्भ के होने पर गति का होना तथा अवष्टम्भ का अभाव होने पर गति का न होना इस अन्वयव्यतिरेक से अवष्टम्भ ही गतिस्वरूप का सम्पादक सिद्ध होता है। अतः गति के ग्रहण से अवष्टम्भ का ग्रहण हो जाता है। इस कारण गति, यति व अध्वपरिच्छेद सर्वथा भिन्न अर्थ नहीं है। अतः ये एकार्थक हैं। इसी प्रकार अवष्टम्भप्रयोजकत्व व अवष्टम्भाप्रयोजकत्व से उपलक्षित पूर्वापरभाव से अवस्थित मसजादि गण ही छन्द हैं। इस प्रकार छन्द, गति, यति अध्वपरिच्छेद से आपाततः भिन्न प्रतीत होता है क्योंकि अवष्टम्भप्रयोजकत्वाप्रयोजकत्व से उपलक्षित पौर्वापर्य गति है और अवष्टम्भप्रयोजकत्व से उपलक्षित पौर्वापर्य से अवस्थित मसजादि गण ही छन्द हैं तथापि जैसे 'स राजा संवृत्तः, स पाचको जातः' इत्याकारक विधि, विशेष्यभूत पुरुष में व्यपदिष्ट है और जैसे 'स नेदानीं कुण्डली न दण्डी' यह निषेध भी पुरुष में ही व्यपदिष्ट है। किन्तु ये विधिनिषेध के विशेष्यभूत पुरुष में अनुपपन्न होने के कारण विशेषणमात्र में ही इन विधि-

निषेधों की विश्रान्ति है। इसी प्रकार पौर्वापर्य से अवस्थित मसजसादि गणों में वर्तमान छन्दस्त्व की विश्रान्ति मसजसादि गणों के पौर्वापर्य में ही लाघव के कारण है न कि पौर्वापर्यविशिष्ट मसजसादि गणों में। अतः छन्द अवष्टम्भप्रयोजकत्वाप्रयोजकत्व से उपलक्षित पौर्वापर्यरूप गत्यादि से भिन्न नहीं है, यह पूर्वपक्ष उपपन्न हो गया है। इसका समाधान निम्ननिर्दिष्ट है। जैसे मसजोत्तरसगण के अन्तिम अवयवोत्तरवर्ती प्रदेश तथा तगणद्वय व गुरु इनसे अव्यवहित पूर्ववती प्रदेश में वर्तमान अवष्टम्भ गति, यति व अध्वपरिच्छित्ति रूप नहीं हो सकता। क्योंकि गत्यादि अवष्टम्भ की तरह देशविशेष में नियत नहीं है। इसी का स्पष्टीकरण करते हुए कहा है कि गति अवष्टम्भरूप नहीं है क्योंकि अवष्टम्भप्रयोजकत्व से उपलक्षित पौर्वापर्य गति है। इस प्रकार अवष्टम्भ गति में उपलक्षणविधया कारण होने से गतिस्वरूप का सम्पादक तो है किन्तु गतिरूप नहीं है। इसी तरह अध्वपरिच्छेद गति नहीं है क्योंकि गति के अपने मार्ग से प्रच्युत होने पर उसमें क्लिष्टता व कुरूपता अनुभूत होती है। अतः जिस कारण से उसमें सौकर्य व सौन्दर्य सिद्ध होता है उसे अध्वपरिच्छेद कहते हैं। वह अध्वपरिच्छेद गत्यवयवों का सन्निवेशविशेषरूप है। अतः गतिरूप नहीं है। जैसे स्थूलत्व व कृशत्व के साम्य से तथा उच्चत्व नीचत्व से रहित शीर्ष (ऊपर के भाग) पाद (नीचे के भाग) के साम्य से तथा दिक्साम्य से वर्णादि लिपियों में सौन्दर्य तथा पढ़ने में सौकर्य की अनुभूति होती है। तथा स्थूलत्व, कृशत्व, शीर्ष, पाद आदि में साम्य के अभाव से बालकादि की लिपि में कुरूपता तथा वाचन में क्लिष्टता अनुभूत होती है। इसलिये जिस प्रकार लिप्यध्वपरिच्छित्ति लिपि से भिन्न है उसी प्रकार गत्यध्वपरिच्छित्ति गति से भिन्न है तथा गति से छन्द भिन्न है क्योंकि विभिन्न गणों के पौर्वापर्यरूप कारण वाली गति में मात्राव्यवस्थानिबन्धन छन्दस्त्व सम्भव नहीं है। अर्थात् गति में विभिन्न गणों का पूर्वापरभाव कारण होता है और छन्द में मात्राव्यवस्था कारण होती है। अध्वपरिच्छित्ति न अवष्टम्भ हो सकती है और न गति ही। क्योंकि अध्वपरिच्छित्ति को अवष्टम्भ तथा गति से भिन्न सिद्ध किया जा चुका है तथा अध्वपरिच्छित्ति गति के अवयवों का सन्निवेशविशेष है और गति अवष्टम्भप्रयोजकत्व से उपलक्षित पौर्वापर्यरूप है, अतः वह गति से भिन्न है। गति छन्दरूप भी नहीं है क्योंकि गति विभिन्न गणों का पौर्वापर्य और छन्द मात्राओं की व्यवस्था से सम्पन्न होता है। अध्वपरिच्छित्ति भी छन्द नहीं है क्योंकि अध्वपरिच्छित्ति गति के अवयवों का विशेष प्रकार का सन्निवेश है और छन्द में मात्राव्यवस्था कारण होती है। इसलिये छन्द-गति, यति तथा अध्वपरिच्छित्ति सबसे भिन्न है। अतः गत्यादि में छन्द का अन्तर्भाव नहीं हो सकता। इसलिये वृत्तदोष से पृथक् यतिदोष नहीं मानना चाहिए क्योंकि वृत्त यतिरूप ही है, इस पूर्वपक्ष का उपस्थापन कर वामनाचार्य ने काव्यालङ्कारसूत्रों में 'न लक्षणस्य पृथक्त्वात्' इस सूत्र के द्वारा पूर्वपक्ष का निराकरण किया है कि यति व छन्द का लक्षण भिन्न है। अतः वृत्त यतिरूप नहीं है। इसलिये वृत्तदोष से पृथक् ही यतिदोष को स्वीकारना होता है। कुछ छान्दसिकों का कथन है कि यद्यपि यति, अध्व-

परिच्छित्ति से तो छन्द भिन्न है किन्तु गति से भिन्न नहीं है। अपितु गति और छन्द एक ही हैं। किन्तु उनका यह कथन असंगत है क्योंकि अवष्टम्भप्रयोजकत्व से उपलक्षित पौर्वापर्य के गतिरूप होने से मसजादि गणसम्बन्धी पौर्वापर्यरूप छन्द की गति समान धर्मिकता तो है किन्तु मात्राव्यवस्थित छन्दस्त्व गति में अनुपपन्न है।

।। इति छन्दोवादः ।।

वैदिकान्यत्ववाद

इस प्रकरण में लौकिक छन्दों से भिन्न वैदिक छन्द स्वीकार करने की आवश्यकता सिद्ध की गई है। पूर्वपक्ष यह है कि वैदिक लौकिक भेद से छन्दों के दो प्रकार बताये गये हैं। उनमें गायत्र्यादि ७ छन्द, अतिजगत्यादि ७ अतिच्छन्द तथा ७ कृतिछन्द ये वैदिक छन्द हैं। इन छन्दों को लोक में भी स्वीकार किया गया है किन्तु इन वैदिक छन्दों से अतिरिक्त प्राकृतपिङ्गलशास्त्रोक्त मात्राछन्द भी हैं जिनकी वेद में उपलब्धि नहीं है अतः वैदिक छन्दविद्या से भिन्न लौकिक छन्दविद्या को तो मानना ही पड़ेगा। किन्तु वेद में उपर्युक्त गायत्र्यादि छन्द माने गये हैं उन्हें लोक में भी स्वीकार किया गया है। अतः वे लौकिक छन्दविद्या में अन्तर्भूत हो जाते हैं फिर लौकिक छन्दविद्या से भिन्न वैदिक छन्दविद्या को पृथक् मानने की क्या आवश्यकता है? इसका समाधान करते हुए कहा गया है कि प्रयोगभेद से तीन प्रकार का छन्दोविभाग है—१. मात्राछन्द, २. अक्षरच्छन्द, ३. क्रमच्छन्द। जहाँ किसी भी भेद में मात्रासमष्टिसंख्या में परिवर्तन या हानि नहीं होती किन्तु अक्षर-संख्या का व गुरुलघुसंनिवेशक्रम का उसके भेदों में परिवर्तन हो जाता है उसे मात्राछन्द कहते हैं जैसे औपच्छन्दसिकादि, तथा शिखामालादि में। जहाँ छन्दो-भेदों में अक्षरसंख्या में परिवर्तन नहीं होता किन्तु मात्रासंख्या तथा गुरुलघुसंनिवेश-क्रम में परिवर्तन हो जाता है उन्हें अक्षरछन्द कहते हैं जैसे न्यङ्कुसारिणी, विष्टार-बृहती, विष्टारपंक्ति आदि में। और जहाँ नियतपौर्वापर्य वाले गुरुलघुसंनिवेशक्रम में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता किन्तु सभी पर्यायों में अक्षरसंख्या व मात्रा-संख्या में किसी प्रकार की च्युति नहीं होती उसे क्रमच्छन्द कहते हैं जैसे मन्दाक्रान्ता, शार्दूलविक्रीडित आदि में। इस प्रकार छन्द तीन प्रकार के हैं, यह सिद्ध हो जाता है। इन तीन प्रकार के छन्दों में मात्रा छन्दों से कोई वैदिक व्यवहार नहीं होता और इन मात्राछन्दों में लौकिक व्यवहार बाहुल्येन सिद्ध होता है। अर्थात् मात्राछन्दों का वेद में सर्वथा अभाव है तथा लोक में उनका पर्याप्त प्रयोग है। अतः मात्राच्छन्द लौकिक हैं। अक्षरच्छन्दों का लोक में प्रयोग नहीं होता[1] किन्तु यज्ञ और वेद में

---

१. अक्षरच्छन्द से तात्पर्य उन छन्दों से है जिनमें गुरुलघुसंनिवेशक्रम नहीं होता और न मात्रा-संख्या होती है। गायत्र्यादि वैदिकछन्द इसी प्रकार के हैं। लौकिक वसन्ततिलकादि सभी छन्दों में अक्षरसंख्या नियत होती है किन्तु गुरुलघुसंनिवेशक्रम भी वहाँ रहता है। अतः अक्षरसंख्या के नियत होने पर भी लघुगुरुसंनिवेशक्रम की अपेक्षा होने से उन्हें यहाँ

प्रातिस्विकरूप से प्रतिपद प्रयोग होता है अतः ये वैदिक छन्द हैं। क्रमच्छन्दों में नियतस्थानवर्ती गुरुलघ्वक्षर कारण होते हैं। अतः ये अक्षर छन्दों से भिन्न नहीं हैं। इसलिये अक्षरनिबन्धनता के कारण वैदिक अक्षरच्छन्दों की समानता से वैदिक-छन्द भी कह सकते हैं। मात्राच्छन्दों की तरह इन क्रमच्छन्दों का केवल लोक में प्रयोग होने से इन्हें लौकिक छन्द भी कहते हैं। इस प्रकार क्रमच्छन्द वैदिकलौकिकोभयसाधारण होने से उभयसाधारण छन्द हैं। इसीलिये पिङ्गलाचार्य आदि से निर्मित वैदिक छन्दों के निरूपणात्मक 'छन्दो विचित्ति' आदि ग्रन्थों में शुद्ध वैदिक छन्दों के अनुशासन के बाद तथा अर्वाचीन छन्दोविद् आचार्यों के द्वारा निर्मित लौकिक छन्द निरूपणपरक छन्दोभाषा प्राकृतपिङ्गलादि ग्रन्थों में शुद्ध लौकिक छन्दों के निरूपण के बाद, दोनों में ही अर्थात् वैदिक छन्दनिरूपणपरक छन्दोविचित्यादि ग्रन्थों में तथा शुद्ध लौकिक छन्द निरूपणपरक प्राकृतपिङ्गलादि ग्रन्थों में क्रमच्छन्दों का विधान किया गया है। यद्यपि मात्राच्छन्द औपच्छन्दसिकादि हैं, मात्रागणच्छन्द आर्या आदि हैं, अक्षरच्छन्द न्यङ्कुसारिणी आदि हैं, अक्षरगणच्छन्द सिंहोद्धता आदि हैं। इस प्रकार से छन्दों का चार प्रकार से विभाग करना ही उचित प्रतीत होता है तथापि यहाँ कौन से छन्द वैदिक हैं, कौन से लौकिक हैं, कौन से साधारण हैं इस बात का विवेचन करना है। अतः अक्षरछन्दस्त्व, मात्राछन्दस्त्व, क्रमच्छन्दस्त्व धर्मों की विवक्षा कर अक्षरच्छन्द, मात्राछन्द व क्रमच्छन्द रूप से ही छन्दों का विभाग किया है। तीन प्रकार से विभक्त छन्दों में अक्षरच्छदों को वैदिक छन्द माना है। किन्तु वैदिक अक्षरच्छन्द अनुष्टुप् के पथ्यावक्त्र, विपुला आदि छन्दों का लोक में वेद से भी अधिक प्रयोग देखा जाता है तथा त्रिष्टुप् व जगती के भेदों का भी रामायण महाभारत, भागवत आदि में आधिक्येन प्रयोग हुआ है। अतः इन अक्षरच्छन्दों को शुद्ध वैदिक छन्द नहीं माना जा सकता तथापि पुराणादि प्रबन्धों को पढने वाले व्यक्तियों की पवित्रतासम्पत्ति के लिये शाखान्तरों में प्रसिद्ध मन्त्रविशेषों का ही वैदिक छाया के अनुवर्तनशील महर्षियों ने अनुवाद करके इन पुराण, इतिहास (रामायण, महाभारत) आदि ग्रन्थों में उपन्यास कर दिया है अतः अनुवादमात्र से ही वे लौकिक नहीं हो सकते। इसी प्रकार अनुष्टुप् के भेद पथ्यावक्त्र व विपुला आदि यद्यपि वैदिक छन्द हैं तथा विषम, सम, अर्धसम भेद से विभक्त लौकिकवैदिकोभयसाधारणत्वेन स्वीकृत छन्दों में ही इनका अन्तर्भाव होने से इनमें लौकिक व्यवहार लाक्षणिक हैं न कि मुख्य।

यद्यपि इस प्रकार से गायत्री आदि छन्दों का भी उभयसाधारणरूप से स्वीकृत विषमभेद में अन्तर्भाव हो जाने पर ये भी लौकिक छन्द कहलायेंगे न कि शुद्ध वैदिक

अक्षरच्छन्द नहीं कहा गया है। जैसे औपच्छन्दसिक तथा उसके भेद वैतालीय व आपातलिका में मात्रासमष्टिसंख्या प्रथम व तृतीय चरणों में १४, १४ तथा द्वितीय व चतुर्थ चरण में १६, १६ है किन्तु अक्षरसंख्या औपच्छन्दीसिक में १० व १२, वैतालीय में ११ व १३ तथा आपातलिका में ११ व १३ हैं।

तथापि छन्दोव्याकृति ग्रन्थ में 'तत्रादौ विषमं व्याख्यास्यामः' से आरम्भ कर 'चतुर्धा वक्त्रं पदचतुरूर्ध्वमुद्गतिकोपस्थितप्रच्युपितं च' इन सूत्रों के द्वारा वक्त्रादि का परिगणन कर देने से वक्त्रादि छन्द (विषम छन्द) ही उभय साधारण हैं अन्य नहीं। अतः इनसे भिन्न विषमछन्दों का वेद में ही प्रयोग मिलने से वे शुद्ध वैदिक छन्द हैं, यह सिद्ध हो जाता है। अतः शुद्ध लौकिक, लौकिकवैदिकोभयसाधारण छन्दों की अपेक्षा गायत्री आदि अक्षर छन्दों में शुद्ध वैदिकता है।

छन्दः पदवाद

यहाँ यह असंगति है—

"सवितुस्त्वा प्रसव उत्पुनाम्याच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः।
सवितुर्वः प्रसव उत्पुनाम्यच्छिद्रेण पवित्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः॥"

इस माध्यन्दिनीय (आर्षी) जगती में तथा

"तेजोऽसि शुक्रमस्यमृतमसि धामनामासि।
प्रियं देवानामनाधृष्टं देवयजनमसि॥"

इस माध्यन्दिनीय आर्षी अनुष्टुप् में विच्छेद तो है, विरति नहीं है।

इस प्रकार अर्थात् श्लोकार्ध पर तो विश्राम है किन्तु श्लोक के चतुर्थांश पर नहीं। क्योंकि श्लोकचतुर्थांश सन्धियुक्त होने से वहाँ विरतिरूप विश्राम संभव नहीं है।

"सुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः" इस माध्यन्दिनीय आर्षी निचृद् अनुष्टुप् में न विच्छेद है और न विरति।

तथा "अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽविद्यामुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ विद्यायां रताः॥१॥
या व्याघ्रं विषूचिकोभौ वृकं च रक्षतः।
श्येनं पतत्रिणं सिंहं सेमं पात्वंहसः॥२॥

क्रमशः इन आर्षी निचृद् अनुष्टुप् और आर्षी उष्णिक् में अव्यवस्थित विच्छेद और विरति है।

इससे ज्ञात होता है कि छन्दःसिद्धित्व के लिये सर्वत्र ही विच्छेद, विरति की अपेक्षा नहीं है। इसके साथ ही—

"क्षत्रस्य योनिरसि, क्षत्रस्य नाभिरसि, मात्वा हिंसीन्मा मा हिंसीः"

यहाँ विराट् गायत्री (द्वयक्षर न्यून गायत्री) न मानकर द्विपदा विराट् मानते हैं क्योंकि विराड् गायत्री मानने पर विच्छेद नहीं बनता। इससे छन्दःसिद्धि में सर्वत्र विच्छेद की अपेक्षा का पता चलता है।

मैत्रायणीय अनुष्टुप् की सर्वछन्दोरूपता प्रतिपादित करते हुए कहते हैं—इसके अनुष्टुप् होते हुए आठ आठ अक्षरों वाले तीन पद तथा एक सप्ताक्षर पद (८. ८. ८. ७) है (फलत: यह आर्षी निचृद् अनुष्टुप् है) इसका जो सप्ताक्षर पद है उसके चार अक्षर एक पद को तथा तीन अक्षर दूसरे पद को प्राप्त हो जाते हैं। जहाँ चार मिल जाते हैं वह (८+४=१२) जगती हो जाता है, जहाँ तीन मिलते हैं वह (८+३=११) त्रिष्टुप् है। शेष एक अष्टाक्षर पद से गायत्री है। अनुष्टुप् तो है ही। इस मन्त्र से हुत इस यजमान का सभी छन्दों से हुत हो जाता है। यज्ञ छन्द:-प्रतिष्ठ होता है। इस यजमान के इस यज्ञ को छन्दों में प्रतिष्ठित करते हैं।"

८	८	८	७	= ३१ अक्षर निचृद् अनुष्टुप्
८	८	८	–	
०	३	४		
८	११	१२		= ३१ अक्षर
गायत्री	त्रिष्टुप्	जगती		

इस प्रकार कहने से गायत्री आदि की पादव्यवस्थानिर्भरता का कथन होने से छन्द:सिद्धि में सर्वत्र विरति की अपेक्षा का भी पता चलता है। क्योंकि पाद के अन्त का विश्राम विरति कहलाता है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न व्यवस्था के देखे जाने से छन्द में विच्छेदादि की अपेक्षा सामञ्जस्यहीन लगती है। यदि कोई कहे कि इसमें कुछ भी असामाञ्जस्य नहीं है। क्योंकि छन्द में छान्दसिक विच्छेद व विरतिरूप विश्राम की कल्पना नियम से है।

पूर्वोदाहृत 'सवितुस्त्वा' तथा 'सुमित्रिया' आदि में अर्थनिष्ठ पद की अप्राप्ति होने पर भी अक्षरगणनासिद्ध छान्दसिक पदत्व का निषेध नहीं किया जा सकता है। जिस स्थलों में अपेक्षित अक्षरगणना पूर्ण नहीं होती है वहाँ भी 'क्षैप्र, संयोग व एकाक्षरीभाव को व्यूहन करे अर्थात् क्षैप्रादि के व्यूहन से अक्षरों को पृथक् कर लें'। इस कात्यायनोक्त प्रकार से उच्चारणसौकर्य की अनुकूलता के आधार पर व्यूहन से गणना (अक्षरों की अपेक्षित संख्यापूर्ति) समझ लेनी चाहिये। जैसे

रुचं नो धेहि ब्राह्मणेषु रुचं राजसु धारय।
रुचं वैश्येषु शूद्रेषु मयि धेहि रुचारुचम्॥

इत्यादि में हि के इकार का अथवा ह्म के अकार का अविद्यमानवद्भाव मानकर आठ अक्षर (अष्टाक्षर) मान लिये जाते हैं। तथा—

पुरुष एवेदं सर्वं यद् भूतं यच्च भाव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति॥

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः ।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ।।

आदि में भाव्यं को 'भावियम्' वः को 'वह' इस रूप से वर्णाभ्युच्चय के साथ उच्चारण करने से अष्टाक्षरता उपपन्न हो जाती है। इस प्रकार वैदिकों के व्यवहार में पादपूर्ति के अनुरोध से तथा अन्य वर्णों के समीपोच्चारण की अनुकूलता व प्रतिकूलता के तारतम्य की अपेक्षा से वर्णाभ्युच्चय व अविद्यमानवद्भाव से व्यूह कर लेना चाहिए, यह छान्दसी परिभाषा है। इस प्रकार उच्चारण में व्यूह वेदपुरुषों के व्यवहार से सिद्ध है। तथा सिद्ध का अन्वाख्यान करने वाला शास्त्र चिरन्तनव्यवहार-सिद्ध अर्थ का अपलाप नहीं कर सकता है। यही कारण है कि पृथ्वी शब्द के पृथिवी, पृथवी रूप से उच्चारित रूप की साधुता में व्याकरण के विधिवचन विद्यमान हैं। जहाँ ऐसे विधिवचन नहीं मिलते हैं तो वह अन्वाख्यानकर्ता का दोष है न कि व्यवहार करने वाले आदिम स्वतन्त्र आचार्यों का और न चिरकाल से व्यवह्रियमाण विषय का ही।

इसी तथ्य को भिन्न प्रकार से बतलाते हैं—

सर्वत्र नियम से आर्थिक विच्छेद व विरति की कल्पना हो ही, ऐसा बिल्कुल नहीं है। यह तथ्य अनुष्टुप् की सर्वछन्दोरूपता को बताने वाली मैत्रायणीय श्रुति में तथा यजुर्मन्त्रों की अनुक्रमणि में प्रोक्त छन्दोव्यवहार में आर्थिकपद की अपेक्षा के विना ही छन्दःस्वरूप की सिद्धि के देखने से सिद्ध हो जाता है। अतः वैदिक व्यवहार सर्वथा युक्तियुक्त है, ऐसा मान लेना भी ठीक नहीं है। क्योंकि छन्दःस्वरूप में अर्थ की सर्वथा अपेक्षाशून्यता स्वीकार कर लेने पर छन्दों में सङ्करतादोष की प्रसक्ति हो जायेगी। जैसे—

एतदगन्म देवयजनं पृथिव्या यत्र देवासो अजुषन्त विश्वे।
ऋक्सामाभ्यां सन्तरन्तो यजुर्भी रायस्पोषेण समिषा मदेम।
इमा आपः शमु मे सन्तु देवीः ओषधे त्रायस्व स्वधिते मैनं हिंसीः।।

इस सत्तर अक्षरों वाली विराट् ब्राह्मी जगती में ग्यारह ग्यारह अक्षरों के चतुष्क से (४४ अक्षरों वाली) आर्षी त्रिष्टुप् के तथा तेरह अक्षरों के युग्म में से दो आसुरी अनुष्टुप् के होने से त्रिष्टुप् व अनुष्टुप् का साङ्कर्य संभव है। यह तो उपलक्षण मात्र है। द्वादशाक्षरों के दो पादों से तथा १२ तथा ११ अक्षर के दो-दो पादों से ४६ अक्षरों की विराट् आर्षी जगती मान लेने पर ७० अक्षरों में शेष २४ अक्षरों से आर्षी गायत्री की सिद्धि हो जाने से विराट् आर्षी जगती व आर्षी गायत्री का सङ्कर स्पष्ट है। महर्षि पिंगल के 'देवतादितश्च' आदि सूत्र के आधार पर देवता द्वारा छन्दोनिर्णय से भी इष्टसिद्धि नहीं होगी। ब्राह्मी जगती में आर्षी जगती आदि हो जाने से जैसा साङ्कर्य तो अभी भी ज्यों का त्यों ही रहेगा। इसलिये गतिसिद्ध विरतियुक्त

आर्थिक पदत्व को लेकर तत्तत् छन्दों के अवयवभूत पदों, जिन्हें पाद भी कहते हैं, की व्यवस्था स्वीकार करनी होगी, तब कोई असमञ्जस-उलझन की स्थिति नहीं रहेगी। अतः छन्दों से पद की सिद्धि होती है, या पदों से छन्द की सिद्धि, यह प्रश्न बना ही रहता है।

इस विषय में कथन है कि लौकिक छन्दों में तो गतितन्त्र अर्थात् गति छन्द की नियामक है। गतिबल से प्राप्त यति गति के अनुगमन के आधार से ही पाँच प्रकार की हो जाती है—१ अयति २ यति ३ विरति ४ विच्छेद और ५ अवसाय। इनमें जितने भाग से पुनरावृत्ति होती है प्रायः वहीं विरति के दिखाई देने से उसके अनुसार ही द्विदलत्व, चतुष्पदत्व या षट्पदत्व की व्याख्या की जाती है। अतएव वहाँ पाद के अनुरोध से छन्द की सिद्धि नियत होती है। अर्थात् वहाँ छन्द की सिद्धि पाद से ही होती है और पाद विरतियुक्त वह पद है जिसकी पुनरावृत्ति होती है। अतः यतियुक्त पद पाद नहीं कहला सकता क्योंकि यतियुक्त पद की आवृत्ति विरति से व्यवहित है तथा विरतियुक्त पद से भिन्न है। अर्धसम या विषम आदि वृत्तों में पाद-व्यवहार उसी तरह लाक्षणिक है जैसा 'रजकाय वस्त्रं ददाति' में स्वस्वत्वनिवृत्ति-पूर्वक परस्वत्वोत्पादन न होने पर भी केवल देने मात्र को लेकर ददाति का प्रयोग है। पुनरावर्तमानता के अभाव में भी विरतिमत्पदत्व के अनुवर्तन से छन्दस्त्व तो वहाँ है ही। अतः लौकिक छन्दोविदों में पद से छन्दःसिद्धि मानने में किसी प्रकार की अनुपपत्ति नहीं है। वैदिक छन्दों में भी

> अश्विभ्यां प्रातःसवनमिन्द्रेणैन्द्रं माध्यन्दिनम्।
> वैश्वदेव्यं सरस्वत्या तृतीयमासं सवनम्॥

अनुष्टुप् आदि में गति के अभाव में भी छन्दस्त्व होने से अक्षरगणना ही नियामक है गति नहीं। अर्थात् वहाँ अष्टाक्षरता के कारण अनुष्टुप् छन्द है। इसीलिये गतिबलापतित ५ प्रकार की यति की भी वहाँ अपेक्षा नहीं है। वैदिकों की प्रवृत्ति दैविकार्थविज्ञान की अपेक्षा रखती है। अतः उनमें देवरूपसिद्धि के उपयुक्त अक्षरों की गणना का ही औचित्य है, कर्णमनोरमता के उपयुक्त गति का कोई उपयोग नहीं है। अतः अप्राप्तगति यति की चाह नहीं है और प्राप्त का निवारण भी नहीं है। यति की अपेक्षा के अभाव में भी पादव्यवस्था तो अपेक्षित है ही। क्योंकि 'पादोऽस्य विश्वा भूतानि, त्रिपादस्यामृतं दिवि' इत्यादि मन्त्रों द्वारा देवों में भी पाद-व्यवस्था दृष्ट है। वैदिक छन्दों में पाद छन्द का भागविशेष है। वह भागविशेष स्थलभेद से सम्पूर्ण छन्द भी हो सकता है। तथा द्वितीय पाद, तृतीय पाद, चतुर्थ पञ्चम आदि कोई भी विवक्षानुसार हो सकता है। इसी से गायत्री आदि छन्दों में एकपदी, द्विपदी, त्रिपदी आदि भेदों से तथा शङ्कुमती, ककुम्मती (ककुप्+मती), यवमध्या, भुरिक् आदि भेदों से अनेकरूपता की सिद्धि बतलाई गई है। अतः पद से छन्दःस्वरूपनिष्पत्ति है या छन्द में विच्छेदादि की अपेक्षा से पदव्यवस्था है, इस विषय में वैदिकों में भी अनुपपत्ति नहीं है।

छन्दःपदसंहितावाद

जैसे छन्दों के विषमपादों (प्रथम तृतीय) के अन्त में दूसरे व चौथे पाद के आदि वर्णों के साथ सन्धिकार्य देखे जाते हैं वैसे समपादों के अन्त में नहीं होते हैं, इसमें क्या हेतु है? इसका समाधान करते हुए कहा है कि—चतुष्पाद होने की समानार्थता से छन्दों को पशुवत् समझना चाहिये। पशुओं के पादों में दो-दो पाद एक दूसरे के सन्निकृष्ट हैं। अर्थात् अत्यधिक निकटता से परस्पर सटे हुए रूप में चलते हैं। अगले जोड़े से पिछला जोड़ा दूर पड़ जाता है। इसी प्रकार पद्यों के पादों में अगले प्रथम दो और पिछले अन्तिम दो पृथक्-पृथक् सन्निहित होते हैं, अतः जोड़े के अनुसार ही संहिताकार्य भी चलता है। समपादों में सन्निकर्ष का अभाव होने से संहिताकार्य की निवृत्ति हो जाती है। संहिता का स्वरूप ही—'परः सन्निकर्षः संहिता' अनुशासन के आधार पर—अतिशय सान्निध्य (जो एक दूसरे को प्रभावित कर सके) हैं। अतः पहले व दूसरे चरण में तथा तीसरे व चौथे चरण में अतिशय सन्निकर्ष के कारण संहितात्व है जो दूसरे तीसरे के मध्य नहीं है।

यदि किसी का आग्रह हो कि यह 'परः सन्निकर्षः संहिता' है ही क्या जिसका छन्दःक्षेत्र में प्रभुत्व हो, यदि स्वारसिक-स्वाभाविक-अर्धमात्राकाल से अधिक काल के व्यवधान का अभाव को ही संहिता माना जाय तो निश्चय ही यहाँ विषमपादों के अन्त में भी संहिताकार्य न हो पावेंगे, यजुःप्रातिशाख्य पञ्चमाध्याय के प्रथम सूत्र 'समासेऽवग्रहो ह्रस्वसमकालः' इस अनुशासन (सूत्र) से। उसी के अनुरोध से असमस्त दो पदों के मध्य डेढ़ मात्रा काल की यति में दो मात्राकाल की और विरति में तो ढाई मात्राकाल की व्यवच्छेदकता की स्वीकृति से संहिता तो कहीं दूर ही जा पड़ती है। इस आपत्ति का निराकरण करते हैं। अवग्रह के विषय में इस एक-मात्राकालव्यवधान का नियमन नहीं है। उसी स्थल में याज्ञवल्क्य ने 'अवग्रहे तु यः कालस्त्वर्धमात्रा विधीयते' (अवग्रह में जो काल है वह अर्धमात्रामित ही विहित है) सूत्र से अर्धमात्राकाल की व्यवस्था दी है। इस प्रकार कात्यायन के कथन का यह तात्पर्य निकलता है कि अवग्रह में कहीं (न कि सर्वत्र) एक मात्रा से भी व्यवच्छेद होता है। यह बात ठीक भी है। विच्छेद की न्यूनाधिकता के विवक्षाधीन होने से नियम की उपपत्ति सम्भव नही है। इसोलिये ऋक्प्रातिशाख्य में 'संहिता पदप्रकृतिः' कहा गया है। इसी तरह

स्वरान्तरितयोर्मध्यवर्ती व्यञ्जनयोः स्वरः।
विच्छेदकालो मात्रा वा द्वे मात्रे तिस्र एव वा ॥

इत्यादि सात पद्यों द्वारा मूल में कतिपय व्यवच्छेदनियम बताये गये हैं, वे भी औचित्यमात्र की अपेक्षा से व्यवस्थामात्र हैं। वर्णमैत्रीवश या विवक्षावश कहीं-कहीं इनका अतिरेक भी देखा जाता है। जैसे—

'जायन्ते न वसौ तथापि च नव .... षाण्मासिकोऽत्रावधिः'

इस पद्य में प्रथम पाद की यति (१२,७ वर्णों) पर अर्धमात्रात्मक, द्वितीय पाद की (उन्हीं) यतियों पर पौनमात्रात्मक तथा तृतीय पाद की यति पर एकमात्रात्मक व्यवच्छेद प्रतीत होता है, तृतीय पाद के अन्त में तो आधी मात्रा से ही व्यवच्छेद-काल ही सहृदयों को प्रतीत होता है, एकमात्रात्मक व्यवच्छेद काल भी नहीं है।

इस स्थिति में इस अव्यवस्था से कि कहीं विषम पादों के अन्त में जहाँ सन्धि-कार्य होते हैं, विवक्षाधीन होने से नहीं होंगे और समपादान्त में जहाँ नहीं होते हैं हो जावेंगे, बड़ी विषमता की स्थिति आजाने की आशङ्का भी नहीं होनी चाहिये। संहिता दो प्रकार की होती है एक प्राकृत और दूसरी संस्कृत। स्वच्छन्दता से प्रकृति का अनुवर्तन करती हुई जो स्वाभाविक संहिता है वह प्राकृत अथवा स्वतन्त्र कहलाती है। जैसे 'दध्यानय' यहाँ इकार आकार की संहिता। जो स्थलविशेष पर वाचनिकी (सूत्रादि वचनसिद्ध) है वह संस्कृत या प्रगृह्य कहलाती है (यह प्रगृह्य व्याकरण की संज्ञा नहीं है) यह नियम द्वारा ही विशेषरूप से गृहीत होने से विवक्षा-मात्र से अन्यथा नहीं की जा सकती है जैसा कि विषम पादों के अन्त में संहिता को स्वेच्छा से किया जा सकता है। भले ही कोई विलम्ब से भी वर्णों का उच्चारण करे तो भी प्रगृह्य होने से उस संहिता को टाला नहीं जा सकता है। जैसे 'रामेषु' में कोई षु भाग का रामे से पृथक् कर विलम्ब से भी उच्चारण करे तो भी प्रगृह्य होने से पदप्रकृति यह संहिता समाप्त नहीं की जा सकती। अर्थात् 'आदेश प्रत्यययोः' की पकड़ के कारण संहितागत मूर्धन्यभाव अविचलरूप से बना ही रहेगा। यह (संस्कृत या प्रगृह्य) संहिता न तो समपादान्त में की जा सकती है और न विषम-पादान्त में रोकी जा सकती है, अतः विषमता जैसे दोष का अवसर ही कहाँ?

कुछ लोग कहते हैं कि वर्ण, अक्षर, पद, पाद और पद्य आदि में प्रत्येक विषय में रूपभेद से संहिता भिन्न-भिन्न प्रकार की हो जाती है। वर्णसंहिता बल के तारतम्य से वर्णगुण आदि का परवर्ण में सञ्चार करती है। अक्षरसंहिता किसी वर्ण को किसी अक्षरविशेष का अङ्ग बनाती है। पदसंहिता वर्णों के पारस्परिक सन्निधान में हेतु होती है। अखण्डपदसंहिता की निवृत्ति ही अवग्रह है। संहिता के ये विशेष धर्म हमने 'वर्णसंहिता' के संहितोपनिषत् प्रकरण में बताये हैं। इन संहिताओं में यह पदसंहिता वर्णों के विलम्बित उच्चारण को सहन नहीं करती। सन्धिकार्य की प्रतिपत्ति (ज्ञान) में वर्णसंहिता नियामक है। इसमें वर्णों के अत्यन्त सान्निध्य की अपेक्षा नहीं होती है। 'राघवेण' में ६ मात्राओं के (र् आघ् अ व् ए न् अ—र् के बाद आ—२, घ १/२, अ—१, व्— १/२ तथा ए—२, इस प्रकार ६ मात्रा का अन्तर-रूप) विलम्ब होने पर भी (न् का रेफनिमित्तक णत्वरूप) सन्धि की निवृत्ति नहीं होती है और रघुनाथ जैसे पद में अत्यन्त निकट होने पर भी (जहाँ के अ घ् उ के व्यवधान से केवल २ १/२ मात्राओं का ही बिलम्ब है) सन्धि नहीं होती है। फलतः

विलम्ब अविलम्ब वाले भाव को लेकर विवक्षाधीनता को लेकर सन्धि के करने न करने जैसी विषमता वाली बात युक्त नहीं है। वास्तव में जो—

संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः।
नित्या समासे, वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते।।

के अनुसार जिस प्रकार वैयाकरण एकपद, धातूपसर्गयोग, आदि में संहिता की नित्यता को फलबल से मानते हैं वैसे ही विषमपादों के अन्त में संहिता की नित्यता और समपादों के अन्त में संहिता की अविवक्षितता को फलानुरोध से ही छान्दसिक मानते हैं, इसलिये यह विषय सर्वथा छान्दसिकों के सिद्धान्त से सिद्ध है, इसमें अतिशय छानबीन की आवश्यकता नहीं है।

यतिदोषवाद

विभक्त्यन्त पदों में विभक्ति से पूर्व क्रियमाण यति को दुष्ट बतलाया है किन्तु विभक्तिकांत पदों में विभक्ति से पूर्व यति की दुष्टता में कोई कारण उपलब्ध नहीं होता। क्योंकि छान्दसिक लोग छन्दोवृत्तों में नियतस्थानों में ही यति बतलाते हैं। और स्थाननियम में वर्ण या मात्रा ही कारण होती है न कि विभक्ति का पौर्वापर्य। अतः यहाँस्थान नियम के न बनने से यति की सम्भावना ही नहीं है। विभक्ति, प्रकृतिप्रत्यय व्याकरणशास्त्र के पदार्थ होने से छन्दशरीर में उनका प्रवेश नहीं है। अतः छन्दस्वरूप की सिद्धि में उनकी अपेक्षा ही नहीं है। १९ अक्षर वाले चरणों से युक्त शार्दूलविक्रीडित में १२ अक्षर पर यति होती है। यदि वह यति १३वें अक्षर पर की जाये तो वह यति दोषयुक्त हो जाती है। १२वें अक्षर पर यति कर शार्दूलविक्रीडित छन्द का स्वरूप सम्पन्न करने में न विभक्तिपूर्वकत्व अप्रयोजक है और न प्रतिबन्धक ही है तथा विभक्त्यन्त पद में विभक्ति से पूर्व यति करने में व्याकरणशास्त्र के अनुसार भी कोई दोष नहीं है। क्योंकि व्याकरण-शास्त्र ने विभक्ति से पूर्व यति करने में किसी प्रकार का प्रतिषेध नहीं किया है। व्युत्पत्तिशास्त्र के अनुसार भी विभक्ति से पूर्व यति करने में किसी प्रकार का दोष नहीं है। व्युत्पत्तिशास्त्र में पदप्रयोज्य (जन्य) पदार्थोपस्थिति के अव्यवहित उत्तरकाल में जायमान शाब्दबोध में यद्यपि पदों में परस्पराकांक्षा व योग्यता की तरह पदों में आसक्ति (सामीप्य) को भी कारण बताया है और यति पदों में आसक्ति की प्रतिवन्धिका है इस पर यति दुष्ट प्रतीत होती है किन्तु यह यति पदों की आसक्ति में प्रतिबन्ध करके शाब्धबोध में प्रतिबन्धक तो हो सकती है किन्तु छन्दःस्वरूप की हानि नहीं कर सकती। छन्दःशास्त्र में तो शार्दूलविक्रीडित में विभक्ति से पूर्व यति छन्दःस्वरूप की साधक होने से इष्ट ही है। अथवा व्युत्पत्ति-शास्त्र में भी विभक्ति से पूर्व यदि पदों की आसक्ति (सामीप्य) की विरोधिनी होते हुए भी एक पद के बाद दूसरे पद के उच्चारण में यतिमात्र समय का विलम्ब होने पर भी शाब्दबोध में किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं होता। अन्यथा यति वाले

वृत्त से यति द्वारा आसक्ति का बाध होने से कहीं भी अर्थबोध नहीं होता। यदि यह कहा जाये कि नाम व विभक्तिरूप पदों के मध्य में यति करने पर अन्य दोषों का निराकरण हो जाने पर विभक्त्यन्त पदों में विभक्ति से पूर्व यति का प्रयोग नहीं होगा अतः अप्रयुक्तता दोष के कारण विभक्ति से पूर्व यति दुष्ट है, यह कथन भी समीचीन नहीं क्योंकि 'यस्मात् क्षुब्धप्रकृतिपुरुषाभ्यां **महानस्य** गर्भे' इत्यादि पद्य में अभियुक्तों ने पुरुषाभ्याम् इस पद में 'भ्याम्' विभक्ति से पूर्व व पुरुष-रूप प्रकृति में यति का प्रयोग किया है। अतः विभक्त्यन्त पद में विभक्ति से पूर्व यति का प्रतिषेध निर्मूल है।

उपर्युक्त प्रश्न का समाधान करते हुए छन्दःसमीक्षाकार ने कहा है कि दो प्रकार की पदयति होती है एक अर्थानुरोधिनी और दूसरी छन्दानुरोधिनी। अर्थानुरोधिनी पदयति विभक्ति के अन्त में ही होती है, अतः विभक्ति से पूर्व नहीं होती है किन्तु छन्दोऽनुरोधिनी पदयति छन्दःस्वरूपसिद्धि के लिये विभक्ति से पूर्व भी होती है अतः वह विभक्ति और विभक्तिमान् के मध्य में अनवच्छेद (विच्छेदाभाव) का प्रतिषेध करती है अतः व्युत्पत्तिशास्त्र में अर्थानुरोधिनी पदयति को विभक्ति से पूर्व अनवच्छेद की अपेक्षा है अतः वहाँ तो विभक्ति से पूर्व यति दोषयुक्त ही है। किन्तु छन्दःशास्त्र में छन्दस्वरूपसिद्धि के लिये यति की अपेक्षा है। अतः वहाँ विभक्ति से पूर्व यति दोषयुक्त नहीं है, यही व्यवस्था है।

छन्दोव्याकरण

इस प्रकरण में केवल वेद में दृष्ट, केवल लोक में दृष्ट तथा वेद और लोक दोनों में दृष्ट छन्दों की व्याकृति का निरूपण है। इस प्रकरण में अवान्तर पाँच परिच्छेद है—१–वैदिक, २–विषम, ३–सम, ४–अर्धसम, ५–मात्राजाति। इसमें वैदिक छन्दों की, जो कि छन्द, अतिछन्द, कृतिछन्द रूप में त्रिविध हैं, उनके भेदों के साथ निरूपण किया गया है। यह व्याख्या सापेक्ष नहीं है। साधारण परिच्छेद में छन्दों के विषम, अर्धसम, समभेद से विभाग कर प्रारम्भ में विषमवृत्तों का निरूपण किया है, पश्चात् समवृत्तों व अर्धसमवृत्तों का। इस परिच्छेद में सभी वृत्तों का लक्षण व उनकी संख्या भी दी है। किन्तु इन छन्दों के लक्षण अन्य छन्दग्रन्थों में प्रसिद्ध मगण, नगण, भगण, जगण, सगण, यगण, रगण व तगण इन गणों द्वारा बताया गया है, वैसा यहाँ नहीं है। यहाँ गणों तथा कुछ सांकेतिक अक्षरों के द्वारा लक्षण दिया गया है। अक्षरों में किन-किन लघुगुरुओं में संकेत है, इसका निरूपण प्रारम्भिक छन्दःशिक्षा प्रकरण में दे दिया गया है। किन्तु उन संकेतों के ज्ञान के बिना आगे दिये गये छन्दलक्षणों का अर्थ समझने में नहीं आ सकता। अतः इन संकेतों का यहाँ पुनः स्मरण कराया गया है। मगण, नगण आदि प्रसिद्ध गणों का स्वरूप निम्न पद्य में निरूपित है 'आदिमध्यावसानेषु भजसा यान्ति गौरवम्। यरता लाघवं यान्ति मनौ तु गुरुलाघवम्'॥

क्ष—(ऽऽ) दो गुरु का बोधक है। क—(।ऽ) एक लघु और एक गुरु अक्षर का बोधक है। ख—(ऽ।) एक गुरु व एक लघु का बोधक है, ल—लघु का तथा, ग—गुरु का बोधक है। घ—(।।) दो लघुओं का तथा ह—(।।।।) चार लघुओं का बोधक है। मगणादि गणों के वाचक म, य, र, त, स, ज, भ, न तथा क्ष, क, ख, ह, के आगे उ स्वर लगाने पर दो-दो को, आ स्वर जोड़ने पर तीन-तीन को इ स्वर लगा देने पर चार-चार को बतलाते हैं जैसे मु दो मगणों (ऽऽऽ, ऽऽऽ) को, मा तीन मगणों को (ऽऽऽ, ऽऽऽ, ऽऽऽ) मि चार मगणों को (ऽऽऽ, ऽऽऽ, ऽऽऽ, ऽऽऽ) बोध कराते हैं। इसी प्रकार क्ष, क, ख, घ, ह के आगे भी उ, आ, इ को जोड़ने पर ये शब्द क्रमशः द्विगुणित, त्रिगुणित व चतुर्गुणित अर्थ को बतलाते हैं। जैसे क्षु ऽऽ ऽऽ को, क्षा ऽऽ ऽऽ ऽऽ को, क्षि ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ को बतलाता है। ऐसा ही क, ख, घ, ह में भी समझना चाहिये। म—ऽऽऽ को, य ।ऽऽ, र ऽ।ऽ को, त—ऽऽ। को, स ।।ऽ को, ज ।ऽ। को, भ ऽ।। को तथा न ।।। को बतलाते हैं।

उपर्युक्त परिभाषा के द्वारा छन्दों का लक्षण इस ग्रन्थ में किया गया है। जैसे पदचतुरूर्ध्ववृत्त में प्रथम पाद में आठ अक्षर होते हैं और फिर प्रत्येकपाद में चार-चार अक्षर बढाये जाते हैं जैसे प्रथम पाद में ८ अक्षर, द्वितीय पाद में १२ अक्षर, तृतीय पाद में १६ अक्षर, तथा चतुर्थपाद में २० अक्षर होते हैं। इसी से इस वृत्त की संज्ञा पदचतुरूर्ध्व है। इसी पद चतुरुर्ध्व के भेद आपीड के पादों में भी उत्तरोत्तर चार अक्षरों की वृद्धि होती है और पदचतुरूर्ध्व के भेद आपीड के चारों पादों में ८, १२, १६ व २० अक्षर होते हैं। उसका लक्षण करते हुए ८, १२, १६, व २० अक्षरों के पादों का निरूपण नुक्षः, नालक्षः, निघक्षः, निनुक्षः किया है। नुक्षः का अर्थ है अष्टाक्षर पाद। क्योंकि ऊपर जो परिभाषा बतलाई गई है, उसके अनुसार 'नु' दो नगणों का तथा 'क्ष' दो गुरु अक्षरों का बोधक है। इस प्रकार जिसके प्रथम पाद में दो नगण अर्थात् ६ लघु वर्ण हों और उसके बाद क्ष अर्थात् दो गुरु अक्षर हों, यह अर्थ 'नुक्षः' का होता है। आपीड वृत्त के प्रथम पाद की यही स्थिति है। इसी प्रकार दूसरा पाद १२ अक्षरों का होता है जिसमें आदि के १० अक्षर लघु और अन्त के दो अक्षर गुरु होते हैं उन अक्षरों का बोध यहाँ 'नालक्ष' पद से किया है। क्योंकि उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार 'ना' अक्षर ३ नगणों का, ल एक लघु लक्षर का तथा क्ष दो गुरु अक्षरों का बोधक है अतः 'नालक्ष' पद आदि के १० लघु अक्षरों वाले तथा अन्त में दो गुरु अक्षरों वाले आपीड वृत्त के द्वितीय पाद को बतलाता है। आपीड के तृतीय चरण में १६ अक्षर होते हैं, जिनमें आदि के १४ लघु अक्षर तथा अन्त में २ गुरु अक्षर होते हैं। इस तृतीय पाद का बोध प्रकृत ग्रन्थ में 'निघक्षः' पद से करवाया गया है क्योंकि न के बाद इकार स्वर होने से वह चार नगणों का बोधक है। चार नगणों में १२ लघु अक्षर होते हैं घ दो लघु अक्षरों का बोध कराता है, अतः उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार 'निघ' से १४ लघु अक्षरों का बोध होता है तथा 'क्ष' दो गुरु अक्षरों का बोधक है। इस प्रकार १६ अक्षरों वाले तृतीय पाद का बोध जिनमें आदि के १४

अक्षर लघु होते हैं तथा अन्त के दो अक्षर गुरु है 'निघक्ष' पद से होता है। इसी रीति से आपीडवृत्त के चतुर्थ पाद का बोध यहाँ 'निनुक्षः' पद से किया गया है। उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार 'नि' चार नगणों का तथा नु दो नगणों का बोध कराता है। ये दोनों मिल कर ६ नगणों अर्थात् १८ लघु अक्षरों का बोध कराते हैं, अन्त में 'क्ष' से दो गुरु अक्षरों का बोध होता है। आपीड के चतुर्थ पाद में २० अक्षर होते हैं जिनमें आदि के १८ अक्षर लघु और अन्त के दो गुरु अक्षर होते हैं। उपर्युक्त रीति से 'निनुक्ष' पद, 'आपीड' के चतुर्थपाद के अक्षरों का बोध उसी क्रम से करा देता है जिस क्रम से आपीड के चतुर्थ पाद के अक्षर हैं। आपीड के चारों पादों में प्रकृत ग्रन्थ में वर्णित लक्षण का समन्वय करके उदाहरण प्रस्तुत कर दिया है। इसी रीति से सभी छन्दों के लक्षणों का प्रकृत ग्रन्थ में निरूपण किया गया है। एक उदाहरण इस प्रक्रिया के स्पष्टीकरण के लिये और प्रस्तुत किया जा रहा है। जैसे 'उपस्थित प्रचुपित' छन्द का प्रथम चरण १४ अक्षरों का होता है जिनमें क्रमशः मगण, सगण, जगण भगण तथा अन्त में दो गुरु होते हैं। इसका द्वितीय चरण १३ अक्षरों का होता है जिसमें क्रमशः सगण, नगण, जगण, रगण ये चार गण तथा अन्त में एक गुरु होता है। इसका तृतीय चरण ९ अक्षरों का होता है जिसमें क्रमशः दो नगण तथा एक सगण होता है। चतुर्थचरण १५ अक्षरों का होता है जिसमें क्रमशः तीन नगण तथा जगण व यगण ये ५ गण होते हैं। केवल गणों और गुरु अक्षरों के द्वारा उपस्थित प्रचुपित के चारों चरणों का निरूपण वृत्तरत्नाकर में किया है। किन्तु प्रकृत ग्रन्थ में उपस्थित प्रचुपित के चारों चरणों का निरूपण निम्न प्रकार से किया है—प्रथम चरण का निरूपण 'मसजभक्षा' किया है अर्थात् प्रथम चरण में क्रमशः मगण, सगण, जगण, भगण व अन्त में दो गुरु अक्षर होते हैं। यहाँ गणों का निरूपण तो वृत्तरत्नाकर के अनुसार ही है किन्तु अन्त में दो गुरु अक्षरों को बतलाने के लिये 'क्ष' वर्ण का प्रयोग किया है जो कि उपर्युक्त परिभाषानुसार २ गुरु अक्षरों का बोधक है। उपस्थित प्रचुपित का द्वितीय चरण १३ अक्षरों का होता है इसका बोध प्रस्तुत ग्रन्थ में "घभसजक्ष" पद से किया है क्योंकि उपर्युक्त परिभाषानुसार 'घ' दो लघु अक्षरों का बोधक है इसके आगे क्रमशः भगण सगण व जगण का उल्लेख है। अन्त के दो गुरु अक्षरों को 'क्ष' वर्ण द्वारा बतलाया है। इसका तृतीय चरण ९ अक्षरों का होता है जिसमें क्रमशः दो नगण और एक सगण होता है, यह वृत्तरत्नाकर में कहा है किन्तु प्रकृत ग्रन्थ में इस नवाक्षर तृतीय चरण का निरूपण 'हुग' पद से किया है। इसमें पूर्वोक्त परिभाषा के अनुसार हु वर्ण आठ लघु अक्षरों का तथा 'ग' वर्ण गुरु अक्षर का बोधक है। इस छन्द का चतुर्थ चरण १५ अक्षरों का होता है जिसमें क्रमशः तीन नगण जगण व यगण ये पांच गण होते हैं। किन्तु प्रकृतग्रन्थ में उसका निरूपण 'घहुभक्ष' पद से किया है। इसमें घ वर्ण २ लघु अक्षरों का, हुवर्ण ८ लघु अक्षरों का, भवर्ण भगण का तथा क्ष वर्ण दो गुरु अक्षरों का बोधक है इस प्रकार न न न
(।।। ।।। ।।।

ज य यह स्वरूप चतुर्थपाद का सिद्ध होता है जो कि वृत्तरत्नाकर के गणों वाला
।ऽ। ।ऽऽ)
ही सिद्ध होता है किन्तु उसे 'घहुभक्ष' पद से बतलाया है ।

इसी प्रकार उपस्थितप्रचुपित का एक भेद शुद्धविराट् ऋषभ भी है। उसके प्रथम, द्वितीय व चतुर्थ चरण तो उपस्थितप्रचुपित के समान ही होते हैं किन्तु इसके तृतीय चरण में क्रमशः तगण, जगण व रगण होते हैं। इसी तृतीय चरण के स्वरूप का बोध प्रकृत ग्रन्थ में 'तका' पद से किया है । यहां तवर्ण तगण का तथा 'क' वर्ण (।ऽ) का बोधक है क वर्ण के आगे आ स्वर का प्रयोग करके ऊपर बतलाई हुई परिभाषा के अनुसार तीन कवर्णों का बोध कराया गया है । तीन कवर्णों का स्वरूप (।ऽ।ऽ।ऽ) यह होता है और तगण को मिलाकर इसका स्वरूप ऽऽऽ ।ऽ। ऽ।ऽ वृत्तरत्ना-
त ज र
करोक्त तगणजगणरगणात्मक ही सिद्ध होता है । कहने का तात्पर्य है कि इस ग्रन्थ में छन्दों का स्वरूप अन्य छन्दोग्रन्थों की तरह केवल गणों के आधार पर ही नहीं किन्तु उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार पारिभाषिक वर्णों के आधार पर भी किया गया है। इन्हीं परिभाषाओं का ध्यान रखने पर पारिभाषिक वर्णों द्वारा जो छन्दों का लक्षण इस ग्रन्थ में दिया गया है, वह स्पष्ट समझ में आ सकेगा ।

प्रकृत ग्रन्थ में छन्दों के लक्षण जिन परिभाषाओं के आधार पर किये हैं वे अतिसंक्षिप्त व अत्युपयोगी हैं । इस तथ्य को सिद्ध करने के लिये एक दो उदाहरण और प्रस्तुत किये जा रहे हैं । जैसे पृ. १६८ में क्रीडाचन्द्र का लक्षण 'याया क्रीडाचन्द्रः' इस प्रकार किया है इसका अर्थ है कि जिसमें ६ यगण हों उसे क्रीडाचन्द्र कहते हैं। यहाँ छ यगणों का ग्रहण 'या या' इन दो अक्षरों से कर लिया है, क्योंकि उपर्युक्त परिभाषा के अनुसार 'य' वर्ण के बाद आकर स्वर का प्रयोग करने पर वह ३ यगणों का बोधक होता है । 'या' की द्विरुक्ति करने पर वह ६ यगणों का बोधक है । अतः यह संक्षिप्त लक्षण है । इसी प्रकार पृष्ठ १६६ में द्वादशाक्षर छन्दों का लक्षण प्रस्तुत करते हुए भुजङ्गप्रयात का लक्षण 'यि' एक अक्षर से कर दिया गया है । क्योंकि इस ग्रन्थ में छन्दों के लक्षण से पूर्व दी गई परिभाषाओं के अनुसार य वर्ण के बाद प्रयुक्त इकार यगण को चतुर्गुण बना देता है । अतः जिस छन्द में चार यगण हो उसे भुजङ्गप्रयात कहते हैं । जबकि अन्यत्र इसी तथ्य को 'भुजङ्गप्रयातं चतुर्भिर्यकारैः' में 'चतुर्भिर्यकारैः' ये ६ अक्षर उसी भाव को व्यक्त या प्रदर्शित करते हैं । इस ग्रन्थ में सम, विषम, अर्धसम सभी छन्दों के लक्षण इसी प्रकार किये गये हैं ।

इसके बाद 'लौकिक परिच्छेद' में लोकमात्रप्रसिद्ध छन्दोजाति का निरूपण किया है । लौकिक छन्द मात्रासंख्याप्रधान हैं । लौकिक छन्द आर्या, औपच्छन्दसिक, सपदिका, कवित्व व प्राकृतभेद से पांच प्रकार का है । यद्यपि लौकिक व प्राकृत शब्द समानार्थक हैं । अतः प्राकृत से भिन्न आर्या, औपच्छन्दसिक आदि लौकिकभेदों का पृथक् कथन उचित नहीं है ।

तथापि प्रधानतया संस्कृतभाषा में रचना करने वाले आर्यों ने प्राकृत से पूर्व ही लोक में जितने मात्रावृत्तों का व्यवहार किया है, उन वृत्तों के लिये आर्याशब्द से व्यवहार किया है और जिन मात्रावृत्तों में वैदिक छन्द की समानधर्मिता है अर्थात् जिन में वैदिक छन्द के समान धर्म येन केन प्रकारेण रहते हैं, उन्हें औपच्छन्दसिक-संज्ञा से व्यहृत किया है। इस प्रकार प्राकृतभाषा में रचना करने वाले आर्यो ने यद्यपि सपदिकाभेदों का मात्रावृत्तरूप से ही प्रयोग किया है किन्तु वैदिक छन्दों की तरह अक्षरसंख्या भी इनमें रहती है। इसीलिये इनमें वर्णगणवृत्त व्यवहार होता है। कवित्व भी वर्णवृत्त है। अतः प्राकृत छन्दों की अपेक्षा सपदिकाछन्दों में व कवित्वछन्द में विशेषता है। अतः इनकी गणना प्राकृत से पृथक् की गई है। यद्यपि सपदिकाभेदों का मात्रावृत्तरूप से प्राकृतभाषा में रचना करने वाले विद्वानों ने प्रयोग किया है औपच्छन्दसिकभेदों में प्राकृत की अपेक्षा वर्णगणवृत्त होने से विशेषता है तो उनमें सपदिकाशब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिये किन्तु उनमें सपदिका के कतिपय समानगुणों के सम्बन्ध से सपदिका का गौण प्रयोग है। प्रश्न उठता है कि यदि इस प्रकार सपादिकाभेद प्राकृत से भिन्न हैं और वे वर्णगणवृत्त हैं तो प्राकृत विद्वानों से प्रयुज्यमान छन्दों में सपदिकाशब्द का प्रयोग नहीं करना चाहिये किन्तु उन सपदिकाओं का प्रयोग सूत, मागध, चारण व बन्दी आदि प्राकृत लोगों ने किया है। अतः प्राकृत पुरुषों से प्रयुज्यमान होने से इन सपदिकाओं को प्राकृत कह दिया गया है। इन मात्रावृत्तों में चतुष्कल, अर्थात् चार मात्राओं वाले पांचगण होते हैं जिनके नाम क्ष (ऽऽ) स (।।ऽ) ज (।ऽ।) भ (ऽ।।) ह (।।।) हैं। इन सबमें चार-चार मात्रायें हैं। मात्रावृत्तों में चतुर्मात्र ही गण होते हैं। इन मात्रावृत्तों में आर्या के गाथा, गीति, उपगीति, उद्गीति, व आर्यागीति ये पांच भेद है। जिस वृत्त के अर्ध-भाग में चतुष्कल ७ गण तथा एक गुरु मात्रा होती है उस आर्या को गाथा कहते हैं। गाथा में पूर्वार्द्ध में विषमगण अर्थात् १, ३, ५, ७ इन गणों में जगण नहीं होता और छठा गण जगण (।ऽ।) तथा ह (।।।।) में एक होता है। परार्ध में पष्ठगण एककल (एक मात्रा वाला) होता है। यदि पष्ठगण हकाररूप (।।।।) हो तो द्वितीयाक्षरा-दिभूत प्रथम पद लघु है। यदि हकार सप्तम गण हो तो प्रथमाक्षरादिभूतवर्ण ही पद होता है। परार्ध में यदि पञ्चम गण हकारात्मक हो तो पक्षमाक्षरादिभूत अक्षर ही पद होता है अतः उनमें अणुयति नियम से होती है। इसके आगे गीति, उपगीति, आर्यागीति का लक्षण बतला कर गाथा के पथ्या, मुखविपुला, जघनविपुला, महाविपुला इन चार भेदों का निरूपण कर उनमें प्रत्येक के मुखचपला, जघनचपला, महाचपला भेद बता कर चार अचपला भेदों के साथ १६ भेद आर्यागाथा के बतलाये हैं। इसी प्रकार गीति, उपगीति, उद्गीति व आर्यागीति के भी १६ भेदों का निरूपण किया है तथा उन सब भेदों का परिलेख से प्रदर्शन किया है।

इससे आगे औपच्छन्दसिक अधिकार है जिसमें औपच्छन्दसिक, वैतालीय, आपातलिका, औपच्छन्दसिक उदीच्यवृत्ति, औपच्छन्दसिक प्राच्यवृत्ति, औपच्छन्दसिक

प्रवृत्तक, चारुहासिनी व अपरान्तिका छन्दों का निरूपण है। जिस छन्द के अयुग्म-चरणों (प्रथम व तृतीय) में १४ मात्रायें हों और वे मात्रायें आधिक्येन पिण्डित हों अर्थात् दो लघुमात्राओं के मिलने से वे गुरु अक्षर बन गई हों, युग्मपाद (द्वितीय व चतुर्थ) में १६ मात्रायें हों तथा उन मात्राओं में युग्ममात्रायें परमात्राओं से मिल कर पिण्ड (गुरु) न बनी हों एवं चरणों के अन्त ख वर्ण (ऽ।) रगण (ऽ।ऽ) व गुरु (ऽ) हों उसे औपच्छन्दसिक कहते हैं। जैसे—

ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽऽ ऽ ऽ ऽ । । ऽ । ऽ । ऽऽ
वाक्यैर्मधुरैः प्रतार्य पूर्वं यः पश्चादभिसन्दधाति मित्रम्।
तं दुष्टमतिं विशिष्टगोष्ठ्यामौपच्छन्दसिकं वदन्ति वाह्यम्॥

इस श्लोक में प्रथम व तृतीय चरण में १४, १४ मात्रायें हैं तथा वे मात्रायें पिण्डप्राय हैं अर्थात् पूर्वलघु मात्रा परलघु मात्रा से मिलकर गुरुमात्रा बनी हुई हैं। युग्म (द्वितीय व चतुर्थ) चरणों में १६, १६ मात्रायें हैं। इन मात्राओं में दूसरी, चौथी, छठी, आठवीं आदि मात्रायें तृतीय, पञ्चम व सप्तम मात्राओं से मिल कर गुरु नहीं बनी हैं और अन्त में प्रत्येक चरण में खरग (ऽ।ऽ।ऽऽ) अर्थात् खवर्ण, रगण व गुरु हैं, अतः यह औपच्छन्दसिक है। इसी औपच्छन्दसिक के ही चरणों के अन्त में खरग (ऽ।ऽ।ऽऽ) न होकर खर (ऽ।ऽ।ऽ) हो तो वैतालीय, अन्त में खय (ऽ।।ऽऽ) हो तो आपातलिका छन्द होता है। औपच्छन्दसिक के अयुग्म चरण में द्वितीय, तृतीय मात्राओं का पिण्डीकरण करने पर उदीच्यवृत्ति, युग्मचरणों में चतुर्थ पञ्चम मात्राओं का पिण्डीकरण करने पर प्राच्यवृत्ति, अयुग्मपाद में द्वितीय तृतीय मात्राओं के तथा युग्मपाद में चतुर्थपञ्चममात्राओं के पिण्डीकरण करने पर प्रवृत्तक छन्द होता है। जिसमें चारों चरणों में १४, १४ मात्रायें है तथा तृतीयमात्रा के साथ द्वितीय मात्रा का पिण्डीकरण हो उसे चारुहासिनी एवं जिसके चारों चरण १६ मात्रा वाले हों तथा पञ्च मात्रा के साथ चतुर्थमात्रा का योग (पिण्डीकरण) हो उसे अपरान्तिका कहते हैं। ये दोनों छन्द मात्रासमक हैं। मात्रासमक में नवीं व बारहवीं मात्रा का परमात्राओं के साथ पिण्डीकरण न होने से वे लघुमात्रायें ही रहती हैं उसे वनवासिका छन्द कहते हैं। यदि पञ्चम व अष्टम मात्राओं का परमात्राओं के साथ पिण्डीकरण न होने से उनका लघु स्वरूप ही रहता है उसे विश्लोक छन्द करते हैं। जिस छन्द में पञ्चम अष्टम नवम मात्राओं का परमात्राओं के साथ पिण्डीकरण न होने उनका लघुमात्रास्वरूप बना रहता है उसे चित्रा छन्द कहते हैं। यदि नवममात्रा का परमात्रा से पिण्डीकरण होने पर उसका गुरुमात्रास्वरूप बन जाता है उसे उपचित्रा छन्द कहते हैं। मात्रासमक, वनवासिका, विश्लोक, चित्रा तथा उपचित्रा के एक एक पाद से जिसका स्वरूप निष्पन्न होता है उसे पादाकुलक कहते हैं। जिस छन्द का एक पाद १६ लघुवर्णों से निष्पन्न होता है उसे गीत्यार्या कहते हैं। जिस छन्द का पूर्वार्द्ध ३२ लघुवर्णों से तथा परार्ध १६ गुरु वर्णों से निष्पन्न

होता है उसे ज्योति:शिखा छन्द कहते हैं। पूर्वार्द्ध व परार्ध का विपर्यय करने पर अर्थात् पूर्वार्द्ध में १६ गुरु वर्ण हों तथा परार्ध में ३२ लघुवर्ण हों, उस छन्द को सौम्यशिखा या अनङ्गक्रीडा कहते हैं। जिस छन्द के पूर्वार्द्ध में २७ लघुवर्णों के बाद एक गुरुवर्ण, तथा परार्ध में २९ लघुवर्णों के बाद एक गुरुवर्ण होता है उसे चूलिका छन्द कहते हैं।

औपच्छन्दसिक, वैतालीय, आपातलिका, औपच्छन्दसिक उदीच्यवृत्ति, प्राच्य-वृत्ति और प्रवृत्तक का लक्षण पूर्व में ही बतला दिया गया है तथापि प्रकारान्तर से उनके लक्षण यहाँ बतलाये जा रहे हैं। इन लक्षणों के ज्ञान के लिये कुछ परिभाषिक शब्दों का स्वरूपज्ञान अपेक्षित है। अत: प्रथम उन्हें ही बतलाया जा रहा है। जैसे 'ट' वर्ण (।।। ।।।) छ लघुमात्राओं का, 'ठ' वर्ण (।।। ।।) पांच लघुमात्राओं का, 'ड' वर्ण (।।।।) चारलघुमात्राओं का, 'ढ' वर्ण (।।।) तीन लघुमात्राओं का, 'ण' वर्ण (।।) दो लघु मात्राओं का बोध कराता है। इस परिभाषा को ध्यान में रखकर निम्न लक्षणों का समन्वय करना चाहिये।

